बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

BCC:ISD:116:16:201 10.06.2024

The Vice-President, B S E Ltd., Phiroze Jeejeebhoy Towers Dalal Street, Mumbai – 400 001 **BSE CODE : 532134**	The Vice-President, National Stock Exchange of India Ltd. Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex Bandra (E), Mumbai – 400 051 **NSE CODE : BANKBARODA**

Dear Sir/ Madam,

Re : Bank of Baroda – Annual Report 2023-24.

We refer to our letter no. BCC:ISD:116:16:194 dated 05.06.2024 and annex Annual Report 2023-24 of our Bank.

We request you to take note of the above under Regulation 34 of SEBI (LODR) Regulations, 2015 and upload the same on your website.

Yours faithfully,

P K AGARWAL Digitally signed by P K AGARWAL Date: 2024.06.10 17:47:48 +05'30'

P K Agarwal
Company Secretary

बड़ौदा कार्पोरेट सेन्टर, सी-26, जी-ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलेक्स, बान्द्रा (पू.), मुंबई - 400 051,भारत.
Baroda Corporate Centre, C-26, G-Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai - 400 051, India.
फोन / Phone : 91 22 6698 5812 / 5733 • ई-मेल / E-mail : companysecretary.bcc@bankofbaroda.com • वेब / Web : www.bankofbaroda.in

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

विश्वास की बुनियाद पर भविष्य की बैंकिंग का निर्माण

Shaping the future of banking with trust



वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 | ANNUAL REPORT 2023-24

कर्मचारी जुड़ाव | Employee Engagement

Great Place To Work®
Certified
MAR 2023 - MAR 2024
INDIA ™

बैंक को लगातार दूसरे वर्ष "ग्रेट प्लेस टू वर्क" की पहचान मिलना बैंक की सर्वोत्तम मानव संसाधन प्रथाओं का प्रमाण है। बैंक को कामिकेज़ बी2बी मीडिया द्वारा कर्मचारी प्रसन्नता पुरस्कार के तहत 'सर्वोत्तम सामुदायिक प्रभाव पहल' के लिए भी सम्मानित किया गया है और बैंक ने ईटी नाउ द्वारा "प्रगतिशील कार्य स्थल 2023" भी जीता है। इन सम्मानों के साथ, बैंक ने प्रगतिशील मानव संसाधन नीतियों और प्रक्रियाओं वाले संगठन के रूप में एक विशिष्ट पहचान बनाई है।

मानव संसाधन में अग्रणी होने की गति को जारी रखने के लिए, बैंक ने अपनी प्रतिभा पूल को प्रेरित करने और निखारने के उद्देश्य से क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण और विकास, स्वास्थ्य और कल्याण आदि पर केंद्रित विभिन्न पहलें शुरू की है, जो बैंक की महत्वाकांक्षा और विकास यात्रा के अनुरूप है।

बैंक का दृढ़ विश्वास है कि कर्मचारी सबसे मूल्यवान आस्ति हैं और बैंक के पास 74000 से अधिक कर्मचारियों का प्रतिभाशाली कार्यबल है। कर्मचारी प्रमुख व्यवसाय प्रवर्तक और बैंक की सभी गतिविधियों के आधार हैं। बैंक "वॉयस ऑफ बडौदियन्स" कर्मचारी जुड़ाव सर्वेक्षणों के माध्यम से, सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त इनपुट के आधार पर बैंक विभिन्न कर्मचारी केन्द्रित पहलों के माध्यम से कर्मचारी जुड़ाव को बढ़ाने का निरंतर प्रयास करता है।

समग्र कर्मचारी कल्याण, विकास और प्रगति की दिशा में पहलों को प्राथमिकता देकर, बैंक अनवरत रूप से एक ऐसा परिवेश विकसित कर रहा है जो अपने व्यापक कार्यबल को प्रेरित और प्रोत्साहित करता है। यह समर्पण न केवल कर्मचारी जुड़ाव को समृद्ध करता है बल्कि यह सुनिश्चित करते हुए कि बैंक के कर्मचारी बैंक की सफलता और विकास के केंद्र में रहें, मानव संसाधन के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान के रूप में बैंक की प्रतिष्ठा को भी मजबूत करता है।

The Bank getting the recognition for "Great Place to Work" in second consecutive year, is a testimonial to the Bank's best HR practices. Bank has also been awarded for 'Best Community Impact Initiative' under Employee Happiness Award by Kamikaze B2B Media and has also won "Progressive Places to Work 2023" by ET NOW. With these recognitions, the Bank has made a distinctive mark as an organization with progressive HR policies and processes.

To continue the momentum of being a pioneer in HR, the Bank has initiated various initiatives focused on Capacity Building, Training & Development, Health & Wellness, etc. to motivate and groom its talent pool which is aligned with the aspiration and growth story of the Bank.

The Bank strongly believes that employees are most valuable asset and has a talented workforce of over 74000 employees. Employees are the key business enablers and the core of all activities of the Bank. Through the "Voice of Barodians" employee engagement surveys, the Bank continuously strives to enhance employee engagement through various pro-employee initiatives, based on the inputs received during the survey.

By prioritizing initiatives towards overall employee wellness, growth and development, the Bank continues to foster an environment that motivates and nurtures its extensive workforce. This dedication not only enhances employee engagement but also strengthens the Bank's reputation as a leader in HR, ensuring that its employees remain at the heart of its success and growth.

किफायती लागत पर समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से ग्रामीण, अर्ध-शहरी और शहरी गरीबों को यूनिवर्सल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंक वित्तीय समावेशन को सामाजिक प्रतिबद्धता और व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) मॉडल के माध्यम से कारोबार प्राप्त करने हेतु एक अवसर के रूप में माना है। बैंक अपनी शाखाओं और बीसी नेटवर्क के माध्यम से पूरे देश में वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। देश भर में ग्रामीण, अर्ध-शहरी, शहरी और महानगरीय क्षेत्रों को सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंक ने 31 मार्च, 2024 तक अपने बीसी नेटवर्क को बढ़ाकर 54,345 कर लिया है। बीसी द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को काफी व्यापक बनाया गया है और इसमें ऑनलाइन लोन लीड पोर्टल, बीसी केंद्र पर गैर-बीएसबीडी खाता खोलना, बीसी के व्यवसाय के समय का मानकीकरण और व्यवसाय प्रतिनिधि को नियत प्रोत्साहन राशि प्रदान करने पर ध्यान दिया गया है। बैंक ने मौजूदा 114 सीएफएल के अलावा 82 अतिरिक्त वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) खोले हैं।

इसके अलावा, बैंक में प्रधान मंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) खाते मार्च 2023 के 585 लाख से बढ़कर मार्च 2024 में 616 लाख हो गए हैं, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष में 5.29% की वृद्धि हुई है। पीएमजेडीवाई जमा राशियां मार्च 2023 के ₹27,531 करोड़ से बढ़कर मार्च 2024 में ₹32,337 करोड़ हो गई हैं, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष में 17.46% की वृद्धि हुई है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच पीएमजेडीवाई खातों में बैंक की हिस्सेदारी 15.20% और पीएमजेडीवाई खातों में जमाराशियां 17.69% रहीं। बैंक के शून्य शेष पीएमजेडीवाई खाते 31 मार्च 2023 तक 5.22% से घटकर 31 मार्च 2024 को 4.98% रह गए। 31 मार्च 2024 तक, पीएमजेजेबीवाई योजना के तहत सूक्ष्म बीमा के तहत 70.44 लाख और पीएमएसबीवाई योजना के तहत 253.84 लाख नामांकन हुए हैं।

In order to provide universal banking services to all sections of the society especially to rural, semi-urban and urban poor at an affordable cost, Bank has taken financial inclusion as a social commitment and also as an opportunity to tap business through Business Correspondent (BC) model. The Bank has been actively working towards ensuring financial inclusion in the country through its branches and BC network. Bank expanded its BC network to 54,345 as on March 31, 2024 to cater to rural, semi urban, urban & metro areas across the country. The services provided by the BCs has been widened considerably to include online loan lead portal, opening of Non-BSBD Account at BC Point, standardization of BC Working Hours and Fixed Incentive to Business Correspondents. The Bank has opened 82 additional Center for Financial Literacy (CFL) over and above the existing 114 CFLs.

Further, Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana (PMJDY) accounts in the Bank has increased from 585 lakhs in March 2023 to 616 lakhs in March 2024 with YoY growth of 5.29%. PMJDY deposits increased from Rs. 27,531 crore as on March 2023 to Rs 32,337 crore as on March 2024 with YoY growth of 17.46%. The Bank's share among PSBs stood at 15.20% in PMJDY accounts and 17.69% for deposits in PMJDY accounts. Zero balance PMJDY accounts of the Bank reduced to 4.98% as on 31st March 2024 as against 5.22% as on 31st March 2023. As on 31st March 2024, Micro Insurance enrolment under PMJJBY scheme is 70.44 lakhs and under PMSBY scheme is 253.84 lakhs.

डिजिटलीकरण | Digitisation

बैंक डिजिटलीकरण के लिए प्रतिबद्ध है और लेनदेनों को डिजिटल चैनलों में माइग्रेट करने के लिए लगातार प्रयासरत है ताकि ग्राहक अनुभव में बेहतरी आ सके। डिजिटल बैंकिंग का प्रमुख लक्ष्य डिजिटल और वैकल्पिक डिलीवरी चैनलों के माध्यम से ग्राहकों को बैंक के उत्पाद उपलब्ध कराना है। डिजिटल बैंकिंग में बॉब वर्ल्ड मोबाइल बैंकिंग ऐप, बॉब वर्ल्ड यूपीआई, बड़ौदा कनेक्ट, डेबिट कार्ड, प्रीपेड कार्ड, भीम आधार, एटीएम और कैश रिसाइकलर मशीन, सेल्फ सर्विस पासबुक प्रिंटर (एसएसपीबीपी), टैब बैंकिंग, इंटरनेट पेमेंट गेटवे (आईपीजी), भारत बिल भुगतान सेवाएं (बीबीपीएस), बड़ौदा फास्टैग, भारत क्यूआर, प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस), इत्यादि जैसी प्रमुख सुविधाएं शामिल हैं।

बैंक ने ग्राहकों को डिजिटल भुगतान की सुविधा के लिए सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) रूपी का डिजिटल वेरियंट पेश किया है। इसके अलावा, बैंक के पास 31 मार्च 2024 तक 9,426 एटीएम और 1,607 कैश री-साइकलर्स का विस्तृत नेटवर्क है। बैंक ने अपने टैब बैंकिंग प्लेटफॉर्म – बॉब वर्ल्ड टैब के माध्यम से तत्काल कासा खाते खोलने के साथ-साथ विविध सेवाओं (पर्सनलाइज्ड चेक बुक, पर्सनलाइज्ड डेबिट कार्ड, एमपिन के साथ मोबाइल बैंकिंग, एसएमएस अलर्ट, इंटरनेट बैंकिंग) और पीओएस, यूपीआई क्यूआर, आईपीजी लीड जनरेशन के लिए टैबलेट के माध्यम से ग्राहक ऑनबोर्डिंग की प्रक्रिया के डिजिटलीकरण की शुरुआत की है। बैंक ने वित्त वर्ष 23-24 के दौरान इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से 37.7 लाख से अधिक बचत खाते और 2.1 लाख चालू खाते खोले हैं। बैंक के इंटरनेट बैंकिंग उपयोगकर्ताओं की कुल संख्या वित्त वर्ष 23-24 के दौरान बढ़कर 108.46 लाख हो गई, जो कि वित्त वर्ष 22-23 के दौरान 99.71 लाख थी। बचत खाता खोलने के दो नए मोड 'आधार बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण' और 'सीकेवाईसी रजिस्ट्री से सीकेवाईसी सर्च और डाउनलोड' शुरू किए गए हैं । टैब के माध्यम से व्यक्तिगत और एकल स्वामित्व हेतु चालू खाता खोलने की मौजूदा जर्नी में परिवर्तन क्रियान्वित किए गए हैं। इन वैलिडेशन से सीकेवाईसी रजिस्ट्री पोर्टल पर एलईआई रिकॉर्ड के सफल अपलोड के प्रतिशत को बढ़ाने में मदद मिली है।

डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म, बैंक को मौजूदा ग्राहकों की ऋण संबंधी जरूरतों को पूरा करने तथा डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते हुए विभिन्न सेगमेंट के नए ग्राहकों को जोड़ने, नए एवं अब तक अप्रयुक्त बाजारों तक पहुंच बढ़ाने तथा बैंक की ब्रांड इमेज़ में एक प्रमुख डिजिटल आयाम जोड़ने में मदद कर रहा है।

The Bank is committed to digitisation and continuously strives to migrate transactions to digital channels which leads to better customer experience. The major focus of digital banking is to make Bank's products available to customers through digital and alternate delivery channels. The key instruments in digital banking are bob World mobile banking app, bob World UPI, Baroda Connect, Debit Cards, Prepaid Cards, BHIM Aadhaar, ATM and Cash Recycler machines, Self Service Passbook Printers(SSPBP), TAB Banking, Internet Payment Gateway (IPG), Bharat Bill Payment Services (BBPS), Baroda FASTag, Bharat QR, Point of Sale (POS), etc.

The Bank has introduced the Central Bank Digital Currency (CBDC) the rupees digital variant to facilitate customer digital payments. Further, the Bank has a wide network of 9,426 ATMs and 1,607 Cash re-cyclers as on 31st March 2024. The Bank embarked upon digitizing its customer on boarding process through tablet for instant CASA opening along with bundle of services (Personalized Cheque Book, Personalized Debit Card, Mobile Banking with MPIN, SMS Alert, Internet Banking) and POS, UPI QR, IPG lead generation through its TAB banking platform – bob World Tab. Bank opened more than 37.7 lakh savings account and 2.1 Lakh Current accounts through this platform during the FY'23-24. The total number of Internet Banking users of the bank increased to 108.46 lakh during FY'23-24 from 99.71 Lakh during FY'22-23. Two new modes of Savings Account opening have been introduced: Aadhaar Biometric authentication and CKYC Search & Download from CKYC Registry. Changes in existing journey of Current account has been implemented for Individual and Sole Proprietorship through TAB. These validations have helped in increasing the successful upload percentage of Legal Entity Identifier (LEI) records on CKYC Registry portal.

The Digital Lending Platform is helping Bank to cater to existing customer borrowing needs and acquire new customers from diverse segments using digital means, enter new and hitherto untapped markets, and add a prominent digital dimension to Bank's brand identity.

"बॉब के संग त्यौहार की उमंग" उत्सव अभियान की शुरुआत के माध्यम से बैंक ने कई लाभों और रियायतों के साथ नए बचत खाते शुरू किए हैं। इनमें बॉब लाइट बचत खाता - आजीवन बिना न्यूनतम शेष राशि का खाता; बॉब ब्रो बचत खाता - विद्यार्थियों (16 से 25 वर्ष तक के) हेतु शून्य शेष राशि का बचत खाता, माई फैमिली माई बैंक/बॉब परिवार खाता - एक पारिवारिक बचत खाता जिसे पूरे परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया है तथा बड़ौदा एनआरआई पावरपैक खाता शामिल हैं। बैंक ने बॉब एसडीपी (सिस्टमैटिक डिपॉजिट प्लान) की भी शुरुआत की है, जो कि एक आवर्ती जमा स्कीम है।

बचत खातों के नए वेरिएंट के साथ बैंक ने व्यवसाय की प्रकृति के आधार पर विभिन्न ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप चालू खातों के सात वेरिएंट भी शुरू किए हैं। बैंक ने मौजूदा चालू खाते और वेतन बचत खातों को भी नया रूप दिया है और नए खाते प्राप्त करने पर अधिक ध्यान दिया है।

प्रमुख कासा एनेबलर्स, जिसमें पीओएस सिस्टम, साउंड बॉक्स के साथ क्यूआर कोड, आईपी और बीसीएमएस शामिल हैं, के लिए पहुंच बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। इसके अतिरिक्त, निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने, डीईएएफ एक्टिवेशन शुरू करने और शून्य शेष खातों के निधियन के प्रयास किए गए। साथ ही, बैंक ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा के डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर आकर्षक विशेष ऑफर और छूट की भी शुरुआत की है। बैंक ने इलेक्ट्रॉनिक्स, टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं, खाद्य, फैशन, एंटरटेनमेंट, लाइफस्टाइल, ग्रॉसरी और स्वास्थ्य जैसी श्रेणियों में अग्रणी ब्रांडों के साथ करार किया है।

Through the launch of "BOB Ke Sang Tyohaar Ki Umang" festive campaign, the Bank has introduced new savings accounts with a host of benefits & concessions. These include the bob LITE Savings Account - a Lifetime No Minimum Balance Account; the BOB BRO Savings Account - a Zero Balance Savings Account for Students (16 to 25 years), the My Family My Bank/BOB Parivar Account - a Family Savings Account designed to meet the needs of the entire family and the Baroda NRI PowerPack Account. The Bank has also launched the BOB SDP (Systematic Deposit Plan), which is a recurring deposit scheme.

Along with new variants of SB accounts, the Bank has also introduced seven variants of current accounts to suit different customer needs depending on the nature of their business. Bank also revamped existing CA & Salary SB accounts and given extensive focus in acquiring new accounts.

Special emphasis was placed on increasing the penetration of key CASA enablers, which include POS systems, QR codes with sound boxes, IP and BCMS. Additionally, efforts were made to activate dormant accounts, initiate DEAF activations, and funding of zero balance accounts. Further the Bank has also introduced attractive exclusive offers and discounts on Bank of Baroda Debit and Credit Cards. The Bank has tied up with leading brands across categories such as Electronics, Consumer Durables, Travel, Food, Fashion, Entertainment, Lifestyle, Grocery and Health.

संवहनीयता | Sustainability

बैंक संवहनीय व्यवसाय वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए जलवायु संबंधी जोखिमों के समाधान की आवश्यकता को समझता है और इससे उत्पन्न होने वाले प्रभावों को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। संवहनीयता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के लिए, बैंक ने बोर्ड स्तर पर सीएसआर और संवहनीयता समिति का गठन किया है।

ग्रीन फायनेंस जैसी पहल के माध्यम से, बैंक अक्षय ऊर्जा उत्पादन, ऊर्जा दक्षता, स्वच्छ मोबिलिटी और अन्य पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं का समर्थन करने के लिए हरित और संवहनीय उत्पादों की पेशकश करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इन प्रयासों का उद्देश्य बदलते पर्यावरण के साथ-साथ बैंक की वित्तीय स्थिति को मजबूत करना है। ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन से संबंधित समस्याओं का समाधान करने और ग्रीन अर्थ को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों के लिए संसाधन जुटाने के क्रम में बैंक द्वारा एक प्रमुख पहल के रूप में नए जमा उत्पाद "बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉजिट" की शुरुआत की गई है। बैंक की ग्रीन डिपॉजिट योजना जमाकर्ताओं को संतुलित एवं सुरक्षित वित्तीय प्रतिफल और ग्रीन प्लैनेट बनाने में योगदान करने के अवसर का दोहरा लाभ प्रदान करती है।

संवहनीयता को बढ़ावा देने के हमारे प्रयासों के एक हिस्से के रूप में, पेपरलेस बैंकिंग एक प्रमुख हरित पहल है जिसमें सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों के लिए डिजिटल रिपॉजिट्री और डिजिटल प्रारूप में अनुमोदन प्रक्रिया निर्मित किया जाना शामिल है। ग्रामीण/अर्धशहरी क्षेत्रों में -177- शाखाएं सौर ऊर्जा से चलाई जा रही हैं, जिससे लगभग 3500 टन कार्बन-डाइ-ऑक्साइड उत्सर्जन कम हुआ है। इसके अतिरिक्त, सभी घरेलू शाखाओं में एलईडी लाइटों की स्थापना ने ऊर्जा दक्षता को बढ़ाने में योगदान दिया है।

हमारे बैंक की ईएसजी जोखिम रेटिंग की समीक्षा सस्टेनेलिटिक्स द्वारा की गई है, 27 फरवरी, 2024 की अद्यतन स्थिति के अनुसार यह उच्च जोखिम से सुधरकर मध्यम जोखिम में सुधार हो गया है और 1060 बैंकों में बैंक 329वीं रैंकिंग पर रहा है।

The Bank recognizes the need for addressing climate risk to foster sustainable business growth and is committed to minimizing the impacts arising out of it. To strengthen our commitment to sustainability, the Bank has established the CSR and Sustainability Committee at the Board level.

Through initiatives like green finance, the Bank is focusing on offering green and sustainable products to support renewable energy generation, energy efficiency, clean mobility, and other environmentally friendly practices. These efforts aim to strengthen the bank's financial resilience in the face of a changing climate. A major initiative of the Bank has been introduction of new deposit product "bob earth Green Term Deposit" to mobilize resources for activities addressing global warming & climate change related issues and promoting greener earth. The Banks Green deposit scheme offers depositors dual benefits of stable & secure financial returns and the opportunity to contribute to a greener planet.

As a part of its efforts to promote sustainability, the paperless banking is a major green initiative involving creation of digital repository of all critical documents and approval process in a digital format. -177- Branches in rural/semi urban areas are being run on Solar Energy reducing approx. 3500 Tons of Carbon Dioxide Emission. Additionally, the installation of LED lights in all domestic branches has contributed to enhanced energy efficiency.

Also, ESG Risk rating of our Bank has been reviewed by Sustainalytics, and has improved from High Risk to Medium Risk, ranking at 329 amongst 1060 Banks, as updated on February 27, 2024

विषय	पृष्ठ
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का वक्तव्य	7
निदेशकों की रिपोर्ट	13
कॉर्पोरेट गवर्नेन्स पर लेखा परीक्षकों का प्रमाण-पत्र	99
कॉर्पोरेट गवर्नेन्स रिपोर्ट	101
एमडी व सीईओ द्वारा घोषणा	161
सचिवालीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट	162
महत्त्वपूर्ण वित्तीय सूचक	170
तुलन-पत्र	173
लाभ व हानि खाता	174
महत्त्वपूर्ण लेखा नीतियां	185
नकदी-प्रवाह विवरण	282
लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	284
अपरिवर्तित अभिमत सहित लेखापरीक्षा रिपोर्ट की घोषणा	302
सीईओ / सीएफओ प्रमाणीकरण	303
समेकित वित्तीय विवरणियां	304
अपरिवर्तित अभिमत सहित लेखापरीक्षा रिपोर्ट की घोषणा- समेकित	385
सीईओ / सीएफओ प्रमाणीकरण	386
लाभांश संवितरण नीति	387
नोटिस	395

Contents	Page
MD & CEO's Statement	10
Directors' Report	59
Auditors' Certificate on Corporate Governance	99
Corporate Governance Report	132
Declaration by MD & CEO	161
Secretarial Audit Report	166
Key Financial Indicators	170
Balance Sheet	173
Profit & Loss Account	174
Significant Accounting Policies	192
Cash Flow Statement	282
Auditors' Report	293
Declaration of Unmodified Opinion	302
CEO / CFO Certification	303
Consolidated Financial Statement	304
Declaration of Unmodified Opinion Consolidated	385
CEO/CFO Certification	386
Dividend Distribution Policy	391
Notice	423

नोट : शेयरधारक ''व्यावसायिक दायित्व एवं संवहनीयता रिपोर्ट'' और ''बासेल-III प्रकटीकरण को बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर देख सकते हैं / डाउनलोड कर सकते हैं।

Note : The Shareholders can view / download "Business Responsibility and Sustainability Report" and "Basel-III disclosures" from Bank's Website www.bankofbaroda.in

सांविधिक लेखापरीक्षक / Statutory Auditors

शाह गुप्ता एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
Shah Gupta & Co
Chartered Accountants

खंडेलवाल जैन एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
Khandelwal Jain & Co
Chartered Accountants

एस. वेंकटराम एंड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार
S Venkatram & Co LLP
Chartered Accountants

बाटलीबोई एंड पुरोहित
सनदी लेखाकार
Batliboi & Purohit
Chartered Accountants

वी शंकर अय्यर एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
V Sankar Aiyar & Co
Chartered Accountants

प्रधान कार्यालय
बैंक ऑफ़ बड़ौदा, बड़ौदा भवन, आर सी दत्त रोड,
अलकापुरी, वडोदरा - 390 007

कॉर्पोरेट कार्यालय
बैंक ऑफ़ बड़ौदा, बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर, सी-26,
जी-ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स,
बान्द्रा पूर्व, मुंबई 400051

निवेशक सेवाएं विभाग
बैंक ऑफ़ बड़ौदा, 7वां तल, बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर,
सी-26, जी-ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स,
बान्द्रा पूर्व, मुंबई 400051

रजिस्ट्रार एंड शेयर अंतरण एजेंट (आरटीए)
केफिन टेक्नोलॉजी लिमिटेड
यूनिट: बैंक ऑफ़ बड़ौदा
सेलेनियम बिल्डिंग, टावर-बी, प्लाट नं. 31
व 32, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रमगुडा,
सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद, रंगारेड्डी,
तेलंगाना, इंडिया - 500 032

डिबेंचर न्यासी
आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लि.
यूनिवर्सल इंश्योरेंस बिल्डिंग, भूतल, सर पीएम रोड
फोर्ट, मुंबई- 400001
केनरा बैंक
ईटी एवं टी सेक्शन फाइनेंशियल मैनेजमेंट विंग
केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय, 112 जे सी रोड,
बेंगलुरु - 560002
कैटलिस्ट ट्रस्टीशिप लि.
यूनिट नं.- 901, 9वीं मंजिल, टॉवर-बी
पेनिनसुला, बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग
लॉवर परेल (पश्चिम), मुंबई - 400013
सेंटबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लि.
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया-एमएमओ बिल्डिंग,
तृतीय तल (ईस्ट विंग), 55 एमजी रोड, फोर्ट,
मुंबई - 400001
एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेस लिमिटेड
द रूबी, द्वितीय तल (एसडब्ल्यू) 29,
सेनापति बापट मार्ग, दादर पश्चिम, मुंबई - 400028

Head Office
Bank of Baroda, Baroda Bhavan, RC
Dutt Road, Alkapuri, Vadodara-390 007

Corporate Office
Bank of Baroda, Baroda Corporate
Centre, C-26, G-Block, Bandra Kurla
Complex, Bandra East,
Mumbai 400051

Investor Services Department
Bank of Baroda, 7th Floor, Baroda
Corporate Centre, C-26, G-Block,
Bandra Kurla Complex, Bandra East,
Mumbai 400051

Registrar and Share Transfer Agent (RTA)

KFin Technologies Limited
Unit: Bank of Baroda
Selenium Building, Tower-B, Plot
No 31 & 32, Financial District,
Nanakramguda, Serilingampally,
Hyderabad, Rangareddy,
Telangana, India - 500 032

Debenture Trustees
IDBI Trusteeship Services Ltd.
Universal Insurance Building,
Ground Floor, Sir P.M. Road, Fort,
Mumbai – 400001.
Canara Bank
ET & T Section, Financial Management
Wing, Canara Bank - Head Office,
112, J C Road, Bengaluru-560002,
Catalyst Trusteeship Ltd.
Unit No- 901, 9th Floor, Tower B,
Peninsula Business Park, Senapati
Bapat Marg, Lower Parel (W),
Mumbai - 400013.
Centbank Financial Services Ltd.
Central Bank of India – MMO Building,
3rd Floor (East Wing), No.55,
M.G .Road, Fort, Mumbai 400 001.
Axis Trustee Services Ltd.
The Ruby, 2nd Floor (SW) 29,
Senapati Bapat Marg , Dadar West,
Mumbai - 400 028

निदेशक मंडल | BOARD OF DIRECTORS

श्री देबदत्त चांद
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
Shri Debadatta Chand
Managing Director & CEO



श्री अजय के. खुराना
कार्यपालक निदेशक
Shri Ajay K. Khurana
Executive Director

श्री ललित त्यागी
कार्यपालक निदेशक
Shri Lalit Tyagi
Executive Director

श्री संजय विनायक मुदलियार
कार्यपालक निदेशक
Shri Sanjay Vinayak Mudaliar
Executive Director

श्री लाल सिंह
कार्यपालक निदेशक
Shri Lal Singh
Executive Director

निदेशक मंडल | BOARD OF DIRECTORS

श्री मुकेश कुमार बंसल
भारत सरकार के नामित निदेशक
Shri Mukesh Kumar Bansal
GOI Nominee Director

श्रीमती पार्वती वी. सुंदरम
भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित निदेशक
Smt. Parvathy V. Sundaram
RBI Nominee Director

श्री अजय सिंघल
गैर – कार्यकारी निदेशक
Shri Ajay Singhal
Non-Executive Director

श्री आलोक वाजपेयी
शेयरधारक निदेशक
Shri Alok Vajpeyi
Shareholder Director

श्रीमती नीना नागपाल
शेयरधारक निदेशक
Smt. Nina Nagpal
Shareholder Director

मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ)	CHIEF VIGILANCE OFFICER (CVO)
श्री दीक्षित सुरेंद्र कुमार	MR. DIXIT SURENDRA KUMAR
प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी - पूर्णकालिक निदेशकों के अलावा)	KEY MANAGERIAL PERSONNEL (KMP – OTHER THAN WHOLE TIME DIRECTORS)
श्री डिसूजा इयान गेरार्ड मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ)	MR. DESOUZA IAN GERARD CHIEF FINANCIAL OFFICER (CFO)
श्री एल श्रीधर इनुमेल्ला वी महाप्रबंधक - निदेशक मंडल के सचिव	MR. L SRIDHAR INUMELLA V GENERAL MANAGER - SECRETARY TO BOARD
श्री पी के अग्रवाल कंपनी सचिव (सीएस)	MR. P K AGARWAL COMPANY SECRETARY (CS)
मुख्य समूह अनुपालन अधिकारी (सीजीसीओ)	CHIEF GROUP COMPLIANCE OFFICER (CGCO)
श्री एलंगो बालासुब्रमण्यम	MR. ELANGO BALASUBRAMANIAM
मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ)	CHIEF RISK OFFICER (CRO)
श्री एस अनंतरामन	MR. S ANANTHARAMAN
मुख्य महाप्रबंधक / महाप्रबंधक / वर्टिकल प्रमुख	CGMs / GMs / VERTICAL HEADS
श्री मल्होत्रा राजेश	Mr MALHOTRA RAJESH
श्री एम जगन मोहन	Mr M JAGAN MOHAN
श्री डोभाल संजीव	Mr DOBHAL SANJEEV
श्री ग्रोवर संजय कुमार	Mr GROVER SANJAY KUMAR
श्री खोसला अजय के	Mr KHOSLA AJAY K
श्री सिंह शैलेन्द्र एच	Mr SINGH SHAILENDRA H
श्री दिनेश पंत	Mr DINESH PANT
श्री गुप्ता मन मोहन	Mr GUPTA MAN MOHAN
श्रीमती पाण्डेय अर्चना	Mrs PANDEY ARCHANA
श्री शुक्ल सौरभ रविशंकर	Mr SHUKLA SAURABH RAVISHANKAR
श्री नेगी रवींद्र सिंह	Mr NEGI RAVINDRA SINGH
श्रीमती कडगटूर शीतल वेंकटेशमूर्त	Mrs KADGATOOR SHEETAL VENKATESMURT
श्री चयानी मनोज सुंदर	Mr CHAYANI MANOJ SUNDAR
श्री रंजन निशांत	Mr RANJAN NISHANT
श्री नामदेव दिनेश कुमार	Mr NAMDEO DINESH KUMAR
श्री एस ए सुदर्शन	Mr S A SUDARSAN
श्री देवरकोंडा आनंद कुमार	Mr DEVARAKONDA ANANDA KUMAR
श्री वेणुगोपाल एन	Mr VENUGOPAL N
श्री गुप्ता अमर नाथ	Mr GUPTA AMAR NATH
श्री बेहरा नित्यानंद	Mr BEHERA NITYANANDA
श्री ग्रोवर देविंदर पाल	Mr GROVER DEVINDER PAL
श्री शर्मा प्रभात के	Mr SHARMA PRABHAT K
श्री चौधरी कमलेश कुमार	Mr CHOUDHARY KAMLESH KUMAR

श्री धीरेंद्र सेट्टीपल्ली	Mr DHEERENDRA SETTIPALLI
श्री श्रीजित कोट्टारत्तिल	Mr SREEJITH KOTTARATHIL
श्री कुमार मधुर	Mr KUMAR MADHUR
श्री कुमार अश्विनी	Mr KUMAR ASHWINI
श्रीमती गायत्री आर	Mrs GHAYATHRI R
श्री सिंह सुधांशु कुमार	Mr SINGH SUDHANSHU KUMAR
श्री सीताराम बुलुसु सूर्या	Mr SITARAM BULUSU SURYA
श्री डी दास	Mr D DAS
श्री सुशांत कुमार मोहंती	Mr SUSHANTA KUMAR MOHANTY
श्री सिंह इंदर मोहन	Mr SINGH INDER MOHAN
श्री सोलंकी हर्षदकुमार टी	Mr SOLANKI HARSHADKUMAR T
श्री शर्मा सुनील कुमार	Mr SHARMA SUNIL KUMAR
श्री भगोलीवाल संजय	Mr BHAGOLIWAL SANJAY
सुश्री शेट्टी सुजाया यू	Ms SHETTY SUJAYA U
श्री राव सिद्देला प्रसाद	Mr RAO SIDDELA PRASAD
श्री कौरा मनीष	Mr KAURA MANISH
श्री मित्तल पंकज	Mr MITTAL PANKAJ
सुश्री एम मिनी टी	Ms M MINI T
श्री तुली अमित	Mr TULI AMIT
श्री शंकर आनंद	Mr SHANKER ANAND
श्री तुंगारिया जगदीश कुमार	Mr TUNGARIA JAGDISH KUMAR
श्री नेगी विमल कुमार	Mr NEGI VIMAL KUMAR
श्री मुखर्जी अमिताभ	Mr MUKHERJEE AMITAVA
श्री जक्कैया लालम	Mr JAKKAIAH LALAM
श्री कुमार राजीव	Mr KUMAR RAJEEV
श्री सरवनकुमार ए	Mr SARAVANAKUMAR A
श्री बसेठा विजय कुमार	Mr BASETHA VIJAY KUMAR
श्री एस रंगराजन	Mr S RENGARAJAN
श्री अग्रवाल रविंदर	Mr AGGARWAL RAVINDER
श्री पाई सुरेश	Mr PAI SURESH
श्रीमती बंदोपाध्याय स्वप्ना	Mrs BANDOPADHAYA SWAPNA
श्री सिंह राजेश कुमार	Mr SINGH RAJESH KUMAR
श्री संजीव	Mr SANJEEV
श्री अनुज भार्गव	Mr ANUJ BHARGAVA
श्री पांडा समीर रंजन	Mr PANDA SAMIRA RANJAN
श्री अग्रवाल योगेश कुमार	Mr AGRAWAL YOGESH KUMAR
श्री टी एन सुरेश	Mr T N SURESH

श्री राठी विनयकुमार सत्यनारायण	Mr RATHI VINAYKUMAR SATYNARAYAN
श्री नेमा राकेश	Mr NEMA RAKESH
श्रीमती सिंह कविता	Mrs SINGH KAVITA
श्री ठाकुर यादव श्रवण	Mr THAKUR YADAV SHRAWAN
श्री लाल सुशील कुमार	Mr LAL SUSHIL KUMAR
श्री एम रवींद्र राय	Mr M RAVINDRA RAI
श्री भुटिया सोनाम शेरिंग	Mr BHUTIA SONAM TSHERING
श्री सिन्हा शैलेंद्र कुमार	Mr SINHA SHAILENDRA KUMAR
श्री ललाई धीरेन महेंद्र	Mr LALAI DHIREN MAHENDRA
श्री तिवारी संजय कुमार	Mr TIWARY SANJAY KUMAR
श्री खन्ना राजेश	Mr KHANNA RAJESH
श्री एम अनिल	Mr M ANIL
श्री धर शशि जयकिशोर	Mr DHAR SHASHI JAIKISHORE
श्री शर्मा राकेश कुमार	Mr SHARMA RAKESH KUMAR
श्री रितेश कुमार	Mr RITESH KUMAR
श्री लंका बालसुब्रमण्यम	Mr LANKA BALASUBRAMANYAM
श्री अग्निहोत्री प्रतीक	Mr AGNIHOTRI PRATEEK
श्री कुमार अमूल्य	Mr KUMAR AMULYA
श्री स्वाई सुब्रत कुमार	Mr SWAIN SUBRAT KUMAR
श्री कुमार राजेश	Mr KUMAR RAJESH
श्री शाजन बाबू वी बी	Mr SHAJAN BABU V B
श्री सिंह हरदीप	Mr SINGH HARDEEP
श्री भैरवरसु मेहर कुमार	MR BHAIRAVARASU MEHER KUMAR
श्री आर अजयकुमार के	Mr R AJAYAKUMAR K
श्री सेंथिलकुमार वी जी	Mr SENTHILKUMAR V G
श्री सोमवंशी वीरेंद्र सूर्यभान	Mr SOMWANSHI VIRENDRA SURYABHAN
श्री सचदेवा सुमित	Mr SACHDEVA SUMIT
श्री गोयल महेश	Mr GOEL MAHESH
लेफ्टिनेंट जनरल सलारिया रणबीर सिंह	LT GEN SALARIA RANBIR SINGH
श्री भट्टाचार्य ध्रुबाशीष	Mr BHATTACHARYA DHRUBASHISH
श्री पटनायक गिरीश	Mr PATNAIK GIRISH
श्री सबनवीस मदन	Mr SABNAVIS MADAN
श्री कैरूपाला सौरप्पा	Mr KAIRUPPALA SOWRAPPA

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का वक्तव्य

देबदत्त चांद
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

प्रिय हितधारको,

बैंक ऑफ़ बड़ौदा, एक ऐसा संस्थान जो एक समृद्ध विरासत के साथ 116 वर्षों से हितधारकों को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहा है, के नेतृत्व का अवसर मिलना मेरे लिए गौरव का विषय है। बतौर प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, मेरा यह प्रयास रहेगा कि विश्वास और सेवा की इस समृद्ध परंपरा को और आगे बढ़ाया जाए।

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान बैंक के कार्य-निष्पादन के महत्वपूर्ण बिन्दुओं को आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। बैंक द्वारा की गई पहलों और उपलब्धियों के विस्तृत विवरण वार्षिक रिपोर्ट में दिए गए हैं।

वित्त वर्ष 24 के दौरान, अधिकांश वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में विकास की धीमी और न्यून संभावनाओं के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था सुदृढ़ बनी रही है। व्यापक आर्थिक मानदंडों की सुदृढ़ता, कॉर्पोरेट्स की बेहतर लाभप्रदता, मुद्रास्फीति में कमी, बाह्य क्षेत्र की स्थिति में सुधार और निरंतर राजकोषीय सुदृढ़ीकरण ने विकास की गति को बरकरार रखा है। इसके कारण, मध्य पूर्व में संकट के कारण उपजी भौगोलिक-राजनीतिक अनिश्चितताओं, उच्च ब्याज दरों और सप्लाई चेन में व्यवधानों जैसी कठिनाइयों से पार पाने में मदद मिली है। भारतीय बैंकिंग क्षेत्र बेहतर आस्ति गुणवत्ता, उच्च पूंजी पर्याप्तता और मजबूत लाभप्रदता के साथ बेहतर स्थिति में है। हालांकि, तरलता की कमी के कारण बैंकिंग उद्योग के लिए जमाएं जुटाना थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो गया है। इन चुनौतियों के बावजूद भी, बैंक ने अपने कार्य-निष्पादन को बेहतर बनाने के लिए नए उत्पादों और उपायों के रूप में संरचनात्मक पहलें की हैं और वर्ष के दौरान नए मील स्तंभ स्थापित किए हैं।

वर्ष के दौरान, व्यवसायिक विस्तार, आय, मार्जिन, लाभप्रदता और आस्ति गुणवत्ता के प्रमुख मानदंडों में समग्र रूप से लगातार सुधार हुआ है। वित्त वर्ष 24 में, बैंक के वैश्विक व्यवसाय ने 24 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया और ऑर्गेनिक रिटेल अग्रिमों ने भी 2 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर लिया। उल्लेखनीय है कि वर्ष के दौरान प्रत्येक तिमाही में 4000 करोड़ रुपये के स्तर से ऊपर के तिमाही शुद्ध लाभ और लगातार 7 तिमाहियों के दौरान आस्तियों पर रिटर्न (आरओए) को 1% से ऊपर रखते हुए बैंक ने अपने कार्य-निष्पादन में निरंतरता दर्शायी है। इसके अलावा, भारतीय रिज़र्व बैंक ने 'बॉब वर्ल्ड' के माध्यम से ग्राहकों की ऑनबोर्डिंग पर लगाए गए प्रतिबंध भी हटा लिए हैं और बैंक अब इस चैनल के माध्यम से ग्राहकों को ऑन-बोर्ड कर सकता है। उक्त कार्य-निष्पादन न केवल हमारी वित्तीय मजबूती का प्रतीक है, बल्कि हमारे प्रति हमारे हितधारकों के भरोसे एवं विश्वास का प्रमाण भी है।

वित्तीय कार्य-निष्पादन

देयताओं का विवेकपूर्ण प्रबंधन

उद्योग स्तर पर, सिस्टम में तरलता की कमी, निवेश और बचत के आकर्षक विकल्पों तथा ऋण क्षेत्र में जमा क्षेत्र से अधिक वृद्धि जैसे कारकों के कारण जमाएं जुटाना चुनौतीपूर्ण रहा। इसमें विशेष रूप से, कासा वृद्धि चुनौतीपूर्ण रही है क्योंकि मई 2022 - फरवरी 2023 के दौरान नीतिगत दरों में वृद्धि के फलस्वरूप सावधि जमा दरों में हुई बढ़ोत्तरी के कारण सावधि जमाओं के क्षेत्र में वृद्धि हुई है। ग्राहक केंद्रित और विविधतापूर्ण बचत उत्पादों की श्रृंखला और अलग-अलग वर्ग के ग्राहकों की बचत आवश्यकताओं के अनुरूप आकर्षक अवधि वाले जमा उत्पाद पेश करने की बहुआयामी कार्यनीति के बल पर बैंक जमाओं में वृद्धि अर्जित करने में कामयाब रहा है। वित्त वर्ष 24 में, बैंक की वैश्विक जमाराशियों में 10.2% वृद्धि हुई है, जिसमें घरेलू जमाराशियों में 7.7% और अंतर्राष्ट्रीय जमाराशियों में 27.0% की वृद्धि हुई है। चुनौतियों के बावजूद भी, कासा जमाएं 5.4% की वृद्धि के साथ 4,66,401 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गई है, जबकि घरेलू कासा जमाएँ 40% के स्तर से ऊपर 41.33% पर बनी हुई हैं। इसके अलावा, बैंक ने बढ़ती पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर बांड और पूंजी निर्गम के माध्यम से भी फंड जुटाया है।

रिटेल ऋण केंद्रित अग्रिम वृद्धि

बैंक ने अधिक प्रतिफल वाले रिटेल ऋणों को लक्ष्य करते हुए जमाराशियों के अनुरूप अपने अग्रिमों में वृद्धि को दर्ज करने की नीति अपनाई है। वित्त वर्ष 2024 में, रिटेल पोर्टफोलियो रु. 2 लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर रु. 2,14,942 करोड़ हो गया है, इस प्रकार इसमें 20.7% की वृद्धि दर्ज की गई है। रिटेल क्षेत्र में, ऑटो ऋण में 23.8%, गृह ऋण में 14.1% और शिक्षा ऋण में 19.6% की वृद्धि हुई है। कृषि और एमएसएमई ऋणों में क्रमशः 11.6% और 10.4% की वृद्धि हुई है। ग्राहक केंद्रित सेवाएं प्रदान करने हेतु रिलेशनशिप मैनेजमेंट और वर्गीकृत दृष्टिकोण पर बल देने संबंधी कार्यनीति को अपनाने से कॉर्पोरेट ऋणों में 11.6% की वृद्धि हुई है।

बेहतर आस्ति गुणवत्ता

वर्ष के दौरान, बैंक की आस्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे जीएनपीए अनुपात 3.79% से घटकर 2.92% हो गया है - जो कई वर्षों की तुलना में न्यूनतम स्तर पर है। निवल एनपीए अनुपात भी 0.89% से घटकर 0.68% हो गया है। राइट ऑफ़, अपग्रेडेशन और वसूली के फलस्वरूप अनर्जक आस्तियों में कमी आई है। प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडब्ल्यूओ सहित) वित्त वर्ष 23 में 92.43% के सापेक्ष वित्त वर्ष 24 में 93.30% के स्तर पर पहुंच गया है। एनपीए में

नई वृद्धि का एक मापांक, स्लिपेज अनुपात, वित्त वर्ष 23 में 1.07% से घटकर वित्त वर्ष 24 में 0.99% हो गया है। मार्च 2024 तक वसूली दक्षता (कृषि को छोड़कर) 98% रही है। साथ ही, मानक अग्रिमों (सीआरआईएलसी डेटा) के प्रतिशत के रूप में एसएमए 1 और एसएमए 2 खातों की हिस्सेदारी मार्च 2023 तक 0.32% से घटकर मार्च 2024 तक 0.15% हो गई है।

व्यय प्रबंधन

वेतन समझौता और पेंशन देयता के कारण अधिक व्यय के बावजूद, वर्ष के दौरान बैंक के परिचालन व्यय में 15.2% की वृद्धि हुई है, जिसमें कर्मचारी लागत में 18.4% और अन्य परिचालन व्यय में 11.4% की वृद्धि हुई है। परिचालन दक्षता का एक संकेतक, आय- लागत अनुपात, वित्त वर्ष 24 में 47.71% के स्तर पर स्थिर रहा है।

सुदृढ़ आय

वित्त वर्ष 2024 में उच्च आय वृद्धि और कम प्रावधान, आय की सुदृढ़ वृद्धि में सहायक रहे हैं। ब्याज आय 25.7% बढ़कर रु. 1,12,606 करोड़ के स्तर पर पहुंच गई है। जमाराशियों के उच्च दर पर पुनर्मूल्यांकन के कारण ब्याज व्यय 40.7% की उच्च दर से बढ़कर रु. 67,884 करोड़ हो गया है। विवेकपूर्ण आस्ति देयता प्रबंधन के परिणामस्वरूप, बैंकों की निवल ब्याज आय 8.1% की वृद्धि के साथ रु. 44,000 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। गैर-ब्याज आय में 44.6% की वृद्धि हुई है, जो रु. 14,495 करोड़ रुपये हो गई है, जिसमें विशेष रूप से कमीशन एक्सचेंज और ब्रोकरेज घटक में 19.9% की वृद्धि दर्ज की है और टीडब्लूओ खातों में शानदार वसूली हुई है। वेतन संशोधन और पेंशन संबंधी व्यय के बावजूद, बैंक अपनी लागतों को नियंत्रित करने में सफल रहा है। परिणामस्वरूप, बैंक का परिचालनगत लाभ ₹30,000 करोड़ के आंकड़े को पार कर गया है, इस प्रकार 15.3% की वृद्धि दर्ज की गई है। आस्ति गुणवत्ता में सुधार के साथ, कुल प्रावधानों में कमी आई है। परिणामस्वरूप, वित्त वर्ष 24 में निवल लाभ 26.1% बढ़कर ₹17,789 करोड़ हो गया है।

सुदृढ़ पूंजी अनुपात

वर्ष के दौरान कुछ ऋण उत्पादों पर बढ़े हुए जोखिम भार के साथ उच्च पूंजी आवश्यकताओं के बावजूद बैंक की पूंजी स्थिति और मजबूत हुई है। मार्च 24 तक बैंक का सीआरएआर 16.31% रहा है, जिसमें उच्च प्रतिधारित आय के कारण सीईटी-1 अनुपात 12.54% रहा है। एलसीआर 120.6% के सुदृढ़ स्तर पर रहा है।

वर्ष के दौरान बैंक द्वारा की गई महत्त्वपूर्ण पहलें

रिटेल जमा उन्मुख विकास

सीमित नकदी स्थिति और भारतीय परिवारों की बदलती बचत आदतों के चलते जमा राशियों का संग्रहण अत्यधिक चुनौतीपूर्ण रहा है। इसके कारण जमा वृद्धि को समर्थन देने के लिए नवोन्मेषी कार्यनीतियों की आवश्यकता पड़ी। बैंक ने "बॉब के संग त्योहार की उमंग" नामक एक अनूठा अभियान शुरू किया, जो न केवल आस्ति पक्ष पर, बल्कि देयता पक्ष पर भी केंद्रित था। कार्यनीति के एक हिस्से के रूप में, बैंक ने कासा (CASA) जमाओं को बढ़ाने पर विशिष्ट रूप से ध्यान दिया है। उत्पाद पेशकश और जमा जुटाने की प्रक्रिया में बचत खाता एवं चालू खाता जमा उत्पादों में अभिनव एवं समयानुकूल परिवर्तन किए गए। इसके अंतर्गत 3 नए बचत खाते; बॉब लाइट, बॉब ब्रो, बॉब एनआरआई पावर पैक, 7 नए चालू खाते; बॉब लाइट चालू खाता, बॉब वीमेन पावर चालू खाता, बॉब स्मार्ट चालू खाता, बॉब गोल्ड चालू खाता, बॉब प्लेटिनम चालू खाता, बॉब रोडियम चालू खाता, बॉब डायमंड चालू खाता की पेशकश शामिल हैं। बैंक ने मौजूदा चालू खाता और वेतन बचत बैंक खातों को भी नया रूप दिया है और नए खाते लाने पर विशेष ध्यान दिया है। इसका उद्देश्य ग्राहकों की विविध बचत आवश्यकताओं जैसे कि परिवार की जरूरतें, विद्यार्थियों की आवश्यकताएं आदि को पूरा करने वाले विशेष सुविधायुक्त उत्पाद उपलब्ध कराना हैं। उदाहरण के लिए, बैंक ने बॉब परिवार संकल्पना के अंतर्गत, "मेरा परिवार, मेरा बैंक" उपलब्ध कराया है, जो परिवार के सदस्यों को कई प्रकार के लाभ प्रदान करता है। इस पहल में प्रीमियम ग्राहकों के लिए विशिष्ट पेशकशें शामिल हैं। उनकी कासा (CASA) शेषराशि के आधार पर उन्हें तीन श्रेणियों: राइज़ (Rise), शाइन (Shine) और स्पार्कल (Sparkle) में विभाजित किया गया है। स्पार्कल ग्राहकों से गहन जुड़ाव स्थापित करने और बैंकिंग सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए उन्हें निर्धारित व्यक्तिगत रिलेशनशिप मैनेजरों के माध्यम से व्यक्तिगत सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

इसके अलावा, प्रमुख कासा सहायकों की पैठ बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया, जिसमें पीओएस सिस्टम, साउंड बॉक्स के साथ क्यूआर कोड और नकदी प्रबंधन सेवाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने, डीफ (डीईएएफ) सक्रियण शुरू करने और शून्य शेष खातों में निधीयन के प्रयास किए गए हैं। डिजिटल मोर्चे पर, बैंक ने विभिन्न डिजिटल चैनलों जैसे वीसीआईपी और टैब मोड के माध्यम से ग्राहकों को जोड़ने में विशेष वृद्धि की है। नवगठित कंपनियों के चालू खाते खोलने के लिए कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय पोर्टल के साथ बैंक के एकीकरण के परिणामस्वरूप कुल 5,186 चालू खाते खोले गए हैं। साथ ही, बैंक ने एक रक्षा बैंकिंग वर्टिकल की स्थापना की है, जिसका नेतृत्व एक मुख्य रक्षा बैंकिंग सलाहकार, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल करते हैं। इस वर्टिकल को उप रक्षा बैंकिंग सलाहकारों द्वारा सहयोग किया जाता है जिन्हें रक्षा क्षेत्र में प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए प्रमुख स्थानों पर तैनात किया गया है।

फी एंड फ्लो

बैंक ने लार्ज एवं मिड-कॉर्पोरेट सेगमेंट के लिए रिलेशनशिप मैनेजर की संकल्पना को लागू करने के साथ कई और पहलों को शुरू किया है जिसमें "फी एंड फ्लो" पहल पर जोर दिया है। रिलेशनशिप मैनेजर का विचार इन सभी खातों के वॉलेट के शेयर (एसओडब्ल्यू) का मूल्यांकन करने और अन्य व्यावसायिक जुड़ावों के लिए मुख्य रिलेशनशिप का लाभ उठाने के लिए किया गया है। इसके साथ ही, नकदी प्रबंधन सेवाओं पर विशेष जोर दिया गया है जिससे निधि के प्रवाह को बनाए रखने में सहयोग मिला है। बैंक के नकदी प्रबंधन सेवा व्यवसाय ने कॉर्पोरेट और सरकारी ग्राहकों के लिए उनके नकदी प्रवाह और चलनिधि का प्रबंधन करने के लिए ओमनी-चैनल डिजिटल समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराई है। यह ग्राहकों के लिए सभी शाखाओं में इलेक्ट्रॉनिक भुगतान, चेक और नकद जमा सहित सभी प्राप्तियों पर वास्तविक समय की जानकारी के साथ एकीकृत और कागज रहित भुगतान समाधान भी प्रदान करता है। वित्त वर्ष 2023-24 में, बड़ौदा कैश मैनेजमेंट सर्विसेज़ ने 2,600 से अधिक नए ग्राहक को जोड़ते हुए अपनी पहुंच का तेजी से विस्तार करना जारी रखा है। 9,000 से अधिक ग्राहक बैंक की नकदी प्रबंधन सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं और वर्ष के दौरान इन्होंने 8 करोड़ से अधिक लेनदेन निष्पादित किए हैं।

संवहनीयता संबंधी पहलें

हरित जमा और जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क

जलवायु परिवर्तन की घटनाओं की बढ़ती संख्या एवं तीव्रता के कारण इसके व्यापक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए बैंक अपनी ओर से हरित पहलों के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने की तत्काल आवश्यकता के प्रति जागरूक है और एक संवहनीय भविष्य के लिए सक्रिय रूप से योगदान देता है। बैंक ने प्रकृति प्रदत्त उपहारों की

रक्षा और हमारी भावी पीढ़ियों के लिए उनके संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी को पुनःरेखांकित करने के लिए "बॉब अर्थ" के नाम के अंतर्गत कई हरित पहलें शुरू की हैं।

ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन से संबंधित मुद्दों को हल करने और हरित पृथ्वी को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों के लिए संसाधन जुटाने हेतु नए जमा उत्पाद "बॉब अर्थ ग्रीन टर्म डिपॉज़िट" की शुरुआत करना बैंक की एक प्रमुख पहल है। हरित जमा का उद्देश्य जमाकर्ताओं को हरित परियोजनाओं और गतिविधियों में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करके संवहनीय विकास में योगदान देने वाली पर्यावरण के अनुकूल पहलों को बढ़ावा देना है। हरित जमा के माध्यम से प्राप्त धन का उपयोग वैश्विक तापमान को कम करने के साथ-साथ पृथ्वी को और अधिक हरा-भरा बनाने वाली पर्यावरण अनुकूल परियोजनाओं को निधि देने के लिए किया जाएगा।

बैंक ने हरित जमा एकत्रित करने और हरित गतिविधियों के लिए ऋण प्रवाह को सक्षम करने के लिए हरित फाइनेंस फ्रेमवर्क को लागू किया है। -9- हरित गतिविधियों के लिए ऋण के चैनलाइजेशन हेतु मानदंड परिभाषित किए गए हैं। -9- पात्र क्षेत्रों में नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, स्वच्छ परिवहन, जल और अपशिष्ट का संवहनीय प्रबंधन आदि शामिल हैं। मार्च 2024 तक, बैंक के पास कॉर्पोरेट ऋण सेगमेंट में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण के अंतर्गत 15,268 करोड़ रुपये की राशि बकाया है।

बैंक ने रूफटॉप सोलर सिस्टम फाइनेंसिंग स्कीम जैसी विशेष योजनाएं शुरू की हैं। वाहन खरीददारों को इलेक्ट्रिक वाहन को प्राथमिकता देने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए, बैंक इलेक्ट्रिक वाहन ऋण के लिए 25 आधार अंकों की रियायती ब्याज दर की पेशकश कर रहा है।

बैंक के अपने परिचालन के अंतर्गत, बैंक की -177- शाखाएँ सौर ऊर्जा से संचालित हैं, जिससे कार्बन डाइ-ऑक्साइड उत्सर्जन में लगभग 3500 टन की कमी होती है। बैंक के स्वामित्व वाली 10 इमारतों में 123 किलोवाट की कुल क्षमता के सौर पैनल लगाए गए हैं। सभी घरेलू शाखाओं में एलईडी लाइटें लगाई गई हैं।

जल और अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में, बैंक ने कुछ प्रशासनिक भवनों में वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित की है। कई प्रशासनिक भवनों में जल रहित मूत्रालय स्थापित किए गए हैं, जिससे वर्ष के दौरान 30 लाख लीटर पानी की बचत होती है। अपशिष्ट प्रबंधन के लिए, बैंक ने बैंक के बीकेसी परिसर में एक बायो-गैस प्लांट (500 किलोग्राम गीले कचरे की क्षमता वाले) स्थापित किया है जो खाना पकाने की गैस और जैविक खाद का उत्पादन करता है। बैंक ने पेपरलेस ऑफिस पहल के माध्यम से अनुमोदन प्रक्रिया को डिजिटल कर दिया है।

सस्टेनेलिटिक्स द्वारा बैंक की ईएसजी रेटिंग बेहतर होकर उच्च जोखिम से मध्यम जोखिम हो गई है और बैंक को 1060 समकक्ष बैंकों में से 329 वें स्थान पर रखा गया है।

विनियामक कार्रवाई

अक्तूबर 2023 में बैंक के मोबाइल ऐप्लिकेशन पर ग्राहकों को ऑनबोर्ड करने के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक की महत्त्वपूर्ण पर्यवेक्षी चिंताओं को एक बहुआयामी कार्यनीति के माध्यम से दूर किया गया है। परिचालन स्तर पर, अतिरिक्त सुरक्षा सुविधाओं के साथ-साथ ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया में ग्राहकों की भागीदारी के साथ संपूर्ण ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया का पुनर्गठन किया गया है। कैडर की परवाह किए बिना शामिल कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। संपूर्ण संगठन में अनुपालन संस्कृति को मजबूत किया जा रहा है और बैंक के समस्त परिचालन में इसे सर्वाधिक महत्व दिया जा रहा है। मई 2024 में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने "बॉब वर्ल्ड" के माध्यम से ग्राहकों को ऑनबोर्ड करने संबंधी प्रतिबंध हटा लिए गए हैं और बैंक अब इस चैनल के माध्यम से ग्राहकों को ऑनबोर्ड कर सकता है।

भविष्य की राह

बैंक भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि की आकांक्षाओं को सहयोग प्रदान करने और अपने हितधारकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है और परिचालन एवं वित्तीय कार्य-निष्पादन दोनों ही दृष्टि से सुदृढ़ स्थिति में है। व्यापक भौगोलिक उपस्थिति और ग्राहकों तक पहुँच, नए उत्पादों की शुरुआत, टर्न-अराउंड टाइम में कमी और डिजिटलीकरण पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, बैंक बाजार हिस्सेदारी प्राप्त करने और इसमें वृद्धि के लिए सभी प्रकार से तैयार है। हमारा प्रयास भविष्य के लिए तैयार, विश्व स्तरीय बैंकिंग संस्थान का निर्माण करना है जो अपने सभी हितधारकों के लिए मूल्य संवर्धन करता हो और जिसे अपने बुनियादी मूल्यों और अनुपालन के प्रति प्रतिबद्धता के लिए एक बेहतरीन संगठन के रूप में जाना जाए।

मैं निदेशक मंडल के पूर्व अध्यक्ष श्री हसमुख अढ़िया और सभी सदस्यों को उनके बहुमूल्य सहयोग, मार्गदर्शन और हमारे सभी प्रयासों में प्रबंधन को दिए गए सुझावों के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय और भारतीय रिज़र्व बैंक को भी समय-समय पर उनके सहयोग और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं हमारे सभी कर्मचारियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं और इसके लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। बैंक ऑफ़ बड़ौदा, उत्कृष्टता की राह पर आगे बढ़ते हुए आपसे निरंतर संरक्षण, समर्थन और सद्भाव की अपेक्षा करता है।

देबदत्त चांद
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

MD & CEO's Statement

Debadatta Chand
Managing Director and CEO

Dear Stakeholders,

It is indeed a privilege to have the opportunity to lead Bank of Baroda, an institution which has a rich history and stellar record of serving all stakeholders over a period of 116 years. It will be my endeavor, as MD and CEO, to build on this tradition of trust and service.

It gives me pleasure to present the highlights of the Bank's performance during the financial year 2023-24. Details of the achievements and initiatives taken are provided in the Annual Report.

During FY24, Indian economy remained resilient amidst slowing and divergent growth prospects in most economies. The strong macroeconomic fundamentals, improved profitability of corporates, moderating inflation, improving external sector position, and continuing fiscal consolidation have sustained the growth momentum. This helped to overcome headwinds of geopolitical uncertainty, high interest rates and disruptions in supply chains due to crisis in Middle East. The Indian banking system has been well positioned with better asset quality, high capital adequacy and robust profitability. However, the increased liquidity tightness has posed a challenge to the banking industry in terms of deposit mobilization. Amidst these challenges, the Bank has introduced structural initiatives in the form of new products and measures to improve its performance and has set new milestones during the year.

During the year, there has been an overall consistent improvement across the major parameters of business size, earnings, margins, profitability, and asset quality. The Banks Global Business has crossed the INR 24 lakh crore mark and the organic Retail advances have gone past INR 2 Lakh crore mark in FY24. It is noteworthy that the Banks performance has been consistent; with the quarterly net profit being above INR 4000 crore level in each of the quarters during the year while Return on Asset (ROA) has been upwards of 1% for 7 quarters in a row. Further, the RBI has also lifted the restrictions of onboarding customers through the 'bob World' route and the Bank can now onboard customers through this channel. This performance is not just an indication of our financial strength, but a testament to the trust and confidence that our stakeholders have in us.

Financial Performance

Prudent Liability Management

At an industry level, mobilising deposits has been a challenge due to factors such as moderation in system liquidity, alternative attractive investment and saving options and credit growth outpacing deposit growth. The CASA growth, in particular, has been an area of challenge as the growth in term deposits has benefitted from higher term deposit rates spurred by pass through effect of policy rate hikes during May 2022 – February 2023. The Bank has managed to grow the deposits following a multi-pronged strategy of offering a diverse and customer centric savings product suite and introducing attractive tenor deposit products to suit the saving needs of diverse customers. In FY24, the Global Deposits of the Bank have grown by 10.2% with domestic deposit growing by 7.7% and international deposits by 27.0%. Despite the challenges, the CASA deposits have grown by 5.4% to reach a level of INR 4,66,401 crore with domestic CASA remaining above the 40% level mark at 41.33%. Further, the Bank has also raised funds through infrastructure bonds and capital issuances to complement its growing funds base.

Advances growth with a focus on Retail loans

The Bank has pursued a strategy of calibrating its advances growth with deposits while focusing on high yielding retail loans. In FY2024, the Retail portfolio has crossed INR 2 lakh crore mark to reach INR 2,14,942 crore, registering thus a growth of 20.7%. Within retail basket, the auto loans have grown by 23.8%, home loans by 14.1% and education loans by 19.6%. The Agriculture and MSME loans have grown by 11.6% and 10.4% respectively. Corporate loans have increased by 11.6% following a strategy of focusing on relationship management and segmentation approach to offer focused services to the customers.

Much better Asset Quality

During the year, there has been significant improvement in the asset quality of the Bank with GNPA ratio declining from 3.79% to 2.92% - a multiyear low level. The Net NPA ratio too has declined from 0.89% to 0.68%. A mix of write-offs, upgradations and recoveries have contributed to reduction

in NPAs. The provision coverage ratio (including TWO) has reached a level of 93.30% in FY24 as against 92.43% in FY23. The slippage ratio, a measure of new accretion to NPAs, has declined from 1.07% in FY23 to 0.99% in FY24. The collection efficiency (excluding agriculture) has been at 98% as of March 2024. Also, the share of SMA 1 and SMA2 accounts as a per cent of standard advances (CRILC data) has fallen from 0.32% as March 2023 to 0.15% as of March 2024.

Expense management

Despite the higher expenses on account of wage settlement and pension liability, the operating expenses of the Bank have grown by 15.2% during the year with employee cost rising by 18.4% and other operating expenses by 11.4%. The Cost to income ratio, an indicator of operational efficiency, has remained stable at a level of 47.71% in FY24.

Robust earnings

In FY2024, the robust growth in earnings has been aided by higher income growth and lower provisions. The interest income has grown by 25.7% to a level of INR 1,12,606 crore. Interest expenses have grown at a higher rate of 40.7% due to repricing of deposits at higher rate to INR 67,884 crore. As a result of prudent asset liability management, the Banks' net interest income has crossed the INR 44,000 crore mark, with growth at 8.1%. The non-interest income has shown buoyant traction growing at 44.6% to INR 14,495 crore with particularly the commission exchange and brokerage component surging by 19.9% and robust recovery from TWO accounts. Despite the wage revision and pension related expenses, the Bank has managed to contain its costs. As result, the Banks operating profit crossed the INR 30,000 crore mark, thus registering a growth of 15.3%. With improving asset quality, the total provisions have declined. As a result, the net profit has increased by 26.1% to INR 17,789 crore in FY24.

Healthy Capital Ratios

The Banks capital position has strengthened further during the year despite higher capital requirements with increased risk weights on some loan products. The CRAR of the Bank as of March 24 has been at 16.31% with CET-1 ratio at 12.54% due to higher retained earnings. The LCR has been healthy at 120.6%.

Key Initiatives undertaken during the year

Retail Deposit Oriented Growth

Deposit mobilisation has been the most significant challenge amidst tight liquidity situation as well as changing Indian households saving habits. This has meant requiring innovative strategies to support deposits growth. The Bank launched a unique campaign titled 'BOB Ke Sang Tyohaar Ki Umang' that focused not only on the asset side, but also on the liability side. As a part of the strategy, the Bank has pushed aggressively for increasing CASA deposits. The product offering and process of deposit mobilisation has witnessed transformation with innovative & cutting-edge SB & CA Products. The basket includes 3 new SB Accounts; bob LITE, bob BRO, bob NRI Power Pack, 7 New Current Accounts; bob Lite Current Account, bob Women Power Current Account, bob Smart Current Account, bob Gold Current account, bob Platinum Current Account, bob Rhodium Current Account, bob Diamond Current Account. The Bank also revamped existing CA & Salary SB accounts and has given extensive focus for acquiring new accounts. The purpose is to offer products catering to the diverse savings requirements of customers with special features to address the same such as family needs, student requirements and so on. For instance, the Bank introduced the bob Parivar Concept, "My Family, My Bank," which extends a range of benefits to family members. This initiative includes tiered offerings for Premium Customers, segmenting them based on their CASA balances into three categories: Rise, Shine, and Sparkle. The Sparkle customers receive personalized services through assigned personal Relationship Managers to build strong connect and improve the banking services.

Moreover, special emphasis was placed on increasing the penetration of key CASA enablers, which include POS systems, QR codes with sound boxes and cash management services. Additionally, efforts have been made to activate dormant accounts, initiate DEAF activations, and funding of zero balance accounts. On the digital front, the Bank has significantly increased client acquisition through various digital channels such as VCIP and TAB mode. Bank's integration with the Ministry of Corporate Affairs Portal for opening Current Accounts of newly formed companies has resulted in the opening of a total of 5,186 current accounts. Further, Bank has established a dedicated Defence Banking Vertical, which is headed by a Chief Defence Banking Advisor, a retired Lieutenant General. This vertical is further supported by Deputy Defence Banking Advisors who are posted at key locations to effectively penetrate the Defence segment.

Fees and Flows

The Bank has emphasised the initiative called 'fees and flows' by introducing several initiatives such as implementation the concept of relationship manager for large and mid-corporate segment. The idea of relationship manager has been to measure the Share of Wallet (SOW), of all these accounts and leverage the main relationship for multiple other engagements. Further, there has been a significant emphasis on the cash management services that has supported capturing flow of funds. The Bank's Cash Management Services business has provided a wide range of omni-channel digital solutions for Corporate and Government customers to manage their cash flows and liquidity. It also offers integrated and paperless payment solutions to the customers on real-time information on all receipts, including electronic payments, cheques, and cash deposits at all branches. In FY 2023-24, Baroda Cash Management Services continued to rapidly expand its footprint, acquiring over 2,600 new relationships. More than 9,000 large customers are utilizing the Bank's Cash Management Services, executing over 8 crore transactions during the year.

Sustainability Initiatives

Green deposits and climate change framework

With climate change assuming significant importance given increased instances and intensity of events, the Bank on

its part is committed to drive positive changes through its green initiatives. The Bank recognizes the urgent need to address environmental challenges and actively contributes to a sustainable future. The Bank has launched several green initiatives under the name of "bob Earth" to reaffirm its commitment and responsibility towards protecting & preserving the gifts of nature for our future generations.

A major initiative of the Bank has been introduction of new deposit product "bob earth Green Term Deposit" to mobilize resources for activities addressing global warming & climate change related issues and promoting a greener earth. The objective of the Green Deposit is to promote environment friendly initiatives by encouraging depositors to invest in green projects and activities that contribute to sustainable development. The funds acquired through the Green Deposits will be used to fund environment friendly projects to reduce the global temperature as well as to make the earth greener.

The Bank has implemented Green Finance Framework for raising of the Green deposits and enabling flow of credit for the Green Activities. The criteria has been defined for channelisation of credit to 9 green activities. The -9- eligible areas include Renewable energy, energy efficiency, clean transportation, sustainable water and waste management among others. As of March 24, the Bank has an outstanding of INR 15,268 crore for financing renewable energy projects under Corporate credit segment.

The Bank has introduced special schemes such as Rooftop Solar System financing scheme. To encourage the auto buyers to prefer an electric vehicle, the Bank is offering concessional ROI @25bps for electric auto loans.

With respect to the Bank's own operations, the Bank has -177- branches being run on Solar energy thus saving an approx. 3500 Tons of Carbon Dioxide emission. The Bank's 10 owned buildings have solar panels installed in their premises of 123 KW total capacity. All the domestic branches have LED lights installed.

Regarding water and waste management, the Bank has set up a rain water harvesting system in some of the administrative buildings. Waterless urinals have been installed in several administrative buildings saving approx. 30 lakh liters of water during the year. For waste management, the Bank has a Bio-Gas plant (capacity of 500 kg wet waste) installed at Bank's BKC premises which produces cooking gas and organic manure. The Bank has digitised approval process through the paperless office initiative.

The Banks ESG rating by Sustainalytics has improved from High Risk to Medium Risk and the Bank is Ranked at 329 out of 1060 peer Banks.

Regulatory action

The RBI's material supervisory concerns in Oct 2023 regarding the onboarding of the customers onto the Bank's mobile application have been addressed through a multi-dimensional strategy. At the operational level, there has been a revamp of the entire onboarding process with added security features as well as participation of customers in the onboarding process. Disciplinary actions have been taken against employees involved irrespective of the cadre. The culture of compliance has been reinforced across the organisation and it has been given paramount importance in all operations of the Bank. In May 2024, the RBI has lifted the restrictions of onboarding customers through the 'bob World' route and the Bank can now onboard customers through this channel.

The Way Forward

The Bank is now on a firm footing in terms of both operational and financial performance and is well positioned to support the growth aspirations of the Indian economy and fulfil the expectations of all stakeholders. With a wider geographical and customer reach, introduction of new products, reduction in turn-around time and focus on digitisation, the Bank is uniquely positioned to grow and gain market share. Our endeavour is to build a future-ready, world-class banking institution that creates value for all its stakeholders and becomes an even better organization known for its core values and commitment to compliance.

I would like to acknowledge and thank the outgoing Chairman of the Board Shri Hasmukh Adhia and all the members of the Board for their valuable support, guidance, and inputs to the management in all our endeavours. I also thank the Department of Financial Services, Ministry of Finance and Reserve Bank of India for their support and guidance from time to time. I acknowledge and thank all our employees for their hard work, dedication and commitment. At Bank of Baroda, we look forward to your continued patronage, support and goodwill as we march ahead on our quest for excellence.

Debadatta Chand
MD & CEO

निदेशकों की रिपोर्ट

''आपके निदेशकगण बैंक की एक सौ सोलहवीं वार्षिक रिपोर्ट के साथ 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष (वित्त वर्ष 2024) के लिए लेखा-परीक्षित तुलनपत्र, लाभ एवं हानि लेखा तथा व्यवसाय और परिचालन संबंधी रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत कर रहे हैं.''

वित्तीय कार्यनिष्पादन एवं प्रमुख वित्तीय आंकड़े

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त वर्ष 2023	वित्त वर्ष 2024
वैश्विक जमाराशियां	**1203687.79**	**1326957.84**
जिसमें से - अंतर्राष्ट्रीय जमाराशियां	156312.58	**198444.04**
घरेलू जमा राशियां	**1047375.21**	**1128513.80**
जिसमें से - चालू खाता जमा राशियां	75110.67	76386.30
बचत बैंक जमाराशियां	367399.83	390014.49
घरेलू कासा जमाराशियां	**442510.5**	**466400.80**
घरेलू जमाराशियों में घरेलू कासा (%)	**42.25**	**41.33**
निवल अग्रिम	**940998.27**	**1065781.72**
जिसमें से - घरेलू अग्रिम	776589.63	880816.61
अंतर्राष्ट्रीय निवल अग्रिम	164408.64	184965.11
वैश्विक सकल अग्रिम	**969548.31**	**1090505.80**
कुल कारोबार (वैश्विक जमाराशि + वैश्विक सकल अग्रिम)	**2173236.1**	**2417463.65**
कुल आस्तियां	**1458561.55**	**1585797.09**
निवल ब्याज आय (एनआईआई)	**41356.01**	**44721.53**
अन्य आय	10025.84	14495.37
जिसमें से - ट्रेडिंग अभिलाभ	1062.50	1491.93
परिचालनगत आय (एनआईआई + अन्य आय)	**51381.58**	**59216.90**
परिचालनगत व्यय	24518.31	28251.68
परिचालनगत लाभ	**26863.54**	**30965.23**
प्रावधान (कर को छोड़कर)	7136.90	6075.61
जिसमें से - एनपीए व बट्टाकृत अशोध्य ऋण हेतु प्रावधान	4,350.52	6470.86
कर पूर्व लाभ	**19726.64**	**24889.61**
कर हेतु प्रावधान	5617.02	7100.83
निवल लाभ	**14109.62**	**17788.78**
विनियोजन / अंतरण		
सांविधिक प्रारक्षित निधि	3,527.40	4,447.20
पूंजी प्रारक्षित निधि	92.57	104.17
राजस्व और अन्य प्रारक्षित निधि		
I) सामान्य प्रारक्षित निधि	7274.12	8,079.23
II) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36 (I) (viii) के तहत विशेष प्रारक्षित निधि	300.00	615.92
III) निवेश प्रारक्षित निधि खाता	0.00	563.86
IV) निवेश उतार-चढ़ाव प्रारक्षित निधि	30.00	0.00
V) सांविधिक प्रारक्षित निधि (विदेशी)	41.28	48.17
प्रस्तावित लाभांश	2,844.25	3,930.24

वित्त वर्ष 2024 के दौरान बैंक की कुल जमा राशि बढ़कर ₹13,26,958 करोड़ हो गई जो वित्त वर्ष 2023 के दौरान ₹12,03,688 करोड़ थी, इसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 10.2% की वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2024 के दौरान बैंक का घरेलू कासा वर्ष दर वर्ष आधार पर 5.40% की वृद्धि के साथ ₹4,66,401 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया। घरेलू जमा राशियाँ भी वर्ष दर वर्ष आधार पर 7.7% की वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2024 के दौरान बढ़कर ₹11,28,514 करोड़ हो गई। वित्त वर्ष 2024 के दौरान बैंक का निवल अग्रिम बढ़कर ₹10,65,782 करोड़ हो गया जो वित्त वर्ष 2023 के दौरान ₹9,40,998 करोड़ था, इस प्रकार इस अवधि के दौरान 13.3% की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक का वैश्विक सकल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 12.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ वित्त वर्ष 2023 के ₹9,69,548 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में ₹10,90,506 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया। बैंक का कुल कारोबार वित्त वर्ष 2023 के ₹21,73,236 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में बढ़कर ₹24,17,464 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया, इसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 11.2% प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

बैंक की शुद्ध ब्याज आय वित्त वर्ष 2023 के ₹41,356 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में बढ़कर में ₹44,722 करोड़ हो गई, इसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक की अन्य आय वित्त वर्ष 2024 में ₹14,495 करोड़ रही, जो वित्त वर्ष 2023 में ₹10,026 करोड़ थी, जिसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 44.6% की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक का परिचालन खर्च वित्त वर्ष 2024 में ₹28,252 करोड़ रहा, जबकि वित्त वर्ष 2023 में यह ₹24,518 करोड़ था। बैंक की परिचालन आय वित्त वर्ष 2023 के ₹51,382 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में ₹59,217 करोड़ हो गई, जिसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 15.2% की वृद्धि दर्ज की गई।

बैंक ने वित्त वर्ष 2024 में ₹17,789 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया, जो वित्त वर्ष 2023 में ₹14,110 करोड़ था, इसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 26.1% की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक का परिचालन लाभ वित्त वर्ष 2023 के ₹26,864 करोड़ की तुलना में 15.3% बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में ₹30,965 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया।

महत्वपूर्ण कार्यनिष्पादन सूचक

(₹ करोड़ में)

महत्वपूर्ण कार्यनिष्पादन सूचक	वित्त वर्ष 2023	वित्त वर्ष 2024
निवल ब्याज मार्जिन - वैश्विक (%)	3.31	3.18
लागत-आय अनुपात (%)	47.72	47.71
औसत आस्तियों पर प्रतिफल (आरओएए) (%)	1.03	1.17
इक्विटी पर प्रतिफल (%)	18.34	18.95
प्रति शेयर बही मूल्य (₹)	148.80	181.48
मूल ईपीएस (₹)	27.28	34.40

निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) वैश्विक वित्त वर्ष 2023 में 3.31 प्रतिशत की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में 3.18% रहा। आय-लागत अनुपात वित्त वर्ष 2023 में 47.72% की तुलना में 1 बीपीएस घटकर वित्त वर्ष 2024 में 47.71% हो गया। वित्त वर्ष 2024 के लिए आस्तियों पर प्रतिफल वित्त वर्ष 2023 के 1.03% से 14 बीपीएस बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 1.17% हो गया, जो लाभप्रदता में असाधारण कार्यनिष्पादन को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2024 में इक्विटी पर प्रतिफल 61 बीपीएस बढ़कर 18.95% हो गया, जो वित्त वर्ष 2023 में 18.34% था। प्रति शेयर बुक वैल्यू वित्त वर्ष 2023 के ₹148.80 से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में ₹181.48 हो गया। प्रति शेयर अर्जन वित्त वर्ष 2023 के ₹27.28 से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में ₹34.40 हो गया।

निधियों की औसत लागत और आय तथा औसत ब्याज अर्जक आस्तियां

महत्वपूर्ण कार्यनिष्पादन सूचक	वित्त वर्ष 2023	वित्त वर्ष 2024
निधियों पर औसत लागत (%)	4.08	5.12
निधियों पर औसत आय (%)	7.17	8.01
औसत ब्याज अर्जक आस्तियां (₹ करोड़ में)	12,49,846	14,05,271
औसत ब्याज वहन करने वाली देयताएं (₹ करोड़ में)	11,81,750	13,26,655

वित्त वर्ष 2024 में निधि की औसत लागत और निधि पर लाभ क्रमशः 5.12% और 8.01% रहा। औसत ब्याज वाली आस्तियां वित्त वर्ष 2023 के ₹12,49,846 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में ₹14,05,271 करोड़ हो गई। औसत ब्याज वहन करने वाली देयताएं भी वित्त वर्ष 2023 के ₹11,81,750 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में ₹13,26,655 करोड़ हो गईं।

पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर)

(अनुपात % में)

विवरण	वित्त वर्ष 2023	वित्त वर्ष 2024
पूंजी पर्याप्तता अनुपात-बासेल III	16.24	16.31
सीईटी I	12.24	12.54
टीयर I	13.99	14.07
टीयर II	2.25	2.24

बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) दिनांक 31 मार्च, 2023 के 16.24% से बढ़कर 31 मार्च, 2024 को 16.31% हो गया। वित्त वर्ष 2024 के दौरान सीईटी-1 अनुपात वित्त वर्ष 2023 के 12.24% से बढ़कर 12.54% हो गया। समेकित समूह पूंजी पर्याप्तता अनुपात दिनांक 31 मार्च, 2023 के 16.73% की तुलना में बढ़कर दिनांक 31 मार्च, 2024 को 16.68% हो गया।

बैंक ने वित्त वर्ष 2024 के दौरान ₹5000 करोड़ के अतिरिक्त टीयर 2 पूंजी बॉन्ड जारी किए।

निवल मालियत

वित्त वर्ष 2024 में बैंक की निवल मालियत बढ़कर ₹93,850.76 करोड़ हो गई जिसमें प्रदत्त शेयर पूंजी ₹1,035.53 करोड़ और प्रारक्षित निधि ₹1,11,188.05 करोड़ (पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षित निधियों, विदेशी मुद्रा अंतरण प्रारक्षित निधियों और अन्य अमूर्त आस्तियों को छोड़कर) शामिल है। पिछले वित्त वर्ष 2023

को बैंक की निवल मालियत ₹76,951.07 करोड़ रही जिसमें प्रदत्त शेयर पूंजी ₹1,035.53 करोड़ और प्रारक्षित निधि ₹97,187.36 करोड़ (पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षित निधियों, विदेशी मुद्रा अंतरण प्रारक्षित निधियों और अन्य अमूर्त आस्तियों को छोड़कर) शामिल है.

शेयर (अंकित मूल्य 2) का बही मूल्य वित्त वर्ष 2023 के ₹148.80 से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में ₹181.48 हो गया।

सेवानिवृत्ति और अन्य लाभों के लिए प्रावधान

वित्त वर्ष 2024 के दौरान, बैंक ने ग्रेच्युटी (₹1240.75 करोड़), पेंशन फंड (₹2425.47 करोड़), छुट्टी नकदीकरण, अतिरिक्त सेवानिवृत्ति लाभ और अन्य लाभों (₹403.19 करोड़) में अंशदान हेतु प्रावधान किया है। वित्त वर्ष 2024 के दौरान इन श्रेणियों के तहत कुल प्रावधान ₹4069.41 करोड़ रहा।

लाभांश संवितरण नीति

बैंक के निदेशक मंडल ने दिनांक 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए प्रति शेयर ₹7.60 के लाभांश का प्रस्ताव किया है। लाभांश के रूप में ₹ 3,930.24 करोड़ का कुल भार आएगा। लाभांश का भुगतान अपेक्षित मंजूरी के अधीन है।

प्रबंधन के विचार-विमर्श एवं विश्लेषण

वैश्विक अर्थव्यवस्था

अक्तूबर, 2023 में इजरायल-हमास युद्ध के एक और बड़े झटके के बावजूद, विश्व अर्थव्यवस्था 2023-24 की अवधि में पहले की अपेक्षा अधिक सुदृढ़ साबित हुई। मध्य-पूर्व भी ऐसे तनावों से ग्रस्त है। बाहरी कारकों के अलावा, घरेलू परिस्थितियों ने भी प्रत्येक देश में विकास को प्रभावित किया है। उदाहरण स्वरूप अमेरिकी अर्थव्यवस्था ने वर्ष 2022 में 1.9% वृद्धि के बाद वर्ष 2023 में 2.5% की वृद्धि के साथ पहले की तुलना में बहुत बेहतर प्रदर्शन किया। दूसरी ओर, यूरोजोन और कनाडा ने खराब प्रदर्शन किया। आईएमएफ के नवीनतम विश्व आर्थिक दृष्टिकोण के अनुसार, उन्नत अर्थव्यवस्थाओं (एई) में वृद्धि वर्ष 2022 के 2.6% से घटकर वर्ष 2023 में 1.6% हो गई। इस समूह के भीतर, यूरो क्षेत्र में वृद्धि वर्ष 2022 के 3.3% की तुलना में वर्ष 2023 में 0.1% तक गिर गई। यह वर्ष 2022 में 1.8% की वृद्धि के बाद में इसकी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (जर्मनी) वर्ष 2023 (-0.2%) में संकुचन के कारण हुआ।

उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ईएमडीई) में वर्ष 2022 में 4.1% की वृद्धि के बाद वर्ष 2023 में 4.5% की बेहतर वृद्धि रही। इस क्षेत्र के आर्थिक विकास में अधिकांश योगदान चीन की अर्थव्यवस्था में सुधार (2022 में 3% से 2023 में 5.4%) है। कोविड़-19 प्रोटोकॉल को हटाने के बाद मांग में पुनरुत्थान और विस्तारवादी राजकोषीय नीति तथा कुछ संरचनात्मक सुधारों की घोषणा के साथ आर्थिक वृध्दि को गति मिली। हालांकि, प्रोप्र्टी क्षेत्र का संकट और स्थानीय सरकार के वित्तीय संकट का खतरा अभी भी बना हुआ है।

महंगाई के मोर्चे पर, वैश्विक मुद्रास्फीति वर्ष 2023 में घटकर 6.8% हो गई, जो वर्ष 2022 में 8.7% थी। तेल और गैर-ईंधन दोनों की कीमतों में तेजी से गिरावट आई। वर्ष 2022 में 39.2% की वृद्धि के बाद वर्ष 2023 में तेल की कीमतों में (-)16.4% की गिरावट आई। गैर-ईंधन की कीमतों में (-)5.7% की गिरावट आई, जबकि वर्ष 2022 में 7.9% की वृद्धि हुई थी। यूक्रेन-रूस क्षेत्र में चल रहे तनाव और अक्तूबर, 2023 में इजरायल-हमास युद्ध की शुरुआत के बावजूद, देशों में बढ़ी हुई ब्याज दरों और कमजोर मांग की स्थिति के कारण कीमतें कम स्तर पर बनी रहीं। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं (एई) में मुद्रास्फीति ने ईएमडीई (8.3% के सापेक्ष 9.8%) की तुलना में वर्ष 2023 (2022 में 7.3% की तुलना में 4.6%) में महत्वपूर्ण नरमी दिखाई।

मुद्रास्फीति को नियंत्रण में लाने हेतु विश्व भर के वैश्विक केंद्रीय बैंकों ने वर्ष 2024 में दर में कटौती की संभावना के साथ 2023 में ब्याज दरों को ऊंचा रखा। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं (एई) के बीच, यूएस फेड नीतिगत दर वर्तमान में 23 वर्षों के उच्च स्तर 5.25-5.5% पर है। बैंक ऑफ इंग्लैंड (बीओई) ने अपनी नीतिगत दर को 15 वर्षों के उच्च स्तर 5.25% पर बनाए रखा है और ईसीबी ने इसे 22 वर्षों के उच्च स्तर 4.5% पर रखा है। उभरते बाजारों (ईएम) के बीच भारत एवं इंडोनेशिया में केंद्रीय बैंकों ने भी नीतिगत दरों में आक्रामक तरीके से वृद्धि की है।

वैश्विक वृद्धि और मांग में कमी के बीच वर्ष 2023 में वैश्विक व्यापार की मात्रा में गिरावट आई। वस्तु एवं सेवाओं के व्यापार की मात्रा वर्ष 2022 के 5.1% से घटकर वर्ष 2023 में 0.3% हो गई। यह वर्ष 2022 में 4.1% की तुलना में वर्ष 2023 में ईएमडीई के वस्तु एवं सेवाओं के निर्यात की मात्रा में (-)0.1% की तेज गिरावट के कारण हुआ। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के वस्तु एवं सेवाओं के आयात की मात्रा में भी वर्ष 2023 में (-) 1% की गिरावट आई, जो वर्ष 2022 में 6.7% थी।

वर्ष 2024 की शुरुआत में वैश्विक विकास का रूख अधिक स्पष्ट रूप से दृश्यमान हो गया है। वित्तीय स्थितियां अभी भी दबावग्रस्त स्थिति में हैं क्योंकि प्रमुख केंद्रीय बैंक अभी भी अपनी ब्याज दरों में कटौती नहीं कर रहे हैं। हालांकि, जैसे-जैसे विकास की गति धीमी होगी और मुद्रास्फीति घटेगी, आने वाले महीनों में उदारीकृत मौद्रिक नीति की संभावना बढ़ जाती है। इसके साथ ही, चीन में लचीली राजकोषीय एवं मौद्रिक नीति और प्रोपर्टी क्षेत्र में चल रहे संकट से निपटने के लिए घोषित सुधार उपायों से वैश्विक विकास की संभावनाओं को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है।

इस आधार पर, आईएमएफ ने जोखिम के विविध पक्षों को संज्ञान में रखते हुए वर्ष 2024 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 3.2% की वृद्धि का अनुमान व्यक्त किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था द्वारा आश्चर्यजनक दृढ़ता प्रदर्शित करने के कारण विश्व मंदी की संभावनाओं से उबर गया है। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं (एई) की आर्थिक वृद्धि में 1.7% तक सुधार होने की उम्मीद है। यह अमेरिका में आर्थिक वृद्धि (वर्ष 2023 में 2.5% की तुलना में 2.7%) और यूरो क्षेत्र में 0.8% (वर्ष 2023 में 0.4%) की आर्थिक वृद्धि के परिणामस्वरूप संभव होगा। उल्लेखनीय है कि जर्मनी, इस क्षेत्र की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, के वर्ष 2024 में मंदी से बाहर आने की उम्मीद है क्योंकि इसमें 0.2% (वर्ष 2023 में -0.3%) की वृद्धि का अनुमान है, जबकि यूके की अर्थव्यवस्था में भी इस वर्ष 0.5% की वृद्धि (वर्ष 2023 में 0.1%) के साथ बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद है। यूएस फेड ने भी वर्ष 2024 में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि के अपने अनुमानों को संशोधित कर 2.1% कर दिया है, जो कि दिसंबर 2023 की नीति में 1.4% अपेक्षित था।

दूसरी ओर, ईएमडीई में वृद्धि 4.2% रहने की उम्मीद है, जो वर्ष 2023 में 4.3% से थोड़ा कम है। इसका मुख्य कारण चीन, लैटिन अमेरिका और रूस में अपेक्षित मंदी है। दूसरी ओर, भारत, मध्य-पूर्व और मध्य-एशियाई देशों के इस वर्ष अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2025 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था में 6.8% की वृद्धि होने का अनुमान है, जो भारतीय रिजर्व बैंक के 7% के अनुमान से थोड़ा कम है।

वर्ष 2024 में मुद्रास्फीति में और नरमी आने की संभावना है, जो मुख्य रूप से उन्नत अर्थव्यवस्थाओं (एई) में हुई प्रगति (वर्ष 2023 में 4.6% की तुलना में 2.6%) के परिणामस्वरूप है। जबकि ईएमडीई के लिए मुद्रास्फीति 8.3% पर अपरिवर्तित रहने की उम्मीद है। वर्ष 2024 में तेल की कीमतों में 2.5% (वर्ष 2023 में -16.4%) की और गिरावट का अनुमान है, लेकिन गैर-ईंधन वस्तुओं पर दबाव बढ़ सकता है क्योंकि वर्ष 2024 में 0.1% की वृद्धि होने की उम्मीद है, जिसमें वर्ष 2023 में (-)5.7% की गिरावट रही। यह वैश्विक केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दर में कटौती में देरी कर सकता है, जो वैश्विक विकास की संभावनाओं को प्रभावित कर सकता है।

भारतीय अर्थव्यवस्था

भारतीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि का आधार सुदृढ़ है क्योंकि घरेलू अर्थव्यवस्था ने सुदृढ़ बुनियादी आधारों के साथ अपनी मजबूती बनाए रखी है। वित्त वर्ष 2023 में 7% की वृद्धि की तुलना में इसने वित्त वर्ष 2024 में 8.2% की मजबूत वृद्धि दर्ज की। यह लगातार तीसरा वर्ष होगा जब महामारी से प्रेरित संकुचन के बाद अर्थव्यवस्था ने 7% से अधिक वृद्धि दर्ज की है। उद्योग क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2023 में 2.1% के तुलना में 9.5% की वृद्धि दर्ज की है, जो विनिर्माण (-2.2% से बढ़कर 9.9%) और खनन गतिविधि (1.9% से बढ़कर 7.1%) दोनों में उच्च वृद्धि द्वारा समर्थित है। आवास क्षेत्र के बेहतर कार्यनिष्पादन के परिणामस्वरूप निर्माण क्षेत्र ने पिछले वर्ष के 9.4% के मुकाबले 9.9% की लगभग दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की।

सेवा क्षेत्र ने कुछ नरमी दर्ज की, लेकिन वर्ष के लिए मजबूत पीएमआई गणना (वित्त वर्ष 2023 में 57.3 की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में 60.3) में परिलक्षित 7% से अधिक की वृद्धि दर्ज करना जारी रखा। इस अवधि के दौरान घरेलू यात्रियों की वृद्धि, रेल माल ढुलाई और जीएसटी संग्रह सहित अन्य संकेतकों में मजबूत वृद्धि दर्ज की है।

महंगाई के मोर्चे पर, वित्त वर्ष 2024 में हेडलाइन मुद्रास्फीति औसत 5.4% रही, जो कि वित्त वर्ष 2023 में 6.9% थी। यह भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्धारित 6% की ऊपरी सीमा से कम है। पहली तिमाही में 4.6% तक कम होने के बाद, खरीफ फसलों की कम बुआई को देखते हुए अनाज, मसालों और दालों की कीमतों में निरंतर दबाव के साथ-साथ सब्जियों की मुद्रास्फीति से प्रेरित दूसरी तिमाही में हेडलाइन मुद्रास्फीति 6.4% तक बढ़ गई। हालांकि, तीसरी तिमाही में खाद्य कीमतों में तेज गिरावट (5.4%) आई, जो कि ईंधन मुद्रास्फीति के अवस्फीति में खिसक जाने के कारण हुआ। वैश्विक कमोडिटी की कीमतों में नरमी और सरकार द्वारा आपूर्ति पक्ष में हस्तक्षेप ने किसी भी मूल्य दबाव को प्रतिबंधित कर दिया। कोर मुद्रास्फीति में कमी तीसरी तिमाही एवं चौथी तिमाही में क्रमशः 4.1% और 3.4% के साथ स्पष्ट है। वित्त वर्ष 2025 के लिए, भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमान के अनुसार हेडलाइन सीपीआई, जोखिम के सभी पक्षों को संज्ञान में रखते हुए एवं सामान्य मानसून के पूर्वानुमान के साथ कम होकर 4.5% हो जाएगी।

अप्रैल-मार्च 2024 के लिए भारत का राजकोषीय घाटा ₹16.5 लाख करोड़ रहा जो वर्ष के लिए संशोधित वार्षिक लक्ष्य का लगभग 95.3% है। वित्त वर्ष 2024 में यह सकल घरेलू उत्पाद का 5.6% रहा और यह संपूर्ण वर्ष के लिए संशोधित लक्ष्य 5.8% अर्थात् ₹17.35 लाख करोड़ से कम रहा। वित्त वर्ष 2024 में केंद्र के निवल कर राजस्व में 14.5% की वृद्धि हुई, जबकि गैर-कर राजस्व में 40.8% तक की वृद्धि हुई। यह अनुमान लगाया गया है कि वित्त वर्ष 2025 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य पिछले वर्ष के सकल घरेलू उत्पाद के 5.1% से बहुत कम स्तर पर रहेगा।

वित्त वर्ष 2024 में भारत की विदेशी व्यापार की स्थिति मजबूत रही और व्यापार घाटा वित्त वर्ष 2023 में 121.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर से घटकर 78.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। यह आयात वृद्धि में संकुचन जो कि निर्यात की तुलना में तीव्र गति से हुआ, से समर्थित रहा। वित्त वर्ष 2023 में 16.8% की वृद्धि के बाद आयात वृद्धि में 5.4% की गिरावट आई और इसमें मुख्य योगदान तेल का कम आयात है जिसमें 14.1% की गिरावट आई। दूसरी ओर, पिछले वर्ष 6.9% की वृद्धि की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में निर्यात वृद्धि में 3.1% की कमी आई है। मुद्रा के मोर्चे पर, वित्त वर्ष 2023 में 7.8% के मूल्यह्रास की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में भारतीय रुपया 1.5% कमजोर हो गया। इस अवधि के दौरान डॉलर सूचकांक 1.9% से मजबूत हुआ।

मौद्रिक नीति के मोर्चे पर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025 के लिए पहली मौद्रिक नीति में नीतिगत दर और रुख को अपरिवर्तित रखा है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025 के लिए अपने आर्थिक विकास और मुद्रास्फीति अनुमानों को क्रमशः 7% और 4.5% पर बनाए रखा है। हम आशा करते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था इस अवधि के दौरान 7.5-7.8% की वृद्धि दर से विकास करेगी।

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में विकास

वित्त वर्ष 2024 में, भारत की 10 वर्षीय प्रतिफल 17 बीपीएस घटकर 7.16% हो गया और वर्ष के दौरान संपूर्ण प्रतिफल वक्र में काफी स्थिर स्थिति देखी गई। भारी मांग की स्थिति, विशेष रूप से ऋण खंड में एफपीआई के उच्च प्रवाह के कारण वक्र के लंबे हिस्से के दौरान महत्वपूर्ण सुधार के साथ संपूर्ण प्रतिफल वक्र का झुकाव नीचे की तरफ हो गया। चलनिधि के मोर्चे पर, वित्त वर्ष 2024 में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने वीआरआर और वीआरआरआर के माध्यम से चलनिधि प्रबंधन कार्य किया। एससीबी के लिए ऋण वृद्धि दहाई अंकों में जारी रही, जो पिछले वर्ष के 15% से बढ़कर मार्च 2024 (विलय को छोड़कर) को 16.3% हो गई। यह वृद्धि जमाराशियों (पिछले वर्ष में 9.6% के सापेक्ष 12.9%) की तुलना में अधिक तेज रही। वर्ष के दौरान नई जमाराशियों पर एससीबी की भारित औसत घरेलू सावधि जमा दरों में 14 बीपीएस (मार्च 2023 को 6.48% से बढ़कर मार्च 2024 तक 6.62%) की वृद्धि हुई। नए रुपये ऋणों पर एससीबी की भारित औसत ऋण दर भी मार्च 2023 की 9.32% की तुलना में मार्च 2024 को बढ़कर 9.37% हो गई।

विकास की उच्च दर के कारण वित्त वर्ष 2024 की दूसरी छमाही (H2FY24) में चलनिधि में संकुचन हुआ और यह अधिशेष से घाटे की स्थिति में आ गया।

आर्थिक प्रणाली में औसतन चलनिधि घाटा वित्त वर्ष 2023 में ₹1.6 लाख करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में औसतन ₹11,012 करोड़ रहा। भारतीय रिज़र्व बैंक ने अगस्त 2023 में वृद्धिशील सीआरआर को 10% बढ़ा दिया, इसे मई 2019 के दौरान वृद्धिशील जमाओं को देखते हुए लागू किया गया जब ₹2000 के नोट की अमान्यता/ विनिमय की घोषणा की गई थी। इस कदम का उद्देश्य बैंकिंग प्रणाली में अधिशेष चलनिधि को कम करना था।

नवंबर 2023 में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने विशेष रूप से वैयक्तिक ऋण और एनबीएफसी हेतु बैंक ऋणों के लिए पूंजी मानदंड में बढ़ौत्तरी की। असुरक्षित ऋण के साथ-साथ क्रेडिट कार्ड ऋण में वृद्धि पर लगाम लगाने के उद्देश्य से जोखिम भार मानदंडों में 25 प्रतिशत अंक की वृद्धि की गई।

दिसंबर 2023 के लिए वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में भारतीय रिज़र्व बैंक ने दर्शाया है कि बैंक ऋण में निरंतर वृद्धि, पर्याप्त पूंजी, चलनिधि बफर, सुदृढ़ आय और कम एनपीए से वित्तीय क्षेत्र की स्थिति अच्छी बनी हुई है। कॉर्पोरेट और बैंकिंग दोनों क्षेत्रों का तुलन-पत्र भी मजबूत हुआ है तथा इससे एक नए निवेश और क्रेडिट चक्र को गति मिल रही है। इसके अलावा, स्ट्रेस टेस्ट के परिणाम इंगित करते हैं कि गंभीर स्ट्रेस परिदृश्य के तहत, एससीबी के पूंजी भंडार के पर्याप्त रहने की संभावना है और जीएनपीए अनुपात भी मामूली रूप से बढ़ने की संभावना है। एफएसआर लेखा में मैक्रो स्ट्रेस टेस्ट किया गया जिसमें सितंबर 2024 में सिस्टम-लेवल सीआरएआर 14.8 प्रतिशत (बेसलाइन) होने की संभावना व्यक्त की और यह 12.2 (गंभीर स्ट्रेस) तक कम हो सकता है। बेसलाइन परिदृश्य के तहत एससीबी का जीएनपीए अनुपात 3.1% होने की संभावना है और गंभीर स्ट्रेस परिदृश्य के तहत 4.4% तक बढ़ने की संभावना है। मैक्रो स्ट्रेस टेस्ट के परिणामों से पता चला है कि भारतीय बैंक अतिरिक्त पूंजी प्रवाह की आवश्यकता के बिना किसी भी व्यापक आर्थिक झटके को संभालने के लिए अच्छी तरह से पूंजीकृत हैं।

ईज

पीएसबी सुधार एजेंडा को जनवरी 2018 में एन्हांस्ड एक्सेस एंड सर्विस एक्सीलेंस (ईएएसई) के रूप में शुरू किया गया था। ईज सुधारों, ईज 1.0, ईज 2.0 और ईज 3.0 के प्रारंभिक सेट ने बैंकिंग के कई क्षेत्रों में क्षमता निर्माण जैसे डिजिटल-फर्स्ट सुधारों जैसे कि "डायल-ए-लोन", "क्रेडिट@क्लिक", प्रौद्योगिकी, एनालिटिक्स, आस्ति गुणवत्ता सुधार, परिणाम केंद्रित एचआर और समग्र गवर्नेंस का समर्थन किया। इन सुधारों का बैंकिंग परिदृश्य में प्रदर्शन, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान था।

ईज का चौथा संस्करण ईज 4.0 मुख्य रूप से एनालिटिक्स द्वारा समर्थित स्मार्ट लेंडिंग, लचीली प्रौद्योगिकी और क्लाउड-आधारित आईटी प्रणालियों के साथ 24x7 बैंकिंग, डेटा-सक्षम कृषि वित्तपोषण और वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के साथ सहयोग करने पर केंद्रित था।

ईज 5.0 एजेंडा मुख्य रूप से छोटे व्यवसायों और कृषि के सहयोग पर बल के साथ डिजिटल ग्राहक अनुभव, डेटा-आधारित एकीकृत और समावेशी बैंकिंग को बेहतर करने पर केंद्रित है। इसके अलावा, ईज़ 5.0 सह-उधार साझेदारी, मोबाइल बैंकिंग संवर्द्धन, अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भुगतान, क्लाउड प्रक्रिया को अपनाने, सर्च इंजन अनुकूलन के माध्यम से डिजिटल मार्केटिंग में बेहतरी और वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करने जैसे एजेंडे पर कार्रवाई को गति दे रहा है।

ईज 5.0 सूचकांक में बैंक ने सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों की श्रेणी में वित्तीय वर्ष 2023 में तीसरा स्थान अर्जित किया है।

ईज कार्यक्रम के प्रत्येक चरण के तहत कार्रवाई बिंदुओं के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के दृष्टिकोण में गहन परिवर्तन और नई क्षमताओं के निर्माण की परिकल्पना की गई है।

ईज सुधार एजेंडा ने परिचालन के लगभग सभी क्षेत्रों में दक्षता और परिचालन में सहजता प्राप्त करने संबंधी बैंक के प्रयासों में बहुत योगदान दिया है, जिससे बैंक द्वारा अपने ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करने में मदद मिली है।

ईज 6.0

ईज 6.0 मुख्य रूप से डिजिटल सक्रियता, डिजिटल एवं एनालिटिक्स संचालित व्यावसायिक सुधार, प्रौद्योगिकी एवं डेटा-सक्षम क्षमता निर्माण और लोगों को विकसित करने तथा मानव संसाधन परिचालन को समृद्ध करने के साथ ही ग्राहक सेवा में उत्कृष्टता लाने पर केंद्रित है। ईज 6.0 को मुख्यत: -4- थीम में विभाजित किया गया है जिसमें कुल 22 कार्रवाई बिंदु शामिल हैं।

ईज 6.0 के अंतर्गत बैंक ने निम्नलिखित उपायों को अपनाया है:-

- रिटेल गोल्ड लोन हेतु डिजिटल लेंडिंग जर्नी और जनसमर्थ पोर्टल के माध्यम से केसीसी जर्नी की शुरूआत।
- क्यूएमएस में नए फंक्शन की शुरुआत की गई और क्यूएमएस के उपयोग को प्रोत्साहित किया गया।
- मोबाइल बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफार्मों में एमएसएमई और एनआरआई ग्राहकों के लिए नई सेवाएं शुरू की गईं।
- ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने और शिकायतों के समाधान में शीघ्रता लाने के लिए बैंक के सीआरएम मॉड्यूल को समृद्ध किया गया।
- कॉल सेंटर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में वृद्धि की गई जैसे आईवीआर के माध्यम से ग्राहकों की सामान्य पूछताछ के लिए जवाब देना।
- ग्राहक सुविधा और टर्न अराउंड टाईम (TAT) में सुधार के लिए डिजिटल मोड के माध्यम से मृतक दावों का निपटान करने हेतु मृतक दावा पोर्टल विकसित किया।
- बचत और चालू खातों के दोनों सेगमेंट में अतिरिक्त सुविधाओं के साथ विभिन्न प्रकार के उत्पादों की शुरुआत की गई।
- उत्तराधिकार योजना और नेतृत्व विकास के संबंध में बैंक द्वारा विभिन्न पहलें की गई।
- कर्मचारियों के लिए एचआर कनेक्ट मोबाइल एप्लिकेशन की शुरुआत की गई।

पिछले छह वर्षों में ईज सुधार एजेंडा ने परिचालन के लगभग सभी क्षेत्रों में दक्षता और परिचालन में सहजता प्राप्त करने संबंधी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों

के प्रयासों को बल प्रदान किया है, जिससे बैंकों द्वारा अपने ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने में मदद मिली है।

ईज नेक्स्ट (पिलर- II)

बैंक-सापेक्ष 3-वर्षीय रोडमैप कार्यक्रम: बैंक-सापेक्ष तीन-वर्षीय कार्यनीति रोडमैप का निर्माण, जो बैंक की स्थिति और व्यावसायिक प्राथमिकताओं की परिकल्पना के अनुकूल हो ताकि सामान्य सुधार एजेंडा से ऊपर की स्थिति प्राप्त की जा सके।

नीतिपरक 3-वर्षीय रोडमैप: ईज नेक्स्ट के दूसरे पिलर के भाग के रूप में, 3-वर्षीय नीतिपरक रोडमैप की परिकल्पना की गई है। यह कार्यक्रम बैंकों को रूपांतरण संबंधी पहलों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की दृष्टि से तैयार किया गया है जो सामान्य सुधार एजेंडे से परे है।

इस प्रयोजन के लिए, 46 व्यापक वित्तीय और गैर-वित्तीय मैट्रिक्स की पहचान की गई है। हर बैंक प्रत्येक मैट्रिक के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों की पहचान करेगा और इन मैट्रिक्स में सुधार लाने के लिए पहल करेगा।

परिचालनगत कार्यनिष्पादन एवं प्रमुख अनुपात:

बैंक के परिचालनगत कार्यनिष्पादन संबंधी मुख्य विवरण निम्नानुसार हैं:

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्त वर्ष 2023	वित्त वर्ष 2024
अर्जित ब्याज	89,588.54	1,12,605.94
ब्याज व्यय	48,232.53	67,884.41
निवल ब्याज आय (एनआईआई)	**41,356.01**	**44,721.53**
अन्य आय	10,025.84	14,495.37
ट्रेडिंग लाभ	1,062.50	1,491.93
परिचालनगत आय (एनआईआई + अन्य आय)	51,381.58	59,216.90
परिचालनगत व्यय	**24,518.31**	**28,251.68**
कर्मचारी व्यय	13,357.33	15,816.00
अन्य परिचालनगत व्यय	11,160.98	12,435.68
परिचालनगत लाभ	**26,863.54**	**30,965.22**
प्रावधान (कर को छोड़कर)	7,136.90	6,075.61
जिसमें से - एनपीए और बट्टे खाते में डाले गये अशोध्य ऋण हेतु प्रावधान	4,350.52	6,470.86
मानक अग्रिमों हेतु प्रावधान	527.50	-688.51
निवेश पर मूल्यह्रास हेतु प्रावधान	1,704.03	-31.26
अन्य प्रावधान	554.85	324.52
कर पूर्व लाभ	**19,726.64**	**24,889.61**
कर हेतु प्रावधान	**5,617.02**	**7,100.83**
निवल लाभ	**14,109.62**	**17,788.78**

बैंक की शुद्ध ब्याज आय वित्त वर्ष 2023 के ₹41,356 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में ₹44,722 करोड़ हो गई, जिसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2024 में ब्याज आय 25.7 प्रतिशत की वर्ष दर वर्ष वृद्धि के साथ बढ़कर ₹1,12,606 करोड़ हो गई। ब्याज व्यय वित्त वर्ष 2024 में ₹67,884 करोड़ रहा, जो वित्त वर्ष 2023 में ₹48,233 करोड़ था।

बैंक की अन्य आय वित्त वर्ष 2024 में ₹14,495 करोड़ रही, जो वित्त वर्ष 2023 में ₹10,026 करोड़ थी, इस प्रकार इसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 44.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक का परिचालन खर्च वित्त वर्ष 2024 में ₹28,252 करोड़ रहा, जबकि वित्त वर्ष 2023 में यह ₹24,518 करोड़ था। बैंक की परिचालन आय वित्त वर्ष 2023 के ₹51,382 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में ₹59,217 करोड़ रुपये हो गई, जिसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 15.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

कुल प्रावधान (कर को छोड़कर) और आकस्मिक व्यय वित्त वर्ष 2023 के दौरान ₹7,137 करोड़ से घटकर वित्त वर्ष 2024 के दौरान ₹6,076 करोड़ रह गए। अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के लिए वित्त वर्ष 2024 में ₹6,471 करोड़ का प्रावधान किया गया जो कि वित्त वर्ष 2023 में ₹4351 करोड़ था।

बैंक ने वित्त वर्ष 2023 के ₹14,110 करोड़ के शुद्ध लाभ की तुलना में वर्ष दर वर्ष आधार पर 26.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए वित्त वर्ष 2024 में ₹17,789 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया। बैंक का परिचालन लाभ वित्त वर्ष 2023 के ₹26,864 करोड़ की तुलना में 15.3 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में ₹30,965 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया।

महत्त्वपूर्ण अनुपात

महत्त्वपूर्ण अनुपात	वित्त वर्ष 2023	वित्त वर्ष 2024
जमाराशियों की लागत -वैश्विक- (%)	3.89	4.92
जमाराशियों की लागत - घरेलू - (%)	4.09	4.97
जमाराशियों की लागत - अंतर्राष्ट्रीय - (%)	2.37	4.57
अग्रिम पर प्रतिफल -वैश्विक- (%)	7.54	8.53
अग्रिम पर प्रतिफल - घरेलू - (%)	8.25	9.01
अग्रिम पर प्रतिफल - अंतर्राष्ट्रीय - (%)	4.21	6.34
निवल ब्याज मार्जिन - वैश्विक - (%)	3.31	3.18
निवल ब्याज मार्जिन -घरेलू - (%)	3.42	3.32
निवल ब्याज मार्जिन -अंतर्राष्ट्रीय - (%)	1.94	1.97
लागत-आय अनुपात (%)	47.72	47.71

महत्वपूर्ण अनुपात	वित्त वर्ष 2023	वित्त वर्ष 2024
औसत आस्तियों पर प्रतिफल (आरओएए) (%)	1.03	1.17
इक्विटी पर प्रतिफल (%)	18.34	18.95

जमा (वैश्विक) की लागत 4.92 प्रतिशत रही और अग्रिम (वैश्विक) पर प्रतिलाभ वित्त वर्ष 2024 में बढ़कर 8.53 प्रतिशत हो गया। शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) वित्त वर्ष 2024 वैश्विक 3.18 प्रतिशत और घरेलू एनआईएम 3.32 प्रतिशत रहा। आय-लागत अनुपात वित्त वर्ष 2024 में 47.71 प्रतिशत रहा, जो वित्त वर्ष 2023 की तुलना में 1 बीपीएस कम है। वित्त वर्ष 2024 के लिए आस्तियों पर आय वित्त वर्ष 2023 में 1.03 प्रतिशत से 14 बीपीएस बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 1.17 प्रतिशत हो गया, जो लाभप्रदता की दृष्टि से असाधारण कार्यनिष्पादन को दर्शाता है। इक्विटी पर रिटर्न वित्त वर्ष 2023 में 18.34% से 61 बीपीएस बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 18.95% हो गया।

संसाधन संग्रहण

(राशि ₹ करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	वित्त वर्ष 2023	वित्त वर्ष 2024
I	**कुल जमा राशियां**	**12,03,688**	**13,26,958**
II	अंतर्राष्ट्रीय जमा राशियां	1,56,313	1,98,444
III	**कुल कासा**	**4,75,097**	**5,14,366**
IV	कुल चालू खाता जमा राशियां	1,04,001	1,20,411
V	कुल बचत बैंक जमा राशियां	3,71,096	3,93,956
VI	**वैश्विक कासा %**	**39.47**	**38.76**
VII	**घरेलू जमा राशियां**	**10,47,375**	**11,28,515**
VIII	**घरेलू कासा जमा राशियां**	**4,42,511**	**4,66,401**
IX	घरेलू चालू खाता जमा राशियां	75,111	76,386
X	घरेलू बचत खाता जमा राशियां	3,67,400	3,90,014
XI	**घरेलू जमाराशियां में घरेलू कासा (%)**	**42.25**	**41.33**

वित्त वर्ष 2024 के दौरान बैंक की कुल जमा राशि बढ़कर ₹13,26,958 करोड़ हो गई, जो वित्त वर्ष 2023 के दौरान ₹12,03,688 करोड़ थी और इस प्रकार इस अवधि के दौरान 10.20% की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक की अंतर्राष्ट्रीय जमा भी 31.03.2024 को वर्ष दर वर्ष आधार पर 26.95% की दर से एक बड़ी वृद्धि के साथ ₹1,98,444 करोड़ हो गई, जो 31.03.2023 को ₹1,56,313 करोड़ थी।

31 मार्च 2023 को ₹4,75,097 करोड़ के स्तर की तुलना में बैंक का वैश्विक कासा 31 मार्च 2024 को बढ़कर ₹5,14,366 करोड़ हो गया और इस तरह इस अवधि के दौरान 8.27% की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक की वैश्विक चालू जमा राशि 31 मार्च 2024 को बढ़कर ₹1,20,411 करोड़ हो गई, जो 31 मार्च 2023 को ₹1,04,001 करोड़ थी, इस प्रकार वर्ष-दर-वर्ष के आधार पर इसमें 17% की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक की वैश्विक बचत जमा 31 मार्च, 2024 को बढ़कर ₹3,93,956 करोड़ हो गई, जो 31 मार्च, 2023 को ₹3,71,096 करोड़ थी और इस प्रकार इस अवधि के दौरान 6.16% की वृद्धि दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान वैश्विक जमा की तुलना में वैश्विक कासा 38.76% रहा।

घरेलू जमा और घरेलू कासा

बैंक की घरेलू जमाराशि 31.03.2023 के ₹10,47,375 करोड़ से बढ़कर 31.03.2024 को ₹11,28,514 करोड़ हो गई, इस अवधि के दौरान 7.75% की वृद्धि दर्ज की गई।

31 मार्च, 2024 को बैंक की घरेलू कासा जमा में 5.40% की वृद्धि हुई और यह बढ़कर ₹4,66,401 करोड़ हो गई। वित्त वर्ष 2024 के दौरान बैंक ने घरेलू जमाराशियों के सापेक्ष 41.33% के घरेलू कासा अनुपात रहा। 31.03.2024 को चालू खाता जमा में 1.70% की वृद्धि दर्ज की गई और यह ₹76,386 करोड़ हो गया, जबकि बचत बैंक जमा 6.15% की वृद्धि के साथ ₹3,90,014 करोड़ रहा।

कम लागत वाली जमा जुटाने की पहल

वित्त वर्ष 2024 के दौरान बैंक ने 91.85 लाख नए कासा खाते खोले। इसके अंतर्गत वीसीआईपी और टैब मोड का उपयोग करके पेपरलेस मोड में खाता खोलने पर जोर दिया गया। बैंक ने नवोन्मेषी और अत्याधुनिक बचत और चालू खाता उत्पाद शुभारंभ किए, जैसे 3 नए बचत खाते बॉब लाइट, बॉब ब्रो, बॉब एनआरआई पावर पैक, 7 नए चालू खाते बॉब लाइट चालू खाता, बॉब वुमेन पावर चालू खाता, बॉब स्मार्ट चालू खाता, बॉब गोल्ड चालू खाता, बॉब प्लैटिनम चालू खाता, बॉब रोडियम चालू खाता, बॉब डायमंड चालू खाता। बैंक ने मौजूदा चालू खाता और वेतन बचत बैंक खातों को भी नया स्वरूप दिया और नए खाते प्राप्त करने पर विशेष ध्यान दिया।

पीओएस सिस्टम, साउंड बॉक्स के साथ क्यूआर कोड, आईपी और बीसीएमएस जैसे प्रमुख कासा साधकों तक पहुंच बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने, डीईएएफ सक्रियण शुरू करने और शून्य शेष खातों की फंडिंग के प्रयास किए गए।

डिजिटल क्षेत्र में बैंक ने विभिन्न डिजिटल चैनलों जैसे वीसीआईपी और टैब मोड के माध्यम से ग्राहक अधिग्रहण में उल्लेखनीय वृद्धि की । वित्त वर्ष-2024 के दौरान, बैंक ने 1,02,299 वीसीआईपी बचत बैंक खाते और 33,799 बी3-डिजिटल खाते खोले है। बैंक ने वित्त वर्ष 2024 में 2,44,582 चालू खाते खोले है; जिनमें से 82.11% (2,00,844) खाते टैब के माध्यम से खोले गए। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2024 में 55,93,991 गैर-एफआई बचत बैंक खाते खोले गए; जिनमें से 66.92% (37,43,914) खाते टैब के माध्यम से खोले गए।

बैंक ने बॉब परिवार अवधारणा, "मेरा परिवार, मेरा बैंक" पेश किया, जो परिवार के सदस्यों को अनेक प्रकार के लाभ प्रदान करता है। इस पहल में प्रीमियम ग्राहकों के लिए स्तरीय पेशकशें शामिल हैं, जो उन्हें उनके कासा शेषराशि के आधार पर तीन श्रेणियों में विभाजित करती हैं: राइज़, शाइन और स्पार्कल। सुदृढ़ संपर्क बनाने और बैंकिंग सेवाओं में सुधार करने के लिए स्पार्कल ग्राहकों को निर्दिष्ट पर्सनल रिलेशनशिप मैनेजर के माध्यम से वैयक्तिकृत सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

नवगठित कंपनियों के चालू खाते खोलने के लिए कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के पोर्टल के साथ बैंक के एकीकरण के परिणामस्वरूप कुल 5,186 चालू खाते खोले गए हैं।

बैंक ने एक समर्पित रक्षा बैंकिंग वर्टिकल की स्थापना की है, जिसके प्रमुख एक सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल संवर्ग के मुख्य रक्षा बैंकिंग सलाहकार हैं। इस वर्टिकल को उप रक्षा बैंकिंग सलाहकारों द्वारा भी समर्थन किया जाता है जिन्हें रक्षा क्षेत्र में प्रभावी ढंग से प्रवेश करने के लिए प्रमुख स्थानों पर तैनात किया जाता है।

पीएसबी एलायंस डोर स्टेप बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से बैंक डोर स्टेप बैंकिंग सेवाओं का विस्तार करने में अग्रणी है। बैंक ने वित्त वर्ष 2024 के दौरान 35,494 डोर स्टेप बैंकिंग सेवाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया।

बड़ौदा नकदी प्रबंधन सेवाएं

बैंक का नकदी प्रबंधन सेवाएं व्यवसाय बड़ौदा डिजीनेक्स्ट, कॉर्पोरेट और सरकारी ग्राहकों को उनके नकदी प्रवाह और लिक्विडिटी का प्रबंधन करने हेतु ओमनी-चैनल डिजिटल सोल्यूशनों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराता है, पिछले तीन वर्षों में तेजी से विकास देखा गया है। इस सॉल्यूशन का उपयोग प्रमुख सरकारी विभागों के साथ-साथ कॉर्पोरेट संस्थाओं द्वारा अपने संग्रह के प्रबंधन के लिए किया जाता है। बड़ौदा डिजीनेक्स्ट सरकारी और कॉर्पोरेट दोनों ग्राहकों को एकीकृत और कागज रहित भुगतान सॉल्यूशन भी प्रदान करता है। सॉल्यूशन सभी प्राप्तियों, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक भुगतान, चेक और सभी नकद जमा शामिल है, के संबंध में वास्तविक समय के आधार पर मूल्यवान जानकारी प्रदान करता है।

वित्त वर्ष 2023-24 में, बड़ौदा नकदी प्रबंधन सेवाएं ने 2,600 से अधिक नए जुड़ाव हासिल करते हुए तेजी से अपना विस्तार करना जारी रखा। बैंक के 9,000 से अधिक बड़े ग्राहक इस सेवा का उपयोग कर रहे हैं और वर्ष के दौरान इन्होंने इस पर 8 करोड़ से अधिक लेनदेन किए हैं।

ऋण विस्तार

बैंक का वैश्विक सकल अग्रिम वित्त वर्ष 2023 के दौरान ₹9,69,548 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 के दौरान ₹10,90,506 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया, जिसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 12.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। 31 मार्च, 2024 को सकल घरेलू अग्रिम राशि बढ़कर ₹8,98,116 करोड़ हो गया, जो 31 मार्च, 2023 को ₹7,95,560 करोड़ था, इस प्रकार इस अवधि में 12.9% की वृद्धि हुई। बैंक का अंतर्राष्ट्रीय सकल अग्रिम वित्त वर्ष 2024 के दौरान बढ़कर ₹1,92,390 करोड़ हो गया, जो वित्त वर्ष 2023 के दौरान ₹1,73,988 करोड़ था, इस प्रकार इसमें वर्ष दर वर्ष आधार पर 10.6% की वृद्धि दर्ज की गई।

(राशि ₹ करोड़ में)

बैंक का ऋण पोर्टफोलियो			
सेगमेंट	वित्त वर्ष 2023	वित्त वर्ष 2024	वर्ष दर वर्ष (%)
रिटेल *	**1,78,037**	**2,14,942**	**20.7**
कृषि	**1,24,247**	**1,38,640**	**11.6**
एमएसएमई *	**1,08,196**	**1,19,415**	**10.4**
कॉर्पोरेट	**3,40,408**	**3,79,747**	**11.6**
अन्य	44,672	45,372	1.6
सकल घरेलू अग्रिम	**7,95,560**	**8,98,116**	**12.9**
अंतर्राष्ट्रीय सकल अग्रिम	1,73,988	1,92,390	10.6
वैश्विक सकल अग्रिम	**9,69,548**	**10,90,506**	**12.5**

*इतर-पूल खरीद (ऑर्गेनिक)

वित्तीय वर्ष 2024 के दौरान बैंक के अग्रिम पोर्टफोलियो में वृद्धि, रिटेल ऋण (ऑर्गेनिक) द्वारा समर्थित रही जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 20.7% बढ़कर ₹2,14,942 करोड़ रहा, कृषि अग्रिम बढ़कर ₹1,38,640 करोड़ रहा और इसमें 11.6% की वृद्धि हुई, एमएसएमई खंड (ऑर्गेनिक) बढ़कर ₹1,19,415 करोड़ रहा, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 10.4% की वृद्धि हुई। 31.03.2024 तक पूल खरीद सहित रिटेल अग्रिम ₹2,23,911 करोड़ और पूल खरीद सहित एमएसएमई ₹1,25,899 करोड़ रहा।

बैंक का कॉर्पोरेट ऋण वित्त वर्ष 2023 के ₹3,40,408 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में ₹3,79,747 करोड़ हो गया, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष के आधार पर 11.6% की वृद्धि हुई।

बैंक ने रिटेल, कॉर्पोरेट, प्राथमिकता, एमएसएमई, कृषि सेगमेंट आदि में डिजिटल बैंकिंग की मदद से अपने अग्रिम पोर्टफोलियो को बेहतर बनाने के लिए कई पहलों को सफलतापूर्वक लागू किया है। बैंक ने डिजिटल लेंडिंग प्लेटफार्म के माध्यम से भारत में प्रमुख संस्थानों के कार्यपालक विकास कार्यक्रम (ईडीपी) के लिए डिजिटल शिक्षा ऋण का शुभारंभ किया है। बैंक ने एंड-टू-एंड डिजिटल जर्नी संचालित करने के लिए डिजिटल पर्सनल लोन के लिए पूर्ण शाखा अधिकारी सपोर्ट संबंधित जर्नी शुरू की है, जो शाखाओं को ग्राहक सेल्फ सर्विस जर्नी के विभिन्न चरणों में सहायता करने की सुविधा भी प्रदान करती है। एमएसएमई क्षेत्र में, बैंक ने ₹10 लाख तक के एंड-टू-एंड डिजिटल मुद्रा ऋण प्रदान करने के लिए जनसमर्थ पोर्टल को आंतरिक ऋण प्रोसेसिंग सिस्टम के साथ एकीकृत किया है। कृषि पोर्टफोलियो में बैंक ने ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए स्वर्ण ऋण के लिए डिजिटल जर्नी शुरू की है। बैंक ने बीकेसीसी ऋणों के नवीनीकरण के लिए डिजिटल प्रक्रिया शुरू की है। बैंक ने नए ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए प्रधान कार्यालय, अंचल कार्यालय, क्षेत्र और शाखा स्तर पर कई अभियान और विपणन गतिविधियां भी संचालित की हैं। ब्रांच बैंकिंग और डिजिटल बैंकिंग पर लगातार फोकस ने बैंक को वित्त वर्ष 2024 के दौरान सभी क्षेत्रों में अपने अग्रिम पोर्टफोलियो का विस्तार करने में मदद की है।

कॉर्पोरेट ऋण

बैंक में कॉर्पोरेट ऋण 33 विशेष कॉर्पोरेट वित्तीय सेवाओं (सीएफएस) और मिड कॉर्पोरेट शाखाओं (एमसीबी) के माध्यम से प्रदान किए जाते हैं जो बैंक के कुल मानक कॉर्पोरेट क्रेडिट पोर्टफोलियो के लगभग 90% का प्रबंधन करते हैं। बैंक का कॉर्पोरेट क्रेडिट पोर्टफोलियो वित्त वर्ष 2024 को बढ़कर ₹3,79,747 करोड़ हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2023 में यह ₹3,40,408 करोड़ था और वर्ष-दर-वर्ष के आधार पर 11.6% की वृद्धि दर दर्ज की गई।

क्रेडिट रेटिंग निर्धारण*	वित्त वर्ष 2023	वित्त वर्ष 2024
ए और उससे अधिक	86%	90%
बीबीबी	7%	5%
बीबीबी से कम	3%	3%
अनरेटेड	4%	2%

*50 करोड़ रुपये से अधिक के घरेलू अग्रिम का बाह्य रेटिंग निर्धारण

वित्त वर्ष 2024 में ए और उससे अधिक का कुल पोर्टफोलियो 90 प्रतिशत था, जबकि पिछले वर्ष यह 86 प्रतिशत था।

कॉर्पोरेट बैंकिंग-नवीनीकृत ढांचा

वर्ष के दौरान बैंक मिड कॉर्पोरेट अग्रिम पर अधिक बल देने की कार्यनीति के तहत महत्वपूर्ण स्थानों अर्थात् नई दिल्ली (उत्तर), चेन्नै (दक्षिण), मुंबई (पश्चिम) और कोलकाता (पूर्व) में स्थित -4- मिड कॉर्पोरेट कलस्टर खोले है और उनसे मिड कॉर्पोरेट शाखाओं को जोड़ा गया है।

लक्षित बाजार दृष्टिकोण

बैंक लक्ष्य आधारित बाजार दृष्टिकोण का अनुसरण करता है जिसकी निम्नलिखित विशेषताएं हैं:

- उद्योग की संभावनाओं अर्थात् बाजार के आकार, वृद्धि, मांग-आपूर्ति दृष्टिकोण, लागत संरचना, प्रतिस्पर्धा, वित्तीय प्रदर्शन, सरकारी नीतियों और निवेश परिव्यय सहित विभिन्न उद्योग मानदंडों पर संपूर्ण प्रदर्शन के आधार पर विकास के लिए उद्योगों/ क्षेत्रों का निर्धारण
- एक्सपोजर सीमा, मौजूदा एक्सपोजर और नए अधिग्रहण हेतु भविष्य की आवश्यकता के आधार पर लक्षित बाजार ऋण प्रदान करने हेतु क्षेत्र-वार कारोबार योजना।
- बैठकों के लिए संरचित कॉलिंग योजनाओं के साथ विस्तृत खाता योजना, व्यावसायिक अवसरों की पहचान, अनुमोदन और निपटान।
- लक्षित बाजार दृष्टिकोण के तहत पूरे बैंक में समर्पित रिलेशनशिप मैनेजरों के माध्यम से कारोबार योजना का निष्पादन।
- बैंक सप्लाइ चेन फाइनेंस, वैल्यू चेन फाइनेंस, सीएमएस सुविधा और अन्य रिटेल उत्पादों जैसी सहायक सेवाओं की पेशकश करके ब्याज आय के बजाय ग्राहक से प्राप्त समग्र प्रतिफल पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

एमएसएमई ऋण

बैंक का एमएसएमई पोर्टफोलियो वित्त वर्ष 2023 में ₹1,14,918 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में ₹1,25,899 करोड़ (पूल खरीद के सहित) हो गया, इसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 9.56% की वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष के दौरान, बैंक ने बेहतर आस्ति गुणवत्ता के साथ एमएसएमई व्यवसाय को बढ़ाने के लिए निम्नलिखित पहलें की हैं:

1. विशिष्ट टीम के साथ 330 विशेष एमएसएमई शाखाओं का गठन।
2. अत्याधुनिक **"तेजस"** प्लेटफॉर्म के माध्यम से एमएसएमई ऋण जर्नी का डिजिटलीकरण।
3. उभरते उत्पाद सेगमेंट पर अधिक ध्यान केंद्रित करने से लक्ष्य की अधिक प्राप्ति हुई।
   - सीवी/सीएमई सेगमेंट ने वर्ष-दर-वर्ष 67% की वृद्धि के साथ लक्ष्य का 116% हासिल किया।
   - TreDs ने वर्ष-दर-वर्ष 173% की वृद्धि के साथ लक्ष्य का 194% हासिल किया है।
   - सप्लाई चेन वित्त ने वर्ष-दर-वर्ष 53% की वृद्धि के साथ लक्ष्य का 149% हासिल किया है।
4. सीएमआर 1 से 3 खातों का वृद्धिशील अधिग्रहण, जिससे आस्ति की गुणवत्ता में सुधार हुआ। इनकी संख्या वित्त वर्ष 2023 की स्थिति से 52% बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 585 हो गई है।

इसके अतिरिक्त, बैंक ने निम्नलिखित प्रमुख सरकारी योजनाओं के तहत लगभग सभी लक्ष्य हासिल कर लिए हैं-

1. पीएमएमवाई योजना के तहत 100%
2. स्टैंडअप इंडिया के तहत 99.82%
3. पीएम स्वनिधि योजना के तहत 95.58% (प्राप्त आवेदनों के एवज में संवितरण)।

रिटेल ऋण

बैंक रिटेल आस्तियां वित्त वर्ष 2023 में ₹1,87,688 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में ₹2,23,911 करोड़ (पूल खरीद के सहित) हो गई, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष के आधार पर 19.30% की वृद्धि दर्ज की गई। ऑर्गेनिक रिटेल ऋण वित्त वर्ष 2023 में ₹1,78,037 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में ₹2,14,942 करोड़ हो गई, इस तरह इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 20.73% की वृद्धि हुई है। 31 मार्च 2024 को घरेलू अग्रिमों में रिटेल एसेट्स ऑर्गेनिक पोर्टफोलियो 23.95% (लाबोड़ और स्टाफ ऋण को छोड़कर) है।

बैंक का रिटेल पोर्टफोलियो (ऑर्गेनिक)

(राशि ₹ करोड़ में)

बैंक का रिटेल ऋण पोर्टफोलियो			
सेगमेंट	**वित्त वर्ष 2023**	**वित्त वर्ष 2024**	**वर्ष-दर-वर्ष (%)**
गृह ऋण *	98,014	1,11,791	14.1
ऑटो ऋण *	31,261	38,697	23.8
मॉर्गेज ऋण *	16,801	18,715	11.4
शिक्षा ऋण	8,196	9,800	19.6
वैयक्तिक ऋण	19,645	29,784	51.6
स्वर्ण ऋण	2,420	4,546	87.9
अन्य	1,700	1,608	(5.4)
कुल रिटेल ऋण	1,78,037	2,14,942	20.7

*इतर-पूल खरीद (ऑर्गेनिक और टीडब्ल्यूओ को छोड़कर)

वित्त वर्ष 2024 में रिटेल कारोबार की प्रमुख विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

- कुल घरेलू ऋण बही के प्रतिशत के रूप में रिटेल ऋण अग्रिम अंश वित्त वर्ष 2023 में 22.37% से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 23.93% हो गया।
- ग्राहक सुविधा सुनिश्चित करने और भौतिक दस्तावेजीकरण एवं शाखा जाने की आवश्यकता को समाप्त करने के लिए वित्त वर्ष 24 के दौरान ₹8728 करोड़ का वैयक्तिक ऋण, ₹386 करोड़ का ऑटो ऋण, ₹38 करोड़ का टॉप अप ऋण, ₹21 करोड़ का शिक्षा ऋण और ₹8.00 करोड़ का पेंशन ऋण एंड-टू-एंड डिजिटल जर्नी के माध्यम से संवितरित किया गया।
- वित्त वर्ष 2024 के दौरान नए 1427119 रिटेल ऋण खातों में ₹ 86,829 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई।
- ऑटो ऋण, व्यक्तिगत ऋण और कुल रिटेल ऋण पोर्टफोलियो ने क्रमशः 23.79%, 51.61% और 20.73% की उत्कृष्ट वृद्धि हुई है और यह उद्योग की विकास दर से अधिक है।
- बैंक ने ₹2844 करोड़ की राशि का शिक्षा ऋण संवितरित करके विद्यार्थियों को उनके सपनों को साकार करने में मदद की है, इसमें से राशि का 41% छात्राओं को संवितरित किया गया है।
- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत रूफटॉप सोलर ऋणों की तेजी से मंजूरी के लिए बैंक की ऋण ओरिजनेशन सिस्टम को भारत सरकार के जन समर्थ पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया था।
- रिटेल ऋण पोर्टफोलियो (पूल और लाबोड को छोड़कर) में जीएनपीए मार्च 2023 के 1.50% से काफी घटकर मार्च 2024 में 1.20% हो गया।
- बैंक ने ऑटो ऋण, वैयक्तिक ऋण और कुल रिटेल अग्रिमों में उद्योग से अधिक की वृद्धि दर्ज की है।
- सक्रिय निगरानी एवं श्रेष्ठ अंडरराइटिंग के माध्यम से गृह ऋण में जीएनपीए वित्त वर्ष 2023 में 1.56% से घटकर वित्त वर्ष 2024 में 0.98% हो गया।
- वित्त वर्ष 2024 में बैंक ने गृह ऋण और ऑटो ऋण में क्रमशः ₹29463 करोड़ और ₹17733 करोड़ संवितरित किए हैं।
- वित्त वर्ष 2024 में गृह ऋण के 101141, ऑटो ऋण के 173592, शिक्षा ऋण के 25791 और वैयक्तिक ऋण के 811426 नए ग्राहक जुड़े।
- वैयक्तिक ऋण, ऑटो ऋण, शिक्षा ऋण, पेंशन ऋण, गृह ऋण टॉप-अप में एंड-टू-एंड प्रक्रिया का डिजिटलीकरण।
- लीड के लिए कॉर्पोरेट डीएसए, डीएसटी चैनल, बीसी के साथ सहयोग को सुदृढ़ करना।
- नया रेफरल डीएसए चैनल (आरडीएसए) शुरू किया गया और आरडीएसए द्वारा लीड दर्ज करने के लिए पोर्टल का शुभारंभ किया गया।
- अन्य बैंक से संपर्क करने वाले गृह, मॉर्गेज ऋण और ऑटो ऋण ग्राहकों के लिए प्रतिधारण कार्यनीति और क्रॉस-सेलिंग को जारी रखना।
- बड़ौदा कार ऋण की सभी योजनाओं में नियत ब्याज दर विकल्प पेश किया गया।
- बाजार के रुझान और जरूरतों के अनुसार हमारे उत्पादों में परिवर्तन किया गया।
- आरएपीसी में मॉर्गेज-आधारित रिटेल ऋणों की प्रोसेसिंग और मंजूरी के लिए संशोधित संरचना का कार्यान्वयन।
- विदेशी अध्ययन के लिए 98 चिन्हित संस्थानों में शिक्षा ऋण ब्याज दर निश्चित किया गया।
- एलएलपीएस में प्रोजेक्ट अनुमोदन मॉड्यूल को कार्यान्वित किया गया।
- संशोधित ईएलएससी संरचना पूरे भारत में कार्यान्वित की गई।
- ओडिशा राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी आवास सहायता योजना के तहत "मो घरा" योजना लागू की गई।
- प्रीमियर एवं स्कॉलर योजना के लिए शिक्षा ऋण ब्याज दर बाजार के अनुरूप किया गया।
- वैयक्तिगत ऋण के तहत नियत ब्याज दर विकल्प का शुभारंभ किया गया।
- मॉर्गेज ऋण और भविष्य के किराया प्राप्य में नए और मौजूदा उधारकर्ताओं के लिए निश्चित दर विकल्प की शुरूआत की गई।
- बड़ौदा प्री ओन्ड कार और -2- पहिया ऋण के लिए नियत दर की शुरूआत।
- मौजूदा और नए शिक्षा ऋण खातों के लिए निश्चित दर विकल्प पेश किया गया है।
- गृह ऋण में नियत ब्याज दर विकल्प की शुरूआत।
- पीएम सूर्य घर योजना- स्टैंडअलोन और कम्पोजिट रूफटॉप सौर योजनाएं शुरू की गईं।
- CERSAI फिनेकल एपीआई एकीकरण पूरा हुआ।
- बैंक की ऋण प्रोसेसिंग सिस्टम में लीड को त्वरित रूप से दर्ज करने के लिए बिजनेस पार्टनर्स आर्थात् डीएसए और डीएसटी को लीड फोर्स ऐप नामक एक मोबाइल ऐप्लिकेशन उपलब्ध करवाया गया।
- शाखाओं की परिचालन दक्षता और उत्पादकता में सुधार के लिए ऑटो ऋण और वैयक्तिक ऋण के लिए ऑटो समीक्षा सुविधा लागू की गई।

ग्रामीण और कृषि ऋण

कृषि और उसके संबद्ध क्षेत्र, भारत में विशेष रूप से व्यापक ग्रामीण क्षेत्रों में, सबसे बड़ा आजीविका प्रदाता है और यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भी उल्लेखनीय योगदान देता है।

बैंक में 8,243 घरेलू शाखाओं का नेटवर्क है जिसमें से 4,966 ग्रामीण एवं अर्ध शहरी शाखाओं का उपयोग प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र और कृषि क्षेत्र से संबद्ध ऋण के लिए किया जा रहा है। 31 मार्च, 2024 को बैंक का कृषि अग्रिम बढ़कर ₹1,38,640 करोड़ हो गया जो कि सकल घरेलू ऋण का 15% है।

बैंक 3 राज्यों अर्थात् उत्तर प्रदेश, गुजरात और राजस्थान में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) और केंद्र शासित प्रदेश अर्थात् दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय बैंकर्स समिति (यूटीएलबीसी) का संयोजक है। बैंक पूरे देश के 75 जिलों में अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी का निर्वाह भी कर रहा है।

बैंक कृषि क्षेत्र को ऋण देने में लगातार अग्रणी बना हुआ है, जिसे सरकार के "आत्मनिर्भर भारत" के विजन के साथ प्रोत्साहन प्राप्त हुआ है। किसानों को पूंजी और कृषि और पशुपालन में एक मजबूत सुदृढ़ ढांचे का निर्माण करने के लिए बैंक कृषि आधारित सामान्य बैंक ऋण उपलब्ध कराने से आगे बढ़ते हुए अधिक विविधिकृत ग्रामीण ऋण नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। हम कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ), पशुपालन अवसंरचना विकास कोष योजना (एएचआईडीएफ), पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज़ (पीएमएफएमई), प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा और उत्थान महाभियान योजना (पीएम कुसुम), प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) और कंप्रेसड बायो गैस जैसी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास योजनाओं पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

बैंक ने अपने प्रमुख उत्पादों जैसे केसीसी, स्वयं सहायता समूहों को (एसएचजी) वित्तपोषण, कृषि स्वर्ण ऋण, कृषि मशीनीकरण (ट्रैक्टर ऋण), बागवानी ऋण, किसान उत्पादक संगठन(एफपीओ)/ किसान उत्पादक कंपनी (एफपीसी) को वित्तपोषण, उच्च तकनीक कृषि और खाद्य एवं कृषि- प्रोसेसिंग हेतु ऋण पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखा है। बैंक ने वर्ष के दौरान 4.59 लाख नए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) जारी किए हैं जिनमें से 1.18 लाख पशुपालन और डेयरी (एएचडी केसीसी), पशुपालन और मत्स्य पालन गतिविधियों में लगे किसानों को जारी किए गए हैं। बैंक ने अपनी माइक्रोफाइनांस पहल के भाग के रूप में वित्त वर्ष 2024 के दौरान ₹4,105 करोड़ की राशि के ऋण प्रदान कर 1,13,726 स्वयं सहायता समूह को ऋण से जोड़ा है।

एसएचजी के ऋण लिंकेज को बढ़ाने हेतु बैंक विभिन्न निजी भागीदारों के साथ टाई-अप को प्रोत्साहित कर रहा है। टर्नअराउंड समय में सुधार करने और एसएचजी के लिए बाधा रहित तत्काल बचत बैंक खाता खोलने में सक्षम बनाने के लिए पिछले वर्ष टैब बैंकिंग की शुरुआत की गई थी। ट्रैक्टर ऋणों में किसानों की सुविधा के लिए ब्याज दर को ट्रैक्टर के एलटीवी से जोड़ा गया है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान बैंक ने बड़े किसानों के लिए अधिक उपज वाली फसलों की वैज्ञानिक और प्रगतिशील तरीकों से खेती के लिए नया उत्पाद "बड़ौदा किसान प्राइड" पेश किया है। भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए जन समर्थ पोर्टल पर डिजिटल केसीसी जर्नी के विकास में हमारा बैंक भागीदार है।

बैंक ने कृषि विपणन और प्रसंस्करण केंद्र (सीएएमपी) की शुरुआत की है, जो गैर-पारंपरिक और उच्च मूल्य वाले कृषि अग्रिमों पर विशेष ध्यान देने के साथ कृषि ऋणों के प्रसंस्करण के लिए समर्पित केंद्रीकृत केंद्र है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सीएएमपी ने 34,678 किसानों को ₹3,601 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए हैं।

बड़ौदा किसान पखवाड़ा" हमारे बैंक का वार्षिक किसान आउटरीच कार्यक्रम है जो प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। "बड़ौदा किसान पखवाड़ा" के दौरान हमारे बैंक की शाखाएं अधिकतम संख्या में किसानों से संपर्क करने के लिए एसएचजी के विभिन्न आयोजन/ कार्यक्रम/ पशुधन के स्वास्थ्य जांच/ मिट्टी परीक्षण और अन्य गतिविधियों/ बैठकों का आयोजन करती हैं। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान दिनांक 16.11.2023 से 30.11.2023 तक "बड़ौदा किसान पखवाड़ा" का आयोजन किया गया और हमने 12165 किसान आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए हैं जिसमें 4,68,207 किसानों ने भाग लिया।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण

बैंक का प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण वित्त वर्ष 2023 के ₹2,73,583 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 के ₹3,01,917 करोड़ हो गया इसमें 10.36% की वृद्धि दर्ज की गई।

अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति समुदायों को ऋण

31 मार्च, 2024 को अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति (एससी/ एसटी) समुदायों को बकाया ऋण ₹21,106 करोड़ हो गया। बैंक द्वारा कमजोर वर्गों को मंजूर किए गए अग्रिम का 17.57% हिस्सा अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजातियों को प्रदान किया गया।

इसके अलावा, अंतराष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), मुद्रा ऋण, स्टार्ट-अप इंडिया एवं स्टैंड-अप इंडिया जैसी विभिन्न सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति समुदायों को वित्त पोषण के लिए बैंक द्वारा विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

स्वर्ण ऋण

बैंक का स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो 31 मार्च, 2023 के ₹38,518 से बढ़कर वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 23.65% की वृद्धि दर्ज करते हुए 31 मार्च, 2024 को ₹47,629 करोड़ हो गया। स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो के अंतर्गत, कृषि स्वर्ण ऋण 19.79% बढ़कर वित्त वर्ष 2023 के ₹35,829 करोड़ से वित्त वर्ष 2024 में ₹42,921 करोड़ (टीडब्ल्यूओ को छोड़कर) हो गया। वित्त वर्ष 2024 में रिटेल स्वर्ण ऋण बढ़कर ₹4,552 करोड़ हो गया, जो वित्त वर्ष 2023 में ₹2,419 करोड़ था, इस खंड में 88.16% प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष के दौरान बैंक ने 86 नई स्वर्ण ऋण संवितरण शाखाएं जोड़ी, जिसके साथ स्वर्ण ऋण हेतु चयनित शाखाओं की कुल संख्या वित्त वर्ष 2023 में 5,904 शाखाओं से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 5990 शाखाएं हो गई। दक्षिणी भागों के अलावा अन्य भौगोलिक क्षेत्रों की हिस्सेदारी के साथ देश भर में चयनित स्वर्ण ऋण शाखाओं के विस्तार में वित्त वर्ष 2023 के 27.11% की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में 28.53% की बढ़ौत्तरी हुई। वित्त वर्ष 2024 में स्वर्ण ऋण का औसत टिकट आकार बढ़कर ₹1.74 लाख हो गया जो वित्त वर्ष 2023 में ₹1.58 लाख था। वित्त वर्ष 2024 में प्रति शाखा स्वर्ण ऋण की औसत राशि बढ़कर ₹7.95 करोड़ हो गई, जो वित्त वर्ष 2023 में ₹6.52 करोड़ थी। 31 मार्च, 2024 को जीएनपीए अनुपात 0.20% के साथ स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो की ऋण गुणवत्ता अच्छी रही।

वित्तीय समावेशन (एफआई)

किफायती लागत पर समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से ग्रामीण, अर्द्धशहरी और शहरी गरीबों को यूनिवर्सल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंक ने वित्तीय समावेशन को सामाजिक प्रतिबद्धता और व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) मॉडल के माध्यम से कारोबार प्राप्त करने के लिए एक अवसर के रूप में माना है। बैंक अपनी शाखा और बीसी नेटवर्क के माध्यम से पूरे देश में वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। तकनीक के आगमन के साथ बैंकिंग रहित क्षेत्रों में सुविधाएं प्रदान करने के लिए अभिनव प्रयास किए जा रहे हैं। देश भर में ग्रामीण, अर्द्धशहरी और शहरी क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने के लिए बैंक ने 31 मार्च, 2024 को अपने बीसी नेटवर्क में 54,345 तक विस्तार किया है। बैंक ने वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करने के लिए निम्नलिखित पहलें शुरू की है:

- बीसी के लिए ऑनलाइन ऋण लीड पोर्टल की शुरुआत की गई।
- बीसी प्वाइंट पर गैर-बीएसबीडी खाता खोलने का शुभारंभ किया गया।
- बैंक के अधिकारियों और बीसी पर्यवेक्षकों द्वारा बीसी केंद्रों के मासिक निरीक्षण के लिए एंड्रॉइड आधारित बीसी निरीक्षण ऐप का शुभारंभ किया गया।
- जोखिम को कम करने के उपाय के रूप में बीसी केंद्रों पर प्रत्येक लेनदेन के लिए द्विभाषी में वॉयस ओवर की शुरुआत की गई।
- मौजूदा 114 सीएफएल के अलावा 82 अतिरिक्त वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) खोले गए।
- व्यवसाय प्रतिनिधि के लिए नियत प्रोत्साहन की शुरुआत।
- बीसी कार्य घंटों का मानकीकरण - सुबह 8:00 बजे से सायं 8:00 बजे तक किया गया।

वित्तीय समावेशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के महत्त्वपूर्ण कार्य निष्पादन

- प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) खाते मार्च 2023 के 585 लाख से बढ़कर मार्च 2024 में 616 लाख हो गए, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष 5.29% की वृद्धि हुई।
- पीएमजेडीवाई जमाराशि मार्च 2023 के ₹27,531 करोड़ से बढ़कर मार्च 2024 में ₹32,337 करोड़ हो गई, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 17.46% की वृद्धि हुई।
- पीएसबी के मध्य में बैंक की हिस्सेदारी पीएमजेडीवाई खातों में 15.20% और पीएमजेडीवाई खातों में जमाराशि के लिए 17.69% रही, जो एसबीआई के बाद दूसरे स्थान पर है।
- बैंक के शून्य शेष राशि वाले पीएमजेडीवाई खाते, 31 मार्च 2023 को 5.22% से घटकर 31 मार्च 2024 को 4.98% रह गए।
- 31 मार्च 2024 तक, पीएमजेजेबीवाई योजना के तहत सूक्ष्म बीमा के तहत संचयी नामांकन 70.44 लाख है और पीएमएसबीवाई योजना के तहत ₹253.84 लाख है।

बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कार्यनिष्पादन

बैंक, बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक नामक तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) का प्रायोजक है। इन तीनों आरआरबी का समग्र व्यवसाय 31 मार्च, 2023 के ₹1,48,737 करोड़ अर्थात् वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 12.39% से बढ़कर 31 मार्च, 2024 को ₹1,67,173 करोड़ हो गया। तीनों आरआरबी ने समेकित रूप से वित्त वर्ष 2023 के दौरान ₹718.54 करोड़ के शुद्ध लाभ की तुलना में 56.06% की वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2024 में ₹1121.36 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया। इन आरआरबी की निवल मालियत 31 मार्च 2023 के ₹5,704 करोड़ के स्तर से बढ़कर 31 मार्च 2024 को कुल ₹6,887 करोड़ दर्ज की गई।

आरआरबी द्वारा प्राप्त पुरस्कार

हमारे बैंक द्वारा प्रायोजित तीन आरआरबी ने पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा आयोजित अटल पेंशन योजना के नामांकन के लिए विभिन्न अभियानों के तहत 43 शीर्ष कार्यनिष्पादनकर्ता पुरस्कार (बीजीजीबी-12, बीयूपीबी-19 और बीआरकेजीबी 12) अर्जित किए।

बड़ौदा उत्तर प्रदेश बैंक (बीयूपीबी) को भारत के सभी आरआरबी के बीच पीएमएफएमई श्रेणी के तहत उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए 05.11.2023 को नई दिल्ली में भारत के माननीय राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त हुआ और 24.11.2023 को एसएचजी श्रेणी के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए उत्तर प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री से पुरस्कार प्राप्त हुआ।

बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (बीआरकेजीबी) ने 09 फरवरी, 2024 को आईबीए द्वारा आयोजित वार्षिक प्रौद्योगिकी पुरस्कार समारोह में निम्नलिखित श्रेणियों में सात प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किए हैं;

1. टेक्नोलॉजी बैंक ऑफ द ईयर (लगातार नौ वर्षों से)
2. बेस्ट डिजिटल फाइनेंशियल इंकल्यूशन (लगातार पांचवें वर्ष)
3. बेस्ट फिनटेक और डीपीआईयू एडॉप्शन
4. बेस्ट डिजिटल इंगेजमेंट
5. टेक्नोलॉजी टैलेंट (रनर)
6. बेस्ट आईटी रिस्क मैनेजमेंट (विशेष उल्लेख श्रेणी)
7. बेस्ट एआई/एमएल बैंक (विशेष उल्लेख श्रेणी)

- आईबीईएक्स इंडिया बीएफएसआई टेक पुरस्कारों में 2 पुरस्कार प्राप्त किए।

1. बेस्ट टेक्नोलॉजी बैंक
2. फाइनेंशियल इंकल्यूशन एक्सीलेन्स (आरआरबी / लघु वित्त बैंक / कॉप बैंक श्रेणी के लिए)।

- उत्तरी क्षेत्र में एसएचजी बैंक लिंकेज 2022-23 में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार।
- एआईएफ योजना के लिए भारत अभियान (15.07.2023 से 31.08.2023) के तहत आरआरबी श्रेणी में अखिल भारतीय स्तर पर शीर्ष कार्यनिष्पानकर्ता।

बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक (बीजीजीबी) ने 09 फरवरी, 2024 को आईबीए द्वारा आयोजित वार्षिक प्रौद्योगिकी पुरस्कार समारोह में निम्नलिखित श्रेणियों में दो प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किए हैं।

1. बेस्ट टेक्नोलॉजी टेलेंट (विशेष उल्लेख श्रेणी)
2. बेस्ट टेक्नोलॉजी बैंक (विशेष उल्लेख श्रेणी)

दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन

बैंक यह मानता है कि निरंतर दैनिक निगरानी अनर्जक ऋणों में कमी और अच्छी वसूली सुनिश्चित करने की दिशा में पहला कदम है। इसके लिए बैंक ने अनेक कार्रवाई की है तथा वसूली बढ़ाने और स्लिपेज को कम करने के लिए रणनीति बनाई है।

बैंक के पास प्रत्येक एनपीए खाते को विधिवत रूप से परखने हेतु कार्यनीति है। इसलिए बैंक ने कॉर्पोरेट कार्यालय में एक शीर्ष वर्टिकल 'दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन वर्टिकल' के रूप में विशेष कौशल युक्त व्यवस्था स्थापित की है। इस वर्टिकल के तहत नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) के अंतर्गत सभी खातों के लिए आवश्यक विशेष दक्षता व्यवस्था के साथ -5 दबावग्रस्त आस्ति शाखाओं को स्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त एनसीएलटी से इतर ₹5 करोड़ से अधिक बकाया राशि वाले अन्य एनपीए खातों की देखरेख के लिए अंचल स्तर पर 12 दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखाओं (एसएआरबी शाखा) की स्थापना की गई है। टीएटी को कम करने के लिए ये शाखाएं कॉर्पोरेट कार्यालय की सीधी निगरानी में हैं। इसके अलावा ₹20 लाख से अधिक और ₹5 करोड़ तक बकाया राशि वाले एनपीए खातों की देखरेख के लिए क्षेत्रीय स्तर पर -69- दबाबग्रस्त आस्ति वसूली शाखाएं (एसएआरबी शाखा) स्थापित की गई हैं।

भारत सरकार की डिजिटल पहल के अंतर्गत बैंक ने बिना कागजी कार्रवाई के और वास्तविक समय के आधार पर वसूली और निगरानी की पूरी प्रक्रिया के संपूर्ण डिजिटलीकरण हेतु कई कदम उठाए हैं। इस संबंध में,

1. क्यूलिक यह मानवीय हस्तक्षेप के बिना वास्तविक समय के आधार पर फिनेकल से कई डेटा बिंदुओं को प्राप्त करता है और दैनिक डीग्रेडेशन के पूर्वानुमान के लिए डेट पास्ट ड्यू (डीपीडी) रिपोर्ट, एनपीए मूवमेंट चार्ट और मॉक रन की गणना करता है।
2. "आईएलएमएस" मोबाइल ऐप और डेस्कटॉप आधारित पोर्टल संपूर्ण एनपीए खातों, सभी राशि वाले, की ऑनलाइन रेपोजिटरी है। यह बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के खातों की ऑनलाइन संपूर्ण लाइव निगरानी जैसे सरफेसी स्थिति, डीआरटी/ एनसीएलटी स्थिति, प्रावधान, दैनिक वसूली, वकीलों के निष्पादन का विश्लेषण और ओटीएस की ऑनलाइन प्रस्तुति/ स्वीकृति की सुविधा उपलब्ध कराता है जिससे टीएटी में सुधार होता है।
3. बैंक, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी) के तहत संपत्तियों की नीलामी के लिए उपयोग किए जा रहे ई-बिक्रय पोर्टल का सदस्य है।
4. ईज़ 4.0 दिशानिर्देशों के तहत, बैंक ने छोटे टिकट आकार के एनपीए खातों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने के लिए बैंक की वेबसाइट पर अलग लिंक प्रदान करके स्वचालित "वन टाइम सेटलमेंट" प्रक्रिया विकसित और परिनियोजित की है।

बैंक ने वसूली को प्रभावी बनाने और स्लिपेज को कम करने के लिए निम्नलिखित कार्यनीतियां भी अपनायी हैं।

1. कृषि, एमएसएमई और रिटेल ऋणों के पोर्टफोलियो की उचित निगरानी के लिए हमने समर्पित वसूली अधिकारियों के साथ क्लस्टर/ एरिया संबंधी कार्यपद्धति को अपनाया है।
2. अंचल कार्यालय/ क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर पोर्टफोलियो मैनेजर द्वारा वसूली एजेन्टों/ फ़ीट-ऑन-स्ट्रीट कर्मियों को कम ऋण राशि वाले एनपीए खातों का उचित आबंटन तथा उनकी समुचित निगरानी।
3. लोक अदालत के दौरान अधिकतम उधारकर्ताओं की सहभागिता के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत की व्यवस्था करना और लोक अदालत से पूर्व बैठकें आयोजित करना।
4. बैंक ने सभी पात्र एनपीए खातों में सरफेसी कार्रवाई की शुरुआत की है और खाते में आस्ति के निपटान और वसूली की प्रक्रिया पूर्ण होने तक कार्रवाई जारी रहेगी। हम नीलाम की जाने वाली संपत्ति के विवरणों को बैंक की वेबसाइट, समाचार पत्र, रेडियो, सोशल मीडिया वेब पोर्टलों और अग्रणी संपत्ति वेब साइटों पर सूचीबद्ध/ प्रकाशित कर रहे हैं।

पिछले दो वर्षों के दौरान एनपीए की स्थिति निम्नानुसार है:

(**₹ करोड़ में**)

विवरण	वित्त वर्ष 2023	वित्त वर्ष 2024
सकल एनपीए	36764	31834
सकल एनपीए (%)	3.79%	2.92%
निवल एनपीए	8384	7213
निवल एनपीए (%)	0.89%	0.68%
एनपीए में बढ़ोतरी	11150	10397
वसूली/ अपग्रेडेशन	10100	4729
टीडबल्यूओ सहित बट्टे खाते	17998	10518
बट्टे खाते डाले गए खातों में वसूली	4781	5098
प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडबल्यूओ सहित) (%)	92.43%	93.30%
प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडबल्यूओ को छोड़कर) (%)	77.19%	77.34%

आस्ति वर्गीकरण के अनुसार, ऋण बही का विभाजन निम्नानुसार है:

(**₹ करोड़ में**)

आस्ति वर्गीकरण	वित्त वर्ष 2023	वित्त वर्ष 2024
मानक अग्रिम	932784	1058672
सकल एनपीए	36764	31834
कुल सकल अग्रिम	969548	1090506
सकल एनपीए जिसमें		
अवमानक	5439	7816
संदिग्ध	19182	13118
हानि	12143	10900
कुल सकल एनपीए	36764	31834

बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार खातों के पुनर्गठन के माध्यम से दबावग्रस्त उद्यमियों का सहयोग कर राष्ट्र निर्माण करने में विश्वास रखता है।

बड़ी संख्या में छोटे एनपीए खातों से निपटने के लिए, बैंक ने वित्त वर्ष 2024 में एमएसएमई के तहत ₹5.00 करोड़, रिटेल के तहत ₹1.00 करोड़ और कृषि श्रेणी के तहत ₹0.25 करोड़ तक के बकाया शेष वाले गैर-प्रतिभूत एनपीए (डीबीII/डीबीIII/हानि)/टीडब्ल्यूओ/पीडब्लूओ खातों के निपटान के लिए अपनी विशेष एकबारगी निपटान (ओटीएस) योजना ऋण मुक्ति योजना की शुरुआत की। बैंक ने वसूली संकल्प योजना के तहत एनपीए खातों में ₹866 करोड़ की वसूली की।

समाधान सुनिश्चित करने और वसूली, अपग्रेड करने की सभी संभावनाएं तलाशने के लिए ऋण निगरानी वर्टिकल के साथ समन्वय करते हुए दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन वर्टिकल द्वारा बड़े कॉर्पोरेट के एसएमए-I एवं एसएमए-II खातों की बेहतर और लक्षित निगरानी व्यवस्था और खातों की संख्या में कमी लाने हेतु कार्रवाई की जा रही है।

अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग

हमारे बैंक की 17 देशों में 91 विदेशी शाखाएं/ कार्यालय हैं, जिनमें 39 विदेशी शाखाएं/ कार्यालय (गिफ्ट सिटी, गांधीनगर, गुजरात, भारत में 1 अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग यूनिट और यूएई में 9 इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग सेवा यूनिट सहित) और बैंक की 7 विदेशी अनुषंगियों की 52 शाखाएं कार्यरत हैं। इसके अलावा, बैंक का एक संयुक्त उद्यम अर्थात् मलेशिया में इंडिया इंटरनेशनल बैंक (मलेशिया) बीएचडी है और जांबिया में एक सहयोगी बैंक अर्थात् इंडो जांबिया बैंक लि. है जिसकी 32 शाखाएं हैं।

बैंक की विश्व के प्रमुख वित्तीय केंद्रों न्यूयॉर्क, लंदन, दुबई, सिंगापुर और आस्ट्रेलिया में उपस्थिति है। इसके अलावा, गिफ्ट सिटी (एसईजेड), गुजरात, भारत में बैंक की एक होलसेल शाखा है, जिसे एक ऑफशोर बैंकिंग इकाई के रूप में माना जाता है और अपार व्यावसायिक संभावनाओं, कर लाभ, सरकारी पहलों आदि को ध्यान में रखते हुए शाखा को व्यवसाय विकास केंद्र के रूप में चुना गया है। बैंक ने आईएफएससी में शाखा के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने हेतु अनेक कदम उठाए हैं, जिसमें गिफ्ट सिटी में अंतर्राष्ट्रीय ट्रेजरी हेतु वैश्विक मानक का अत्याधुनिक डीलिंग रूम शामिल है।

बैंक, भारतीय कार्पोरेट्स की अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करके, भारतीय और स्थानीय रूप से निगमित कंपनियों/ फर्मो के लिए इंडिया लिंकड क्रॉस बार्डर व्यापार प्रवाह संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करके तथा अनिवासी भारतीयों (एनआरआई)/ भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ) के लिए पसंदीदा बैंक बनकर विकास को गति देने और मूल्य संवर्धन की नीति पर चल रहा है।

उपलब्ध व्यावसायिक अवसरों को देखते हुए, बैंक द्वारा प्राथमिक और गौण बाजार में भारत इतर सिंडिकेशन ऋणों पर एक्सपोजर लेते हुए अग्रिम पोर्टफोलियो में भी विविधता लाई गई है। साथ ही, उत्पाद समूह को व्यापक बनाने के लिए विभिन्न नए उत्पादों का शुभारंभ किया गया है।

इसके अलावा, विदेशी केंद्रों में उत्पादकता और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिजिटलीकरण और केंद्रीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए, संपूर्ण बिजनेस सोल्यूशन के लिए आईटी उन्नयन में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। सहक्रिया जनरेट करने के लिए बैंक प्रौद्योगिकी के कई प्लेटफार्मों को लगातार एकीकृत कर रहा है।

बैंक ने व्यापक मूल्यांकन फ्रेमवर्क के आधार पर अपनी विदेशी उपस्थिति को युक्तिसंगत बनाने का कार्य सुविचारित तरीके से किया है। इस प्रक्रिया के भाग के रूप में, हाल के वर्षों में, बैंक ने हांगकांग और दक्षिण अफ्रीका में अपना परिचालन तथा यूएई, ओमान और मॉरीशस, प्रत्येक देश में एक-एक शाखा/कार्यालय बंद कर दिया है। बैंक नए वैश्विक परिवेश के अनुरूप अपने अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों को लगातार समेकित और पुनर्गठित कर रहा है और जोखिमों का प्रबंधन करने, कम-प्रतिफल वाली आस्तियों को कम करने और लाभप्रदता को बढ़ाने के लिए पोर्टफोलियो को पुनर्संतुलित करने पर ध्यान केंद्रित किया है।

31 मार्च, 2024 तक अंतर्राष्ट्रीय शाखाओं से बैंक का कुल कारोबार (शुद्ध) ₹3,83,409 करोड़ रुपये रहा जो वैश्विक कारोबार का 16.02% है। कुल जमाराशियां ₹1,98,444 करोड़ रही जबकि निवल अग्रिम ₹1,84,965 करोड़ रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबार

बेहतर परिचालन दक्षता, सेवाएं प्रदान करने एवं गुणवत्ता सहित मौजूदा विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप अनुपालन के उच्च मानकों को लागू करने के उद्देश्य से, हमारे बैंक ने गिफ्ट सिटी, गांधीनगर (भारत का पहला स्मार्ट शहर) में ट्रेड फाइनेंस बैक ऑफिस के साथ अपने अखिल भारतीय ग्राहकों की व्यापार वित्त सेवाओं को पूरा करने के लिए बेंगलुरु में बीसीपी की स्थापना की है। चालू वित्त वर्ष में समग्र विदेशी मुद्रा कारोबार को बढ़ाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण प्रगति निम्नानुसार हैं:

- बैंक ने कुछ उद्देश्यों से 10000 अमेरिकी डॉलर से कम के सीमापार आवक विप्रेषण को स्वचालित कर दिया है। वित्त वर्ष 23-24 के दौरान हमने स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग के माध्यम से सफलतापूर्वक 59,368 लेनदेन किए हैं, जिससे टीएटी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।
- बैंक ने बॉब-वर्ल्ड के माध्यम से उदारीकृत विप्रेषण योजना (एलआरएस) सुविधा शुरू की है, जिससे व्यक्तिगत ग्राहक अपने मोबाइल से उपहार/ परिवार के भरण-पोषण जैसे विशिष्ट उद्देश्यों के लिए एलआरएस के तहत लेनदेन शुरू कर सकते हैं। इस प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से लगभग 3700 लेनदेन किए गए हैं।
- बैंक ने अपने ग्राहकों हेतु 24/7 उपलब्ध **स्मार्ट ट्रेड पोर्टल** विकसित किया है, जिससे वे अपने कार्यालय से अंतर्देशीय और साथ ही विदेशी मुद्रा व्यापार लेनदेन शुरू कर सकते हैं, इस प्रकार शाखा में जाने की जरूरत कम हो जाती है। इस चैनल के कारण वर्ष के दौरान उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसमें ग्राहकों की संख्या दोगुनी हो गई है और कुल लेनदेन का 10% इस पोर्टल के माध्यम से किया गया है।

- बैंक ने डिजिटल मोड के माध्यम से बैंक गारंटी को एंड टू एंड जारी करने हेतु एनईएसएल (नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड) के साथ भागीदारी की है, जिससे सुरक्षा में वृद्धि होगी और टीएटी कम होगा। इस पहल में, हमारा बैंक दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही के लिए नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड (एनईएसएल) प्लेटफॉर्म पर 1,000 इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी (ई-बीजी) जारी करने वाला इस उद्योग का सबसे अग्रणी बैंक बन गया है। मार्च 2024 तक, हमारे द्वारा जारी संचयी ई-बीजी दोगुना होकर 2010 हो गया है।
- 31 मार्च 2024 तक, बैंक ने विशेष रुपी वोस्ट्रो एकाउंट (एसआरवीए) प्रणाली के माध्यम से भारतीय रुपए के मूल्यवर्गित व्यापार लेनदेन को बढ़ावा देने हेतु भारत सरकार के अभियान का नेतृत्व करने के लिए विश्व भर के बैंकों के लिए 13 विशेष रुपी वोस्ट्रो एकाउंट बनाए हैं।
- बैंक ने अगस्त 2023 से अंतर्देशीय व्यापार लेनदेन की प्रोसेसिंग को पूरी तरह से केंद्रीकृत कर दिया है, जिससे ट्रेड फाइनेंस बैक ऑफिस के माध्यम से अंतर्देशीय और विदेशी मुद्रा व्यापार वित्त लेनदेन दोनों की प्रोसेसिंग को सफलतापूर्वक समेकित किया जा सके।

घरेलू ट्रेजरी परिचालन

हमारा बैंक मुंबई में स्थित अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में स्थापित अत्याधुनिक डीलिंग रूम से ट्रेजरी परिचालनों का संचालन करता है। ट्रेजरी विभिन्न बाजारों जैसे विदेशी विनिमय, ब्याज दर, स्थायी आय, मुद्रा बाजार, डेरिवेटिव्स, इक्विटी, मुद्रा एवं ब्याज दर फ्यूचर्स एवं अन्य वैकल्पिक आस्ति श्रेणियों में प्रमुख भूमिका निभा रही है। बैंक पूरे देश में विदेशी मुद्रा में डीलिंग करने के लिए प्राधिकृत शाखाओं के माध्यम से ब्याज दर स्वैप, मुद्रा स्वैप, मुद्रा विकल्प और वायदा संविदा जैसी विभिन्न सेवाएं प्रदान कर रहा है।

ट्रेजरी बैंक की सीआरआर और सांविधिक तरलता अनुपात (एसएलआर) संबंधी विनियामक आवश्यकताओं की देखरेख करती है और निधि की स्थिति का प्रबंधन करता है। ट्रेजरी, निधि प्रबंधन कार्यों के एक भाग के रूप में मनी मार्केट और कॉर्पोरेट मार्केट लिखतों में ऋण लेता/ निवेश करता है।

31 मार्च, 2024 को बैंक की कुल घरेलू निवेश बही ₹ 3,56,820 करोड़ रही। कुल निवेश में एसएलआर प्रतिभूतियों की हिस्सेदारी 84.30% रही। 31 मार्च, 2024 को शुद्ध मांग एवं मीयादी देयताओं (एनडीटीएल) के सापेक्ष एसएलआर प्रतिभूतियां (भारमुक्त) 23.81% रही। बैंक, यील्ड मूवमेंट से मिले अवसरों को भुनाने में सक्षम रहा है। बैंक ने अपने पोर्टफोलियो को कुशलता से प्रबंधित किया है और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कुल निवेश पर 7.21% (बिक्री पर लाभ सहित) लाभ बनाए रखा है। वित्त वर्ष 2024 के दौरान बैंक द्वारा निवेश की बिक्री पर लाभ और विदेशी मुद्रा आय क्रमशः ₹ 1,498 करोड़ और ₹ 630 करोड़ रहे।

सरकारी कारोबार

सरकारी संपर्क वर्टिकल बैंक के नीतिपरक फ्रेमवर्क में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह केंद्र और राज्य सरकारों के साथ-साथ पूरे भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) की विविध बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने में मुख्य भूमिका का निर्वहन करता है। हमारी व्यापक प्रकृति की सेवाओं में सरकारी निकायों के कामकाज से जुड़े महत्वपूर्ण वित्तीय लेनदेनों हेतु सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है।

केंद्र सरकार और राज्य सरकार की पेंशन, डाक लेनदेन और ट्रेजरी/सब-ट्रेजरी लेनदेन से संबंधित भुगतानों की निर्बाध प्रक्रिया हमारी प्राथमिक जिम्मेदारियों में से एक है। इसके अतिरिक्त, हम विभिन्न सरकारी बचत और निवेश योजनाओं जैसे लोक भविष्य निधि, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली, अटल पेंशन योजना, ई-किसान विकास पत्र, भारतीय रिज़र्व बैंक के बॉन्ड, गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम, महिला सम्मान बचत योजना और सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड का प्रबंधन करते हैं। ये सेवाएं न केवल बैंक की शुल्क आय, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 में उल्लेखनीय ₹124.32 करोड़ है, में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं बल्कि बैंकिंग क्षेत्र में हमारी प्रतिष्ठा और साख को भी बढ़ाती हैं।

इसके अलावा, हमारी भूमिका लेनदेन संबंधी सेवाओं से कहीं आगे तक है। हम विभिन्न राज्य और केंद्र सरकार के संगठनों के लिए खाते खोलने में सक्रिय रूप से सहायता करते हैं, जो बैंक के लिए चालू खाता बचत खाता (कासा) जमाराशियां जुटाकर एक परस्पर लाभप्रद संबंध को बढ़ावा देते हैं। समग्र समाधान प्रदान करने संबंधी हमारी प्रतिबद्धता, सरकारी पोर्टल जैसे सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) में ग्राहकों को ऑन-बोर्ड करने की सुविधा प्रदान करने के हमारे प्रयासों से स्पष्ट होती है। ये पहलें न केवल हमारे मौजूदा संबंधों को सशक्त बनाती हैं बल्कि नई साझेदारियां स्थापित करने और हमारे कासा आधार का विस्तार करने का मार्ग भी प्रशस्त करती हैं। 31 मार्च, 2024 तक बैंक का कुल सरकारी कासा ₹ 55,435 करोड़ रहा, जो बैंक के कुल कासा का 11.88% है।

इसके अलावा, नवाचार और प्रौद्योगिकी के प्रति हमारा समर्पण सर्वोपरि है। हम देश भर के सरकारी विभागों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को पूरा करते हुए अनुकूलित आईटी समाधान प्रदान करते हैं। प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर, हम दक्षता बढ़ाते हैं, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करते हैं और निर्बाध रूप से सरकारी कासा जुटाना सुनिश्चित करते हैं।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा विधि एवं न्याय मंत्रालय जैसे प्रतिष्ठित मंत्रालयों के मान्यता प्राप्त बैंकर के रूप में हमारा ध्यान लेन-देन संबंधी दक्षता से परे है; हम अपने सरकारी भागीदारों के लिए मूल्यवर्धन करने वाली संबद्ध सेवाएं प्रदान करने को प्राथमिकता देते हैं। इसमें पीएफएमएस पोर्टल पर सरकारी विभागों को ऑन-बोर्ड करने, सक्रिय रूप से सरकारी कासा खाते जुटाने और सरकारी व्यवसाय से जुड़ी शाखाओं को व्यापक रूप से सहायता प्रदान करने जैसी पहलें शामिल हैं।

संक्षेप में, हमारा सरकारी संपर्क वर्टिकल, सरकारी संस्थाओं के लिए एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में कार्य करता है, जो उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप व्यापक प्रकृति की बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता है। उत्कृष्टता, नवोन्मेषिता और ग्राहक-केन्द्रीयता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ हम देश के आर्थिक विकास और गवर्नेंश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

धन संपदा प्रबंधन

पिछले कुछ वर्षों में, धन संपदा प्रबंधन वर्टिकल आपके बैंक में एक नीतिपरक व्यवसाय इकाई बना हुआ है, जिसका प्राथमिक लक्ष्य विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों से एसेट्स अंडर मैनेजमेंट का विस्तार करना है, साथ ही 8200 से अधिक शाखाओं के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से 14 मिलियन से अधिक के विशाल ग्राहक आधार को सर्वश्रेष्ठ श्रेणी के बीमा एवं निवेश उत्पाद और सेवाएं उपलब्ध कराना है।

उद्योग जगत ने आपके बैंक की धन संपदा प्रबंधन सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए इस वित्तीय वर्ष में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु कैफे म्यूचुअल द्वारा बैंकों हेतु "इक्विटी चैंपियंस" श्रेणी के तहत शीर्ष कार्यनिष्पादन का पुरस्कार प्रदान किया है।

रिटेल और समृद्ध, दोनों क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए आपका बैंक, बाजार से कुशल पेशेवरों की सक्रिय रूप से भर्ती और नियोजन कर रहा है, साथ ही यह भी सुनिश्चित कर रहा है कि मौजूदा कर्मचारियों के पास नॉन-रेडिएंस लोगों सहित सभी क्षेत्रों को प्रभावी ढंग से सेवा देने के लिए आवश्यक प्रमाणन और ज्ञान उपलब्ध हो।

डिजिटाइजेशन को अपनाना, वितरण प्रक्रियाओं को बढ़ाने की दिशा में आपके बैंक की कार्यनीति का एक प्रमुख पहलू है, जिसका उद्देश्य ग्राहक सेवा में दक्षता और सहजता लाना है। इसे प्राप्त करने के लिए आपके बैंक ने आवश्यकता अनुकूल डिजिटल बीमा और निवेश समाधान अर्थात् स्मार्टइंश्योर और स्मार्टइन्वेस्ट की पेशकश हेतु दो नई तकनीकी कंपनियों, ज़ोपर और ऑप्टिमम सॉल्यूशन के साथ साझेदारी की है। आपके बैंक का लक्ष्य डिजिटल अपनाने को प्रोत्साहित करना और लेनदेन को डिजिटल चैनलों पर माइग्रेट करना है, जिससे समग्र ग्राहक अनुभव और बेहतर हो सके।

आपका बैंक हमेशा कुशल कार्यबल तैयार पर जोर देता है और एक नैतिक और पारदर्शी बिक्री प्रक्रिया को बनाए रखने में विश्वास रखता है। इसमें सहयोग प्रदान करने हेतु आपके बैंक ने कर्मचारियों के अनुकूल प्रशिक्षण मॉड्यूल डिजाइन करने के लिए तीन प्रतिष्ठित प्रशिक्षण और विकास प्रदाताओं को नियोजित किया है, ताकि अनुपालन के साथ व्यवसाय सुनिश्चित किया जा सके।

वित्तीय वर्ष 23-24 में, आपके बैंक ने जीवन बीमा क्षेत्र में ₹ 959 करोड़ और गैर-जीवन बीमा क्षेत्र में ₹ 599 करोड़ का प्रीमियम जुटाकर महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की। बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद, शुद्ध बिक्री पर ध्यान केंद्रित करने के कारण आपके बैंक का म्यूचुअल फंड एयूएम ₹13,860 करोड़ के प्रभावशाली स्तर पर है।

आपका बैंक पिछले कई वर्षों से कई अनूठी पहलों के माध्यम से बाहरी और आंतरिक दोनों हितधारकों के साथ जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है:

- *"वेल्थ इनसाइट"* - रेडिएंस ग्राहकों हेतु मासिक ई-पत्रिका जो मार्केट का आउटलूक प्रदान करती है।
- "थर्सडे थौट्स" - वेल्थ बिजनेस संबंधी ज्ञान के प्रसार के लिए साप्ताहिक ई-मेलर।
- "वेल्थ बुलेटिन" - डब्लूएमएस वर्टिकल की द्विमासिक ई-गृह पत्रिका।
- "लीडरशिप क्रॉनिकल" - बैंकिंग और वित्त क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों के साथ एक ज्ञानवर्धक टॉक शो।
- "ट्रांसेंड" - वेल्थ मैनेजमेंट टाई-अप पार्टनर्स कॉन्क्लेव - धन संपदा व्यवसाय में साझेदारी को बढ़ावा देने और सशक्त करने के उद्देश्य से अपनी तरह का पहला कॉन्क्लेव, जो अगले 3-5 वर्षों के लिए धन संपदा व्यवसाय कार्यनीति की रूपरेखा तैयार करता है।
- "एक्सपर्ट इनसाइट" - वार्षिक बजट को डिकोड करना, मार्केट साइकल को डिकोड करना, मार्केट आउटलूक आदि सहित मार्केट के विशेषज्ञों के साथ विभिन्न वित्तीय पहलुओं पर वेबिनार/सत्र।
- "इन्वेस्टोग्राम" - एक सरल, समझने में आसान, एनिमेटेड गाइड जो आठ महत्वपूर्ण निवेश क्षेत्रों को बारीकी से कवर करता है, जिससे अनुभव रहित और अनुभवी निवेशक लंबी अवधि में धन संपदा बनाने में सक्षम होते हैं।

डिजिटल बैंकिंग उत्पाद

बैंक डिजिटलीकरण के लिए प्रतिबद्ध है और नियमित रूप से लेनदेन को डिजिटल चैनलों में माइग्रेट करने का प्रयास करता है जिससे बेहतर ग्राहक अनुभव प्राप्त होता है। डिजिटल बैंकिंग का प्रमुख ध्यान डिजिटल और वैकल्पिक वितरण चैनलों के माध्यम से ग्राहकों को बैंक के उत्पाद उपलब्ध कराना है। डिजिटल बैंकिंग में प्रमुख सुविधाएं बॉब वर्ल्ड, बॉब वर्ल्ड यूपीआई, बड़ौदा कनेक्ट, डेबिट कार्ड, प्रीपेड कार्ड, भीम आधार, एटीएम और कैश रिसाइकलर मशीन, सेल्फ सर्विस पासबुक प्रिंटर (एसएसपीबीपी), टैब बैंकिंग, इंटरनेट पेमेंट गेटवे (आईपीजी), भारत बिल भुगतान सेवाएं (बीबीपीएस), बड़ौदा फास्टैग, भारत क्यूआर, प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस), आदि शामिल हैं।

बॉब वर्ल्ड

वित्त वर्ष 2024 के दौरान बैंक ने 28.48 लाख बॉब वर्ल्ड एक्टिवेशन कराने में सफल रहा है। 31 मार्च, 2024 तक कुल 306 लाख बॉब वर्ल्ड एक्टिवेशन कराए जा चुके हैं। वित्त वर्ष 2024 के दौरान बैंक, बॉब वर्ल्ड के माध्यम से कुल 17.09 करोड़ वित्तीय लेनदेन और 228.64 करोड़ गैर-वित्तीय लेनदेन हासिल करने में भी सफल रहा है।

डेबिट कार्ड

31 मार्च, 2024 तक बैंक का सक्रिय कार्ड आधार वर्ष दर वर्ष आधार पर 15% की वृद्धि के साथ 9.54 करोड़ है। ई-कॉमर्स/ पीओएस लेन-देन को बढ़ाने एवं बैंक के डेबिट कार्ड को ग्राहक का पसंदीदा कार्ड बनाने हेतु बैंक ने डेबिट कार्ड ग्राहकों को आकर्षक ऑफर प्रदान करने के लिए विभिन्न मर्चेंटों के साथ टाई अप किया है और जून, 2023 से मार्च, 2024 तक की अवधि में शाओमी, जोमेटो, मिशो, मिंतरा, क्लीयर ट्रिप, ईज माइ ट्रिप, जियोमार्ट, टाटा क्लिक , स्वीगी, रिलायंस डिजिटल और बुकमाईशो जैसे विभिन्न लोकप्रिय मर्चेन्ट के साथ मिलकर कुल 35 अभियान शुरू किए गए।

वित्त वर्ष 2023-24 में बैंक ने तमिलनाडु राज्य में महिलाओं के लिए "मैगलिर उरीमई एनसीएमसी" डेबिट कार्ड लॉन्च किया है। बैंक का प्लैटिनम डेबिट कार्ड आधार 31 मार्च, 2024 को बढ़कर 1.62 करोड़ हो गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 30% अधिक है।

बड़ौदा फास्टैग (राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रहण - एनईटीसी)

बैंक ने वित्त वर्ष 2024 में 1.84 लाख फास्टैग जारी किए हैं। हमारे बैंक ने वित्त वर्ष 2024 में ₹ 512.39 करोड़ की राशि के 4.45 करोड़ फास्टैग टोल लेनदेन प्रोसेस किए हैं।

भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस)

भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) पुनरावृत्ति बिल भुगतान हेतु एक अन्तः प्रचलनीय प्लेटफॉर्म है जो ग्राहकों को वास्तविक समय आधारित बिल भुगतान और रिचार्ज संबंधी सेवाएं प्रदान करता है। बीबीपीएस भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा शुरू किया गया एक उत्पाद है और इसका प्रबंधन एनबीबीएल (एनपीसीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) द्वारा किया जाता है। हमारा बैंक बीबीपीएस सेवाओं की सुविधा प्रदान करने के लिए ग्राहक ऑपरेटिंग यूनिट (सीओयू) और बिलर ऑपरेटिंग यूनिट (बीओयू) के रूप में अधिकृत है।

वित्त वर्ष 2024 में बैंक ने लगभग ₹ 5820 करोड़ की राशि के 2.39 करोड़ बिल भुगतान लेनदेन संसाधित किए हैं। बैंक ने स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) ऋण चुकौती के संग्रहण को बैंक के बीबीपीएस सिस्टम के माध्यम से सुविधाजनक बनाने के लिए ऋण चुकौती श्रेणी के तहत बैंक के बीबीपीएस सिस्टम पर बिलर के रूप में राजस्थान महिला निधि को भी ऑन-बोर्ड किया है।

एटीएम

31 मार्च, 2024 तक बैंक में 9,426 एटीएम एवं 1,607 कैश री-साइक्लर का व्यापक नेटवर्क है, जिसमें हिंदी, अंग्रेजी एवं नियोजन की स्थानीय भाषा में नेविगेट करने हेतु यूजर फ्रेंडली स्क्रीन है,जो हमारे ग्राहकों को दैनिक बैंकिंग परिचालन संबंधी सहज अनुभव प्रदान करती है। हमारे एटीएम ग्रीन पिन जनरेशन, नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर, कैश ऑन मोबाइल सेवाओं जहां ग्राहक डेबिट कार्ड आदि का उपयोग किए बिना एटीएम से पैसे निकाल सकते हैं जैसी सुविधाओं से युक्त हैं। हमारे बैंक ने 7145 स्थानों पर इंटरऑपरेबल कार्ड लेस कैश आहरण (यूपीआई एटीएम) की सुविधा शुरू की है जहां ग्राहक बैंक की यूपीआई क्यूआर सेवाओं (आईसीसीडबलू) का उपयोग करके राशि निकाल सकते हैं। 31 मार्च, 2024 तक 6517 एटीएम ओपीईएक्स मॉडल के तहत लाइव हैं ताकि ग्राहकों को निर्बाध एटीएम सेवाएं और बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान किया जा सके।

इंटरनेट पेमेंट गेटवे (आईपीजी)

बैंक का आईपीजी इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉब वर्ल्ड मर्चेन्ट गेटवे एक ऑनलाइन सेवा है जो ग्राहकों को भुगतान को सुरक्षित रूप से तत्काल स्वीकार करते हुए ऑनलाइन व्यवसाय करने के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। इंटरनेट पेमेंट गेटवे ऑनलाइन मोड का उपयोग करके सुरक्षित भुगतान प्रोसेसिंग के लिए मर्चेन्ट और उनके ग्राहकों के बीच इंटरफेस उपलब्ध कराता है।

बॉब वर्ल्ड मर्चेन्ट गेटवे डेबिट/ क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग, यूपीआई, वॉलेट, एईपीएस, आधार पे, क्यूआर कोड आदि द्वारा ऑनलाइन भुगतान प्राप्त करने और ऑफ़लाइन मोड अर्थात् एनईएफटी/ आरटीजीएस के माध्यम से आसान और सुरक्षित तरीके से ई-कॉमर्स/ ऑनलाइन व्यवसाय के लिए आवश्यक सुविधा प्रदान करता है।

निर्बाध और ग्राहकोन्मुख सेवा प्रदान करने के लिए बैंक ने 12 एग्रीगेटर्स और मास्टर मर्चेन्ट के साथ टाई-अप किया है। बैंक ने वित्त वर्ष 2024 में 1,911 मर्चेंट को ऑन-बोर्ड किया है, जिससे 5000 से अधिक आईपीजी मर्चेंट आधार प्राप्त हुआ है, और मर्चेंट ऑन-बोर्डिंग में 1.5 गुना वृद्धि हुई है, जो कि वर्ष दर वर्ष आधार पर ₹2,091 करोड़ से ₹2,928 करोड़ की 1.4 गुना औसत कासा वृद्धि को दर्शाता है।

बॉब वर्ल्ड यूपीआई:

यूपीआई एक ऐसा सिस्टम है जो विभिन्न बैंक खातों को एक मोबाइल एप्लिकेशन (किसी भी भागीदार बैंक का) पर संग्रहित करता है, विभिन्न बैंकिंग विशेषताओं, बाधारहित निधि राउटिंग एवं मर्चेंट भुगतान को एक प्लेटफॉर्म पर समेकित करता है। यह "पीयर-टू-पीयर" संग्रहण अनुरोध को भी पूरा करता है जिसे आवश्यकता और सुविधा अनुसार शेड्यूल कर भुगतान किया जा सकता है। वित्तीय वर्ष 2023 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2024 के दौरान यूपीआई क्यूआर के लिए मर्चेन्ट ऑन-बोर्डिंग में 36% की वृद्धि हुई। यूपीआई क्यूआर लेनदेन में अच्छी खासी वृद्धि देखी गई जो 6.63 करोड़ से बढ़कर 10.01 करोड़ रहे।

वित्त वर्ष 2024 के दौरान बैंक ने अपने यूपीआई प्लेटफॉर्म पर 18 लाख नए उपयोगकर्ताओं को ऑन-बोर्ड किया है।

बॉब वर्ल्ड (इंटरनेट बैंकिंग)

बैंक के इंटरनेट बैंकिंग उपयोगकर्ताओं की कुल संख्या वित्त वर्ष 2023 के 99.71 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 के दौरान 108.46 लाख हो गई।

बड़ौदा टैबिट:

बैंक अपने ग्राहकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनबोर्ड करने की पहल के तहत टैब बैंकिंग प्लेटफॉर्म-बॉब वर्ल्ड टैब के माध्यम से टैबलेट द्वारा तत्काल कासा खाता खोलने के साथ-साथ विभिन्न सेवाओं (व्यक्तिगत चेक बुक, व्यक्तिगत डेबिट कार्ड, एमपिन के साथ मोबाइल बैंकिंग, एसएमएस अलर्ट, इंटरनेट बैंकिंग) और पीओएस, यूपीआई क्यूआर, आईपीजी लीड जनरेट करने की शुरुआत की है। बैंक ने वित्त वर्ष 2024 के दौरान इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से **37.7** लाख से अधिक बचत खाते और **2.1** लाख चालू खाते खोले।

बचत खाता खोलने के दो नए मोड शुरू किए गए हैं: आधार बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और सीकेवाईसी रजिस्ट्री से सीकेवाईसी सर्च और डाउनलोड करना । टैब के माध्यम से व्यक्तिगत और एकल स्वामित्व हेतु चालू खाते की मौजूदा जर्नी में परिवर्तन लागू किए गए हैं। इन सत्यापनों से सीकेवाईसी रजिस्ट्री पोर्टल पर एलईआई रिकॉर्ड के सफल अपलोड के प्रतिशत को बढ़ाने में मदद मिली है।

खाता खोलने संबंधी जर्नी में अतिरिक्त सुविधाएं शुरू की गई हैं जैसे बचत और चालू खाते में 12 भाषाओं में एसएमएस अलर्ट, ईज 6.0 मानदंडों के अनुसार चालू खाते में ग्राहक फीडबैक तथा बचत खाते में डीमैट एवं ट्रेडिंग खातों के लिए लीड जनरेट करना।

डिजिटल रुपी (ई रुपी): केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) मर्चेंट क्यूआर, डीमैट एवं ट्रेडिंग खाता खोलना और शिक्षा ऋण की डिजिटल जर्नी बॉब वर्ल्ड टैब के माध्यम से शुरू की गई है।

टैब बैंकिंग प्लेटफ़ॉर्म - बॉब वर्ल्ड टैब के माध्यम से सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) योजना और ई-किसान विकास पत्र योजना (ई-केवीपी) जारी करने जैसी सरकारी योजनाएं शुरू की गई हैं।

सुविधाएं	वित्त वर्ष 2024
बचत बैंक खाता	37,72,786
चालू खाता	2,13,149
एसएचजी खाता	40,938
फास्टैग	3,514
कंपनी खाता	1,638
यूपीआई मर्चेन्ट ऑनबोर्डिंग	6,56,629
भीम आधार लीड जनरेट करना	36,825
पीओएस लीड	30,782
टैब के माध्यम से आईपीजी लीड जनरेट करना	2,912

व्हाट्सऐप बैंकिंग

व्हाट्सऐप बैंकिंग उपयोगकर्ता पंजीकरण -

वर्ष	व्हाट्सऐप बैंकिंग शाखावार पंजीकरण (ग्राहक) लाख में (ए)	व्हाट्सऐप बैंकिंग गैर-ग्राहकों का कुल पंजीकरण (लाख में) (बी)	व्हाट्सएप बैंकिंग मौजूदा ग्राहकों का कुल पंजीकरण (लाख में) (सी)	व्हाट्सएप बैंकिंग पंजीकरण की कुल संख्या (लाख में) (डी)=(बी)+(सी)
वि.व. 2021	5.02	2.06	4.04	6.11
वि.व. 2022	9.64	5.49	8.29	13.78
वि.व. 2023	40.35	5.87	38.14	44.01
वि.व. 2024	30.1	8.24	28.34	36.59
कुल	85.11	21.66	78.81	100.49

*गैर-ग्राहक उपयोगकर्ता पंजीकरण में उन उपयोगकर्ताओं का पंजीकरण जो इस बैंक के ग्राहक नहीं हैं + इस बैंक के उन ग्राहकों का पंजीकरण जो व्हाट्सऐप बैंकिंग के लिए पात्र नहीं हैं, शामिल है।

व्हाट्सऐप बैंकिंग लेन-देन -

व्हाट्सऐप बैंकिंग लेन-देन (लाख में)		
वर्ष	एंड टू एंड सफल लेनदेन	इंटरमीडियरी एपीआई हिट्स
वित्त वर्ष 2021	14.65	47.8
वित्त वर्ष 2022	59.29	207.5
वित्त वर्ष 2023	189.68	343.4
वित्त वर्ष 2024	368.08	701.72

डिजिटल बैंकिंग यूनिट

आरंभिक चरण में हमारे बैंक को डिजिटल बैंकिंग इकाइयों (डीबीयू) की स्थापना के लिए 8 जिले आबंटित किए गए थे, बाद में हमारे बैंक ने 9 और डिजिटल बैंकिंग इकाइयां स्थापित की हैं। अब हमारे बैंक के पास बैंकिंग उद्योग में किसी भी बैंक की तुलना में सबसे अधिक डीबीयू (17) हैं। दिनांक 31.03.2024 तक इन डीबीयू द्वारा कुल ₹66.78 करोड़ का कारोबार किया गया है।

डिजिटल ऋण

वर्तमान दौर में तकनीकी प्रगति में हो रहे आमूल-चूल परिवर्तन ने डिजिटलीकरण के वैश्विक युग को एक नया रूप दिया है। लगभग हर उद्योग डिजिटलीकरण के माध्यम से बदलाव लाने की कोशिश कर रहा है और बैंकिंग उद्योग इस बदलाव एवं नवोन्मेषिता में सबसे अग्रणी हैं।

वित्तीय सेवा उद्योग तेजी से और दूरगामी बदलाव के दौर से गुजर रहा है जिसे उभरती तकनीक और सामाजिक-आर्थिक विकास से गति मिल रही है। यह बदलाव बुनियादी रूप से बाजार स्ट्रक्चर को बदल रहा है तथा नवोन्मेषी, गेम-चेंजिंग वैकल्पिक उत्पाद एवं सेवाएं तैयार करने हेतु उद्यमियों और जोखिम लेने वालों दोनों को अवसर प्रदान कर रहा है।

जैसे-जैसे तकनीक बढ़ रही है वैसे-वैसे ग्राहक ऐसी सेवाओं विशेषकर अपनी नियमित बैंकिंग आवश्यकताओं के लिए, की माँग करने लगे हैं जिसके लिए उन्हें कहीं जाना ही न पड़े। ग्राहक वरीयताओं के इस नए परिदृश्य ने हमें डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म (डीएलपी) तैयार करने के लिए प्रेरित किया।

डिजिटल प्लेटफॉम, बैंक को मौजूदा ग्राहक की ऋण संबंधी जरूरतों को पूरा करने एवं डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते हुए विविध क्षेत्रों से नए ग्राहकों को जोड़ने, नवीन एवं अब तक अप्रयुक्त बाजारों में प्रवेश करने तथा बैंक की ब्रांड पहचान में एक प्रमुख डिजिटल आयाम जोड़ने में मदद कर रहा है।

यह प्लेटफॉर्म भौतिक रूप से बैंक शाखा में जाने की आवश्यकता को कम करते हुए उधारकर्ता को अपने घरों/ कार्यालयों से सुविधानुसार संपर्क रहित एवं कागज रहित प्रक्रिया का उपयोग कर न्यूनतम अनिवार्य दस्तावेज़ीकरण सहित कुछ ही क्लिक में लीड से लेकर मंजूरी एवं संवितरण की प्रक्रिया को पूरा करने में सशक्त बना रहा है।

इस डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म के केंद्र में फिनटेक वैकल्पिक ऋण चैनल निर्मित करते हुए क्रेडिट इकोसिस्टम में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं, जो बैंक एवं उधारकर्ता दोनों को महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करते हैं।

बैंक के व्यावसायिक पोर्टफोलियो में सुधार के लिए डिजिटल ऋण की पहल;

रिटेल संबंधी पहलें :

- बैंक ने डिजिटल ऋण प्लेटफॉर्म के माध्यम से भारत में प्रमुख संस्थानों के कार्यपालक विकास कार्यक्रम (ईडीपी) के लिए डिजिटल शिक्षा ऋण शुरू किया है।
- बैंक ने डिजिटल वैयक्तिक ऋण के लिए संपूर्ण रूप से शाखा अधिकारी द्वारा सहायता प्राप्त जर्नी की शुरूआत की है ताकि एंड-टू-एंड डिजिटल जर्नी को संचालित किया जा सके और शाखाओं को ग्राहक सेल्फ-सर्विस प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में सहयोग करने की सुविधा भी मिल सके।
- बैंक ने ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिजिटल वैयक्तिक ऋण और डिजिटल वाहन ऋण की डिजिटल प्रक्रिया में विभिन्न सुधार किए हैं।

एमएसएमई पहलें:

- बैंक ने ₹10 लाख तक के एंड-टू-एंड डिजिटल मुद्रा ऋण प्रदान करने के लिए आंतरिक ऋण प्रसंस्करण प्रणाली के साथ जनसमर्थ पोर्टल को एकीकृत किया है।

कृषि संबंधी पहलें:

- बैंक ने ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए स्वर्ण ऋण हेतु डिजिटल प्रक्रिया की शुरुआत की है।
- बैंक ने कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों में जनसमर्थ पोर्टल के माध्यम से ₹1.6 लाख तक के बीकेसीसी के लिए एसटीपी जर्नी की शुरूआत की है।
- बैंक ने बीकेसीसी ऋणों के नवीकरण के लिए डिजिटल प्रक्रिया की शुरूआत की है।

एनालिटिक्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एसीओई)

बैंक ने अधिक शक्ति और क्षमता के साथ डेटा संचालित बैंकिंग की गति को बनाए रखा है। बैंक ने मशीन लर्निंग (एमएल)/ सांख्यिकीय मॉडल और विभिन्न व्यावसायिक माध्यमों जैसे कि डिजिटल ऋण, रिटेल/ एमएसएमई आस्तियों, रिटेल देयताएं, धन प्रबंधन, ऋण निगरानी, संग्रहण, ट्रेजरी और जोखिम प्रबंधन में यूज केसेज के अधिक उपयोग के माध्यम से सुदृढ़ प्रगति की है और व्यवसाय वृद्धि मे योगदान किया है। इसके अलावा, बैंक ने क्रॉस-सेल, अप-सेल, प्रारंभिक चेतावनी संकेत, ग्राहकों के वर्गीकरण, धोखाधड़ी विश्लेषण, आस्ति देयता प्रबंधन आदि में अपनी उन्नत एमएल क्षमताओं का लाभ उठाया है। बैंक विभिन्न प्रक्रियाओं जैसे ग्राहक ऑनबोर्डिंग, संपर्क केंद्र संचालन, वर्चुअल एजेंट सेवाओं आदि के स्वचालन के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकियों का भी उपयोग कर रहा है। बैंक को भारतीय बैंक संघ द्वारा सर्वश्रेष्ठ एआई/ एमएल बैंक- 2023 से भी सम्मानित किया गया है।

सूचना प्रौद्योगिकी

- बैंक ने आरबीआई की "वन नेशन वन ग्रिड-सीटीएस" परियोजना के तहत चेक ट्रंकेशन सिस्टम लागू किया है, अर्थात् तीन क्षेत्रीय ग्रिडों का एक राष्ट्रीय ग्रिड में विलय और दक्षिणी ग्रिड को हमारे बैंक के राष्ट्रीय ग्रिड के रूप में नामित करना।
- बैंक ने डिजिटल माध्यमों से लॉकर आबंटन के लिए लॉकर पोर्टल शुरू किया है, जिसमें ग्राहक लॉकर कैबिनेट की वास्तविक समय में चित्रात्मक स्थिति को देख सकते हैं और लॉकर की उपलब्धता के अध्यधीन अपनी पसंद का लॉकर बुक कर सकते हैं।
- बैंक यूपीआई प्लेटफॉर्म पर लगातार नई सेवाएं पेश कर रहा है, जैसे कि यूपीआई लाइट, न्यूमेरिक मैपर, विभिन्न सरकारी संस्थाओं के लिए प्रीपेड/ ईरुपी वाउचर, मॉरीशस टेरिट्री में यूपीआई लेनदेन का विस्तार, स्वयं और दूसरों के लिए बिल प्राप्ति और भुगतान और बड़ौदा फाइनेंशियल सॉल्यूशंस लिमिटेड (बीएफएसएल) द्वारा जारी रुपे क्रेडिट कार्ड के लिए ईएमआई सुविधा शुरू करना।
- बैंक ने सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) जिसे e₹ (डिजिटल रुपी) कहा जाता है, में अतिरिक्त कार्यक्षमताओं की शुरुआत की है - टैब बैंकिंग के माध्यम से मौजूदा ग्राहक के लिए मर्चेंट ऑन बोर्डिंग, यूपीआई इंटरऑपरेबिलिटी कार्यान्वयन।
- बैंक ने ग्राहकों के लिए अपने मोबाइल बैंकिंग ऐप्लिकेशन में नई सेवाओं को शामिल करने के साथ ही, अतिरिक्त सेवाएं जोड़ी हैं, सिस्टम नियंत्रण और सुरक्षा सुविधाओं में वृद्धि की है। जिसमें क्रेडिट कार्ड को एकीकृत करना, एनपीएस सब्सक्रिप्शन की सुविधा उपलब्ध कराना, उदारीकृत विप्रेषण योजना (एलआरएस) को शामिल करना, करेंसी कन्वर्टर प्रदान करना, म्यूचुअल फंड जर्नी को बेहतर बनाना, आवास ऋण के लिए अनंतिम ब्याज प्रमाणपत्र जनरेट करना, कैलेंडर के रूप में एफडी/आरडी की परिपक्वता तिथियों/ ऋण ईएमआई की देय तिथियों को ट्रैक करने के लिए एक डिजिटल कैलेंडर/ प्लानर की पेशकश करना और उपयोगकर्ताओं को अपने स्वयं के कार्यक्रम/ रिमाइंडर तैयार करने की अनुमति देना शामिल है।
- बैंक ने ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म में नई सेवाएं/ सुविधाएं जोड़ी हैं जैसे कि ई-केवीपी खाता खोलना, आइसगेट पेमेंट इंटीग्रेशन, व्हाट्सऐप बैंकिंग रजिस्ट्रेशन, लाभार्थी को जोड़े बिना त्वरित निधि अंतरण सुविधा (एनईएफटी/ आईएमपीएस), ग्राहक जागरूकता के लिए विभिन्न अलर्ट का कार्यान्वयन, राज्य कोषागारों के साथ विभिन्न एकीकरण, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) का एकीकरण और ग्राहक द्वारा अपने लॉकर विवरण को एक्सेस कर पाना।
- बैंक ने एमएसएमई ग्राहकों के लिए ऋण लाइफ साइकल प्रबंधन (एलएलपीएस) को उन्नत/ नया रूप दिया है।

- बैंक ने जन सुरक्षा पोर्टल के साथ इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, बीसी पॉइंट, कोर बैंकिंग और टैब बैंकिंग सहित कई चैनलों को एकीकृत किया है। यह इस पोर्टल के तहत विभिन्न बीमा योजनाओं के लिए आवेदन करते समय ग्राहकों के लिए नामांकन प्रक्रिया को सरल बनाता है।
- बैंक ने बैंडविद्थ उपयोग को अनुकूलित करने और बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए शाखाओं को बेहतर कनेक्टिविटी के लिए 7,100 से अधिक शाखाओं में एसडीडब्ल्यूएएन तकनीक लागू की है। इन निरंतर प्रयासों के साथ, बैंक व्यवहार्यता के अध्यधीन बेहतर नेटवर्क प्रदर्शन के लिए वीएसएटी शाखाओं (सेकेंडरी) को लगातार एमपीएलएस में परिवर्तित कर रहा है।
- बैंक ग्राहकों को नई सुविधाओं और सेवाओं की पेशकश अर्थात् 7 नई चालू खाता योजनाएं शुरू करना, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण को सक्षम करना आदि के लिए टैबलेट बैंकिंग और व्हाट्सऐप बैंकिंग को लगातार समृद्ध कर रहा है।
- बैंक ने रिटेल ऋण ग्राहकों से उनकी ईएमआई और ऋण अवधि को रीसेट करने के संबंध में सहमति एकत्रित करने के लिए एक ऋण ईएमआई रीसेट सहमति पोर्टल लॉन्च किया है।
- बैंक, उच्च अपटाइम और कार्यनिष्पादन हेतु बैंकिंग सेवाओं और लेनदेन का समर्थन करने के लिए अपनी बुनियादी ढांचे की दक्षता और आघात-सहनीयता को लगातार उन्नत कर रहा है।

साइबर सुरक्षा

बैंक के पास सुनिर्धारित साइबर सुरक्षा गवर्नेंस फ्रेमवर्क सुदृढ़ता है जो प्रबंधन संरचना, नीतिगत ढांचे और परिचालनगत नियंत्रणों के संयोजन से संचालित होता है और जिसे व्यापक आईटी जोखिम प्रबंधन के लिए बैंक की व्यावसायिक रणनीतियों के साथ एकीकृत किया गया है। साइबर सुदृढ़ता प्रदान करने और उद्यम जोखिम को प्रबंधित करने के लिए बैंक, जोखिमों को कम करने हेतु अनुकूल सुरक्षा नियंत्रणों को लगातार लागू करता रहता है, जिससे साइबर हमले का जोखिम कम हो जाता है। बैंक एनआईएसटी (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, यूएसए) साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क और भारतीय रिज़र्व बैंक साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क दोनों का पालन करता है।

बैंक के परिवेश में सक्रिय खतरों की निगरानी के लिए साइबर सुरक्षा परिचालन केंद्र (सीएसओसी) द्वारा 24X7X365 आधार पर साइबर सुरक्षा की निगरानी और प्रबंधन किया जा रहा है। ग्लोबल सीएसओसी घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्रों में बैंक के सभी वर्टिकल के साथ मजबूती से जुड़ा हुआ है। यह साइबर खतरों की मॉडलिंग, पता लगाने, विश्लेषण और इसे कम करने के लिए अत्याधुनिक साइबर सुरक्षा समाधानों से युक्त है। बैंक के डेटा सेंटर और डेटा रिकवरी केंद्र आईएसओ 27001:2013 द्वारा प्रमाणित हैं।

मौजूदा जांच बिंदु और नियंत्रण के अलावा बैंक ने साइबर सुरक्षा को बढ़ाने के लिए निम्नलिखित उपाय किए हैं:

- पहले से स्थापित सुरक्षा एवं जोखिम को कम करने संबंधी नियंत्रण और प्रभावशीलता के बारे में महत्वपूर्ण और निष्पक्ष इनसाइट प्रदान करने के लिए रेगुलर रैंडम अर्ली डिटेक्शन (RED) टीम एक्सर्साइज की गयी।
- इंटरनेट आधारित जोखिमों और धोखाधड़ी से व्यवसाय और व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए एक प्रतिष्ठित बीमा प्रदाता से साइबर बीमा पॉलिसी ली गई है।
- ग्राहक जागरूकता में एसएमएस और ई-मेल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, वेबसाइट, एटीएम के माध्यम से साइबर सुरक्षा जागरूकता संदेश द्वारा ग्राहकों को साइबर सुरक्षा के बारे में शिक्षित करना शामिल हैं।
- डेटा लीक रोकथाम (डीएलपी) यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी गोपनीय जानकारी बैंक नेटवर्क से बाहर नहीं जा रही है। डेटा लीक रोकथाम ऐप्लिकेशन की निगरानी, ई-मेल की निगरानी, मालवेयर सुरक्षा और उपयोगकर्ता एक्सेस नियंत्रण में मदद कर रही है।
- नेटवर्क एक्सेस नियंत्रण (एनएसी) संगणक संसाधनों तक प्रतिबंधित एक्सेस प्रदान करने में बैंक की सहायता कर रहा है। इससे दृश्यता, एक्सेस नियंत्रण और अनुपालन सुनिश्चित होता है, जो नेटवर्क सुरक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए आवश्यक हैं।
- एंटी-फ़िशिंग, एक्सटर्नल अटैक सरफेस मैनेजमेंट (**ईएएसएम**) और डिजिटल जोखिम निगरानी (**डीआरएम**) सेवाएं।

विपणन

बैंक इलेक्ट्रॉनिक (टीवी, सिनेमा, रेडियो आदि), प्रिंट, ओओएच, डिजिटल और कार्यक्रमों के माध्यम से अपने ग्राहकों तक पहुंचने के लिए सभी मीडिया स्पेक्ट्रम पर अपनी प्रभावी उपस्थिति बनाए हुए है। वर्ष के दौरान, बैंक ने अपने उत्पाद संबंधी अभियानों जैसे गृह ऋण, कार ऋण, एमएसएमई ऋण, बॉब ब्रो बचत खाता, चालू खाता आदि की सुविधा उपलब्ध कराकर इसे लगातार लोकप्रिय बनाया है। बैंक ने एसएलबीसी राज्यों (गुजरात, यूपी और राजस्थान) पर विशेष ध्यान देते हुए अखिल भारतीय स्तर पर निर्धारित महीने (जुलाई, 2023) के दौरान 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाया।

बैंक सर्वश्रेष्ठ एथलीटों और खिलाड़ियों के साथ हमेशा जुड़ता रहा है और उन्हें ब्रांड एंडोर्सर बनाता है एवं उनके खेल करियर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एंडोर्सर्स का बेहतर उपयोग करने और प्रभावी रूप से हमारे लक्षित सेगमेंट मिलेनियल्स और खेल प्रेमी युवाओं तक पहुंच स्थापित करने हेतु बैंक ने विभिन्न उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न फोटोशूट आयोजित किए। बैंक ने संबंधित उत्पादों पर टेलीविज़न वीडियो कमर्शियल संग्रहित और तैयार किए हैं जिसके माध्यम से ब्रांड की दृश्यता और प्रतिष्ठा में अत्यधिक बढ़ोत्तरी हुई है। इसके अलावा इन एंडोर्सर्स ने 2024 के दौरान बीडबल्यूएफ टूर्नामेंट के दौरान बैंक की ब्रांडेड जर्सी का भी इस्तेमाल किया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा अपने विभिन्न उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से हमेशा महिला सशक्तिकरण का प्रबल समर्थक रहा है। इसके अलावा, बैंक हमेशा खेलों में महिलाओं के लिए एक सुदृढ़ आधारभूमि उपलब्ध कराता रहा है,जैसे कि जानी-मानी खिलाड़ी सुश्री पी वी सिंधु के मामले में, जो बैंक के ब्रांड एंडोर्सर के रूप में हमसे जुड़ी हुई हैं। अपनी ब्रांड एंडोर्सर सुश्री शैफाली वर्मा और सुश्री पी वी सिंधु के साथ अपने जुड़ाव को और अधिक गहन करने के

लिए बैंक ने त्यौहार के दौरान ब्रांड जागरूकता और व्यवसाय को बढ़ाने और अंचलों और क्षेत्रों को व्यवसाय जुटाने के लिए विभिन्न उत्पादों और पेशकशों को बढ़ावा देने में सक्षम बनाने के लिए विभिन्न टीवी मीडिया अभियान बॉब के संग, त्यौहार की उमंग, 'बॉब ब्रो' एवं चौथी तिमाही में 'भरोसा मतलब बैंक ऑफ़ बड़ौदा' चलाए हैं।

बैंक ने स्थापना दिवस 2023 के अवसर पर "बॉब अर्थ" की शुरुआत के माध्यम से संवहनीयता की अवधारणा के क्षेत्र में प्रवेश किया, जिसमें बैंक की सभी हरित पहलों को "बॉब अर्थ" पहल के तहत शामिल किया गया है। बैंक ने हंगामा चैनल के सहयोग से बॉलीवुड हंगामा ओटीटी इंडिया फेस्ट में बैंकिंग पार्टनर के रूप में भागीदारी की जिसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और ऑन-ग्राउंड इवेंट में उपस्थिति के साथ बॉलीवुड हस्तियों की भी अधिक संख्या में सहभागिता रही और दुनिया भर के युवा दर्शकों ने इसे फॉलो किया। बैंक ने व्यवसाय और दृश्यता बढ़ाने के लिए बड़ौदा रेडिएंस और धन संपदा प्रबंधन उत्पादों को बढ़ावा दिया।

बैंक ने आईआईटी-बॉम्बे के सांस्कृतिक उत्सव- मूड इंडिगो में भाग लिया। यह एशिया का सबसे बड़ा कॉलेज स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव है जिसमें लगभग 146000 से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी रही। इस अनूठी भागीदारी ने डिजिटल और ऑन-ग्राउंड दोनों चैनलों पर बैंक का प्रचार किया है जिसके परिणामस्वरूप ब्रांड दृश्यता बढ़ाने के साथ ही व्यवसाय सृजन हुआ तथा 3000 से अधिक लीड जेनरेट हुए।

बीएफएसआई सेक्टर के तहत सरकारी और निजी मंचों में तथा सीआईआई, एफआईबीएसी, ग्लोपैक आदि के माध्यम से कॉर्पोरेट कार्यक्रमों में बैंक की भागीदारी।

मुंबई में बॉलीवुड म्यूज़िक प्रोजेक्ट, जयपुर में रामबाग गोल्फ क्लब, पुणे में लिटरेचर फेस्ट आदि जैसे अन्य कार्यक्रमों में भागीदारी संगीत, खेल और साहित्य के क्षेत्रों में रुचि रखने वाले विशिष्ट दर्शकों को आकर्षित करने के लिए की गई। बैंक अपनी विभिन्न बैंकिंग और गैर-बैंकिंग पहलों के माध्यम से देश के युवाओं का निरंतर समर्थन करता है। इन मिलेनियल्स और खेल प्रेमी युवाओं तक पहुंचने के लिए बैंक ने पुरुषों की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023, आईसीसी पुरुष विश्व कप 2023 और भारत-ऑस्ट्रेलिया टी20 क्रिकेट श्रृंखला के दौरान टेलीविजन अभियान शुरू किए।

इसके अलावा, पूरे भारत में बड़े पैमाने पर और छोटे स्वरूप में विभिन्न कार्यक्रमों जैसे गणेशोत्सोव, दुर्गा पूजा और मिर्ची रॉक एवं ढोल गरबा के प्रायोजक के रूप में बैंक विविध दर्शकों के साथ जुड़ने और व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करता है। विभिन्न बीटीएल गतिविधियों जैसे कि लालबागचा राजा के प्रमुख स्थानों पर बैंक के विभिन्न उत्पादों की ब्रांडिंग के माध्यम से त्यौहारी अभियान का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया गया।

रेडियो स्टेशन (बिग एफएम-मैसर्स रिलायंस ब्रॉडकास्ट नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड) द्वारा प्रतिष्ठित शो 'अंताक्षरी' के दौरान बैंक के गृह एवं कार ऋण उत्पादों, रेडियंस, आस्क एडीआई (Ask Adi) आदि का अभिनव तरीके से प्रचार-प्रसार किया गया। दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता एवं प्रस्तुतकर्ता करता अन्नू कपूर एक महत्वपूर्ण शख्शियत हैं जिन्होंने अंताक्षरी के गेम शो को सबसे यादगार और प्रतिष्ठित बना दिया है। बैंक इस लोकप्रिय रेडियो शो को पसंद करने वाले परिवारिक श्रोताओं से जुड़ने और उन तक पहुंच बढ़ाने के लिए इस शो के साथ जुड़ा है।

डिजिटल मोर्चे पर, बैंक ने गृह ऋण, कार ऋण, वैयक्तिक ऋण, एमएसएमई, मुद्रा ऋण आदि के लिए शुरू की गई डिजिटल यात्रा का लाभ उठाकर इससे व्यवसाय बढ़ाने के लिए अपने डिजिटल मार्केटिंग प्रयासों को मजबूत किया। गृह, कार, वैयक्तिक और एमएसएमई ऋण जैसे विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं के बारे में जागरूकता फैलाने और व्यवसाय संवर्धन के लिए 35 से भी अधिक अभियान चलाए गए। डिजिटल पेड मार्केटिंग गतिविधियों के माध्यम से लगभग 5.85 लाख से अधिक लीड जनरेट की गईं जिनमें ₹1083 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई।

इसके अलावा बैंक ने अपनी प्रभावी सोशल मीडिया कार्यनीति को जारी रखा, पूरे वर्ष अपने उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देते हुए अपनी डिजिटल उपस्थिति को मजबूत किया। बैंक ने मार्च, 2024 तक सभी प्लेटफार्मों पर 7.2 मिलियन फॉलोअर्स की उपलब्धि हासिल की।

महिलाओं को जागरूक एवं सक्रिय और सशक्त बनाने तथा लैंगिक समानता आदि को बढ़ावा देने के लिए बैंक कई सोशल मीडिया अभियान चलाता रहा है। अपने प्रयासों को जारी रखते हुए डिजिटल आईपी #SaluteHerShakti का चौथा संस्करण, जिसमें बैंक ने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को आगे लाने और पीवी सिंधु और शैफाली वर्मा से मिलने के लिए एक मंच प्रदान किया।

पूरे वर्ष भर बैंक की सोशल मीडिया रणनीति ने विभिन्न उत्पादों और सेवाओं की विभिन्न सुविधाओं और पेशकशों को प्रभावी ढंग से प्रचारित किया। खासकर त्योहारी मौसम में खूब प्रचार-प्रसार किया गया।

बैंक की सोशल मीडिया उपस्थिति का विविरण नीचे दिया गया है:

सोशल मीडिया चैनल	31 मार्च 2024 तक के आंकड़े (लाइक्स/फॉलोअर्स की संख्या)
फ़ेसबुक फॉलोअर्स	40.26 लाख +
ट्विटर फॉलोअर्स	10.76 लाख +
यू ट्यूब सब्सक्राइबर	6.2 लाख +
लिंक्डइन फॉलोअर्स	3.3 लाख +
इंस्टाग्राम फॉलोअर्स	10.42 लाख +
क्वोरा व्यू (1 जनवरी 2022 को शुरूआत हुई)	4.87 लाख+

जहां तक वेबसाइट की बात है बैंक ने केंद्रीयकरण परियोजना के तहत घरेलू कॉर्पोरेट वेबसाइट, अंतर्राष्ट्रीय टेरिटरी/सहायक अनुषंगियों की वेबसाइटों और बॉब वर्ल्ड वेबसाइट सहित अपनी सभी 19 वेबसाइटों को नया स्वरूप दिया और केंद्रीकृत किया है। वित्त वर्ष 2023-24 में वेबसाइट में कुल 86.50 मिलियन सेशन रहे और कुल 37.95 मिलियन उपयोगकर्ताओं ने वेबसाइट को देखा, कुल सेशनों में से 70% ट्रैफिक आर्गेनिक स्रोतों से आ रहा है।

वेबसाइट की उन्नत सुविधाओं और कार्यात्मकताओं में अब निम्नलिखित सुविधाएं शामिल हैं:

- बेहतर वाइस सर्च के साथ मजबूत सर्च सुविधा
- आधिकारिक ब्लॉग, लीड मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) और परिष्कृत कैलकुलेटर
- बहुभाषी क्षमताएं उन्नत फ़िल्टर
- डब्लूसीएजी 2.0, जीडीपीआर अनुपालन, कुक्स प्रबंधन क्षमताएं
- एक्सलेरेटिंग डिजिटल ग्रोथ
- रेगुलराइज्ड सर्च इंजन
- डेटा एकत्र करने, विश्लेषण और ट्रैकिंग एवं कनवर्जन के साथ कार्रवाई में सहायक डिजिटल मार्केटिंग इकोसिस्टम हेतु सभी वेबसाइट विश्लेषण सेटअप के लिए इष्टत्तम उपयोग (एसईओ)
- सर्वोत्तम एसईओ प्रक्रियाओं को लागू करके पेज के लोड होने के समय में सुधार करना

वेबसाइट कार्य-निष्पादन की मुख्य विशेषताएं:

वित्तीय वर्ष 2024 में समग्र ट्रैफ़िक 17% की वृद्धि

वित्तीय वर्ष 2024 में ऑर्गेनिक ट्रैफिक 19% सुधार

मार्च, 2024 के महीने में ऑर्गेनिक ट्रैफिक का उच्चतम स्तर प्राप्त किया गया, जो कुल 6.1 मिलियन था।

1733 कीवर्ड के साथ पहले पेज पर स्थिति सुरक्षित

ब्लॉग ऑर्गेनिक सेशन में 83% का सुधार

50 से अधिक ब्लॉग जीरो पोजिशन स्थिति में दिखाई दे रहे हैं (फ़ीचर स्निपेट)

15 से अधिक ब्लॉग गूगल सर्च जनरेटिव अनुभव (एसजीई) में प्रदर्शित हैं।

हाइपरलोकल प्रोजेक्ट (लोकेशन प्रबंधन):

नवंबर 2023 में, लोकेशन प्रबंधन (हाइपरलोकल) के हिस्से के रूप में शाखाओं और कार्यालयों के लिए 8,500 से अधिक वेबपेज बनाए गए और साथ ही साथ लॉन्च किए गए।

हाइपरलोकल ब्रांच पेज की शुरुआत के बाद, ट्रैफ़िक में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो अक्तूबर, 2023 में 19,868 विजिटर से बढ़कर मार्च, 2024 में 380,000 विजिटर हो गई है।

लोकेटर पेजों में माह-दर-माह ट्रैफ़िक वृद्धि:

माह	नवंबर-23	दिसंबर-23	जनवरी-24	फरवरी-24	मार्च-24
सेशन	43,299	1,42,736	2,33,679	2,98,466	3,86,626

जनसंपर्क की बात करें तो इसका उद्देश्य बैंक ऑफ़ बड़ौदा ब्रांड को बढ़ावा देना, इसकी ब्रांड प्रतिष्ठा का संरक्षण करना और इसे सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में भारत के शीर्ष 5 बैंकों में शामिल करना, बैंक के वित्तीय कार्यनिष्पादन को रेखांकित करना, बैंक में ट्रासफॉमैशन के साथ-साथ अन्य प्रमुख घोषणाओं और पहलों को संप्रेषित करना था। वित्त वर्ष 2024 में, बैंक ने भारतीय स्टेट बैंक के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के बीच मीडिया शेयर ऑफ वॉयस में #2 रैंक के साथ शीर्ष बैंकों में अपने स्थान को मजबूत किया।

बैंक ने नए युग की डिजिटल मार्केटिंग का लाभ उठाना एवं भौतिक तथा डिजिटल मार्केटिंग के बीच संतुलन बनाए रखना जारी रखा है, इसका उद्देश्य एक ऐसे महत्वाकांक्षी ब्रांड के रूप में स्वयं को स्थापित करना है जो उपयुक्त सामग्री प्रदान करते हुए डिजिटल दर्शकों को जोड़ता है, सशक्त बनाता है एवं शिक्षित करता है तथा सतत विश्लेषण, आकलन और अनुभव, प्रतिक्रिया और क्षमताओं में सुधार कर बैंकिंग जरूरतों को पूरा करता है।

कॉर्पोरेट नैतिकता

नैतिक आचरण संहिता देश में किसी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के लिए एक ऐतिहासिक पहल है। हमें नैतिक आचरण संहिता को अपनाने तथा संगठन में नैतिक समस्याओं और मुद्दों को संभालने के लिए एक संस्थागत तंत्र तैयार करने में अग्रणी होने पर गर्व है। नैतिक आचरण संहिता को दुनिया भर के समकक्ष संगठनों के साथ बेंचमार्क किया गया है और इस संस्कृति के अंतिम वाहक और संचालक के रूप में कर्मचारियों को इसके केंद्र में रखते हुए इसे हितधारक-केंद्रित दृष्टिकोण के आधार पर तैयार किया गया है। नैतिक आचरण संहिता का हमारे बुनियादी मूल्यों के साथ गहरा संबंध है और यह संहिता हमारे सहकर्मियों और हितधारकों के साथ हमारे व्यवहार तथा हमारे साथ काम करने वालों से हमारी अपेक्षाओं के लिए एक मार्गदर्शी फ्रेमवर्क स्थापित करती है। यह संहिता बैंक और इसके कर्मचारियों के समक्ष आने वाली चुनौतियों को दूर करती है और साइबर सुरक्षा एवं जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में उभरते महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान करते समय उनकी जिम्मेदारियों को रेखांकित करती है।

बदलते समय के साथ बैंकिंग उद्योग ने बहुत सी चुनौतियों का सामना किया है, लेकिन इसके बावजूद भी नैतिकता और विश्वास हमेशा बैंकिंग उद्योग के केंद्र में रहा है। यह संहिता हमें सही करने के लिए शक्ति प्रदान करती है और यह हमारे बैंक के ब्रांड और प्रतिष्ठा को बढ़ाने में भी सहायक होगी। बैंक के शीर्ष कार्यपालक विभिन्न कर्मचारी जुड़ाव कार्यक्रमों के माध्यम से संहिता को लागू करने में समर्थन कर रहे हैं।

पूरे वर्ष शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और नैतिकता के मूल्यांकन के लिए मैट्रिक्स तैयार करने के अलावा, हमारी नैतिकता संबंधी योजनाओं की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए सबसे शक्तिशाली रणनीतियों में से एक संप्रेषण के प्रभावी चैनल विकसित करना है और इस प्रयास की दिशा में नैतिक आचरण संहिता के अनुरूप "स्पीक अप" पहल की शुरूआत की गई जो अनैतिक प्रक्रियाओं के विरुद्ध शिकायतों और मामलों को दर्ज करने के लिए बैंक में उपलब्ध चैनलों पर प्रकाश डालती है। इसके अलावा, कर्मचारियों के रचनात्मक योगदान को संकलित कर एक त्रैमासिक इन-हाउस पत्रिका-बड़ौदा संस्कृति की शुरुआत की गयी। नैतिक आचरण संहिता से नियमित स्निपेट, प्रश्नोत्तरी, प्रतियोगिताओं, सीओई पर द्विभाषी ऑडियो बुक और अन्य डिजिटल संप्रेषणों जैसे नैतिक दुविधाओं पर आधारित वीडियो-नैतिक सीरिज भी नैतिकता के संबंध में बेहतर जागरूकता सुनिश्चित करती हैं। वर्ष के दौरान उच्च जोखिम वाली शाखाओं में डाउनग्रेड की गई शाखाओं के लिए कॉर्पोरेट आचरण पर केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया था। बैंक के नैतिकता एजेंडा -05- के भाग के रूप में - प्रत्येक अंचल

क्लस्टर - उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम और मध्य के लिए जून, 2023 में फील्ड स्तर के एथिक्स काउंसलर नियुक्त किए गए थे, जो फील्ड स्तर पर कॉर्पोरेट नैतिकता संदेश को प्रसारित करने में मदद करेंगे और नैतिक दुविधाओं/मुद्दों के मामले में कर्मचारियों का मार्गदर्शन करेंगे। बैंक ने बैंक के स्थापना दिवस 2023 के अवसर पर "लिविंग द वैल्यूज" - वॉल्यूम 1 ई-बुकलेट लॉन्च की है। यह ज्लिविंग द वैल्यूजट श्रृंखला के तहत अपनी तरह की अनूठी पहल है, जिसमें हमारे बड़ोदियन साथियों की प्रेरक लघु कथाएं शामिल हैं जो कार्य व्यवहार में हमारे बुनियादी मूल्यों का उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। इन कहानियों को हमारे प्रत्येक बुनियादी मूल्यों जैसे सत्यनिष्ठा, ग्राहक केंद्रियता, साहस, उत्साहपूर्ण स्वामित्व, नवोन्मेषिता और उत्कृष्टता के तहत वर्गीकृत किया गया है।

सभी कर्मचारियों के लिए नैतिकता से संबंधित वेबिनार, विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम और अनिवार्य ई-लर्निंग पाठ्यक्रम यह सुनिश्चित करते हैं कि नैतिकता संहिता सभी कर्मचारियों तक प्रसारित हो और हमारे बैंक में नैतिकता एवं पारदर्शिता की संस्कृति सुदृढ़ हो।

एक ऐसी कॉर्पोरेट संस्कृति, जो कर्मचारियों को नैतिक रूप से व्यवहार करने और अनैतिक व्यवहारों के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित करती है, विकसित कर हम आशा करते हैं कि हमारा संगठन एक ऐसा सशक्त माहौल प्रदान करने, सोशल एंड गवर्नेंस (ईएसजी) अपनाने में सक्षम होगा जिसमें अपने सभी हितधारकों के हितों का ध्यान रखा जा सकेगा।

ग्राहक सेवा

बैंक लगातार उद्योग बेंचमार्क निर्धारित करने और उत्पाद, प्रक्रिया तथा सेवाएं उपलब्ध कराने संबंधी नवोन्मेषी प्रयासों में अग्रणी रहता है जो अपने ग्राहकों को निर्बाध अनुभव प्रदान करने के लिए अनिवार्य है। सभी चैनलों पर 15 भाषाओं और सभी संभावित मोड जैसे वॉयस (आईवीआर / वॉयस बॉट / एजेंट), वीडियो कॉल, वेब चैट, ईमेल के माध्यम से ग्राहकों से संवाद की लगातार निगरानी की जाती है और घर बैठे बैंकिंग सुविधा को आसान बनाने के लिए चैनल की क्षमताओं (सुविधाओं और उपयोगकर्ता अनुभव) को संवर्द्धित किया गया है। बैंक ने दक्षता के साथ ग्राहकों की संतुष्टि में सुधार के लिए समय-समय पर एआई और जनरेटिव एआई आधारित सुविधाओं को शामिल करना सुनिश्चित किया है। हिंदी और अंग्रेजी के अलावा, भाषा की उपलब्धता को बढ़ाकर नौ क्षेत्रीय भाषाओं में कर दिया गया है।

संपर्क केंद्र की विशेषताएं :

1. संपर्क केंद्र में वर्ष के दौरान प्रति दिन 1.43 लाख से अधिक औसत इनबाउंड ग्राहक कॉल प्राप्त हुए और आईवीआर के माध्यम से प्रतिदिन 1.13 लाख से अधिक कॉल का जवाब दिया गया।
2. बिक्री और सर्वेक्षण के लिए प्रति दिन औसतन 1.16 लाख से अधिक आउटबाउंड कॉल।
3. बैंक आईवीआर पर लगभग 78% कॉल का जवाब दे रहा है जो बैंकिंग उद्योग में सबसे अधिक है।
4. संपर्क केंद्र ने 6 विदेशी क्षेत्रों अर्थात् बोत्सवाना, मॉरीशस, युगांडा, ओमान, फिजी और सेशेल्स को आपातकालीन सेवाएं प्रदान कीं।
5. संपर्क केंद्र द्वारा 24*7 एफआरएमएस अलर्ट की समीक्षा की गई और चैनलों को तत्काल ब्लॉक करके ग्राहकों की 2000 करोड़ से अधिक की धनराशि धोखाधड़ी से बचाई गई।
6. आईएन14सी के अंतर्गत बैंक ने 1.56 लाख अलर्ट का जवाब दिया है और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सबसे अधिक ग्राहकों की धनराशि को बचाया है।
7. संपर्क केंद्र ने कई नई सुविधाओं की शुरुआत की है जैसे- कॉल बैक, जन्मदिन की शुभकामनाएं।
8. एनआरआई/एचएनआई, बॉब वर्ल्ड इंटरनेट और बॉब वर्ल्ड मोबाइल बैंकिंग से संबंधित समस्याओं, शिकायतों, पीएमजेडीवाई को विशेष रूप से सहयोग देने के लिए संपर्क केंद्र में विभिन्न विशेष सहायता केंद्रों की स्थापना।
9. संपर्क केंद्र, एजेंटों के माध्यम से 24*7 आधार पर 24 आईवीआर सेवाएं और 26 अन्य सेवाएं प्रदान कर रहा है।
10. बैंकिंग उद्योग में ग्राहकों के लिए लाइव वीडियो कॉल और लाइव वेब चैट की सुविधा शुरू करने वाला यह पहला संपर्क केंद्र है।
11. अब संपर्क केंद्र में एआई-आधारित कई तकनीक जैसे स्पीच एनालिटिक्स, सोशल मीडिया टूल्स, स्वचालित ई-मेल टूल, जीनी प्रशिक्षण टूल, ऑरा कॉल क्वालिटी टूल, पॉवर बीआई स्मार्ट डैशबोर्ड और कई अन्य तकनीक उपलब्ध हैं।

वित्त वर्ष 2024 के दौरान, बैंक ने शिकायतों को प्रबंधित करने के लिए दूरस्थ चैनलों के उपयोग में महत्वपूर्ण प्रगति की है। लगभग 94.7% शिकायतों का निपटान पूर्व-निर्धारित टर्न अराउंड टाइम के भीतर किया गया। बैंक ने न केवल शिकायत समाधान के मात्रात्मक कार्यनिष्पादन संकेतकों को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है, बल्कि ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए समाधान की गुणवत्ता में भी सुधार किया है। शाखाओं के नेटवर्क में सेवा स्तर की निगरानी मिस्ट्री शॉपिंग/ सेवा लेखापरीक्षा और कार्यशालाओं के माध्यम से की जाती है। बैंक में ग्राहकों की शिकायतों के लिए महाप्रबंधक, परिचालन एवं सेवाएं को प्रधान नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। इसके अलावा, सभी अंचल प्रमुखों और क्षेत्रीय प्रमुखों को उनके संबंधित अंचलों एवं क्षेत्रों के लिए नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। साथ ही, संबंधित नोडल अधिकारियों के नाम और उनके संपर्क नंबर बैंक की सभी शाखाओं में प्रदर्शित किए जाते हैं। बैंक ने ग्राहकों को उनकी शिकायतों के निस्तारण हेतु एक आंतरिक लोकपाल फोरम उपलब्ध कराया है, जहां वे भारतीय रिज़र्व बैंक लोकपाल से पहले संपर्क कर सकते हैं। ऐसी सभी शिकायतें जो बैंक द्वारा अस्वीकृत या आंशिक रूप से स्वीकार की जाती हैं, उन्हें समीक्षा के लिए आंतरिक लोकपाल के पास अग्रेषित की जाती है। इससे बैंक की प्रणालियों के प्रति ग्राहकों का विश्वास और सुदृढ़ होता है तथा शिकायत समाधान की प्रक्रिया में तेजी आती है जिससे यह और भी अधिक पारदर्शी हो जाता है।

विभिन्न उत्पादों, सेवाओं और नीतियों में पारदर्शिता को बनाए रखते हुए निष्पक्ष बैंकिंग प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्राहकों और एमएसएमई

के लिए बैंक की प्रतिबद्धता संहिता, नागरिक चार्टर, शिकायत निवारण नीति और भारतीय रिज़र्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना को बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। निदेशक मंडल स्तर पर, ग्राहक सेवा बोर्ड की उप समिति ग्राहक सेवा की गुणवत्ता को निरंतर बेहतर बनाने के उद्देश्य से नीतियों के निर्माण और इसके अनुपालन के मूल्यांकन से संबंधित मुद्दों पर ध्यान देती है।

बैंक का चैटबॉट "ADI" पहले से ही बैंक की वेबसाइट पर सेवा दे रहा है। ADI ग्राहकों को वेबसाइट के विभिन्न पृष्ठों के माध्यम से नेविगेट करने में मदद करता है और ग्राहकों को एक संवादात्मक अनुभव प्रदान करता है । हमारे ग्राहकों के प्रश्नों का त्वरित जवाब देना, चैट करने की सुविधा, 24x7 उपलब्धता, डिजिटल सहायता और एक निर्बाध चैटिंग अनुभव आदि "ADI" की कुछ विशेषताएं हैं । बैंक ने आउटबाउंड सेल्स कॉल हेतु ट्रू कॉलर सर्विसेज के साथ भी करार किया है । इसका मतलब है कि जब भी कोई कॉल बैंक के प्राधिकृत फोन नंबर से किया जाता है तो बैंक का लोगो और एक ब्लू टिक ग्राहकों को उनके फोन स्क्रीन पर दिखाई देगा, इस प्रकार ग्राहकों को आश्वासन दिया जाता है कि यह कॉल वास्तविक है। इससे ग्राहकों को धोखाधड़ी का शिकार होने से भी बचाया जा सकेगा।

बैंक ने अपना टोल फ्री नंबर भी बदल दिया है। अब यह पहले की 11 अंकों की संख्या के बजाय 8 अंकों की संख्या है। यह तब किया गया जब यह पता चला कि जालसाज बैंक के टोल-फ्री नंबर के समान नंबर प्राप्त करते हैं और बैंक अधिकारी होने का ढोंग करके ग्राहकों को ठगने की कोशिश करते हैं। यह हमारे ग्राहकों को विशिंग से बचाने के लिए किया गया है।

ग्राहक शिकायत पर कार्रवाई

ग्राहक बैंक की वेबसाइट पर जाकर और उपयुक्त लिंक पर क्लिक करके बहुत आसानी से सीधे बैंक में अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं । वैकल्पिक रूप से, ग्राहक टोल-फ्री नंबर पर भी कॉल कर सकते हैं और बैंक के सीआरएम पोर्टल पर अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं । ग्राहकों के लिए शाखाओं और अन्य कार्यालयों में किसी भी माध्यम से अपनी शिकायतें भेजने का विकल्प भी उपलब्ध है । सभी शिकायतें सीआरएम पोर्टल में दर्ज की जाती हैं । शिकायतें, शिकायत दर्ज करते समय चुनी गई शिकायत की श्रेणी के आधार पर स्वचालित रूप से संबंधित समाधानकर्ता को भेज दी जाती हैं ।

विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार, ग्राहकों में उनकी शिकायतों के समाधान के संबंध में विश्वास जगाने के लिए बैंक में एक आंतरिक लोकपाल तंत्र भी उपलब्ध है ।

ऑनलाइन लेन-देन संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए बैंक ने एक ऑनलाइन विवाद निवारण (ओडीआर) तंत्र भी लागू किया है । साथ ही, संपर्क केंद्र में इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम (आईवीआर) के माध्यम से बड़ौदा कनेक्ट सुविधा की ब्लॉकिंग प्रदान की जाती है।

बैंक, ग्राहकों को दिए जा रहे समाधान की गुणवत्ता की निगरानी के लिए 100% गैर-एडीसी शिकायतों और 5-10% एडीसी शिकायतों की गुणवत्ता की जांच करता है । गुणवत्ता जांच के परिणाम संबंधित समाधानकर्त्ता समूह के साथ साझा किए जाते हैं । गुणवत्ता जॉच की प्रक्रिया को और अधिक कुशल तथा कम श्रमसाध्य बनाने के लिए बैंक ने आईआईटी- बॉम्बे के सहयोग से एक AI टूल विकसित किया है जो समाधान की गुणवत्ता का आकलन करेगा, इस प्रकार अपेक्षित समय और मानव बल में भी कमी आएगी ।

शाखा नेटवर्क

31 मार्च, 2024 को बैंक का शाखा नेटवर्क निम्नानुसार है:

घरेलू शाखाएं	वित्त वर्ष 2023		वित्त वर्ष 2024	
	शाखाओं की संख्या	कुल में % हिस्सा	शाखाओं की संख्या	कुल में % हिस्सा
मेट्रो	1,787	21.79	1,789	21.70
शहरी	1,471	17.94	1,488	18.05
अर्द्ध-शहरी	2,075	25.31	2,094	25.41
ग्रामीण	2,867	34.96	2,872	34.84
कुल	8,200	100.00	8,243	100.00
विदेशी शाखाएं / कार्यालय (विदेशी अनुषंगियों की शाखाओं सहित)	93		91	

वित्त वर्ष 2024 के दौरान बैंक ने 61 नई घरेलू शाखाएं खोली और 18 शाखाओं को मौजूदा शाखाओं के साथ विलय किया।

करेंसी चेस्ट

दिनांक 31 मार्च, 2024 को करेंसी चेस्ट की संख्या 138 रही। ये चेस्ट बैंक में प्रभावी नकदी प्रबंधन के साथ-साथ भारतीय रिज़र्व बैंक की ओर से नकदी को तिजोरी में रखने में सहयोग प्रदान करते हैं । भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप सभी करेंसी चेस्टों के साथ-साथ शाखाओं को भी नोट सॉर्टिंग मशीन (एनएसएम) उपलब्ध करवाई गई है ।

जोखिम गवर्नेंस एवं आंतरिक नियंत्रण

जोखिम पर अधिक ध्यान केंद्रित और गवर्नेंस फ्रेमवर्क का समर्थन के तहत जोखिम की पहचान करने, इसकी निगरानी करने एवं जोखिम से निपटने और उसका प्रबंध करने हेतु बैंक के स्तर पर विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण करना शामिल है, प्राय: जिसका उल्लेख "बचाव के तीन स्तर" के रूप में किया जाता है, इन तीनों स्तरों में से प्रत्येक की महत्वपूर्ण भूमिका है जो कि निम्नानुसार है :

i. बचाव का प्रथम स्तर - इसमें बैंक के व्यवसाय वर्टिकल और परिचालन इकाइयों का समावेश है क्योंकि उन्हें जोखिम का प्रभावी प्रबंधन एवं विनियमों, बैंक की पॉलिसियों और दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना है ।

ii. बचाव का दूसरा स्तर - इसमें जोखिम नियंत्रण के स्वामियों, जोखिम प्रबंधन कार्यों एवं अनुपालन कार्यों का समावेश है । यह बचाव के प्रथम स्तर से स्वतंत्र रूप से इंटरप्राइज़ आधार पर जोखिम की पहचान, आकलन, निगरानी एवं रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार है ।

iii. बचाव का तीसरा स्तर - यह आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग द्वारा आंतरिक जोखिम आधारित और अन्य लेखापरीक्षा के माध्यम से उपलब्ध कराया गया स्वतंत्र आश्वासन है। इसकी समीक्षा निदेशक मंडल को यह

आश्वासन देती है कि जोखिम गवर्नेन्स फ्रेमवर्क सहित समग्र गवर्नेंस फ्रेमवर्क प्रभावी है और पॉलिसियां और प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं तथा उन्हें निरंतर लागू किया जाता है। लेखापरीक्षा कार्य की भूमिका सुपरिभाषित है और निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति द्वारा इसका पर्यवेक्षण किया जाता है ।

जोखिम प्रबंधन एवं अनुपालन

जोखिम, बैंकिंग व्यवसाय का एक अविभाज्य अंग है और बैंक का लक्ष्य जोखिम और प्रतिलाभ के बीच एक उचित संतुलन स्थापित करना है । सतत एवं निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए, बैंक ने एक सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन ढांचा विकसित किया है ताकि बैंक द्वारा धारित जोखिमों का सही मूल्यांकन और निगरानी की जा सके । बैंक, निर्धारित जोखिम क्षमता सीमा और बैंक के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अंदर ही व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करता है । विभिन्न जोखिमों पर ध्यान केंद्रित करने की सुविधा हेतु निदेशक मंडल की विशेष समिति का गठन किया गया है । निदेशक मंडल ने विभिन्न प्रकार के जोखिमों की निगरानी के लिए निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंधन समिति का भी गठन किया है । इस निदेशक मंडल में उपलब्ध विशेषज्ञ जोखिम सलाहकार का सहयोग मिलता है। निदेशक मंडल अथवा निदेशक मंडल की समिति द्वारा समय - समय पर अनुमोदित नीति प्रत्येक प्रकार के जोखिम के लिए गवर्निंग फ्रेमवर्क तैयार करती है।

बासेल III फ्रेमवर्क

बैंक का जोखिम प्रबंधन ढांचा तीन बेसल स्तंभों, यानी स्तंभ I- पूंजी पर्याप्तता, स्तंभ II- पर्यवेक्षी समीक्षा और स्तंभ III-बाजार अनुशासन पर मजबूती से टिका हुआ है । बैंक सुदृढ़ पूंजी स्तर बने रहने से मजबूत हुआ है । बैंक ने अपेक्षित पूंजी संरक्षण बफर सहित सामान्य इक्विटी टीयर I, अतिरिक्त टीयर I और टीयर II पूंजी के पर्याप्त स्तर को बनाए रखा है । फ्यूचरिस्टिक कैपिटल प्रोजेक्शन यह सुनिश्चित करता है कि बैंक व्यावसायिक आवश्यकता के अनुसार बाजार से अतिरिक्त पूंजी जुटाने के लिए हमेशा तैयार है । ऋण जोखिम और पूंजी पर्याप्तता टीम द्वारा जोखिम भारित आस्तियों की स्थिति पर लगातार कड़ी निगरानी रखी जाती है । पर्याप्त पूंजी और औचित्यपूर्ण जोखिम भारित आस्तियां बैंक के लिए सुदृढ़ पूंजी-जोखिम भारित आस्ति अनुपात (सीआरएआर) सुनिश्चित करती हैं ।

बैंक के पास व्यापक आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया और दबाव परीक्षण नीति है । पूंजी पर्याप्तता का आकलन मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार पिलर 2 जोखिमों जैसे चलनिधि जोखिम, ब्याज दर जोखिम, संकेंद्रण जोखिम आदि और दबाव वाली स्थितियों (सामान्य और प्रतिकूल दोनों स्थितियों के तहत) को ध्यान में रखते हुए किया जाता है । बैंक के भीतर विभिन्न जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन और प्रबंधन के लिए उपलब्ध प्रणाली की संक्षिप्त रूपरेखा नीचे दी गई है ।

उद्यम जोखिम प्रबंधन

बैंक के व्यवसाय के विभिन्न पहलुओं के लिए सशक्त जोखिम प्रबंधन संस्कृति को बढ़ावा देने, सभी जोखिमों की जल्द पहचान, मूल्यांकन, मापन, एकत्रीकरण और प्रबंधन में मदद करने और पूंजी आबंटन की सुविधा के लिए एक व्यापक उद्यम जोखिम प्रबंधन दृष्टिकोण की आवश्यकता है। जोखिम वहन करने संबंधी विस्तृत फ्रेमवर्क के अंतर्गत सभी संभावित जोखिमों को वहन करने की सीमाएं अनुमोदित की गई हैं और इनका समुचित रूप से पालन किया जाता है। इसके अलावा, व्यावसायिक अनुमानों के अनुरूप जोखिम वहन करने की सीमाएं भी नियत की गई हैं।

बैंक ने अपने संगठन में एक मजबूत जोखिम संस्कृति स्थापित की है, जहां यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि बचाव के सभी तीनों स्तर जोखिम को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में पूर्णत: सक्षम हैं। जोखिम संस्कृति को बनाए रखने में विभिन्न हितधारकों के मध्य जोखिम संस्कृति से संबंधित भूमिकाएं और उत्तरदायित्व स्पष्ट रूप से परिभाषित किए गए हैं। निरंतर प्रशिक्षण प्रयासों के माध्यम से, बैंक के कर्मचारी सभी स्तरों पर बैंक की जोखिम वहनीय सीमाओं के अनुरूप कार्य करने और उनका पालन करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल रखते हैं। यह दूरगामी दृष्टिकोण न केवल जोखिम संबंधी जागरूकता को बढ़ाता है बल्कि समग्र रूप से जोखिम संस्कृति को भी मजबूत करते हुए एक सतर्क और जानकार कार्यबल को प्रोत्साहन देता है।

अपनी उद्यम जोखिम प्रबंधन प्रथाओं को गति प्रदान करने की अपनी मौजूदा प्रतिबद्धताओं के हिस्से के रूप में, बैंक ने उभरते जोखिमों की पहचान करने और उनके वास्तविक स्वरूप का आकलन करने के लिए एक समर्पित फ्रेमवर्क की स्थापना की है। यह फ्रेमवर्क विशेष रूप से उन सभी जोखिमों की व्यापक पहचान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो बैंक से जुड़े हुए हैं। इसके अतिरिक्त, यह उन प्रमुख जोखिमों को इंगित करते हुए उनके वास्तविक प्रभावों का आकलन करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है जो संभावित रूप से बैंक के उद्देश्यों और कार्यनीतियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं।

जलवायु जोखिम

बैंक संवहनीय व्यवसाय वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए जलवायु संबंधी जोखिमों के समाधान की आवश्यकता को समझता है और इससे उत्पन्न होने वाले प्रभावों को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। तदनुसार, बैंक ने अपनी ऋण मूल्यांकन प्रक्रियाओं में पर्यावरणीय कारकों को शामिल करके जलवायु जोखिमों को कम करने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं और पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) क्षेत्र में उभर रही चुनौतियों को देखते हुए इन्हें और मजबूत किया जा रहा है।

ग्रीन फायनेंस जैसी पहल के माध्यम से, बैंक अक्षय ऊर्जा उत्पादन, ऊर्जा दक्षता, स्वच्छ मोबिलिटी और अन्य पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं का समर्थन करने के लिए हरित और संवहनीय उत्पादों की पेशकश करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इन प्रयासों का उद्देश्य बदलते पर्यावरण के साथ-साथ बैंक की वित्तीय स्थिति को मजबूत करना है। जलवायु जोखिम को दूर करने के लिए बैंक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है।

बैंक अपने जोखिम प्रबंधन प्रथाओं को जलवायु जोखिम के अनुकूल बनाने / अपने मौजूदा जोखिम प्रबंधन प्रथाओं में जलवायु जोखिम को शामिल करने के लिए जोखिम प्रबंधन कार्य के हिस्से के रूप में एक जलवायु जोखिम एवं संवहनीयता कक्ष की स्थापना कर रहा है।

हमारे बैंक की ईएसजी जोखिम रेटिंग की समीक्षा सस्टेनेलिटिक्स द्वारा की गई है, 27 फरवरी, 2024 की अद्यतन स्थिति के अनुसार इसमें उच्च जोखिम से

मध्यम जोखिम में सुधार हुआ है और 1060 समकक्ष बैंकों में बैंक 329वीं रैंकिंग पर रहा है।

ऋण जोखिम

ऋण जोखिम का प्रबंधन निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित फ्रेमवर्क के माध्यम से किया जाता है, जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सर्वोत्तम व्यवहारों के अनुरुप नीतियां, प्रक्रियाओं तथा रिपोर्टिंग पद्धति को निर्धारित करता है। बैंक के पास क्रेडिट एक्सपोजर में जोखिम की पहचान, आकलन और नियंत्रण हेतु मजबूत ऋण मूल्यांकन एवं जोखिम प्रबंधक फ्रेमवर्क है।

बैंक उधारकर्ता-वार ऋण जोखिम के मूल्यांकन के लिए विभिन्न आंतरिक ऋण जोखिम मूल्यांकन मॉडलों एवं स्कोरकार्डों का उपयोग करता है। उधारकर्ताओं की आंतरिक क्रेडिट रेटिंग के लिए विभिन्न क्रेडिट जोखिम मॉडल आंतरिक रूप से विकसित किए गए हैं। उनकी समीक्षा बाहरी सत्यापन सहित व्यापक सत्यापन के माध्यम से की जाती है और उनका परीक्षण किया जाता है। तीन एमएसएमई स्कोर कार्ड मॉडेल को शामिल करते हुए, दक्षतापूर्ण और मजबूत डेटा प्रबंधन प्रणाली के लिए बैंक ने हाल ही में अपनी आंतरिक क्रेडिट रेटिंग प्रणाली को अपग्रेड किया है। आंतरिक रेटिंग को स्वतंत्र रेटिंग मानक प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाता है।

संवहनीय पोर्टफोलियो का निर्माण और पोर्टफोलियो संकेन्द्रण के जोखिम को कम करने के उद्देश्य से बैंक ने उद्योगों, क्षेत्रों और ऋणकर्ताओं के लिए विवेकसम्मत उच्चतम ऋण सीमाएं तय कर रखी हैं। बैंक ने विभिन्न देशों, राज्य सरकारों, समूह उधारकर्ताओं आदि के जोखिम मूल्यांकन के लिए इन-हाउस मॉडल विकसित किए हैं और जोखिम की सीमा तय की है। बेहतर जोखिम निगरानी के एक भाग के रूप में बैंक के प्रमुख एक्सपोजर, सेगमेंट, उद्योगों और सेक्टरों के लिए तिमाही आधार पर समीक्षा की जाती है। एक समर्पित टीम, पोर्टफोलियो के प्रदर्शन पर प्रभाव का आकलन करने के लिए आंतरिक और बाहरी कारकों को ट्रैक करती है और अपेक्षित कार्रवाइयों की सिफारिश करती है। बैंक, व्यापक विषयगत समीक्षा भी करता है जिसमें सेक्टर आउटलुक और अन्य घटना-विशेष के प्रभाव का अध्ययन शामिल होता हैं। बैंक ने सीआरएआर और एक्सपोजर गणना के ऑटोमेशन की पहल की है।

बेहतर ऋण संस्कृति और एक सुगठित ऋण अनुमोदन प्रक्रिया की स्थापना के लिए जोखिम मूल्यांकनकर्ताओं और व्यावसायिक कार्यों की स्वतंत्रता पर पर्याप्त ध्यान दिया जाता है।

बाज़ार जोखिम

बाजार जोखिम का अर्थ बाजार दरों या ट्रेडिंग पोर्टफोलियो के मूल्यों में प्रतिकूल परिवर्तन के कारण अर्जन या आर्थिक मूल्य के नुकसान का जोखिम है। विभिन्न बाजार उत्पादों के आर्थिक मूल्य में बदलाव के मुख्य कारकों में ब्याज की दरें, विनिमय दरें, आर्थिक विकास तथा कारोबार विश्वास में परिवर्तन शामिल हैं। बैंक ने अपने ट्रेजरी-कार्यो जिसके तहत विभिन्न बाजार जोखिम पोजिशन लिए जाते हैं, को नियंत्रित करने और उनकी निगरानी करने के लिए व्यवस्थित नीतियां बनाई हैं।

जोखिम प्रबंधन के एक भाग के रूप में मिड ऑफिस दैनिक आधार पर संशोधित अवधि, पीवी 01 और जोखिम पर मूल्य (वीएआर) के माध्यम से अपनी ट्रेडिंग बुक में ब्याज दर के जोखिम का आकलन करता है और निगरानी करता है। दैनिक आधार पर नेट ओवरनाईट ओपन पोजिशन लिमिट (एनओओपीएल), वीएआर सीमा, इंडिविजुअल गैप लिमिट (आईजीएल), एग्रीगेट गैप लिमिट्स (एजीएल) तथा टोटल एग्रीगेट गैप लिमिट (टीएजीएल) के संदर्भ में विदेशी मुद्रा जोखिम का आकलन किया जाता है और निगरानी की जाती है। इक्विटी मूल्य जोखिम का वीएआर सीमाओं और पोर्टफोलियो आकार सीमाओं के माध्यम से आकलन किया जाता है और उसकी निगरानी की जाती है। लेनदेन स्तर पर, स्टॉप हानि-सीमा और डीलर-वार सीमा निर्धारित और कार्यान्वित की गई है। मिड ऑफिस दैनिक आधार पर वीएआर नंबरों की बैक टेस्टिंग भी करता है। अपने दबाव परीक्षण फ्रेमवर्क के तहत, बैंक त्रैमासिक आधार पर अपनी व्यापारिक बही-पोर्टफोलियो और ट्रेजरी ट्रेडिंग पोर्टफोलियो के रिस्क रिटर्न का व्यापक दबाव विश्लेषण करता है. बैंक के लिए बाजार जोखिम पूंजी प्रभार की गणना मिड ऑफिस द्वारा विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप मानकीकृत अवधि दृष्टिकोण (एसडीए) के अनुसार की जाती है।

आस्ति देयता प्रबंधन

तरलता जोखिम से आशय उचित लागत पर अपेक्षित और अप्रत्याशित नकदी और संपार्श्विक दायित्वों को पूरा करने में एक असमर्थता से है। बैंक में प्रवाह दृष्टिकोण तथा स्टॉक दृष्टिकोण और भारतीय रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार अन्य विवेकपूर्ण माध्यमों से तरलता जोखिम निर्धारण किया जाता है एवं इसकी निगरानी की जाती है। बैंक ने तरलता मानकों पर बेसल III फ्रेमवर्क, तरलता कवरेज अनुपात, तरलता जोखिम मॉनीटरिंग टूल्स और एलसीआर घोषणा मानकों को कार्यान्वित कर दिया है। एलसीआर मानकों का ध्येय यह सुनिश्चित करना है कि बैंक पर्याप्त भार रहित उच्च कोटि की आस्तियां रखे जिन्हें नकदी में बदला जा सके, जो महत्वपूर्ण गंभीर लिक्विडीटी दबाव की स्थिति में 30 कैलेंडर दिनों की आवश्यकता को पूरा कर सके। बैंक हमेशा एकल के साथ-साथ समेकित आधार पर भी एलसीआर के निर्धारित स्तर से ऊपर की स्थिति पर रहा है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने 01 अक्तूबर 2021 से एनएसएफआर (निवल स्थिर निधियां अनुपात) भी लागू किया है जो लंबी अवधि में फैल्किसबिलिटी को बढ़ावा देता है जिससे बैंकों को निरंतर आधार पर अधिक स्थिर स्रोतों के साथ अपनी गतिविधियों को निधि देने की आवश्यकता होती है। एनएसएफआर यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि बैंक अपनी परिसंपत्तियों की संरचना और तुलन पत्र से इतर गतिविधियों के संबंध में एक स्थिर फंडिंग प्रोफाइल बनाए रखे। बैंक का एनएसएफआर 100% के निर्धारित स्तर से ऊपर रहा है।

बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम (आईआरआरबीबी) संवेदनशील आस्तियों और देनदारियों के बीच अंतर के कारण उत्पन्न होता है, जो बाजार में ब्याज दरों में बदलाव के साथ बैंक की इक्विटी की आय/ आर्थिक मूल्य पर काफी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। बैंकिंग बहियों में ब्याज दर जोखिम के आकलन और निगरानी के लिए बैंक जोखिम प्रबंधन माध्यमों का उपयोग करता है जैसे कि पारंपरिक अंतर विश्लेषण, जोखिम पर आय और इक्विटी की परिवर्तित अवधि 'निवल ब्याज आय (एनआईआई)' पर ब्याज दर संचलन के अल्पकालिक प्रभाव का आकलन जोखिम पर अर्जन दृष्टिकोण के माध्यम से किया जाता है, जिसमें आय वक्र जोखिम, बेसिस जोखिम और निहित ऑप्शन्स जोखिम में समानांतर परिवर्तन को ध्यान में रखा जाता है। ब्याज दर

संचलन के दीर्घकालीन प्रभाव का आकलन एवं निगरानी इक्विटी के बाज़ार मूल्य का (एमवीई) में परिवर्तन के माध्यम से की जाती है।

परिचालन जोखिम

संगठन में परिचालन जोखिम के प्रभावी प्रबंधन के लिए बैंक के पास एक सुपरिभाषित परिचालन जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क (ओआरएमएफ) और परिचालन जोखिम प्रबंधन प्रणाली (ओआरएमएस) है। ओआरएमएफ में परिचालन जोखिम, शासकीय संरचना, नीतियां, प्रक्रिया और प्रबंधन के लिए संगठनात्मक संरचना शामिल है। ओआरएमएस में बैंक द्वारा परिचालन जोखिम की पहचान, आकलन, निगरानी, नियंत्रण और इसे कम करने संबंधी प्रणालियां शामिल हैं। बैंक के पास डाटा कैप्चर करने एवं परिचालनगत जोखिम के एकीकृत प्रबंधन के लिए वेब आधारित परिचालनगत जोखिम प्रबंधन सिस्टम है। बेहतर प्रौद्योगिकी के उपयोग करने के हमारे प्रयासों के तहत परिचालनगत जोखिम अनुपालन एवं गवर्नेंस को लागू करने के लिए हमारे बैंक ने वेब आधारित परिचालनगत जोखिम प्रबंधन सिस्टम को प्राप्त किया है। मुख्य जोखिम संकेतक प्रोग्राम (केआरआई), रिस्क कंट्रोल एंड सेल्फ असेसमेंट प्रोग्राम (आरसीएसए) की निगरानी और मूल कारण विश्लेषण ने नियंत्रण वातावरण को और मजबूत किया है। बैंक ने परिचालन जोखिम प्रबंधन के हिस्से के रूप में आंतरिक डेटा क्षति का भंडार बनाया है। बदलते व्यवसायी माहौल में उत्पादों और प्रक्रियाओं की निरंतर समीक्षा जोखिम संस्कृति को और मजबूत बनाती है। कर्मचारियों के बीच जोखिम संस्कृति, मूल्यों, विश्वासों, ज्ञान, दृष्टिकोण और जोखिम के बारे में समझ को विकसित करने के प्रयास किए जाते हैं। इसे सुनिश्चित करने के लिए ईमेल, वर्कशॉप, वेबिनार, मीटिंग, फ़्लायर, मैगज़ीन, ई-लर्निंग मॉड्यूल आदि के माध्यम से कर्मचारियों में जागरूकता पैदा करने के लिए अभियान चलाए जाते हैं। इसके अलावा, सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के समुचित उपयोग के माध्यम से, धोखाधड़ी की प्रचलित घटनाओं के बारे में ग्राहक जागरूकता बढ़ाने के लिए पहलें की गई हैं। साथ ही, ऐसी धोखाधड़ी वाली संदेहास्पद गतिविधियों की रोकथाम के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है।

व्यवसाय निरंतरता कार्यक्रम

व्यवधानों के दौरान शाखाओं और कार्यालयों में परिचालन की निरंतरता और ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए बैंक के पास एक विस्तृत और प्रभावी व्यवसाय निरंतरता प्रबंधन (बीसीएम) है। ये फ्रेमवर्क भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों और वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप हैं। बैंक व्यवसाय निरंतरता तैयारियों को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य करता है। व्यवसाय निरंतरता कार्यक्रम के क्रियान्वयन के माध्यम से, बैंक ग्राहकों को यह आश्वासन प्रदान करता है कि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी उन्हें विश्वस्त और सुरक्षित सेवाएं मिलती रहेंगी। बैंक व्यवसाय निरंतरता कार्यक्रम के अनुरूप संसाधनों का श्रेष्ठ आबंटन सुनिश्चित करता है। जोखिमों की पहचान के आधार पर, व्यवसाय पर प्रभाव का विश्लेषण (बीआईए) किया जा रहा है और सभी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं के लिए एनबलर आधारित मैपिंग बैंकों को संसाधनों को अधिक कुशलता से आबंटित करने, सुदृढ़ता के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश करने और गैर-महत्वपूर्ण खर्च में कटौती करने में मदद करती है। बैंक के पास आईएसओ 27001:2013 प्रमाणित डाटा सेंटर और डिजास्टर रिकवरी साइट है। डेटा सेंटर में किसी भी प्रकार की बाधा की स्थिति में बैंक की डिजास्टर रिकवरी साइट सीबीएस और बैंक के अन्य कार्यों को संभालने में सक्षम है।

अनुपालन

अनुपालन कार्यकलाप बैंक के कार्पोरेट गवर्नेंस संरचना में एक महत्वपूर्ण घटक है। बैंक में अनुपालन कार्य पर्याप्त रूप से सक्षम एवं स्वतंत्र है। अनुपालन प्रणाली बैंककारी विनियमन अधिनियम, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम और धन शोधन निवारण अधिनियम आदि के साथ-साथ समय-समय पर जारी किए गए अन्य विनियामक अधिनियमों जैसे विभिन्न कानूनों में निहित सभी वैधानिक प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करती है। यह बैंक की आंतरिक नीतियों और निष्पक्ष व्यवहार संहिता के अनुपालन को भी सुनिश्चित करता है। बैंक के पास सुव्यवस्थित अनुपालन नीति जो बैंक के अनुपालन के दर्शन, भूमिका और अनुपालन विभाग के गठन, उसके स्टाफ की संरचना और उनकी विशेष जिम्मेदारियों को रेखांकित करती है।

अनुपालन प्रणाली बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन और निदेशक मंडल को लागू कानूनों, नियमों और वैश्विक मानकों पर सलाह देती है और इस क्षेत्र में हो रही प्रगति से उनको अवगत कराती है। यह बैंक के व्यवसाय स्टाफ और नामित अनुपालन अधिकारियों के साथ-साथ कर्मचारियों के लिए आवधिक प्रशिक्षण एवं कार्यशाला के द्वारा अनुपालन के मामलों पर उन्हें शिक्षित करती है। इस उद्देश्य के लिए बैंक की वेबसाइट पर नॉलेज मैनेजमेंट टूल को भी अपलोड किया गया है। बैंक ने अनुपालन प्रणाली को और सुदृढ़ बनाने के लिए बैंक में प्रत्येक स्तर पर प्रमाणीकरण और विभिन्न नियामक, सांविधिक और आंतरिक दिशानिर्देशों की निगरानी के लिए एक वेब आधारित अनुपालन प्रबंधन समाधान को कार्यान्वित किया है। बैंक ने भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (सेबी) के निष्पक्ष प्रकटीकरण और आचरण कोड में परिभाषित ठह्विह्रिद्ध से जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया को स्वचालित किया जाता है।

अन्य गतिविधियों के तहत क्षेत्रीय अनुपालन अधिकारियों (आरसीओ) के माध्यम से केवाईसी-एएमएल से संबंधित 101 से अधिक मानदंडों एवं अनुपालन के अन्य मानदंडों पर ऑन-साइट अनुपालन जांच संबंधी घरेलू अनुपालन कार्य पूरा किया गया। तिमाही आधार पर लगभग 25% शाखाओं का रैंडम रूप से चयन किया जाता है। बैंक छमाही आधार पर विभिन्न कार्यों की ऑन-साइट अनुपालन लेखा परीक्षा भी करता है। केवाईसी/एएमएल दिशानिर्देशों और अनुपालन के अन्य मानदंडों से संबंधित लगभग 52 मानदंडों पर वेब आधारित टूल-ऑफ साइट कंप्लायंस रिपोर्टिंग एंड मॉनिटरिंग सिस्टम (ओसीआरएमएस) के माध्यम से मासिक आधार पर ऑफ-साइट अनुपालन जांच कार्य पूरा किया गया।

एक वार्षिक समूह व्यापी अनुपालन योजना तैयार की जाती है और योजना का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए नियमित निगरानी की जाती है। बैंक आरबीआई के ट्रेंच-III डेटा टेम्प्लेट, ऑनसाइट/ऑफसाइट/वर्टिकल टेस्ट चेक रिपोर्ट आदि से मापदंडों को सोर्स करके सालाना आधार पर बैंक का अनुपालन जोखिम मूल्यांकन (सीआरए) भी करता है और सीआरए स्कोर प्राप्त करता है। गैर-अनुपालित विनियामक मापदंडों के समय पर अनुपालन के लिए जोखिम उन्मुख गतिविधि योजना तैयार करने के लिए बैंक सीआरए मैट्रिक्स का भी उपयोग करता है।

बैंक ने सिस्टम और प्रक्रियाओं में गैप को चिन्हित करने और सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए डेटा डंप विश्लेषण के लिए डेटा एनालिटिक्स सेल (DAC) के निर्माण जैसी कई नई पहलें की हैं। उत्पाद विश्लेषण यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि नया/ मौजूदा उत्पाद उम्मीद के मुताबिक कार्य कर रहा है और सभी नियामक दिशानिर्देशों को पूरा कर रहा है। इसी तरह, परिपत्र की वेटिंग यह सुनिश्चित करने के लिए की जाती है कि वर्टिकल द्वारा जारी दिशानिर्देश आरबीआई/सांविधिक दिशानिर्देशों के अनुरूप हैं। इसके अलावा कुछ महत्वपूर्ण विनियामक और/या वैधानिक दिशा-निर्देशों की पहचान की गई है, जो महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इन दिशा-निर्देशों में कोई भी उल्लंघन नियामक के प्रतिकूल अवलोकन को आमंत्रित कर सकता है। इन दिशानिर्देशों को प्रमुख अनुपालन संकेतक (केसीआई) कहा जाता है और उल्लंघन/ विचलन के मामले में तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए समय-समय पर निगरानी की जाती है। ये गतिविधियां बैंक की अनुपालन स्थिति को और मजबूत करने में बैंक की मदद करेंगी।

बैंक ने वास्तविक समय के आधार पर फील्ड अधिकारियों से दंड, अप्रसन्नता पत्र, चेतावनी पत्र आदि पर डेटा एकत्र करने के लिए एक पोर्टल भी विकसित किया है। यह बैंक को केंद्रीय रूप से डेटा की निगरानी करने और तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई करने में सक्षम बनाता है।

क्षमता निर्माण की प्रक्रिया में, बैंक ने सभी अनुपालन अधिकारियों और नामित अधिकारियों को अनुपालन के क्षेत्रों में नवीनतम बदलावों पर प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा आयोजित विभिन्न बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षण प्रदान किया। व्यावसायिकता को बढ़ावा देने के लिए, बैंक स्टाफ सदस्यों को प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (आईआईबीएफ), एसोसिएशन ऑफ सर्टिफाइड एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग स्पेशलिस्ट (एसीएएमएस) आदि से व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 11 सितंबर, 2013 को बड़े क्रेडिट पर सूचना का केंद्रीय भंडार (सीआरआईएलसी) - रिपोर्टिंग में संशोधन के साथ पठित दिनांक 13 फरवरी, 2014 के 'बड़े समूह ऋण के लिए केंद्रीय रिपॉज़िटरी के निर्माण - रिपोर्टिंग में संशोधन', भारतीय रिजर्व बैंक (जमाराशियों पर ब्याज दर) निदेश, 2016 के लिए अधिसूचना सं 2014, अर्थात् ऋण और अग्रिम-सांविधिक और अन्य प्रतिबंध और भारतीय रिजर्व बैंक (जमाराशियों पर ब्याज दर) निदेश, 2016 के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन न करने के लिए ₹4.34 करोड़ (चार करोड़ और चौंतीस लाख रुपये केवल) के मौद्रिक दंड के अलावा अनुपालन विफलता से संबंधित कोई महत्वपूर्ण घटना दर्ज नहीं की गई। इसके अलावा, मोबाइल एप्लिकेशन पर ग्राहकों के ऑनबोर्डिंग के तरीके से संबंधित पर्यवेक्षी चिंताओं के आधार पर 10 अक्तूबर 2023 से 'बॉब वर्ल्ड' मोबाइल एप्लिकेशन पर ग्राहकों की ऑनबोर्डिंग को निलंबित कर दिया गया है।

केवाईसी/ एएमएल अनुपालन

बैंक के पास एक सुव्यवस्थित केवायसी-एएमएल-सीएफटी नीति है। इस नीति के आधार पर, धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के अंतर्गत बैंक के केवायसी मानदंडों, एएमएल मानकों एवं सीएफटी उपायों तथा बैंक के दायित्वों को कार्यान्वित किया जाता है। बैंक इलेक्ट्रानिक रूप से नकदी लेन-देन रिपोर्ट (सीटीआर), जाली मुद्रा रिपोर्ट (सीसीआर), गैर लाभकारी संगठनों की लेन-देन रिपोर्ट (एनटीआर) और क्रॉस बॉर्डर वायर ट्रांसफर (ईएफटी) रिपोर्ट को एफआईयू - आईएनडी, नई दिल्ली के पोर्टल पर प्रत्येक माह निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करता है।

बैंक ने केन्द्रीय लेन-देन निगरानी इकाई (सीटीएमयू) की स्थापना की है और ग्राहकों के खातों में संदिग्ध लेन-देन पैटर्न की निगरानी और पहचान तथा सिस्टम में पूर्व निर्धारित अलर्ट मानदंडों के आधार पर सिस्टम आधारित लेन- देन अलर्ट जनरेट करने के लिए एक एएमएल सॉल्यूशन स्थापित किया है। ग्राहकों के खातों का अर्धवार्षिक आधार पर सिस्टम आधारित जोखिम वर्गीकरण (धन शोधन निवारण जोखिम वर्गीकरण) किया जाता है। केवाईसी (रिकेवाईसी) के आवधिक अपडेशन के लिए, बैंक ने री-केवाईसी प्रक्रिया हेतु शेष ग्राहकों की पहचान के लिए एक स्वचालित प्रक्रिया विकसित की है जिसके माध्यम से उन्हें अपना रिकेवाईसी पूरा करने हेतु सूचित करने के लिए एसएमएस/ई-मेल/भौतिक नोटिस भेजे जा रहे हैं। बैंक वैयक्तिक ग्राहकों को उनकी बैंक शाखा में आए बिना अपना रि-केवाईसी पूरा करने के लिए डिजिटल/नॉन-फेस-टू-फेस चैनल की सुविधा भी प्रदान करता है।

बैंक ने सेंट्रल केवाईसी रजिस्ट्री पर नए ऑन-बोर्डेड वैयक्तिक ग्राहकों की केवायसी जानकारी के पंजीकरण के लिए सेंट्रल केवायसी (सीकेवायसी) प्रक्रिया को क्रियान्वित किया है। 31 मार्च, 2024 तक 736.08 लाख ग्राहकों को सीकेवायसी नंबर आबंटित किया गया।

बैंक ने नए कर निवासी भारतीय वैयक्तिक ग्राहकों की ऑनबोर्डिंग हेतु ग्राहक की पहचान स्थापित करने के लिए वीडियो आधारित ग्राहक पहचान प्रक्रिया (वी-सीआईपी) को वैकल्पिक माध्यम के रूप में लागू किया है।

आंतरिक लेखा परीक्षा

महाप्रबंधक / मुख्य महाप्रबंधक के नेतृत्व में बैंक का केंद्रीय आंतरिक लेखापरीक्षा प्रभाग (सीआईएडी) आंतरिक लेखापरीक्षा, आईएस लेखापरीक्षा, क्रेडिट लेखापरीक्षा, समवर्ती लेखापरीक्षा एवं प्रबंधन लेखा परीक्षा कार्यों की देख रेख करता है। बैंक में आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य एक स्वतंत्र गतिविधि है और बैंक में इसे पर्याप्त प्रतिष्ठा एवं प्राधिकार प्राप्त है। आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग, बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में काम करता है। बैंक का आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग अन्य एश्योरेंस फंक्शन अर्थात जोखिम प्रबंधन विभाग और अनुपालन विभाग के साथ निकट समन्वय में काम करता है।

सीआईएडी जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा नीति द्वारा लिए गए निर्णय की आवधिकता के अनुसार -22- अंचल आंतरिक लेखापरीक्षा प्रभागों के माध्यम से शाखाओं/ कार्यालयों के आंतरिक लेखापरीक्षण का कार्य करता है। सभी शाखाएं, केंद्रीकृत इकाइयां, प्रशासनिक कार्यालय जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा के अंतर्गत शामिल हैं। 31 मार्च, 2024 को सभी 8242 शाखाओं और स्पेशलाइज्ड इंटीग्रेटेड ट्रेजरी शाखा की समग्र जोखिम स्थिति निम्नानुसार है -

- अल्प जोखिम शाखाएं - 6933 शाखाएं (84.11%)
- मध्यम जोखिम शाखाएं - 1006 शाखाएं (12.20%)

- उच्च जोखिम शाखाएं - 262 शाखाएं (3.18%)
- -41- शाखाओं की कोई रेटिंग नहीं हुई (नई शाखाएं)
- स्पेशलाइज्ड इंटीग्रेटेड ट्रेजरी शाखा अल्प जोखिम में रही।

समवर्ती लेखापरीक्षा के तहत कुल -1216- बैंक शाखाएं और अन्य इकाइयां शामिल हैं, जिनमें 51.02% जमा, 70.20% अग्रिम और 59.51% समग्र व्यवसाय कवरेज शामिल है। सभी श्रेणी बी शाखाएं, करेंसी चेस्ट और केंद्रीकृत प्रसंस्करण प्रकोष्ठ समवर्ती लेखापरीक्षा के अंतर्गत आते हैं।

₹10.00 करोड़ और उससे अधिक (FB + NFB) के कुल जोखिम वाले खुदरा ऋण और पुनर्गठित खातों सहित सभी नई स्वीकृतियों/ मौजूदा खातों का क्रेडिट ऑडिट किया जाता है और 5% उधारकर्ता खातों को नए खातों और ₹1.00 करोड़ से अधिक लेकिन ₹10.00 करोड़ से कम (एफबी + एनएफबी) के कुल जोखिम वाले समीक्षा सह वृद्धि वाले खातों से यादृच्छिक रूप से चुना जाता है।

शाखाओं के आरबीआईए के हिस्से के रूप में आईटी से संबंधित जोखिमों का आकलन करने के लिए बैंक की सभी शाखाएं सूचना प्रणाली ऑडिट ("आईएस ऑडिट") के अधीन हैं। डेटा सेंटर और आईटी एप्लिकेशन का आईएस ऑडिट भी समय-समय पर सीआईएसए / डीआईएसए योग्य आईएस ऑडिटर्स और बाहरी सीईआरटी फर्मों की एक टीम द्वारा किया जाता है।

कुछ प्रमुख पहलों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- समवर्ती लेखापरीक्षा का संशोधित ढांचा लागू किया गया है और मौजूदा मासिक रिपोर्टिंग के अलावा दैनिक और साप्ताहिक रिपोर्ट आरंभ की गई है।
- ऑडिट ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर ऑडिट, अनुपालन और डैशबोर्ड की ट्रैकिंग के लिए सक्षम किया गया है।
- -70- मापदंडों के तहत पूर्व-निर्धारित तर्क के आधार पर सिस्टम डेटा के अनुसार अपवादों की निरंतर निगरानी के लिए सेंट्रलाइज्ड एक्सेप्शनल मॉनिटरिंग यूनिट की स्थापना की गई है।
- विभिन्न परिदृश्यों के अनुसार ऑफसाइट निगरानी और डेटा विश्लेषण के लिए ऑफसाइट निगरानी प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है।

वर्ष के दौरान आंतरिक ऑडिट फ्रेमवर्क की आवश्यकतानुसार बाहरी फर्म द्वारा स्वतंत्र समीक्षा की जाती है। पिछली बार ये आकलन मैसर्स ई एंड वाई एलएलपी द्वारा वर्ष 2022-23 के दौरान किया गया था और उनके आकलन के अनुसार बैंक का आंतरिक ऑडिट फ्रेमवर्क मजबूत है और समकक्ष बैंकों में सर्वश्रेष्ठ में से एक है।

ऋण निगरानी

बैंक की आस्ति गुणवत्ता को बनाए रखने और उसमें सुधार करने तथा ऋण जोखिम को कम करने के लिए ऋण पोर्टफोलियो की निगरानी आवश्यक है। ऋण निगरानी का मुख्य उद्देश्य आस्ति गुणवत्ता को बनाएं रखना, मंजूरी की शर्तों का अनुपालन और निधियों का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करना है। इसे यह भी सुनिश्चित करना है कि ऋण आस्तियां मानक श्रेणी में बनी रहें, पहचान किए गए दबावग्रस्त खातों / निगरानी सूची खातों को अपग्रेड करने के प्रयास किए जाएं और खातों को मानक से अनर्जक श्रेणी में जाने से रोकने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। विभाग संभावित स्लिपेज को प्रभावी ढंग से रोकने के साथ-साथ अच्छी आस्ति गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु कमियों संभावित चूक/कमी के संकेतों वाले दबावग्रस्त खातों की पहचान और निगरानी के लिए विभिन्न टूल्स और प्रक्रियाओं का उपयोग कर रहा है।

दक्षतापूर्ण निगरानी और नियंत्रण प्रक्रिया हेतु टूल्स:-

पूर्व चेतावनी संकेत: अगस्त 2020 से हमारे बैंक में पूरी तरह से तकनीक आधारित ईडब्लूएस समाधान लागू किया गया है। हमारा ईडब्लूएस पूरी तरह से स्वचालित समाधान है जिसमें सुपरिभाषित वर्क फ्लो है। अलर्ट, आंतरिक (सीबीएस और क्रेमन) और बाह्य डेटा (एमसीए, न्यूजफीड) स्त्रोतों दोनों के आधार पर जनरेट होते हैं। किसी खाते में जनरेट हुए अलर्ट, बैंक को आरंभिक कमियों की पहचान करने और उचित समय पर सुधारात्मक उपाय शुरू करने में मदद करते हैं। यह समाधान बैंक को खातों में आरएफए/धोखाधड़ी (यदि कोई हो) की शीघ्र पहचान करने में मदद करता है। यह समाधान शाखाओं को उपयुक्त समाधान/कार्रवाई सहित खातों की सघन निगरानी करने में सक्षम बनाता है। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान, बैंक ने खातों में दबाव और प्रारंभिक चूक की पहचान करने के लिए अपनी दक्षता और प्रभावशीलता में सुधार करने के लिए और अधिक सुविधाएँ जोड़कर ईडब्ल्यूएस पोर्टल को नया रूप दिया है। इसके साथ ही, उधारकर्ता के लिए एक स्वास्थ्य पैरामीटर (एचपी) भी पेश किया गया है जो उधारकर्ता की आंतरिक रेटिंग (बॉबीकॉन) और ईडब्ल्यूएस रेटिंग का एक संयोजन है। इसके अलावा, हमारी विदेशी शाखाओं के अग्रिमों/ ऋण की बेहतर निगरानी के लिए अंतर्राष्ट्रीय टेरीटरी के लिए ईडब्ल्यूएस पोर्टल की भी शुरुआत की गई है।

सीआरआईएलसी रिपोर्टिंग: एसएमए श्रेणी में खातों की पहचान, सुधारात्मक पहलों जैसे मानकीकरण, पुनर्रसंरचना आदि के लिए अनुवर्ती कार्रवाई हेतु सक्रिय करती है। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप, रु.5 करोड़ और उससे अधिक के क्रेडिट एक्सपोजर वाले दबावग्रस्त खातों की रिपोर्ट साप्ताहिक आधार पर सीआरआईएलसी प्लेटफॉर्म के माध्यम से भारतीय रिज़र्व बैंक को भेजी जाती है।

विश्लेषणात्मक डैशबोर्ड: बैंक ने केंद्रित निगरानी हेतु दबावग्रस्त खातों की पहचान के लिए विभिन्न विश्लेषणात्मक डैशबोर्ड (जैसे एसएमए डैशबोर्ड, फ्यूचर डिमांड डैशबोर्ड, कलेक्शन इफिशिएंसी डैशबोर्ड, टेक्निकल स्ट्रेस डैशबोर्ड) विकसित किए हैं।

आस्ति वर्गीकरण का प्रणाली आधारित आकलन : बैंक के पास वसूली के रिकॉर्ड के आधार पर दो महीने से अधिक का अतिदेय दर्शाने वाले, साथ ही, स्टॉक / कर्ज बही विवरणी की गैर प्रस्तुति, लंबित समीक्षा, कैश क्रेडिट खातों में अपर्याप्त/कोई जमा नहीं, लाबोड/ ओडीबीओडी आदि में अपर्याप्त मार्जिन जैसी तकनीकी अनियमितताओं वाले खातों में संभावित स्लिपेज की पहचान करने हेतु एक संकेतक प्रोग्राम है। यह ऐसे खातों को डाउनग्रेड होने से रोकने के लिए केंद्रीकृत रूप से समय पर सुधारात्मक कार्रवाई करने हेतु सक्रिय करता है। मानक आस्तियों की स्लिपेज को कम करने के लिए इन खातों की विशिष्ट निगरानी विभिन्न परिचालन इकाइयों द्वारा की जाती है।

ऋण लेखापरीक्षा: ऋण लेखापरीक्षा (सीपीए), मंजूरी की शर्तों/अनुबंधों के संवितरण पूर्व और पश्चात की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए की जाती है, जिसमें इस आशय से लेखापरीक्षा की जाती है कि क्या संवितरण अधिकारी ने मंजूरी की शर्तों के अनुसार बैंक की निधियां प्रदान करने से पूर्व, उक्त प्रतिभूतियों की प्रवर्तनीयता सुनिश्चित करने की दृष्टि से प्रतिभूतियों का सृजन/ पूर्णता हेतु सभी आवश्यक उपाय किए हैं। यह नियमित लेखापरीक्षा/निरीक्षण, जो आमतौर पर एक समय के अंतराल पर होता है, की प्रतीक्षा किए बिना, जहां भी आवश्यक हो, त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई की सुविधा प्रदान करता है। वास्तविक समय के आधार पर इसकी निगरानी के लिए ऋण लेखापरीक्षा को कोर बैंकिंग सिस्टम/ फिनेकल के साथ एकीकृत किया गया है।

स्टॉक लेखापरीक्षा: हम पात्र खातों में स्टॉक और प्राप्तियों की लेखापरीक्षा का समय पर किया जाना सुनिश्चित करते हैं और जहां कहीं भी आवश्यक हो, सक्रिय / निवारक कदम उठाते हैं। स्टॉक लेखापरीक्षा उन मानक ऋण खातों के लिए लागू है जिनमें ₹1 करोड़ और उससे अधिक की कार्यशील पूंजी का एक्सपोजर होता है। यह ₹5 करोड़ से कम एक्सपोजर वाले खातों के लिए वार्षिक आधार पर करनी होती है, जबकि ₹5 करोड़ और उससे अधिक के खातों के लिए, यह अर्धवार्षिक आधार पर की जाती है। अंतर्निहित कमियों जैसे आउट ऑफ ऑर्डर स्थिति, साख पत्र के तहत अतिदेय बिल, गारंटी लागू करना, समीक्षा की अतिदेयता आदि जो बैंक की आस्ति गुणवत्ता के लिए खतरा पैदा करते हैं, का संकेत देनेवाली आस्तियों पर विभिन्न प्लेटफार्मों और स्तरों से अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है।

एसएमए या एनपीए की दैनिक मार्किंग: भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार आस्तियों की गुणवत्ता की पहचान में बेहतर पारदर्शिता बरतने के लिए बैंक के पास संबंधित तारीख के लिए दिवस समाप्ति (डे एंड) की प्रक्रिया के हिस्से के रूप में एसएमए या एनपीए के रूप में उधारकर्ता खातों की पहचान करने के लिए स्वचालित प्रणाली है।

निगरानी हेतु अन्य टूल :

- बैंक ने लेनदेन की निगरानी, निरीक्षण आदि के सत्यापन के लिए रु. 250 करोड़ और उससे अधिक के खातों में विशेष निगरानी के लिए एजेंसी फॉर स्पेशल मॉनिटरिंग (एएसएम) की नियुक्ति की है।
- बैंक ने स्टॉक और बही ऋण विवरणी की प्रस्तुति को भी डिजिटल कर दिया है, जो वास्तविक समय आधारित और उपयोगकर्ता के लिए अनुकूल है।
- व्यवसाय की मजबूती का विश्लेषण करने के लिए बैंक ने सशक्त निगरानी के लिए क्रेडिट मॉनिटरिंग में कई टूल जैसे समय-समय पर उधारकर्ता के खातों पर नज़र रखने और निगरानी आदि के लिए जीएसटी, आईटीआर और स्टेटमेंट एनालाइजर आदि की शुरुआत की है।
- पूर्व-निर्धारित अवधि में डिजिटल निगरानी रिपोर्ट की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है और ₹1 करोड़ और उससे अधिक के बड़े खातों के संबंध में जहां भी आवश्यक हो सुधारात्मक उपाय किए जाते हैं।
- बैंक ने क्रेडिट अनुशासन में सुधार लाने के लिए डीएलपी उल्लंघन के मामलों की निगरानी हेतु एक डैशबोर्ड को आरंभ किया है।

सतर्कता

बैंक में सतर्कता प्रशासन पेशेवर रूप से प्रबंधित है और प्रबंधन के कार्यों का एक अभिन्न अंग है। यह विभिन्न सतर्कता कार्यों के नियंत्रण, निगरानी और पर्यवेक्षण के अलावा पारदर्शी व्यवसायिक लेन-देनों, पेशेवर दृष्टिकोण, उत्पादकता और नैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देता है। बैंक के पास एक बहुत मजबूत और पारदर्शी सतर्कता प्रशासन है जिसके प्रभारी मुख्य सतर्कता अधिकारी हैं जो केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक के सभी सतर्कता कार्यों की देखरेख करते हैं। सहभागी/ सक्रिय और निवारक सतर्कता बैंक के सतर्कता प्रशासन के महत्वपूर्ण कार्य हैं। मुख्य सतर्कता अधिकारी को अवर मुख्य सतर्कता अधिकारी का सहयोग प्राप्त होता है।

बैंक में सतर्कता तंत्र, सतर्कता कार्यों के बारे में सभी स्तरों पर मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराता है, विभिन्न अनुशासनात्मक अधिकारियों और नियुक्तिकर्ता अधिकारियों को धोखाधड़ी, शिकायतों और शाखाओं/ कार्यालयों की विभिन्न निरीक्षण रिपोर्टों में बताई गई गंभीर अनियमितताओं से उत्पन्न होने वाले मामलों की जांच में त्वरित और सही कार्रवाई करने की सुविधा उपलब्ध करवाता है।

अंचल स्तर पर सतर्कता विभाग नियमित अंतराल पर सभी शाखाओं में निवारक लेखा परीक्षा की कार्रवाई करता है और प्राप्त सूचना पर पूरी सक्रियता से कार्य करते हुए क्षति को न्यूनतम स्तर पर नियंत्रित करने के लिए कार्य करता है।

बैंक में सतर्कता कार्यों के अंतर्गत तीन खंड होते हैं:

1. **निवारक सतर्कता:** भ्रष्ट और अन्य कदाचारों का पता लगाने और दंड की तुलना में क्षति को रोकने में निवारक उपायों का अधिक महत्व है। निवारक उपाय जैसे व्यवसाय के संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण, संवेदनशील पदों की पहचान और उन पर पदस्थ कर्मचारियों की जांच, आचरण नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना, शाखा विशिष्ट अतिसंवेदनशील विषयों पर चर्चा करने के लिए शाखा स्तर पर मासिक बैठकें, कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, सतर्कता मामलों की संख्या को कम करने के लिए निरीक्षण और लेखा परीक्षा रिपोर्ट की जांच और विभिन्न व्यावसायिक वर्टिकलों द्वारा नियमित रूप से निवारक सतर्कता परिपत्र जारी और परिचालित करना, सतर्कता मामलों में कमी लाने के लिए किए जाते हैं।

2. **खोजी सतर्कता:** खोजी सतर्कता में संवेदनशील क्षेत्र का नियमित और औचक निरीक्षण करना ताकि यह पता लगाया जा सके कि कर्मचारियों द्वारा कोई भ्रष्ट या अनुचित व्यवहार नहीं किया जा रहा है, वार्षिक संपत्ति रिटर्न की त्वरित जांच करना और यदि आवश्यक हो तो आगे की कार्रवाई करना, अपने स्रोत से गलत आचरण/कदाचार के बारे में गोपनीय जानकारी एकत्र करना, उचित प्रक्रिया के बाद समुचित कार्रवाई के माध्यम से तर्कपूर्ण समाधान के लिए उसकी जांच करना शामिल है।

3. **दंडात्मक सतर्कता**: यह सुनिश्चित करने के अलावा कि सभी स्तरों पर नियमों और प्रावधानों के जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण उल्लंघन में शामिल कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से दंडित किया जाए, बैंक यह भी सुनिश्चित करता है कि व्यवसाय के सामान्य संचालन के दौरान लिए गए वास्तविक निर्णयों का मूल्यांकन निष्पक्ष और आवश्यक विवेक के साथ किया जा रहा है।

बैंक में सतर्कता कार्य, निवारक सतर्कता प्रशासन के माध्यम से प्रणालियों और प्रक्रियाओं को मजबूत करने पर बल देकर सक्रिय निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। यह कमियों की पहचान करने और उन्हें दूर करने तथा धोखाधड़ी के निवारण के लिए नीतियों को तैयार करने में शीर्ष प्रबंधन को सुझाव प्रदान करने में भी एक प्रमुख भूमिका निभाता है। सक्रिय संप्रेषण के कारण अनुशासनात्मक मामलों के टर्नअराउंड समय में सुधार हुआ है जिससे त्वरित समाधान करते हुए कर्मचारियों को प्रेरित करने में मदद मिली है।

विधिक सेवाएं

बैंक में एक सक्रिय विधि विभाग है जिसमें योग्य और अनुभवी विधि अधिकारी हैं। विधि विभाग की मुख्य भूमिका बैंक के कार्यरत विभिन्न विभागों द्वारा संदर्भित या उनसे संबंधित विभिन्न मामलों में राय, दस्तावेजीकरण, मुकदमा आदि के लिए सहयोग और सहायता प्रदान करना है। यह विभाग विधिक पहलुओं के संबंध में बैंक के विभिन्न अंचलों, क्षेत्रीय कार्यालयों, घरेलू और विदेशी शाखाओं और अनुषंगियां कंपनियों द्वारा संदर्भित मामलों में भी सहयोग प्रदान करता है।

इसके अतिरिक्त, बैंकिंग ऋण प्रक्रिया के डिजिटलीकरण को पूरा करने के लिए, डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म के अनुकूल रिटेल और एसएमई सुविधाओं के लिए दस्तावेजों का एक सेट तैयार किया गया है, जो बैंक के ग्राहकों को इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से दस्तावेजों को निष्पादित करने में सक्षम बनाएगा। ऋण दस्तावेज़ नियमावली का पुनः अवलोकन किया गया है और दस्तावेज़ों को सरल बनाया गया है।

डिजिटलीकरण प्रक्रिया को गति देने के लिए, आईटी विभाग की मदद से "ऋण दस्तावेजों की जांच के लिए पोर्टल" विकसित किया गया है, ताकि विधि अधिकारियों को शाखाओं में जाए बिना अपने कार्यालय से ही इसकी जांच करने में सक्षम बनाकर प्रक्रिया को आसान बनाया जा सके। पोर्टल दिनांक 28.04.2023 को शुरू किया गया और बैंक की वैश्विक ऋण नीति के अनुसार दस्तावेजों की जांच को केवल पोर्टल के माध्यम से करना अनिवार्य कर दिया गया। पोर्टल का चरण II प्रक्रियाधीन है, जिसमें ऋण सीमा में बढ़ोत्तरी के साथ समीक्षा, अन्य बैंक/ एफआई से खाते का अधिग्रहण, कंसोर्शियम और संवितरण के बाद प्रतिभूति का सृजन से संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करने का प्रावधान शामिल होगा।

साथ ही, मौजूदा एडवोकेट पोर्टल के दूसरे चरण में अधिवक्ताओं को सौंपे गए कार्य एवं कार्यनिष्पादन की समीक्षा करने की प्रक्रिया को उपलब्ध कराया गया है।

इसके अलावा, बैंकिंग क्षेत्र को प्रभावित करने वाले कानूनों के निरंतर बदलते स्वरूप, नवीनतम संशोधन और न्यायालयों द्वारा कानूनों की व्याख्या के बारे में विभाग परिपत्र, विधिक समाचार फ्लैश आदि जारी करके ज्ञान साझा करने की संस्कृति को बढ़ावा दे रहा है। एपेक्स अकादमी और एक प्रतिष्ठित लॉ फर्म के सहयोग से, विधिक अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया ताकि उन्हें विशिष्ट कानूनी क्षेत्रों के संबंध में प्रशिक्षित किया जा सके और साथ ही उन्हें निरंतर बदलते अधिनियमों, नियमों और विनियमों से अवगत कराया जा सके।

31.03.2024 तक, विभिन्न न्यायालयों/फोरम/ट्रिब्यूनल के समक्ष कुल लंबित मामले (बैंक के खिलाफ मुकदमे) 3608 हैं। हम वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कुल 873 मामलों का निपटान करने में सफल रहे। कुल निपटाए गए मामलों में से 618 मामले (अर्थात् 70.8%) बैंक के पक्ष में निर्णीत किए गए, 62 मामले (अर्थात् 7.10%) परस्पर निपटाए गए और 193 मामले (अर्थात् 22.10%) बैंक के विरुद्ध निर्णीत किए गए। इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2024 के दौरान कुल निर्णीत मामलों में से 10 मामलों (जिनका मौद्रिक मूल्य एक करोड़ और उससे अधिक है) का भी निपटान किया गया।

मानव संसाधन

बैंक अपने कर्मचारियों को सबसे मूल्यवान आस्ति मानता है। बैंक के पास 74,000 से अधिक कर्मचारियों का प्रतिभाशाली कार्यबल है। बैंक ने अपने प्रतिभा पूल को बनाए रखने और निखारने के लिए विभिन्न क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू किए हैं जो बैंक की आकांक्षा और विकास यात्रा के अनुरूप हैं। नए लोगों और नई प्रतिभाओं को शामिल करने के क्रम में, बैंक यह सुनिश्चित करने हेतु एक व्यापक योजना का पालन कर रहा है कि भर्ती प्रक्रिया रणनीतिक और प्रभावी हो, जो संगठन के दीर्घकालिक लक्ष्यों के अनुरूप हो। बैंक मौजूदा मानव पूंजी की पूर्ति के लिए रणनीतिक क्षेत्रों में बाहरी प्रतिभाओं को भी शामिल कर रहा है।

बैंक ने सकारात्मक कर्मचारी संबंध बनाए रखने, कार्यस्थल की समस्याओं का समाधान करने, विवादों को हल करने और सकारात्मक कार्यस्थल वातावरण को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। मजबूत और सक्षम कार्यबल बनाने के लिए परिलब्धियों और लाभों का समय पर संशोधन, बेहतर कर्मचारी केंद्रित प्रावधानों के साथ कर्मचारी नीतियों में संशोधन और कर्मचारी कल्याण और फिटनेस को बनाए रखने, कार्यस्थल परामर्श, जुड़ाव गतिविधियों, जीवन चक्र आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि की दिशा में पहलें शुरू की गई हैं जो कि बैंकिंग उद्योग की गतिशील चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

बैंक ने प्रतिभा के साथ समुचित जुड़ाव स्थापित करने हेतु विभिन्न उपायों की सहायता ली है और इसके परिणामस्वरूप बेहतर वित्तीय कार्यनिष्पादन हुआ है। इस दिशा में बैंक की पहल को उद्योग जगत ने मान्यता दी है और बैंक को कामिकेज़ बी2बी मीडिया द्वारा कर्मचारी प्रसन्नता पुरस्कार के तहत "बेस्ट कम्यूनिटी इम्पैक्ट इनिसिएटिव" के लिए सम्मानित किया गया है। बैंक को ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट इंडिया द्वारा लगातार दूसरी बार ग्रेट प्लेस टू वर्क के रूप में प्रमाणित किया गया है।

उपरोक्त के अलावा वर्ष के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण कर्मचारी केंद्रित पहल भी शुरू की गई हैं, जिनका बैंक के प्रदर्शन पर सीधा और महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है:

ज्ञानार्जन और विकास

बैंक ऑफ़ बड़ौदा मानता है कि कर्मचारी विकास संगठन की रणनीतिक योजना का एक अभिन्न अंग है। बैंक एक शिक्षण संगठन बनाने और कार्यनिष्पादन मानकों को स्थापित करने के लिए संगठनात्मक क्षमता का निर्माण करने का प्रयास करता है। बैंक कैरियर बनाने और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए उपलब्ध मिश्रित चैनलों का उपयोग करने में विश्वास करता है।

इस वित्तीय वर्ष में 58,326 से अधिक बैंक कर्मचारियों ने एपेक्स अकादमी, 18 अंचल अकादमियों और 4 बड़ौदा सैटेलाइट लर्निंग यूनिट्स के साथ-साथ बड़ौदा गुरुकुल के माध्यम से ई-लर्निंग के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त किया और अपने कार्यनिष्पादन को बेहतर बनाने में मदद की।

वित्त वर्ष 2024 में, बैंक ने अपने लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (बड़ौदा गुरुकुल) के सहयोग से पूरे बैंक में ज्ञानार्जन और विकास को सुनिश्चित किया, जिससे बैंक को व्यावसायिक लक्ष्यों के अनुसार प्रशिक्षण आवश्यकताओं को अनुकूल करने और सभी क्षेत्रों में अनुपालन सुनिश्चित करने में मदद मिली है। डिजिटल प्रक्रिया और एलएमएस प्लेटफॉर्म के महत्वपूर्ण उपयोग ने बैंक को कर्मचारियों को समयबद्ध तरीके से ज्ञानार्जन और शेयरधारकों को लागत अनुकूलन का लाभ प्रदान करने में मदद की।

बैंक ने व्यवसाय प्रमुखों जैसे क्षेत्रीय प्रमुखों/ उप क्षेत्रीय प्रमुखों/ शाखा प्रमुखों आदि के लिए भूमिका आधारित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए हैं। बैंक अपनी मानव पूंजी को समृद्ध करने के लिए नए युग के कौशल और आईडीपी आधारित प्रशिक्षण के अधिग्रहण पर जोर दे रहा है। इसके अनुरूप, बैंक ने अपने कर्मचारियों को बेहतर ढंग से शिक्षित करने के लिए सिमुलेशन गेम पेश किए हैं जो वास्तविक जीवन के व्यावसायिक परिदृश्यों को प्रदर्शित करते हैं। ज्ञानार्जन के अनुभव को और बढ़ाने के लिए, बैंक ने एक मिश्रित शिक्षण दृष्टिकोण अपनाया है जो 365x24 उपलब्धता के साथ पारंपरिक और डिजिटल तरीकों को जोड़ता है।

बाहरी संसाधनों के तालमेल और हाइब्रिड लर्निंग मॉडल को बढ़ावा देने के लिए एक सहक्रियात्मक प्रयास में, बैंक ने अपने संपदा प्रबंधन अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए AAFM, CRISIL और NIIT जैसे प्रमुख संगठनों के साथ भागीदारी की है। यह पायलट फेज़ बैंक को अपने दृष्टिकोण को परिष्कृत करने और अपने कर्मचारियों की सीखने और विकास की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए प्रशिक्षण प्रक्रिया को बेहतर बनाने में सक्षम करेगा।

समग्रत: बैंक अपने कर्मचारियों को उनके कार्यनिष्पादन में सफल होने और उनके कैरियर की आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और विकास के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कोचिंग और परामर्श कार्यक्रम

विभिन्न महत्त्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए भविष्य में सशक्त नेतृत्व क्षमता वाली पीढ़ी तैयार करने के लिए, एक वैज्ञानिक उत्तराधिकार योजना अपनाई गई है जिसके तहत प्रत्येक महत्त्वपूर्ण भूमिका के लिए अधिकारियों का पर्याप्त उत्तराधिकार पूल बनाया गया है। बैंक ने अपने अधिकारियों के योग्यता मूल्यांकन की भी सहायता ली है और उन्हें उच्च कार्यभार ग्रहण करने में सक्षम बनाने के लिए व्यक्तिगत विकास योजनाएं बनाई गई हैं। बैंक ने इस उद्देश्य के लिए आंतरिक और बाहरी प्रशिक्षकों को शामिल करके अपने अधिकारियों के लिए कोचिंग और परामर्श कार्यक्रम भी शुरू किया है।

कॅरियर विकास

बैंक ने कर्मचारियों को उनके कॅरियर विकास के लिए प्रोत्साहित करने, उनके कार्य-निष्पादन को पुरस्कृत करने और उन्हें प्रेरित करने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। कर्मचारियों को व्यापक एक्सपोज़र प्रदान करने के लिए बैंक द्वारा अधिकारियों को अलग-अलग कार्यों के दायित्व सौंपे जाते हैं और उन्हें विदेशों में भी नियुक्ति का अवसर दिया जाता है।

वॉयस ऑफ बड़ौदियन- कर्मचारी जुड़ाव संबंधी सर्वेक्षण

एक कर्मचारी केंद्रित संगठन के रूप में, बैंक विचारों और अनुभवों को साझा करने और हमारे संगठनात्मक लक्ष्यों को पूर्ण करने के बेहतर तरीके तैयार करने के लिए कर्मचारियों के साथ दो-तरफा संचार में भाग लेने में दृढ़ता से विश्वास करता है। बैंक पिछले कुछ वर्षों से इसी तर्ज पर वॉयस ऑफ बड़ौदियंस कर्मचारी जुड़ाव सर्वेक्षण आयोजित कर रहा है और सर्वेक्षण के नतीजों के आधार पर, मौजूदा नीतियों और प्रथाओं में सुधार किया है एवं हमारे कर्मचारियों के लाभ के लिए नई पहल शुरू की है। मार्च 2024 में किए गए नवीनतम वॉयस ऑफ बड़ौदियंस कर्मचारी जुड़ाव सर्वेक्षण के परिणामों के अनुसार, बैंक के लिए कुल कर्मचारी जुड़ाव स्कोर 71% था।

बड़ौदा अनुभूति कार्यक्रम

सभी स्तरों पर कर्मचारी जुड़ाव बढ़ाने के लिए, बैंक ने बड़ौदा अनुभूति कार्यक्रम शुरू किया है जिसे विभिन्न जुड़ाव संबंधी गतिविधियों" के माध्यम से "कर्मचारी अनुभव" समृद्ध करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। ये गतिविधियां बैंक के हर स्तर पर टीम भावना और अपनेपन को बढ़ावा देने में सहायता करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप कर्मचारी जुड़ाव में सुधार होता है और बेहतर वित्तीय कार्यनिष्पादन होता है।

कार्य करने के लिए उत्कृष्ट स्थान के रूप में प्रमाणित होने के अलावा, बैंक समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी पर भी ध्यान केंद्रित करता है। प्रति वर्ष 20 जुलाई को बैंक के स्थापना दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर, विभिन्न सामुदायिक सेवा गतिविधियां आयोजित की गई थीं और सभी कर्मचारियों ने पूरे दिल से इन गतिविधियों में भाग लिया। वर्ष 2023-24 के दौरान, बैंक ने बड़ौदा अनुभूति कार्यक्रम के तहत निम्नलिखित सीएसआर गतिविधियां की हैं:

- रक्तदान- 18000 यूनिट से अधिक रक्त
- पौधों का वितरण/ पौधारोपण- लगभग 49,500 पौधे रोपे गए
- स्वच्छता अभियान- विभिन्न इलाकों में 4000 से अधिक अभियान
- गरीबों और जरूरतमंदों को सामग्री और विविध वस्तुओं का वितरण- 1,00,000 से अधिक वस्तुएं
- वृद्धाश्रमों, अनाथालयों, दिव्यांग केंद्रों आदि के लिए सामग्री और विविध वस्तुओं का वितरण- 77,000 से अधिक सामग्री
- स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन- 8,000 से अधिक लोगों को शामिल किया गया

- भारतीय नौसेना- एर्णाकुलम के सहयोग से कदमाकुडी द्वीप गांव तक लौह पुल का नवीनीकरण

कर्मचारी आरोग्य संबंधी पहलें

प्रगतिशील मानव संसाधन प्रथाओं वाले एक संगठन के रूप में, बैंक ने हमेशा अपने कर्मचारियों की भलाई पर बल दिया है और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करने की दिशा में लगातार पहल की है। कर्मचारी कल्याण के प्रति यह प्रतिबद्धता हमारे विश्वास में निहित है कि हमारे स्टाफ सदस्यों का स्वास्थ्य और प्रसन्नता हमारी सामूहिक सफलता के लिए आधारभूत है। हमारा मानना है कि कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देकर, हम न केवल अपने कर्मचारियों के जीवन को समृद्ध बना रहे हैं बल्कि हमारे संगठन की समग्र जीवन शक्ति और आघातसहनीयता को भी मजबूत कर रहे हैं।

प्रति वर्ष बैंक नवंबर महीने को अपने कर्मचारियों के लिए 'वेलनेस माह' के रूप में मनाता है, जिसके दौरान विभिन्न वेलनेस कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कर्मचारियों को बेहतर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से योग कक्षाएं, ऑनलाइन वेबिनार और स्वास्थ्य और कल्याण संबंधी मुद्दों पर विशेषज्ञों के साथ संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

बैंक ने प्रमुख अस्पतालों के साथ टाई-अप किया है जहां कर्मचारी अपने पति/पत्नी के साथ व्यापक स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं, जिसकी लागत बैंक द्वारा प्रतिपूर्ति/वहन की जा रही है।

कर्मचारी सहायता कार्यक्रम

बैंक ने कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) के तहत कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल परामर्श शुरू किया है, जिससे कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों और सहन शक्ति प्रक्रिया संबंधी परामर्श लेने में मदद मिलेगी।

कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान, ईएपी इंडिया (सेवा प्रदाता) के सहयोग से 'तनाव से शक्ति की ओर दबाव से उभरने के लिए भावनात्मक बुद्धिमत्ता का उपयोग' विषय पर कर्मचारियों के लिए कार्यशालाएं आयोजित करके एक केंद्रित आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया था। देश भर में 4,600 से अधिक कर्मचारियों को शामिल करते हुए 100 से अधिक कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

कर्मचारियों ने अपने मानसिक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों को दूर करने के लिए ईएपी इंडिया की परामर्श सेवाओं का उपयोग किया है। इन परामर्श सेवाओं को प्रत्यक्ष (आमने-सामने) परामर्श, फोन-कॉल और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, ईमेल और चैट जैसे विभिन्न चैनलों के माध्यम से सुविधाजनक बनाया गया था। इसके साथ ही, महिला सशक्तिकरण, अभिवावक सहायता और व्यसन सहायता पर ऑनलाइन सहायता समूह बनाए गए थे जिसमें समूहों के भीतर स्व-प्रेरित समाधान निकाले गए।

इसके अलावा, मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, मुंबई और वडोदरा में मानसिक स्वास्थ्य रोड शो "रोड ट्रिप टू हैप्पीनेस" का आयोजन किया गया, जिसमें मानसिक खेल, मनोरंजक गतिविधियां, मूवी टाइम और पोषण विशेषज्ञ से परामर्श शामिल था।

कर्मचारियों के बच्चों के प्रवेश के लिए स्कूल टाई-अप

पसंदीदा नियोक्ता बनने के निरंतर प्रयास में और कर्मचारी केंद्रित पहल के एक भाग के रूप में, चालू वर्ष में बैंक ने अखिल भारतीय उपस्थिति वाले स्कूलों की दो प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित श्रृंखला "रयान इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस" और "विबग्योर ग्रुप ऑफ स्कूल्स" के साथ टाई-अप किया है, जो स्थानांतरण पर नए स्थान पर जाने के समय कर्मचारियों के बच्चों को परेशानी मुक्त प्रवेश प्रदान करता है।

विविधता और समावेश पर जोर

बैंक विविध कार्यबल तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है और अपने सभी कर्मचारियों के लिए भेदभाव रहित और समान अवसर नीति का पालन करता है तथा पदोन्नति, कॅरियर-पाथ, स्थानांतरण नीति और कर्मचारी लाभ/कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सभी मुद्दों में पारदर्शी है। बैंक ने विविधता, एसएएम, समानता और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए एक डीईआई नीति भी बनाई है। इसके अलावा, महिलाओं की दोहरी जिम्मेदारियों को स्वीकार करते हुए, बैंक ने अन्य पहलों के अलावा महिला कर्मचारियों की सहायता के लिए विभिन्न सुविधाएं जैसे सबेटिकल अवकाश, महिला कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम, क्रेच सुविधा की स्थापना की है।

बैंक ने महिलाओं के नियोजन के लिए विशेष प्रावधान रखा है। बैंक ने महिलाओं के लिए अनुभव साझा करने, ज्ञान का आदान-प्रदान करने और जीवन के व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों पहलुओं में एक-दूसरे का उत्थान करने, स्वयं की देखभाल, बर्नआउट, कार्यस्थल और व्यक्तिगत चुनौतियाँ आदि जैसे मुद्दों पर चर्चा करने और उनका समाधान करने के लिए एक साथ सम्मिलित रूप से आगे आने हेतु एक वृद्धिशील वातावरण बनाने और करियर ब्रेक (मातृत्व/विश्राम अवकाश के बाद) के बाद सेवा में पुनः जुड़ने वाली महिला कर्मचारियों को परामर्श देने, ताकि हमारी महिला कर्मचारियों को काम पर लौटने से जुड़ी भावनात्मक और तार्किक चुनौतियों से निपटने में मदद मिल सके, के लिए बैंक के एम्पलॉयी असिस्टेंस प्रोग्राम के तहत महिला केंद्रित पहल भी की है। बैंक मातृत्व अवकाश की समाप्ति के बाद महिला कर्मचारियों के लिए कहीं से भी काम करने के विकल्प पर विचार कर रहा है।

बैंक अपनी महिला कर्मचारियों के लिए क्षमता निर्माण और अभिप्रेरणा पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है और पीओएसएच (POSH) दिशानिर्देशों के संबंध में जागरूकता भी लाता है।

पूर्व कर्मचारी

पूर्व कर्मचारियों द्वारा प्रदान की गई अमूल्य सेवाओं को सम्मान देने और उनके योगदान को महत्ता देने के लिए, बैंक उनके लिए कई कल्याणकारी योजनाएं प्रदान करता है जैसे हॉलिडे होम सुविधाएं, बैंक के अंशकालिक चिकित्सा सलाहकारों के साथ परामर्श, विशेष चिकित्सा सहायता और उनके द्वारा भुगतान किए गए चिकित्सा बीमा प्रीमियम की प्रतिपूर्ति।

बैंक अपने सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्यों को सुविधा प्रदान करने के प्रति हमेशा जागरूक रहता है। इसलिए, उनके लिए एचआर सेवाओं को सुविधाजनक बनाने हेतु, पेंशन वेतन पर्ची, पीपीओ, कर गणना, हॉलिडे होम बुकिंग और टीई/ डीए दावों को जमा करने जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं को एचआर कनेक्ट एप्लिकेशन में एकीकृत किया गया है जिसे मोबाइल पर 24x7 एक्सेस किया जा सकता है।

आरक्षण प्रकोष्ठ:

अनु.जाति/ अनु.जनजाति/ दिव्यांग(पीडब्ल्यूडी)/ भूतपूर्व सैनिकों और अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) कर्मचारियों के लिए आरक्षण की निगरानी करने व अन्य प्रावधानों को लागू करने के लिए एक विशेष प्रकोष्ठ कार्य कर रहा है।

महाप्रबंधक स्तर के कार्यपालक को अनु.जाति/ अनु.जनजाति/ दिव्यांग और भूतपूर्व सैनिकों एवं अन्य पिछड़े वर्ग के कर्मचारियों के लिए मुख्य संपर्क अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है, जो उनसे संबंधित विभिन्न दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हैं।

1 फरवरी, 2019 से बैंक में सभी सीधी भर्तियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10% का आरक्षण लागू किया गया है।

सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक अधिकारी (निर्धारित पद), लिपिक और सब-स्टाफ संवर्ग में वर्ष में होने वाली कुल रिक्तियों के 4% के अनुपात में दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) को आरक्षण प्रदान करता है।

31.03.2024 तक जाति वर्गवार संख्या						
संवर्ग	**कुल**	**सामान्य**	**अ.जा.**	**अ.ज.जा.**	**अ.पि.व.**	**ईडब्लयूएस**
अधिकारी	42067	18916	7422	3317	12386	26
लिपिक	25996	10907	4273	2695	8053	68
सब -स्टाफ	6164	1814	2009	610	1731	0
कुल	**74227**	**31637**	**13704**	**6622**	**22170**	**94**
कुल कर्मचारियों का %	42.62	18.46	8.92	29.87	0.13	

संवर्ग	पीडबल्यूडी	पूर्व - कर्मचारी
अधिकारी	1090	605
लिपिक	1037	3040
सब -स्टाफ	114	506
कुल	2241	4151
कुल कर्मचारियों का %	3.02	5.59

आवधिक बैठकें: बैंक, इनकी समस्याओं को दूर करने के लिए ऑल इंडिया बैंक ऑफ़ बड़ौदा एससी/ एसटी (एआईबीओबीएससीएसटी) एम्पलॉयी वेल्फेअर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें और ऑल इंडिया बैंक ऑफ़ बड़ौदा ओबीसी एम्पलॉयी वेल्फेअर एसोसिएशन (एआईबीओबीओबीसी) के प्रतिनिधियों के साथ छमाही बैठकें आयोजित करता है।

कार्यशालाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम: बैंक एआईबीओबीएससीएसटी एम्पलॉयी वेल्फेअर एसोसिएशन और एआईबीओबीओबीसी एम्पलॉयी वेल्फेअर एसोसिएशन के सदस्यों तथा एससी/ एसटी एवं ओबीसी संपर्क अधिकारियों के लिए हर वर्ष अपनी विभिन्न प्रशिक्षण अकादमियों में निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है।

- एससी/ एसटी उम्मीदवारों के लिए पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण।
- आरक्षण नीति के संबध में कार्यशाला।
- अनुशासनात्मक कार्यवाही संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम।

दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली

अपनी शाखाओं को एक ऐसा स्वच्छ परिवेश उपलब्ध करवाने, जो अपने ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान कर सकें, के उद्देश्य से बैंक रिकॉर्ड का प्रबंधन करने के लिए पेशेवर कंपनियों को नियुक्त कर दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली (डीएमएस) (रिकॉर्ड्स डिजिटाइजेशन को लागू करने वाले पीएसबी में पहला) की पहल का क्रियान्वयन करने वाला अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है। रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली (आरएमएस) के अंतर्गत भौतिक रिकॉर्ड को बारकोड किया जाता है, अनुक्रमित किया जाता है और उन्हें स्टोरेज के लिए वेंडर के वेयरहाउस में ले जाया जाता है, जिसे बैंक की आवश्यकता के अनुसार किसी भी समय पुनर्प्राप्त किया जा सकता है। जिस स्थान को खाली किया गया है, उसका उपयोग ग्राहक सेवा दक्षता, बेहतर शाखा परिवेश आदि के लिए किया जा रहा है।

दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली (डीएमएस), हरित पहल के तहत पेपरलैस बैंकिंग की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसमें निर्धारित दस्तावेजों (ऋण फाइलें/ मानव संसाधन संबंधी दस्तावेज/ विधिक दस्तावेज और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज) की स्कैनिंग और "बड़ौदा दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली (बीडीएमएस)" सर्वर, एक डिजिटल रिपाज़िटटॉरी, पर स्कैन किए गए डेटा को अपलोड करना शामिल है।

यह हमारे बैंक की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसके तहत -7042- से अधिक शाखाओं / कार्यालयों को कवर करते हुए लगभग 56.60 करोड़ इमेजेस को स्कैन किया जा चुका है। साथ ही, बैंक ऑफ बड़ौदा के चिन्हित शाखाओं में लगभग -3.19- लाख वर्ग फुट जगह को खाली किया गया है।

बैंक की मेट्रो और शहरी शाखाओं और अर्ध-शहरी क्षेत्र की निर्धारित शाखाओं में रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली (आरएमएस)/ दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली (डीएमएस) के सफल कार्यान्वयन के बाद, अब इसे बैंक की अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की शेष 1530 शाखाओं/ कार्यालयों में लागू किया जा रहा है।

परिसर पुनर्संरचना

- गिफ्ट सिटी, गांधीनगर में आईएफएससीबी (IFSCB) यूनिट के लिए अत्याधुनिक कार्यालय बनाया गया है।
- एमएमओ, हॉर्निमन सर्कल, मुंबई में बैंक की हेरिटेज बिल्डिंग का नवीनीकरण, लगभग 160 कर्मचारियों के आवास के लिए जगह बनाना।
- कोयंबटूर के रामनगर में बैंक के वाणिज्यिक सह आवासीय भवन के निर्माण का कार्य पूरा हो गया है।
- 5 आर-सेटी भवनों का निर्माण पूरा हुआ।
- 95% से अधिक पात्र खरीदारियां (1263 करोड़) GeM पोर्टल के माध्यम से की गई थी।

हरित /अन्य पहलें

- 177- ग्रामीण/अर्ध शहरी क्षेत्रों में शाखाएं सौर ऊर्जा पर चलाई जा रही हैं, जिससे लगभग 3500 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम हुआ है।
- बैंक के कई पट्टे और स्वामित्व वाले परिसरों में सौर पैनल स्थापित

किए गए। संस्थापित क्षमता स्वामित्व वाली इमारतों में 293 किलोवाट और बैंक के पट्टे वाले परिसर में 1.3 मेगावाट है।

- मैंगलोर में बैंक के अंचल कार्यालय में 35 Kwp क्षमता के सौर पैनल लगाए गए हैं।
- बैंक ने 18 प्रशासनिक भवनों में वर्षा जल संचयन प्रणाली इंस्टाल की गई है।
- कई प्रशासनिक भवनों में जलरहित मूत्रालय (276 नग) इंस्टाल किए गए हैं जिनसे प्रति वर्ष लगभग 30 लाख लीटर पानी की बचत होती है।
- वृक्षारोपण- दिनांक 15.11.2023 से 15.12.2023 की अवधि के दौरान संपूर्ण भारत में स्कूलों, पार्कों, आवासीय सोसाइटियों आदि में 43499 पेड़/ पौधे लगाए गए हैं।
- बैंक की आईटी टीम के माध्यम से सुरक्षा रिपोर्ट और रिटर्न का डिजिटलीकरण
- संपूर्ण भारत में बैंक की सभी ऊंची इमारतों में अग्नि अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- विभिन्न चिकित्सा केंद्रों/अस्पतालों के साथ संबद्ध करके स्टाफ सदस्यों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए।
- बीसीसी में 24*7 एम्बुलेंस सुविधा।
- वार्षिक खेल दिवस का आयोजन नवंबर 2023 में किया गया, जिसमें सभी स्टाफ सदस्यों के साथ उनके परिवार भी शामिल हुए।
- बीसीसी, मुंबई में हवाई टिकट बुकिंग हेतु सेल्फ बुकिंग टूल (एसबीटी) का कार्यान्वयन।

राजभाषा (रा.भा.) नीति का कार्यान्वयन

हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के माध्यम से व्यवसाय वृद्धि के साथ-साथ ग्राहकों को डिजिटल उत्पाद प्रदान करना बैंक की राजभाषा नीति की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। भारत सरकार और नियामक प्राधिकरणों द्वारा समय-समय पर इस दृष्टिकोण की सराहना की गई है। आपके बैंक ने वार्षिक कार्यान्वयन कार्यक्रम 2023-24 के तहत भारत सरकार द्वारा निर्धारित विभिन्न लक्ष्यों और बैंक के विभिन्न कार्यालयों/शाखाओं के निरीक्षण के दौरान राजभाषा के संबंध में संसदीय समिति को दिए गए आश्वासनों के संबंध में एक सुव्यवस्थित वार्षिक कार्य योजना को अपनाया है।

बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी/ कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें नियमित रूप से तिमाही आधार पर आयोजित की गईं और वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कई नई पहलें प्रारम्भ की गईं। आपके बैंक ने हिंदी और 11 अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में मोबाइल बैंकिंग तथा लेनदेन संबंधी एसएमएस सेवाएं प्रदान करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। हमारे ग्राहकों के लिए व्हाट्सऐप बैंकिंग सेवा और इंटरनेट बैंकिंग सेवा हिंदी में भी उपलब्ध हैं। समीक्षाधीन अवधि के दौरान एक नई पहल के रूप में बैंक की चैटबोट सुविधा, डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म, बीसीएमएस पोर्टल और बीसी नॉलेज पोर्टल, कर्मचारियों के उपयोग हेतु एचआर कनेक्ट पोर्टल, ऑडिट ऑटोमेशन पैकेज से ऑटो जेनरेटेड ईमेल को हिंदी भाषा में भी उपलब्ध कराया गया है। बैंक के विभिन्न ऐप और डिजिटल चैनलों/पोर्टलों के माध्यम से ऑटो जनरेट होने वाले सभी ईमेल तथा बैंक के एलएलपीएस पैकेज के माध्यम से जनरेट होने वाले नियम एवं शर्तों से युक्त ऋण मंजूरी पत्र द्विभाषी अर्थात हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध कराए गए हैं।

वर्ष के दौरान उठाए गए विभिन्न पहलों के तहत आपके बैंक के संयोजन में कार्यरत नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बड़ौदा द्वारा 'कॉर्पोरेट क्षेत्र में ईएसजी का महत्त्वः वर्तमान एवं भविष्य' विषय पर एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पश्चिम) मुंबई के अंतर्गत कार्यरत सभी नगर समितियों के सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

बैंक ने अपनी शाखाओं/कार्यालयों के लिए राजभाषा रेटिंग प्रणाली और अपने स्टाफ सदस्यों के लिए 'भाषाई चौपाल' कार्यक्रम के आयोजन की शुरूआत की है वर्ष के दौरान दोनों गतिविधियां जारी रहीं। ग्राहकों की सुविधा के लिए बैंक की सेल्फ सर्विस पासबुक प्रिंटिंग मशीन 'कियोस्क' को हिंदी में पासबुक प्रिंटिंग हेतु सक्षम किया है। आपके बैंक ने बैंक के वेबसाइट पर 'शब्दनाद' पेज तैयार किया है। इस पेज पर बैंक द्वारा कॉर्पोरेट एवं पूरे बैंक स्तर पर आयोजित राजभाषा संबंधी विभिन्न गतिविधियों, पुरस्कारों तथा अन्य संबंधित सूचनाओं का अभिलेख उपलब्ध होगा।

आपके बैंक ने 'डिजिटल ऋण' विषय पर आयोजित अखिल भारतीय सेमिनार में प्राप्त आलेखों को ई-पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया। आपके बैंक ने अंचलों में स्थापित विभिन्न विभागों (यथा मार्केटिंग, वसूली, सुरक्षा, मार्गेज) में हिंदी पत्राचार में वृद्धि हेतु तिमाही आधार पर अलग-अलग अभियानों का आयोजन किया। हिंदी दिवस, विश्व हिंदी दिवस और मातृभाषा दिवस पूरे भारत एवं विदेशों में स्थित विभिन्न कार्यालयों/शाखाओं में मनाए गए। आपका बैंक स्टाफ-सदस्यों के सृजनात्मक कौशल में वृद्धि करने के लिए कॉर्पोरेट स्तर की दो पत्रिकाएं - बॉबमैत्री (गृह पत्रिका) और अक्षय्यम् (हिंदी पत्रिका) प्रकाशित कर रहा है। आपका बैंक सभी सेवारत और सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्यों के लिए निर्मित 'बॉब अभिव्यक्ति 2.0' नामक एक मोबाइल ऐप को लगातार व्यापक बनाने का कार्य कर रहा है यह ऐप बॉबमैत्री और अक्षय्यम् सहित सभी पत्रिकाओं/ समाचार पत्रों/ हाउस जर्नलों को ऑनलाइन पढ़ने का रोचक अनुभव प्रदान करता है। साथ ही, यह बैंक में गो-ग्रीन पहल को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।

आपका बैंक ग्राहकों के लिए डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं के तहत वित्तीय समावेशन खाते में भारतीय भाषाओं में एसएमएस भेजने की सुविधाएं दे रहा है। आपका बैंक अंग्रेजी, हिंदी और गुजराती भाषा में व्हाट्सऐप बैंकिंग सेवा प्रदान कर रहा है। आपके बैंक ने स्टाफ सदस्यों के उपयोग हेतु निर्मित एचआर कनेक्ट पोर्टल को पूर्णतः द्विभाषी किया है। आपके बैंक ने बैंक की हिंदी वेबसाइट को आकर्षक रूप दिया है जिससे कि बैंक की हिंदी वेबसाइट के हिट्स में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आपके बैंक ने टैब बैंकिंग के माध्यम से खाता खोलते समय ग्राहकों को अपनी भाषा में एसएमएस और व्हाट्सऐप बैंकिंग सुविधा प्राप्त करने हेतु विकल्प के चयन की सुविधा उपलब्ध करवाई है। आपके बैंक ने ऑनलाइन बचत खाता खोलने हेतु द्विभाषी (हिंदी एवं अंग्रेजी) डिजिटल जर्नी की सुविधा को उपलब्ध करवाया है। इसके अलावा

आपके बैंक ने कॉन्टैक्ट सेंटर में हिंदी भाषा में सर्वाधिक कॉल प्राप्त होने को ध्यान में रखते हुए कॉन्टैक्ट सेंटर में कार्यरत कर्मियों के लिए भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया है। आपके बैंक ने हिंदी भाषा में विभिन्न बैंकिंग उत्पादों के यू-ट्यूब वीडियो और ग्राहक जागरूकता हेतु हिंदी में इन उत्पादों की पीपीटी तैयार की है। इसके अलावा आपके बैंक ने नियमित आधार पर बैंक की सभी प्रचार-सामग्रियों का हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवाद सुनिश्चित किया है। आपका बैंक समय-समय पर संबधित अवसर के अनुसार सोशल मीडिया हेतु हिंदी सामग्री पोस्ट करना सुनिश्चित किया है।

आपके बैंक ने बैंक द्वारा जारी आंतरिक परिपत्रों के हिंदी संस्करण की गुणवत्ता और उपयोगिता के संबंध में बैंक के स्टाफ सदस्यों के बीच विभिन्न मानदंडों पर दिनांक 05.12.2023 से 10.12.2023 तक आंतरिक सर्वेक्षण करवाया ताकि परिपत्र की भाषा के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया जा सके। आपके बैंक ने बैंक के डिजिटल चैनलों की भारतीय भाषाओं में उपलब्धता के संबंध में भी सर्वेक्षण करवाया ताकि डिजिटल चैनलों में भारतीय भाषाओं के यूजर इंटरफेस को लेकर फीडबैक प्राप्त कर इनकी गुणवत्ता, उपयोगिता आदि के संबंध में एक व्यवस्थित डाटा प्राप्त किया जा सके। इन सर्वेक्षणों में प्राप्त सुझावों के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

आपके बैंक में राजभाषा के कार्यान्वयन को बढ़ावा देने और हिंदी एवं क्षेत्रीय भाषाओं में कार्य करने के लिए विभिन्न ई-टूलों के बारे में स्टाफ सदस्यों को जागरूक करने के संबंध में बैंक द्वारा एक सामर्थ्य टूलकिट/ शाखा सामर्थ्य (तकनीकी टूलकिट) विकसित किया गया था और इस वर्ष के दौरान स्टाफ सदस्यों को इसका प्रशिक्षण प्रदान किया जाना जारी रखा गया। इसके अलावा, युवा पीढ़ी को आपके बैंक से जोड़ने के लिए देश भर के स्कूलों/ कॉलेजों में विभिन्न कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं का भी आयोजन भी किया गया, जिससे बैंक को युवा पीढ़ी के बीच बैंक की छवि को सुदृढ़ करने एवं व्यवसाय जुटाने/बढ़ाने में मदद मिली।

आपके बैंक के प्रयासों की भारत सरकार द्वारा समय-समय पर सराहना की जाती रही है। वर्ष के दौरान आपके बैंक को राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु भारत सरकार की 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' योजना के तहत द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, बैंक के तत्वावधान में वडोदरा में कार्यरत नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) को नराकास राजभाषा सम्मान योजना के तहत प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार, भारत सरकार के संबंधित क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों द्वारा बैंक के संयोजन में कार्यरत वाराणसी, जयपुर और बरेली, नराकास को पुरस्कार के लिए चयनित गया। हमारे अंचल कार्यालय, बड़ौदा, चंडीगढ़ और नवसारी को भी भारत सरकार के संबंधित क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। आपके बैंक को गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2023-24 में कुल 15 पुरस्कार प्रदान किए गए जिसमें कीर्ति/ क्षेत्रीय पुरस्कार/ अन्य पुरस्कार शामिल हैं। चालू वर्ष में बैंक के विभिन्न कार्यालयों को गृह मंत्रालय के तत्वाधान में कार्यरत नराकास से कुल 35 पुरस्कार प्राप्त हुए। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा द्वारा आयोजित कंठस्थ-2.0 प्रतियोगिता के घोषित विजेताओं में से 5 विजेता आपके बैंक के स्टाफ सदस्य हैं।

आपके बैंक ने बैंक के संयोजन में कार्यरत 29 समितियों के नियमित बैठकों की निगरानी एवं भारत सरकार द्वारा इस संबंध में निर्धारित अनुदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया है। बैंक ने देश के 71 विश्वविद्यालयों में हिन्दी को लोकप्रिय बनाने हेतु अपनी विशिष्ट योजना "मेधावी विद्यार्थी सम्मान योजना" को जारी रखा। इस योजना के तहत नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति उन दो विद्यार्थियों को प्रदान किए जाते हैं, जिन्होंने प्रत्येक अकादमिक वर्ष की एम. ए. (हिन्दी) में सर्वाधिक अंक अर्जित कर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

समग्र रूप से आपका बैंक राजभाषा संबंधी अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वाह करने के साथ-साथ भारतीय भाषाओं का व्यवसाय विकास एवं ग्राहकों की सुविधा की दृष्टि से उपयोग करने हेतु प्रतिबद्ध है।

संवहनीयता- ईएसजी- पर्यावरण अनुकूल दृष्टिकोण

बैंक जलवायु परिवर्तन की समस्या के समाधान को अत्यधिक महत्वपूर्ण मानता है और ग्लोबल वार्मिंग को दुनिया भर के व्यवसायों और समुदायों के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक के रूप में स्वीकार करता है। हाल के समय में जलवायु परिवर्तन का जोखिम वित्तीय उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में उभरा है। इसे ध्यान में रखते हुए बैंक जलवायु परिवर्तन के जोखिम के प्रभाव को कम करने और अपने बैंकिंग परिचालनों के संवहनीय विकास की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा उद्देश्य पर्यावरण और सामाजिक पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण सुनिश्चित करते हुए आर्थिक विकास हासिल करना है।

एक जिम्मेदार नीतिगत उपाय के रूप में, बैंक उन दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करता है जो ओजोन क्षयकारी पदार्थों (ओडीएस) का उत्पादन या उपभोग करने वाली नई इकाइयों की स्थापना में शामिल उधारकर्ताओं को वित्तपोषण करने से निषिद्ध करते हैं। इसी तरह, क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी) का उपयोग कर एरोसोल इकाइयों के विनिर्माण में लगी लघु और मध्यम स्तर की इकाइयां बैंक वित्तपोषण के लिए पात्र नहीं हैं। ये उपाय ग्रीनहाउस प्रभाव को कम करने और अधिक संवहनीय भविष्य के प्रति योगदान करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप हैं।

संवहनीयता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए बैंक ने निदेशक मंडल स्तर पर सीएसआर और संवहनीयता समिति की स्थापना की है। यह समिति पूरे संगठन में संवहनीय रणनीतियों को लागू करने और जिम्मेदार पर्यावरणीय, सामाजिक और शासन (ईएसजी) प्रथाओं को एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके अलावा, अपने उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए निदेशक मंडल स्तरीय समिति को परिचालन सहायता प्रदान करने के लिए एक विशिष्ट कोर समिति का गठन किया गया है।

बैंक ने उत्सर्जन को कम करने, ऊर्जा संरक्षण और पानी की खपत को कम करने के लिए विभिन्न पहलों को लागू किया है। कार्बन उत्सर्जन को कम करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। वर्तमान में, ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित लगभग 177 शाखाएं सौर ऊर्जा द्वारा संचालित हैं, जिसके परिणामस्वरूप बिजली की खपत कम हुई है और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में अत्यधिक कमी आई है। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग

के माध्यम से हमने लगभग 4500 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया है। इसके अतिरिक्त, सभी घरेलू शाखाओं में एलईडी लाइटों की स्थापना ने ऊर्जा दक्षता को बढ़ाने में योगदान दिया है।

बैंक सक्रिय रूप से हितधारकों के बीच संवहनीयता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देता है और संवहनीयता जीवनशैली, पर्यावरणीय संरक्षण और स्वच्छता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए बैंक ने स्वच्छता पखवाड़ा जैसी पहलों का आयोजन किया है। इन प्रयासों ने स्वास्थ्य जांच शिविरों के आयोजन के अलावा सार्वजनिक बगीचों, रेलवे स्टेशनों और समुद्र तटों पर स्वच्छता अभियान में नागरिकों के जुड़ाव को बढ़ाया है। बैंक का उद्देश्य स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाने में सक्रिय भागीदारी को प्रेरित और प्रोत्साहित करना है।

बैंक अपने प्लेटफॉर्म "बॉबवर्ल्ड" के माध्यम से प्रौद्योगिकी- आधारित बैंकिंग पर जोर दे रहा है। यह लेन-देन के लिए कागज के उपयोग और शाखाओं में भौतिक रूप से जाने की आवश्यकता को कम करते हुए हमारे ग्राहकों के लिए निर्बाध और सुविधाजनक बैंकिंग परिचालन को सक्षम बनाता है। बैंक ने आंतरिक रूप से एक पेपरलेस अनुमोदन प्रक्रिया को लागू किया है और दस्तावेज़ प्रबंधन का डिजिटलीकरण किया है, जिससे परिचालन दक्षता में वृद्धि हुई है और पर्यावरणीय प्रभाव कम हुआ है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए बैंकों की प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में बैंक ने 'प्लांट ए ट्री प्रोग्राम' शुरू किया है। प्रत्येक ऑटो या गृह ऋण के लिए बैंक अपने ग्राहकों की ओर से एक फलदार पेड़ लगाता है। ग्राहकों को एक हरित वृक्षारोपण प्रमाणपत्र दिया जाता है जिसमें उनकी ओर से लगाए गए पेड़ का विवरण होता है। प्रत्येक पेड़ को जियोटैग किया जाता है और प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का उपयोग करके सुरक्षित किया जाता है। ग्राहक अपने लगाए गए पेड़ को ऑनलाइन ट्रैक कर सकते हैं, उसकी सटीक भौगोलिक स्थिति को देख सकते हैं और यहां तक कि प्रदान किए गए कॉऑर्डिनेट्स का उपयोग कर व्यक्तिगत रूप से पेड़ तक पहुँच सकते हैं।बैंक ने इस कार्यक्रम के माध्यम से 1.5 लाख से अधिक पेड़ लगाए हैं।

बॉब अर्थ हमारे बैंक का एक उप-ब्रांड है जो "हरित कल के लिए बैंकिंग" को बढ़ावा देता है और स्थिरता पर जोर देता है। बॉब अर्थ पहल के तहत हरित अभियान के हिस्से के रूप में 15.11.2023 से 15.12.2023 की अवधि के दौरान संपूर्ण भारत में स्कूलों, पार्कों, आवासीय सोसायटी आदि में 43499 पेड़ पौधे लगाकर, सभी के लिए हरित और स्वस्थ भविष्य को बढ़ावा देते हुए हम पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने का प्रयास करते हैं। बैंक लगातार जिम्मेदार प्रथाओं को एकीकृत करने, अपने कार्बन पदचिह्न को कम करने और सक्रिय रूप से उन पहलों में संलग्न होने का प्रयास करता है जो हमारे ग्रह और समाज को समग्र रूप से लाभान्वित करते हैं।

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)

विभिन्न विकास कार्यों के जरिए समुदायों के सामाजिक और आर्थिक विकास करने की एक लंबी एवं समृद्ध परंपरा है। एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में बैंक समाज कल्याण में विशेष रूप से समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए और उनके जीवन में सतत सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए सदैव प्रयासरत रहता है। लाभदायक रोजगार के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण, मानव कल्याण और महिलाओं एवं हेल्थ केयर आदि के उत्थान के लिए अन्य सामाजिक गतिविधियां बैंक के प्रमुख सरोकार हैं। बैंक कमजोर वर्ग और ग्रामीण नागरिकों के लाभार्थ विभिन्न सामुदायिक विकास और सामाजिक-आर्थिक कल्याण गतिविधियों में लगे विभिन्न संगठनों की मदद कर रहा है।

बैंक के पास देश के 11 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में 65 ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) केंद्र हैं जो ग्रामीण एवं अर्द्ध शहरी क्षेत्रों के नवयुवकों को कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से स्व-रोजगार सृजित करने हेतु प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। प्रारम्भ से इन केंद्रों ने 24263 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं और 6.76 लाख युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया है जिनमें से 4.65 लाख ने पहले ही रोजगार प्राप्त कर लिया है या अपने स्वयं के उद्यम स्थापित किए हैं। -65- आर-सेटी में से, -64- आर-सेटी को समग्र प्रदर्शन/कार्यप्रणाली के आधार पर ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा "एए" (उत्कृष्ट) के रूप में वर्गीकृत किया गया है और -1- आर-सेटी यानी आर-सेटी पासीघाट को नया आर-सेटी होने के कारण वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान रेट किया जाएगा।

बैंक ने 12 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में 85 वित्तीय साक्षरता और ऋण परामर्श केंद्र (एफएलसीसी) भी स्थापित किए हैं जो औपचारिक वित्तीय क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न वित्तीय उत्पादों और सेवाओं के बारे में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के व्यक्तियों को वित्तीय परामर्श सेवाएं और शिक्षा प्रदान करते हैं। ये केंद्र वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग सेवाओं के बारे में जागरूकता, डिजिटल बैंकिंग, वित्तीय आयोजना और किसी वैयक्तिक के ऋण से संबंधित संकट को दूर करने संबंधी कार्य को बढ़ावा देने वाली गतिविधियां करते हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार बैंक ने 9 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 196 वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) भी स्थापित किए हैं, जिनका उद्देश्य अभिनव पहलों और सहभागिता आधारित दृष्टिकोण के माध्यम से आदिवासी और पिछड़े ब्लॉकों में वित्तीय साक्षरता प्रदान करना है।

बैंक ने विभिन्न सामाजिक कार्यों के लिए भी दान दिया है, जैसे योग्य गरीब छात्रों को उनकी शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता, चिकित्सा उपकरण और आरोग्य के लिए दान, स्मार्ट कक्षाओं के लिए दान, अस्पतालों के लिए वाटर कूलर और आरओ सिस्टम का दान और चक्रवात प्रभावित क्षेत्रों में राहत कोष के लिए दान।

घरेलू अनुषंगियां और संयुक्त उद्यम

बॉबकार्ड लिमिटेड

बॉबकार्ड लिमिटेड (पहले बॉब फाइनेंशियल सॉल्यूशंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) की स्थापना 1994 में बैंक के पूर्ण स्वामित्व वाली एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में की गई थी। इसका प्रमुख व्यवसाय क्रेडिट कार्ड जारी करना है इसकी मुख्य विशेषता जो इसे दूसरों से अलग करती है, सरल, आसानी से समझ में आने वाले उत्पाद हैं, जो उचित मूल्य, सक्षम सेवा और संपूर्ण डिजिटल आवेदन के साथ आते हैं।

वित्त वर्ष 2024 बॉबकार्ड के लिए निरंतर विकास का वर्ष रहा जिसमें अपने उद्योग की स्थिति को मजबूत करने और मूल बैंक के साथ निर्बाध एकीकरण किया गया था। वित्त वर्ष 24 के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, कंपनी ने क्रेडिट कार्ड उद्योग में कार्ड और खर्च में हिस्सेदारी में लगातार वृद्धि जारी रखी। हम 2.5% की हिस्सेदारी के साथ कार्डों की बाजार हिस्सेदारी के मामले में 9वें स्थान पर हैं और 1.5% की खर्च हिस्सेदारी के साथ, मासिक खर्च के मामले में बॉबकार्ड 11वें स्थान पर है।

कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 में लगभग 10.9 लाख नए क्रेडिट कार्ड जारी किए और वृद्धिशील ग्राहक अधिग्रहण के मामले में सबसे बड़े जारीकर्ताओं में से एक बना रहा। कंपनी ने दोनों पोर्टफोलियो यानी स्वामित्व कार्ड को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करके अपनी दो-आयामी विकास रणनीति (एक तरफ बॉब ग्राहकों और दूसरी तरफ प्रमुख साझेदारियों) को मजबूत किया। इसके अंतर्गत दोनों पोर्टफोलियो अर्थात् प्रोप्राइटरी कार्ड, जहां वित्त वर्ष 2024 में फोकस संमिश्र को विविधीकृत करने हेतु पेड एवं प्रीमियम कार्ड पर रहा, वहीं ग्राहक आधार बढ़ाने हेतु को-ब्रांडेड कार्ड पर फोकस किया गया ।

मई 2023 में रुपे क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए यूपीआई पर क्रेडिट कार्ड (CC-UPI) शुरू किया गया था। वित्त वर्ष 2024 में CC-UPI पर 1282 (संख्या) से अधिक कार्ड धारकों ने खर्च किए हैं, जिसमें मार्च 2024 में ₹221 करोड़ का अब तक के सर्वाधिक खर्च के स्तर को प्राप्त किया है।

कंपनी ने ग्राहक अनुभव को बढ़ाने और उत्पादों और प्रक्रियाओं में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी में निवेश करना जारी रखा। वर्चुअल क्रेडिट कार्ड, मोबाइल ऐप के नए संस्करण, वीज़ा एम्पावर कार्ड और रुपे बिजनेस कार्ड का लॉन्च और प्रमुख प्रक्रियाओं का स्वचालन, वित्त वर्ष 2024 के कुछ मुख्य आकर्षण थे।

कंपनी ने त्योहारी महीनों के दौरान अपने कार्डधारकों के लिए 50 से अधिक खर्च श्रेणियों में 2K ऑफर संप्रेषण लॉन्च किए। ये ऑफर नियमित और ईएमआई खर्चों पर थे। देश भर में ग्राहकों तक पहुंचने के लिए सोशल मीडिया सहित कई संचार चैनलों का उपयोग किया गया। बॉब कार्ड ने "रिमेंबर टू रीइमेजिन" की उद्देश्य संकल्पना के साथ रीब्रांडिंग घोषणा की शुरुआत की। एक नई दृश्य पहचान को अपनाने के लिए सभी ब्रांड संपत्तियों को नवीकृत किया गया जिससे हमारी नई ब्रांड पहचान को बढ़ाने और इसके संबंध में जागरूकता लाने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य किया।

वित्तीय वर्ष 2024 (आईजीएएपी वित्तीय) में बॉबकार्ड लिमिटेड की कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियां निम्नानुसार हैं

(राशि करोड़ में)

बॉबकार्ड लिमिटेड		
विवरण	**वित्तीय वर्ष 2023**	**वित्तीय वर्ष 2024**
कुल आस्तियां	3520.45	5217.15
चालू वित्तीय वर्ष के लिए निवल लाभ/ (हानि)	24.62	59.27
चालू वित्तीय वर्ष के लिए निवल एनपीए स्तर	68.55	32.65

बॉबकार्ड लिमिटेड		
विवरण	**वित्तीय वर्ष 2023**	**वित्तीय वर्ष 2024**
क्रेडिट रेटिंग	क्रिसिल ए1+	क्रिसिल ए1+
	इंडिया रेटिंग ए1+	इंडिया रेटिंग ए1+
आस्तियों पर प्रतिफल	0.71%	1.14%

बॉब कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड

बॉब कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड (बॉबकैप्स), बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है, जो सेबी पंजीकृत श्रेणी- मर्चेंट बैंकर है और साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) की सदस्यता के साथ स्टॉक ब्रोकर भी है।

बॉबकैप्स वित्तीय सेवाओं का विस्तृत स्पेक्ट्रम प्रदान करता है जिसमें प्राइमरी मार्केट/पीई फंड, ऋण समूहन, दबावग्रस्त आस्तियों का निपटान, इक्विटी मूल्यांकन, विलय एवं अधिग्रहण एडवाइजरी तथा स्टॉक ब्रोकिंग (संस्थागत और रिटेल दोनों) शामिल है। इसमें दो परिचालन सेगमेंट हैं यथा - निवेश बैंकिंग और ब्रोकिंग एवं संवितरण।

वित्त वर्ष 2024 के दौरान बॉबकैप्स को अपने व्यवसाय के लिए अच्छा प्रतिसाद प्राप्त हुआ है। निवेश बैंकिंग टीम ने प्रमुख आईपीओ, क्यूआईपी, ऋण समाधान, ऋण सिंडिकेशन, डीसीएम और विलय एवं अधिग्रहण सलाह सहित कई लेनदेन सफलतापूर्वक संपन्न किए। आईबी इक्विटी ने IREDA और IRM एनर्जी के आईपीओ को सफलतापूर्वक संपन्न किया, जिन्हें अतिरेक अभिदान मिला। इससे डील क्रेडेंशियल्स अर्जित करने में मदद मिली है जो नए मैंडेट प्राप्त करने हेतु महत्वपूर्ण है। कंपनी को मुख्यतः प्रौद्योगिकी और खाता अधिग्रहण बुनियादी ढांचे के निर्माण में हुए खर्च के कारण घाटा हुआ है। राजस्व पर ध्यान केंद्रित करने से संस्थागत और रिटेल ब्रोकिंग व्यवसाय राजस्व, दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष के दौरान रिटेल ग्राहक आधार दोगुना हो गया है और कंपनी व्यवसाय को बढ़ाने के लिए अपने संपूर्ण रिटेल प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म को नया स्वरूप दे रही है।

वित्त वर्ष 2024 के लिए बॉब कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड की कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

बॉब कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड		
विवरण	**वित्त वर्ष 2023**	**वित्त वर्ष 2024**
कुल आस्तियां	179.34	169.00
निवल लाभ/ हानि	1.25	(12.50)
ग्राहक आधार (संख्या)	1,00,929	2,08,768
शाखाओं की कुल संख्या	3	3

बड़ौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेज लि.

बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बड़ौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेज 2017 में बैंक द्वारा बैक-ऑफिस सेवाओं को एक इकाई में एकीकृत करने के

रणनीतिक निर्णय का परिणाम है, जिससे सेवा के दुहराव और बिजनेस यूनिट साइलो को कम करने, तालमेल बढ़ाने और कार्य की मात्रा और दक्षता बढ़ाने में मदद मिली ।

बीजीएसएस का लक्ष्य कम लागत-आय अनुपात, कम क्रेडिट हानि, नए व्यवसाय को जनरेट करने और ग्राहक प्रतिधारण के माध्यम से बैंक के लिए मूल्य सृजन में है।

बैंक के लिए मूल्य सृजन के इस उद्देश्य के अनुरूप, वित्त वर्ष 2024 निरंतर विकास पर बल देते हुए विस्तार और परिचालन उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित करने के साथ समेकन और विकास का वर्ष था। मजबूत जोखिम और शासन ढांचे के साथ निरंतर सुधार की प्रवृति बीजीएसएस को अपने विकास पथ का अनुसरण करने में सक्षम बना रही है, जो कि 56% (वित्त वर्ष 2020 से) की बीजीएसएस टॉपलाइन सीएजीआर वृद्धि से स्पष्ट है।

वित्तीय वर्ष के दौरान, संगठन कई प्रमुख लेनदेन/परियोजनाओं के कार्यान्वयन में शामिल रहा है, जो निम्नानुसार हैं:

1. काम करने के लिए बेहतरीन जगह के रूप में प्रमाणित - (जीपीटीडब्ल्यू 2024-25) ।
2. उत्पादकता में सुधार और सीओए को नियंत्रण में रखने से डीएसटी व्यवसाय की लाभप्रदता में बदलाव आया है, जिसके परिणामस्वरूप बैंक के मूल्य में वृद्धि हुई है।
3. संग्रह टेली-कॉलिंग- एसएमए 0 पीओएस रिज़ॉल्यूशन वित्त वर्ष 2023 में ₹53,000 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में ₹62,000 करोड़ हो गया।
4. बॉब यूके डेटा संवर्धन और संपर्क केंद्र संचालन के शुभारंभ के साथ अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों में प्रवेश किया।
5. स्वचालन और लीन सिक्स सिग्मा पद्धति की तैनाती द्वारा प्रक्रिया की रि-इंजीनियरिंग और 10% साल-दर-साल (केंद्रीकृत संचालन) की बढ़ी हुई उत्पादकता/दक्षता।
6. प्रक्रिया गुणवत्ता मानकों को पूरा करने वाली 9 प्रक्रियाओं में आईएसओ 9001:2015 प्रमाणन।
7. आईएसओ 27001:2013 प्रमाणन और अभिनियोजित एसओसी (सुरक्षा संचालन केंद्र) सूचना सुरक्षा के लिए बीजीएसएस प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।
8. आईएसओ 22301:2019 बीसीएमएस प्रमाणन के माध्यम से परिचालन लचीलापन (सहनीय) और सुदृढ़ गवर्नेंस।
9. वार्षिक CSAT सर्वेक्षण जिसमे 92.8% दर्शकों ने BGSS प्रदर्शन की सराहना की और परिणामस्वरुप उत्कृष्ट और बहुत अच्छी श्रेणी की प्राप्ति।
10. सीखने की संस्कृति को सुदृढ़ किया गया और डिजिटल लर्निंग अकादमी के लिए एक एकीकृत एलएमएस (लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम) प्लेटफॉर्म को आरंभ किया गया।
11. बेहतर लैंगिक विविधता (26%)।
12. 108 रिटेल आस्ति आरएपीसी केंद्रों (पैन इंडिया) में बीजीएसएस जनशक्ति को तेजी से तैनात कर बैंक को सहयोग।
13. सीबीडीसी, प्लेटिनम डेबिट कार्ड, व्हाट्सएप बैंकिंग सहित विभिन्न डिजिटल उत्पादों के लिए मौजूदा बैंक के ग्राहकों की सहायता के लिए विस्तारित डिजिटल आउटबाउंड कॉलिंग की उपलब्धता।
14. एनआर ग्लोबल हेल्पडेस्क संचालन के लिए पायलट लॉन्च किया गया।

बीजीएसएस वित्तीय प्रदर्शन का एक स्नैपशॉट

(राशि करोड़ में)

बड़ौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेज लि. (बीजीएसएस)		
विवरण	वित्त वर्ष 2023 लेखा परीक्षित	वित्त वर्ष 2024 लेखा परीक्षित
कुल आय	254.81	348.74
खर्च	242.88	323.25
पीबीटी	11.7	25.5
पीएटी	9.51	19.77
पीएटी %	3.73%	5.67%

बड़ौदासन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड

बड़ौदा सन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड 5 जुलाई, 2017 को बैंक ऑफ़ बड़ौदा की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी के रूप में रजिस्ट्रार ऑफ़ कंपनीज, मुंबई, महाराष्ट्र में पंजीकृत हुई। कंपनी को बैंक ऑफ बड़ौदा के लिए विभिन्न प्रकार के व्यवसाय में बदलते आईटी समर्थित व्यवसाय समाधान, सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट ऐप्लिकेशन और व्यवसाय के विभिन्न क्षेत्रों में क्रियान्वयन से संबंधित मामलों में सिस्टम इंटीग्रेशन/परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिए स्थापित गया है।

कंपनी ने अभी तक पूर्ण परिचालन शुरू नहीं किया है और यह बैंक के विभिन्न व्यावसायिक वर्टिकलों में तकनीकी दक्षता प्रदान करने वाली विभिन्न व्यावसायिक आवश्यकताओं को प्रभावी रूप से पूरा करने के लिए उद्यमवार आईटी परियोजनाओं और वित्तीय उत्पादों के विकास और समाधानों को क्रियान्वित करने के लिए कार्यक्रम / परियोजना प्रबंधन जैसी गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करेगी।

दि नैनीताल बैंक लि.

दि नैनीताल बैंक लिमिटेड (एनबीएल) मूल रूप से 1922 में स्वर्गीय भारत रत्न पंडित गोविंद बलल्लभ पंत और अन्य द्वारा प्रवर्तित है जो वर्ष 1973 में बैंक ऑफ़ बड़ौदा की अनुषंगी बनी। नैनीताल बैंक लिमिटेड में बैंक की धारिता 98.57% है। एनबीएल का नैनीताल में अपना पंजीकृत कार्यालय है और पांच राज्यों अर्थात् उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), हरियाणा और राजस्थान में इसका परिचालन करती है। 31 मार्च, 2024 तक एनबीएल की 171 शाखाएं हैं। एनबीएल का कुल कारोबार 31 मार्च, 2023 को ₹12,305.42 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2024 को ₹13086.87 करोड़ हो गया। बैंक ने पिछले वर्ष ₹46.30 करोड़ के निवल लाभ की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में ₹47.10 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया।

बड़ौदा बीएनपी परिबास एसेट मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (बीबीएनपीए एएमसी)

बीबीएनपीपी एएमसी बैंक ऑफ बड़ौदा की बहु-स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। बीबीएनपीपी एएमसी बैंक ऑफ़ बड़ौदा (50.1% शेयरधारिता) और बीएनपी परिबास एसेट मैनेजमेंट एशिया लिमिटेड (49.9% शेयरधारिता) की एक संयुक्त उद्यम है। यह कंपनी बड़ौदा बीएनपी परिबास म्यूचुअल फंड के लिए एसेट मैनेजर है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा और बीएनपी परिबास एएम दोनों के पास भारत में तत्कालीन निधि प्रबंधन व्यवसाय थे, जिन्हें इस संयुक्त उद्यम बनाने के लिए मार्च 2022 में विलय कर दिया गया था।

बीबीएनपीपी एएमसी अपने प्रायोजकों की शक्ति पर विश्वास करती है। एएमसी बैंक ऑफ़ बड़ौदा के विशाल नेटवर्क और स्थानीय पहुंच तथा बीएनपी परिबास आस्ति प्रबंधन की वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं और बाजार ज्ञान का लाभ उठाता है। पिछले कुछ वर्षों में, एएमसी ने निवेश क्षमताओं, उत्पाद रेंज, पहुंच और वितरण को मजबूत करने में आक्रामक रूप से निवेश किया है। एएमसी ने जनवरी-मार्च 2024 के दौरान 35,646 करोड़ रुपये के एमएफ एएयूएम का प्रबंधन किया, जो वर्ष-दर-वर्ष 45% की मजबूत वृद्धि दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, एएमसी 31 मार्च, 2024 तक 2,257 करोड़ रुपये के एयूएम वाले विदेशी ग्राहकों को सलाहकार सेवाएं भी प्रदान करता है। सुदृढ़ एयूएम वृद्धि और लागत अनुशासन से प्रेरित होने के कारण एएमसी का परिचालन वर्ष के दौरान लाभदायक रहा।

वित्त-वर्ष 23-24 के लिए बड़ौदा बीएनपी परिबास एसेट मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की महत्वपूर्ण उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

(रु. करोड़ में)

बड़ौदा बीएनपी परिबास एसेट मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड		
विवरण	**वित्त वर्ष 2023**	**वित्त वर्ष 2024**
कुल आस्तियां	187.36	191.43
चालू वित्त वर्ष के लिए निवल लाभ	(6.88)	6.11
प्रबंधन के तहत औसत आस्तियां (एएयूएम)	26,436*	37,903*
कुल एएयूएम के लिए इक्विटी (%)	56%	56%

*इसमें वित्त वर्ष 2022-23 में रु. 1,929 करोड़ और वित्त वर्ष 2023-24 में रु. 2,257 करोड़ की एडवाइजरी एयूएम शामिल है।

म्यूचुअल फंड के बारे में बढ़ती जागरूकता के साथ-साथ भारतीय मध्यम वर्ग की बढ़ती आकांक्षा के कारण भारतीय एमएफ उद्योग में तीव्र वृद्धि देखी जा रही है। एक उत्साहजनक प्रवृत्ति यह है कि छोटे शहर बड़े शहरों की तुलना में दोगुनी गति से बढ़ रहे हैं। भारत के पास संभवतः दुनिया में सबसे अच्छा डिजिटल लेनदेन बुनियादी ढांचा है, जिससे ग्राहक तेजी से डिजिटल अपना रहे हैं। एएमसी भारत में मजबूत उपस्थिति बनाने के लिए इन सभी रुझानों का लाभ उठा रही है। एएमसी एक शीर्ष स्तरीय फंड हाउस बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो भारत में घरेलू ग्राहकों को सेवा प्रदान करने के साथ-साथ विदेशी निवेशकों को भारतीय बाजार तक पहुंचने में मदद करता है।

इंडिया फ़र्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. इंडिया

इंडिया फ़र्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि., जिसका मुख्यालय मुंबई में स्थित है, बैंक ऑफ़ बड़ौदा की एक घरेलू अनुषंगी है जो कार्मल पॉइंट इन्वेस्टमेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ प्रवर्तित है, जिसका स्वामित्व वारबर्ग पिंकस एलएलसी द्वारा प्रबंधित निजी इक्विटी फंडों के पास है। यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया कंपनी का एक निवेशक है। कंपनी की कुल शेयर पूंजी ₹1,433 करोड़ है (शेयर प्रीमियम सहित)

वित्त वर्ष 2024 में, इंडियाफर्स्ट लाइफ ने वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 14.8% की वृद्धि के साथ ₹6,974 करोड़ का कुल सकल लिखित प्रीमियम पोस्ट किया। कंपनी ने निजी जीवन बीमाकर्ताओं के बीच टोटल न्यू बिजनेस जीडब्ल्यूपी पर पिछले साल की तुलना में अपनी रैंक में 1 स्थान का सुधार करके 11वीं रैंक हासिल की है। 31 मार्च 2024 तक इंडियाफर्स्ट लाइफ की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) ₹27,073 करोड़ है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 के लिए ₹112.31 करोड़ का शुद्ध लाभ और ₹10,009 करोड़ की कुल आय दर्ज की।

इंडिया फर्स्ट लाइफ को लगातार छठवीं बार ग्रेट प्लेस टू वर्क (जीपीटीडब्ल्यू) के रूप में प्रमाणीकृत किया गया जिसे जीपीटीडब्ल्यू द्वारा "बीएफएसआई भारत के 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थल" में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त होने के साथ-साथ व्यावसायिक, शैक्षणिक और सरकारी संगठनों में उत्कृष्ट कार्यस्थलों को परिभाषित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ मानक के रूप में माना जाता है। द इकोनॉमिक टाइम्स द्वारा कंपनी को 2023 के सर्वश्रेष्ठ ब्रांड में भी सम्मानित किया गया है।

इंडिया इंफ्राडेब्ट लिमिटेड

इंडिया इंफ्राडेब्ट लिमिटेड (इंफ्राडेब्ट) भारत में परिचालन शुरू करने वाली पहली इन्फ्रास्ट्रक्चर डेट फंड (आईडीएफ़) एनबीएफसी है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा और आईसीआईसीआई बैंक इस इंफ्राडेब्ट के सबसे बड़े शेयरधारक हैं और सिटी कॉर्प फाइनेंस (इंडिया) लिमिटेड एवं भारतीय जीवम बीमा निगम इसके अन्य शेयरधारकों में शामिल हैं। यह इंफ्राडेब्ट अपेक्षाकृत ऐसी सुरक्षित, पूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का वित्तपोषण करती है जिन्होंने एक वर्ष का वाणिज्यिक परिचालन पूर्ण कर लिया हो। इसकी स्थापना के बाद से इसे क्रिसिल, आईसीआरए और भारत रेटिंग द्वारा एएए/ स्टेबल आउटलुक के रूप में रेट किया गया है। इंफ्राडेब्ट को इसकी सभी आय पर 100% आयकर रियायत प्राप्त है।

मजबूत, स्थायी इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं- विशेष रूप से अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं और सड़क परियोजनाओं के लिए ऋण देने पर इंफ्राडेब्ट का ध्यान केंद्रित होने के कारण बैंक के साथ तालमेल में वृद्धि होती है और इस प्रकार भारत में हरित ऊर्जा को बढ़ावा तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान मिलता है। इन्फ्राडेब्ट का व्यवसाय लगातार बढ़ रहा है। वित्त-वर्ष 2024 के दौरान को इसकी ऋण बही ₹ 20,938 करोड़ रही और निवल लाभ ₹441.71 करोड़ और इक्विकिटी पर रिटर्न 14% रहा। इंफ्राडेट पिछले सात, वर्षों से लगातार लाभांश भी दे रही है।

बैंक की सभी घरेलू अनुषंगियों और संयुक्त उद्यमों का संक्षिप्त सारांश निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

इकाई	धारित निधि	कुल आस्तियां	निवल लाभ	कार्यालय	कर्मचारी
बॉबकार्ड लिमिटेड	1070.90	5217.14	59.27	44	487
बॉब कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड	148.29	169.63	-12.50	4	129
बड़ौदा सन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड	4.74	4.82	0.155	1	0
बड़ौदा ग्लोबल शेयर्ड सर्विसेज लि.	58.85	148.49	19.78	2	4634 (3342 ऑन रोल एवं 1292 थर्ड पार्टी)
दि नैनीताल बैंक लि.	776.85	9306.82	47.10	171	1170 (एमटी एवं अधिकारियों सहित)
बड़ौदा बीएनपी परिबास एसेट मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	158.42	198.24	6.11	9	275
बड़ौदा बीएनपी परिबास ट्रस्टी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	0.28	0.40	0.03	1	1
इंडिया फ़र्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.	1,181.30	28,143.70	112.31	29	4,720
इंडिया इंफ्राडेब्ट लिमिटेड	3206.35	22981.68	441.71	1	30

पुरस्कार

वित्तीय, डिजिटल फ्रंट और अन्य अनूठी पहलों में बैंक के उत्कृष्ट कार्यनिषादन के सम्मान में, बैंक को वित्त वर्ष 2024 के दौरान कई पुरस्कार और सम्मान प्रदान किए गए जो निम्नानुसार हैं;

माह	प्राप्त पुरस्कारों के विवरण
अवधि के दौरान परिवर्धन	Additions during the period	**4447,19,62**	**23125,14,49**	3527,40,42	18677,94,87
II प्रारक्षित पूंजी	**II Capital Reserves**				
(₹ 5012.34 करोड़ की पुर्नमूल्यांकित प्रारक्षित निधि सहित (पिछली अवधि ₹ 5860.73 करोड़)	(including Revaluation Reserve of ₹ 5012.34 crore (previous period ₹ 5860.73 crore)				

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

		31 मार्च 2024 को As at 31st March 2024		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023	
प्रारंभिक शेष	Opening Balance	**13956,99,91**		15116,27,31	
अवधि के दौरान परिवर्धन	Additions during the period	**104,16,52**		92,57,14	
अवधि के दौरान समायोजन	Adjustments during the period	**(3,33,34)**		(2,46,12)	
		14057,83,09		15206,38,33	
कटौतियां :	Deductions:				
सामान्य प्रारक्षित निधियों में अंतरित पुर्नमूल्यांकित अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास	Depreciation on revalued fixed assets transferred to General Reserve	**845,05,57**	**13212,77,52**	1249,38,42	13956,99,91
III शेयर प्रीमियम	**III Share Premium**				
प्रारंभिक शेष	Opening Balance	**31312,15,13**		31312,15,13	
अवधि के दौरान परिवर्धन	Additions during the period	**-**	**31312,15,13**	-	31312,15,13
IV राजस्व एवं अन्य प्रारक्षित निधियां	**IV Revenue and other Reserves**				
ए) सांविधिक प्रारक्षित निधि (विदेशी)	a) Statutory Reserve (Foreign)				
प्रारंभिक शेष	Opening Balance	**240,64,64**		199,36,47	
अवधि के दौरान परिवर्धन	Additions during the period	**48,17,32**		41,28,17	
		288,81,96		240,64,64	
बी) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36(1)(viii) के अंतर्गत विशेष प्रारक्षित निधियां	b) Special Reserve u/s 36(1)(viii) of Income Tax Act, 1961				
प्रारंभिक शेष	Opening Balance	**6944,01,77**		6644,01,77	
अवधि के दौरान परिवर्धन	Additions during the period	**615,92,00**		300,00,00	
		7559,93,77		6944,01,77	
सी) विदेशी मुद्रा रुपांतरित प्रारक्षित निधियां	c) Foreign Currency Translation Reserve				
प्रारंभिक शेष	Opening Balance	**4193,89,92**		3381,90,57	
अवधि के दौरान परिवर्धन/ समायोजन	Addition/Adjustments during the period	**53,91,48**		811,99,35	
		4247,81,40		4193,89,92	
डी) पूंजी हेज प्रारक्षित निधि	d) Capital Hedge Reserve				
प्रारंभिक शेष	Opening Balance	**160,89,25**		-	
अवधि के दौरान परिवर्धन	Additions during the period	**74,50,90**		160,89,25	
		235,40,15		160,89,25	
ई) निवेश प्रारक्षित खाता	e) Investment Reserve Account	**563,86,44**		-	
एफ) निवेश उतार चढ़ाव प्रारक्षित लेखा	f) Investment Fluctuation Reserve				
प्रारंभिक शेष	Opening Balance	**2420,00,00**		2390,00,00	
अवधि के दौरान परिवर्धन	Additions during the period	**-**		30,00,00	
		2420,00,00		2420,00,00	

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

		31 मार्च 2024 को As at 31st March 2024		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023	
जी) अन्य राजस्व प्रारक्षित निधि प्रारंभिक शेष	g) Other Revenue Reserves Opening Balance	**19280,80,28**		10679,93,21	
अवधि के दौरान परिवर्धन/ समायोजन	Additions/Adjustments during the period	**8941,34,33**		8600,87,07	
		28222,14,61		19280,80,28	
कुल - IV (ए, बी, सी, डी, ई, एफ और जी)	**TOTAL - IV (a, b, c, d, e, f & g)**		**43537,98,33**		33240,25,86
कुल (I से IV)	**TOTAL (I to IV)**		**111188,05,47**		97187,35,77

अनुसूची - 3 जमाराशियां / SCHEDULE - 3 DEPOSITS

ए. I मांग जमाराशियां	A. I Demand Deposits				
i) बैंकों से	i) From Banks	**3574,28,14**		4059,72,21	
ii) अन्य से	ii) From Others	**116836,35,11**	**120410,63,25**	99940,78,69	104000,50,90
II बचत बैंक जमाराशियां	II Savings Bank Deposits		**393955,60,40**		371096,32,08
III मीयादी जमाराशियां	III Term Deposits				
i) बैंकों से	i) From Banks	**89012,50,89**		58001,22,38	
ii) अन्य से	ii) From Others	**723579,09,64**	**812591,60,53**	670589,73,45	728590,95,83
कुल (I से III)	**TOTAL (I to III)**		**1326957,84,18**		1203687,78,81
बी. I भारत में स्थित शाखाओं की जमाराशियां	B. I Deposits of branches in India	**1128513,79,71**		1047375,20,81	
II भारत से बाहर स्थित शाखाओं की जमाराशियां	II Deposits of branches outside India	**198444,04,47**		156312,58,00	
कुल (I और II)	**TOTAL (I & II)**	**1326957,84,18**		1203687,78,81	

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

				31 मार्च 2024 को As at 31st March 2024		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023
अनुसूची - 4 उधार ली गई राशियां	**SCHEDULE - 4 BORROWINGS**					
I. भारत में उधार ली गई राशियां	**I Borrowings in India**					
i) भारतीय रिज़र्व बैंक	i) Reserve Bank of India	**8870,00,00**			2429,00,00	
ii) अन्य बैंक	ii) Other Banks	**858,32,32**			11142,62,79	
iii) अन्य संस्थान एवं एजेंसियां	iii) Other Institutions and Agencies	**40844,24,03**			54295,37,96	
iv) नवोन्मेषी बेमीयादी ऋण लिखत (आईपीडीआई) एवं एटी1	iv) Innovative Perpetual Debt Instruments (IPDI) & AT1	**12355,00,00**			12355,00,00	
v) गौण बांड	v) Subordinated Bonds	**10770,00,00**			10756,50,00	
vi) दीर्घावधि इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड	vi) Long term infrastructure bonds	**11000,00,00**			1000,00,00	
कुल (i से vi)	**TOTAL (i to vi)**			**84697,56,35**		91978,50,75
II. भारत से बाहर उधार ली गई राशियां	**II Borrowings outside India**			**9704,69,59**		9931,97,73
कुल - उधार ली गई राशियां (I एवं II)	**Total - Borrowings (I & II)**			**94402,25,94**		101910,48,48
उपरोक्त में शामिल जमानती उधार ली गई राशियां	Secured Borrowings included in above			**30640,22,92**		38084,88,76

		31 मार्च 2024 को As at 31st March 2024	31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023
अनुसूची - 5 अन्य देयताएं और प्रावधान	**SCHEDULE - 5 OTHER LIABILITIES AND PROVISIONS**		
I देय बिल	I Bills Payable	**3821,60,05**	4059,17,82
II अंतर कार्यालय समायोजन (निवल)	II Inter Office Adjustments (Net)	**10,48,82**	2424,07,97
III उपचित ब्याज	III Interest Accrued	**6693,45,14**	5396,85,43
IV मानक अग्रिमों की एवज में आकस्मिक प्रावधान	IV Contingent Provision against Standard Advances	**6917,12,73**	7580,54,82
V अन्य (प्रावधानों सहित)	V Others (including provisions)	**34770,73,37**	35279,72,06
कुल (I से V)	**TOTAL (I to V)**	**52213,40,11**	54740,38,10

		31 मार्च 2024 को As at 31st March 2024	31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023
अनुसूची - 6 नकदी और भारतीय रिज़र्व बैंक के पास शेष	**SCHEDULE - 6 CASH AND BALANCES WITH RESERVE BANK OF INDIA**		
I उपलब्ध नकदी (विदेशी मुद्रा नोटों सहित)	I Cash in hand (including foreign currency notes)	**3938,28,44**	3794,80,82
II भारतीय रिज़र्व बैंक के पास शेष राशि	II Balances with Reserve Bank of India		
चालू खाते में	in Current Account	**50901,54,90**	51087,82,32
अन्य खाते में	In Other Account	**-**	-
कुल (I और II)	**TOTAL (I & II)**	**54839,83,34**	54882,63,14

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

		31 मार्च 2024 को As at 31st March 2024		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023	
अनुसूची - 7 **बैंकों के पास शेष राशि तथा मांग एवं अल्प सूचना पर देय राशि**	**SCHEDULE - 7** **BALANCES WITH BANKS AND MONEY AT CALL & SHORT NOTICE**				
I भारत में	**I In India**				
i) बैंकों के पास शेष राशि	i) Balances with Banks				
ए) चालू खातों में	a) in Current Accounts	**37,07,86**		58,85,24	
बी) अन्य जमा खातों में	b) in Other Deposit Accounts	**1251,07,50**	**1288,15,36**	5525,81,28	5584,66,52
ii) मांग एवं अल्प सूचना पर देय राशि	ii) Money at call and short notice with				
ए) बैंकों के पास	a) Banks	**-**		-	
बी) अन्य संस्थानों के पास	b) Other institutions	**-**	**-**	-	-
कुल (i और ii)	**TOTAL (i and ii)**		**1288,15,36**		5584,66,52
II भारत से बाहर	**II Outside India**				
i) चालू खातों में	i) in Current Accounts	**19700,50,20**		20367,42,03	
ii) अन्य जमा खातों में	ii) in Other Deposit Accounts	**5905,29,87**		6037,14,23	
iii) बैंकों के पास मांग एवं अल्प सूचना पर देय राशि	iii) Money at Call and Short Notice with Banks	**13390,35,06**		8831,37,97	
कुल (i, ii और iii)	**TOTAL (i, ii and iii)**		**38996,15,13**		35235,94,23
कुल (I और II)	**TOTAL (I and II)**		**40284,30,49**		40820,60,75

		31 मार्च 2024 को As at 31st March 2024		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023	
अनुसूची - 8 **निवेश**	**SCHEDULE - 8** **INVESTMENTS**				
I भारत में निवेश (सकल)	**I Investments in India (Gross)**	**356819,69,42**		352875,16,72	
घटायें: मूल्यह्रास के लिए प्रावधान	Less: Provision for Depreciation	**3295,31,81**		4300,63,10	
भारत में निवल निवेश	Net Investments in India		**353524,37,61**		348574,53,62
अलग - अलग विवरण	B R E A K - U P				
i) सरकारी प्रतिभूतियां	i) Government Securities	**322148,96,03**		314867,18,82	
ii) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	ii) Other Approved Securities	**1,41,40**		1,41,40	
iii) शेयर	iii) Shares	**2160,11,86**		2230,14,59	
iv) डिबेंचर और बांड	iv) Debentures and Bonds	**25215,61,30**		27135,80,93	
v) अनुषंगियां और / या संयुक्त उद्यम	v) Subsidiaries and/or Joint Ventures	**3466,78,49**		3474,08,57	
vi) अन्य निवेश (म्यूचुअल फंड, पास-थ्रू प्रमाणपत्र, वेंचर कॅपिटल फंड, सिक्यूरिटी रसीद आदि.)	vi) Other Investments (Mutual Funds, Pass Through Certificates, Venture Capital Fund, Security Receipts etc.)	**531,48,53**		865,89,31	
		353524,37,61		348574,53,62	

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

			31 मार्च 2024 को As at 31st March 2024		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023	
II	**भारत के बाहर निवेश (सकल)**	**II Investments Outside India (Gross)**	**17514,04,00**		15537,39,78	
	घटायें : मूल्यह्रास के लिए प्रावधान	Less: Provision for Depreciation	**1221,57,87**		1626,56,98	
	भारत के बाहर निवल निवेश	Net Investments Outside India		**16292,46,13**		13910,82,80
	अलग - अलग विवरण	**BREAK - UP**				
	i) सरकारी प्रतिभूतियां (स्थानीय प्राधिकरणों सहित)	i) Government Securities (Including Local Authorities)	**7564,53,07**		6028,61,31	
	ii) विदेशों में अनुषंगियां और / या संयुक्त उद्यम	ii) Subsidiaries and/or joint ventures abroad	**2034,31,06**		2034,31,06	
	iii) अन्य निवेश (डिबेंचर, बांड आदि.)	iii) Other Investments (Debentures, Bonds etc.)	**6693,62,00**		5847,90,43	
			16292,46,13		13910,82,80	
	कुल (I और II)	**TOTAL (I and II)**		**369816,83,74**		362485,36,42
	अनुसूची - 9 अग्रिम	**SCHEDULE - 9 ADVANCES**				
ए	i) खरीदे और भुनाए गए बिल	A. i) Bills Purchased and Discounted	**47798,19,38**		33714,90,23	
	ii) नकद ऋण, ओवरड्राफ्ट और मांग पर चुकौती योग्य ऋण	ii) Cash Credits, Overdrafts and Loans Repayable on Demand	**349522,40,98**		318447,52,65	
	iii) मीयादी ऋण	iii) Term Loans	**668461,11,15**		588835,84,10	
	कुल ए (i से iii)	**TOTAL A (i to iii)**		**1065781,71,51**		940998,26,98
बी.	i) मूर्त आस्तियों से प्रतिभूत (बही ऋण के सापेक्ष अग्रिमों सहित)	B. i) Secured by Tangible Assets (includes advances against Book Debts)	**727998,92,64**		657601,93,31	
	ii) बैंक / सरकारी गारंटी से रक्षित	ii) Covered by Bank/ Government Guarantees	**99920,47,33**		87634,57,10	
	iii) गैर - जमानती	iii) Unsecured	**237862,31,54**		195761,76,57	
	कुल बी (i से iii)	**TOTAL B (i to iii)**		**1065781,71,51**		940998,26,98
सी.	I भारत में अग्रिम	C. I Advances in India				
	i प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र	i. Priority Sector	**291170,76,36**		263806,94,55	
	ii सार्वजनिक क्षेत्र	ii. Public Sector	**131702,52,20**		116633,87,08	
	iii बैंक	iii. Banks	**1026,77,28**		1076,70,37	
	iv अन्य	iv. Others	**456916,54,89**	**880816,60,73**	395072,11,12	776589,63,12
	II भारत से बाहर अग्रिम	II Advances Outside India				
	i बैंकों से देय	i Due from Banks	**78927,21,97**		52880,88,50	
	ii अन्य से देय	ii Due from Others				
	ए) खरीदे और भुनाए गए बिल	a) Bills Purchased & Discounted	**11639,00,77**		6834,23,18	

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

		31 मार्च 2024 को As at 31st March 2024		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023	
बी) सिंडीकेटेड ऋण	b) Syndicated Loans	81829,90,97		79268,11,18	
सी) अन्य	c) Others	12568,97,08	184965,10,79	25425,41,00	164408,63,86
कुल सी (I एवं II)	**TOTAL C (I & II)**		1065781,71,51		940998,26,98

अनुसूची - 10 / SCHEDULE - 10

अचल आस्तियां / FIXED ASSETS

I परिसर	**I Premises**				
पिछले वर्ष के 31 मार्च की लागत पर	At cost as on 31st March of the preceding year	14413,66,48		14370,83,11	
अवधि के दौरान परिवर्धन / समायोजन	Additions/adjustments during the period	65,28,90		58,36,84	
		14478,95,38		14429,19,95	
अवधि के दौरान कटौतियां / समायोजन	Deductions/adjustments during the period	36,26,78		15,53,47	
		14442,68,60		14413,66,48	
घटाएं:- आज की तारीख तक मूल्यह्रास / परिशोधन	Less:- Depreciation/ Amortisation to date	8157,34,51	6285,34,09	7271,67,83	7141,98,65
II अन्य अचल आस्तियां (फर्नीचर एवं फिक्सचर को मिलाकर)	**II Other Fixed Assets (including Furniture & Fixtures)**				
पिछले वर्ष के 31 मार्च की लागत पर	At cost as on 31st March of the preceding year	9442,57,13		8858,38,46	
अवधि के दौरान परिवर्धन / समायोजन	Additions/adjustments during the period	973,65,58		844,77,58	
		10416,22,71		9703,16,04	
अवधि के दौरान कटौती / समायोजन	Deductions/adjustments during the period	362,92,05		260,58,91	
		10053,30,66		9442,57,13	
घटाएं: आज की तारीख तक मूल्यह्रास	Less:- Depreciation to date	8426,09,43	1627,21,23	7877,98,50	1564,58,63
कुल (I से II)	**TOTAL (I to II)**		7912,55,32		8706,57,28

अनुसूची - 11 / SCHEDULE - 11

अन्य आस्तियां / OTHER ASSETS

I उपचित ब्याज	I Interest Accrued		13207,40,04		12786,51,46
II अग्रिम कर भुगतान / स्रोत पर कर कटौती (प्रावधानों का निवल)	II Tax paid in advance/tax deducted at source (net of provisions)		7898,71,64		7053,30,87
III लेखन सामग्री और स्टांप	III Stationery & Stamps		2,62,61		8,01,49
IV दावों के निपटान से अर्जित गैर-बैंकिंग परिसंपत्तियां	IV Non-banking assets acquired in satisfaction of claims		-		-
V अन्य	V Others		26053,10,37		30820,26,13
कुल (I से V)	**TOTAL (I to V)**		47161,84,66		50668,09,95

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

			31 मार्च 2024 को As at 31st March 2024		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023
अनुसूची - 12	**SCHEDULE - 12**				
आकस्मिक देयताएं	**CONTINGENT LIABILITIES**				
I बैंक के सापेक्ष दावे जिन्हें कर्ज नहीं माना गया	I Claims against the Bank not acknowledged as Debts		**33847,28,22**		32343,78,28
II आंशिक रुप से चुकता निवेशों के लिए देयता	II Liability for partly paid Investments		**15,28,00**		15,28,00
III बकाया वायदा विनियम संविदाओं के कारण देयता	III Liability on account of outstanding Forward Exchange Contracts		**330624,54,60**		325605,95,65
IV संघटकों की ओर से दी गई गारंटियां :	IV Guarantees given on behalf of Constituents :				
ए) भारत में	a) In India	**52682,99,11**		50941,32,98	
बी) भारत से बाहर	b) Outside India	**8330,96,13**	**61013,95,24**	9591,14,67	60532,47,65
V स्वीकृतियां, परांकन एवं अन्य दायित्व	V Acceptances, Endorsements and Other Obligations		**24432,75,37**		30935,13,54
VI अन्य मदें, जिनके लिए बैंक की आकस्मिक देयता हैं	VI Other items for which the Bank is Contingently liable		**126875,33,12**		128320,72,11
कुल (I से VI)	**TOTAL (I to VI)**		**576809,14,55**		577753,35,23

लाभ व हानि लेखा की अनुसूचियां
Schedules to Profit & Loss Account

		31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष For the Year Ended 31st March 2024	31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष For the Year Ended 31st March 2023
अनुसूची - 13	**SCHEDULE - 13**		
अर्जित ब्याज	**INTEREST EARNED**		
I अग्रिमों / बिलों पर ब्याज / डिस्काउंट	I Interest / Discount on Advances / Bills	**85098,22,79**	64073,48,91
II निवेशों पर आय	II Income on Investments	**24865,68,47**	22155,99,59
III भारतीय रिज़र्व बैंक के पास शेष राशियां और अन्य अंतर बैंक निधियों पर ब्याज	III Interest on Balances with Reserve Bank of India and other Inter-Bank Funds	**1721,08,00**	1437,41,38
IV अन्य	IV Others	**920,95,36**	1921,64,19
कुल (I से IV)	**TOTAL (I to IV)**	**112605,94,62**	89588,54,07

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

				31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष For the Year Ended 31st March 2024		31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष For the Year Ended 31st March 2023	
अनुसूची - 14		**SCHEDULE - 14**					
अन्य आय		**OTHER INCOME**					
I	कमीशन, विनिमय और ब्रोकरेज	I	Commission, Exchange and Brokerage		**3561,99,53**		2970,01,75
II	निवेशों के विक्रय पर लाभ	II	Profit on sale of Investments	**1618,18,07**		1299,14,90	
	घटाएं: निवेशों की बिक्री पर हानि		Less: Loss on sale of Investments	**126,24,61**	**1491,93,46**	236,64,66	1062,50,24
III	निवेशों के पुनर्मूल्यांकन पर लाभ	III	Profit on Revaluation of Investments	**513,09,82**		41,24,88	
	घटाएं: निवेशों के पुनर्मूल्यांकन पर हानि		Less: Loss on Revaluation of Investments	**14,86,61**	**498,23,21**	1030,20,86	(988,95,98)
IV	भूमि, इमारतों और अन्य आस्तियों के विक्रय पर लाभ	IV	Profit on sale of Land, Buildings and Other Assets	**8,72,23**		13,01,33	
	घटाएं: भूमि, इमारतों और अन्य आस्तियों के विक्रय पर हानि		Less: Loss on sale of Land, Buildings and Other Assets	**2,46,07**	**6,26,16**	2,30,06	10,71,27
V	विनिमय लेन-देन पर लाभ	V	Profit on Exchange Transactions	**1500,92,34**		1099,55,30	
	घटाएं: विनिमय लेन-देन पर हानि		Less: Loss on Exchange Transactions	**212,22,41**	**1288,69,93**	450,68,58	648,86,72
VI	विदेशों / भारत में अनुषंगियों / कंपनियों और / या संयुक्त उद्यमों से लाभांश आदि के रुप में अर्जित आय	VI	Income Earned by way of Dividends etc. from Subsidiaries/Companies and/ or Joint Ventures abroad/ in India		**237,59,04**		287,46,71
VII	विविध आय #	VII	Miscellaneous Income #		**7410,65,28**		6035,22,88
	कुल (I से VII)		**TOTAL (I to VII)**		**14495,36,61**		10025,83,59

विविध आय में बट्टे खातों में की गई वसूली ₹ 3,942.50 करोड़ में शामिल हैं (पिछले वर्ष ₹ 3,276.98 करोड़)

Miscellaneous income includes recoveries made in write-off accounts ₹ 3,942.50 Crores (Previous year ₹ 3,276.98 Crores)

अनुसूची - 15		**SCHEDULE - 15**			
अर्जित ब्याज		**INTEREST EXPENDED**			
I	जमाराशियों पर ब्याज	I	Interest on Deposits	**59861,51,52**	41697,02,17
II	भारतीय रिज़र्व बैंक / अंतर बैंक उधार राशियों पर ब्याज	II	Interest on Reserve Bank of India / Inter Bank Borrowings	**5643,77,06**	4395,29,38
III	अन्य	III	Others	**2379,12,55**	2140,21,68
	कुल (I से III)		**TOTAL (I to III)**	**67884,41,13**	48232,53,23

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

				31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष For the Year Ended 31st March 2024	31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष For the Year Ended 31st March 2023
अनुसूची - 16		**SCHEDULE - 16**			
परिचालन व्यय		**OPERATING EXPENSES**			
I	कर्मचारियों को भुगतान और तत्संबंधी प्रावधान	I	Payments to and Provisions for Employees	**15816,00,19**	13357,33,15
II	किराया, कर और बिजली	II	Rent, Taxes and Lighting	**1658,74,23**	1568,36,89
III	मुद्रण और लेखन सामग्री	III	Printing and Stationery	**182,75,95**	163,82,29
IV	विज्ञापन एवं प्रचार	IV	Advertisement and Publicity	**178,58,36**	193,31,36
V	बैंक की संपत्ति पर मूल्यह्रास	V	Depreciation on Bank's Property	**1619,67,66**	1954,72,71
VI	निदेशकों की फीस, भत्ते और व्यय	VI	Directors' Fees, Allowances and Expenses	**2,59,68**	2,39,50
VII	लेखापरीक्षकों की फीस और व्यय (शाखा लेखापरीक्षकों सहित)	VII	Auditors' Fees and Expenses (including Branch Auditors)	**95,94,02**	83,95,58
VIII	विधि प्रभार	VIII	Law Charges	**366,12,47**	214,77,88
IX	डाक, तार और टेलीफोन आदि	IX	Postages, Telegrams, Telephones etc.	**231,49,26**	174,92,63
X	मरम्मत और रखरखाव	X	Repairs and Maintenance	**1064,47,02**	1025,47,14
XI	बीमा	XI	Insurance	**1727,29,24**	1516,71,49
XII	अन्य खर्च	XII	Other Expenditure	**5307,99,48**	4262,50,62
	कुल (I से XII)		**TOTAL (I to XII)**	**28251,67,56**	24518,31,24

अनुसूची 17

31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष हेतु महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

1. तैयारी का आधार

वित्तीय विवरण, जब तक कि अन्यथा उल्लेख न हो, परंपरागत लागत आधार पर तैयार किए गए हैं। ये भारत में सामान्यतः मान्य लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) के अनुसार हैं जिनमें सांविधिक प्रावधान, विनियामक/भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देश, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखांकन मानक/ मार्गदर्शी नोट्स तथा भारत के बैंकिंग उद्योग में प्रचलित कार्यप्रणाली समाविष्ट है। विदेशी कार्यालयों के संदर्भ में संबंधित देशों के प्रचलित सांविधिक प्रावधानों और कार्यप्रणालियों का अनुपालन किया गया है।

2. आकलनों का उपयोग

वित्तीय विवरणों को तैयार करने में वित्तीय विवरणों की तारीख को रिपोर्ट की गयी आस्ति एवं देयताओं (आकस्मिक देयताओं सहित) तथा रिपोर्ट की गयी अवधि की आय एवं व्यय संबंधी राशि को रिपोर्ट करने हेतु प्रबंधन को अनुमानों और आकलनों की मदद लेनी पड़ती है। प्रबंधन का विश्वास है कि वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए प्रयुक्त आकलन विवेकपूर्ण और उचित हैं। वास्तविक परिणाम इन आकलनों से भिन्न हो सकते हैं। लेखा अनुमानों में कोई भी संशोधन वर्तमान एवं भविष्य की अवधि में उत्तरव्यापी प्रभाव से मान्य होगा जब तक कि अन्यथा उल्लेख न किया गया हो।

3. निवेश एवं डेरिवेटिव

बैंक निपटान की तारीख के आधार पर निवेशों के लिए लेखांकन की एक समान पद्धतियों का अनुसरण करता है। बैंक के निवेशों का वर्गीकरण एवं मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर परिपत्र सं. आरबीआई/ डीओआर/2021-22/81 डीओआर. एमआरजी. 42/21.04.141/ 2021-22 दिनांक 25 अगस्त, 2021 के अनुसार किया गया है।

3.1 वर्गीकरण

ए) वर्गीकरण का आधार

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुरूप बैंक के निवेश पोर्टफोलियों का वर्गीकरण निम्नानुसार किया गया है, जिसमें -

i) ''परिपक्वता तक धारित'' (एचएफटी) में वे निवेश शामिल हैं जिन्हें परिपक्वता तक रखने के उद्देश्य से प्राप्त किया गया है।

ii) ''क्रय-विक्रय के लिए धारित'' (एचएफटी) में वे निवेश शामिल हैं, जिन्हें व्यापार के उद्देश्य से प्राप्त किया गया है। ऐसी प्रतिभूतियां, जिन्हें सैद्धांतिक रूप से खरीद की तारीख से 90 दिनों के अंदर पुनः बिक्री हेतु रखा गया है, उन्हें एचएफटी श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है।

iii) ''बिक्री के लिए उपलब्ध (एएफएस)'' में वे निवेश शामिल हैं, जो उपर्युक्त (ए) तथा (बी) में शामिल नहीं हैं, अर्थात् जो न तो व्यापार के उद्देश्य से प्राप्त किए गए हैं और न ही परिपक्वता तक धारित करने के उद्देश्य से प्राप्त किए गए हैं।

तुलन पत्र में प्रकटीकरण के उद्देश्य से निवेशों को अनुसूची 8 ('निवेश') में प्रकटीकृत के रूप में 6 समूहों में वर्गीकृत किया जाता है (ए) सरकारी प्रतिभूतियां (बी) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां (सी) शेयर (डी) बॉण्ड और डिबेंचर (ई) अनुषंगियां और संयुक्त उद्यम (एफ) अन्य।

बी) अधिग्रहण लागत

अधिग्रहण के समय प्रदत्त लागत, निवेश संबंधी ब्रोकरेज और आंशिक अवधि के लिए ब्याज जैसी लागत भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार लाभ एवं हानि खाते में डाली जाती है।

सी) वर्गों के बीच अंतरण

निवेश का एक वर्ग से दूसरे वर्ग में पुनःवर्गीकरण, यदि किया गया हो तो, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप है। एएफएस/एचएफटी वर्ग से एचटीएम वर्ग स्क्रिप का अंतरण बही मूल्य या बाजार मूल्य में से जो कम हो, उस पर किया जाता है। एचटीएम से एएफएस/एचएफटी वर्ग में अंतरित प्रतिभूतियों के अंतरण के मामले डिस्काउंट पर एचटीएम के अंतर्गत धारित निवेशों को अधिग्रहण दर पर एएफएस/एचएफटी वर्ग में अंतरित किया जाता है और एचटीएम वर्ग में प्रीमियम पर धारित निवेशों को एमौरटाइज्ड लागत पर एएफएस/एचएफटी में अंतरित किया जाता है।

एएफएस से एचएफटी के बीच आपस में निवेशों का अंतरण बही मूल्य पर किया जाता है। ऐसे निवेशों पर मूल्यह्रास, यदि हो तो, को भी एक वर्ग से दूसरे वर्ग में अंतरित किया जाएगा।

इन वर्गों के बीच प्रतिभूतियों का अंतरण अधिग्रहण लागत/ बही मूल्य/ बाजार मूल्य पर, जो भी कम हो, अंतरण की तारीख को लेखाकृत किया जाएगा और यदि अंतरण पर मूल्यह्रास हो तो उसके लिए पूरा प्रावधान किया जाता है।

3.2 मूल्यांकन

''परिपक्वता तक धारित'' के रूप में वर्गीकृत निवेशों को भारित औसत अधिग्रहण लागत पर लिया गया है जबतक कि वह अंकित मूल्य से अधिक हो। इस स्थिति में प्रीमियम को परिपक्वता की शेष अवधि तक एमौरटाइज्ड किया गया है। एचटीएम वर्ग के निवेशों पर प्रीमियम के एमौरटाइजेशन व्यय को भारतीय रिज़र्व बैंक के दिनांक 25 अगस्त, 2021 के मास्टर परिपत्र सं. आरबीआई/डीओआर/2021-22/81 डीओआर.एमआरजी. 42/21.04.141/2021-22 के अनुरूप ब्याज आय में से घटाया जाता है।

''परिपक्वता तक धारित'' के रूप में वर्गीकृत निवेशों में डिबेंचर/बॉण्ड, जिन्हें स्वरूप / प्रकृति की दृष्टि से अग्रिम माना जाता है, शामिल हैं (जिनके लिए आस्ति वर्गीकरण संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंड तथा अग्रिमों पर लागू प्रावधान के अनुसार प्रावधान किए जाते हैं)।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, ट्रेजरी बिलों, कॉमर्शियल पेपर्स और जमा प्रमाणपत्र पर किए गए निवेश शामिल हैं और जिनके मूल्य का निर्धारण रखाव लागत पर किया गया है।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की अपेक्षाओं के लिए खरीदे गए पास थ्रू प्रमाणपत्रों का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बही मूल्य पर किया जाता है।

अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों और सहयोगी कंपनियों में (भारत तथा विदेश दोनों में) अस्थायी प्रकार के निवेशों को छोड़कर, निवेशों का मूल्यांकन, मूल्यह्रास मूल्य को घटाकर अधिग्रहण लागत पर किया जाता है।

जोखिम पूंजी निधि (वीसीएफ) इकाइयों में दिनांक 23 अगस्त 2006 के बाद किए गए बैंक निवेशों को प्रारंभिक तीन वर्ष की अवधि के लिए परिपक्वता तक धारित संवर्ग में वर्गीकृत किया जाता है और लागत पर मूल्यांकित किया जाता है। संवितरण के तीन वर्ष पश्चात इसे ब्रिक्री के लिए उपलब्ध में अंतरित कर दिया जाता है। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार वित्तीय विवरणों में वीसीएफ द्वारा दर्शाए गए निवल आस्ति मूल्य या घोषित एनएवी पर मूल्यांकन किया जाता है। यदि एनएवी/लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण 18 महीनों से अधिक समय से उपलब्ध न हो तो प्रति वीसीएफ रु 1/- पर मूल्यांकन किया जाएगा।

एएफएस और एचएफटी श्रेणियों के अंतर्गत वर्गीकृत निवेश, भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित दिशानिर्देशों के अनुसार समय-समय पर मार्कड-टू-मार्केट (एमटीएम) होते हैं। अनुसूची 8 (निवेश) में उल्लिखित वर्गीकरण के अंतर्गत वर्ग में निवल मूल्यह्रास, यदि हो तो, लाभ और हानि खाते में मान्यता दी जाती है। प्रत्येक वर्गीकरण के अंतर्गत श्रेणी में निवल मूल्य वृद्धि, यदि हो तो, उसे पहले प्रावधान किए गए मूल्यह्रास की राशि को छोड़कर शेष को अनदेखा कर दिया जाता है। निवेश के आवधिक मूल्यांकन के परिणामस्वरूप एकल प्रतिभूतियों का बही मूल्य बदला नहीं जाता।

पुनर्गठित अग्रिम योजना के बदले में प्राप्त निवेशों का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है। इन निवेशों के मूल्य में आई कमी के लिए प्रावधान किया जाता है और इसका उपयोग उस श्रेणी में अन्य निषादक प्रतिभूतियों में मूल्य वृद्धि के साथ समायोजित नहीं किया जाता। बैंक द्वारा पुनर्गठन योजना के अंतर्गत अर्जित इक्विटी शेयरों पर मूल्यह्रास भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार उपलब्ध कराया जाता है।

प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि की समाप्ति पर आस्ति पुनर्संरचना कंपनियों द्वारा जारी प्रतिभूति रसीद का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा ऐसे लिखतों के लिए समय-समय पर प्रस्तावित लागू दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है। तदनुसार, ऐसे मामलों में जहां आस्ति पुनर्संरचना कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीद से नकदी प्रवाह को संबंधित योजना के तहत लिखत को समनुदेशित वित्तीय आस्तियों के वास्तविक प्राप्य राशियों तक सीमित किया जाता है तो बैंक प्रत्येक रिपोर्टिंग की तारीख को इस तरह के लिखतों के मूल्यांकन के लिए आस्ति पुनर्संरचना कंपनी से समय -समय पर प्राप्त निवल आस्ति मूल्य की गणना करेगा। 01 अप्रैल 2017 को या इसके बाद प्रतिभूति रसीद में किए गए निवेश जो बैंक द्वारा 50% से ज्यादा बेची गई दबावग्रस्त आस्तियों द्वारा समर्थित हो, मूल्य में अवमूल्यन के लिए प्रावधान आस्ति पुनर्संरचना कंपनी (आरसी) और प्रतिभूतिकरण कंपनी (एससी) द्वारा घोषित निवल आस्ति मूल्य के मानदंडों के अनुसार अपेक्षित प्रावधान दर से अधिक होगी या मूल ऋण के लिए लागू मौजूदा आस्ति वर्गीकरण एवं प्रावधान मानदंड के अनुसार होगी और ऐसा माना जाएगा कि बैंक की बही में ऋण अनुमानत: जारी रहेगा। प्रतिभूति रसीद में अन्य दूसरे निवेश का मूल्यांकन जारीकर्ता आरसी/एससी से प्राप्त एनएवी के अनुसार होगा।

बैंक के पोर्टफोलियो में श्रेणी I और II एआईएफ के कोटेड इक्विटी शेयरों/बॉण्डों/यूनिटों को वरीयत: दैनिक आधार पर किन्तु कम से कम साप्ताहिक आधार पर मार्क्ड टू मार्केट किया जाना चाहिए। वर्ष में एक बार लेखापरीक्षित परिणामों के आधार पर इकाइयों का मूल्यांकन किया जाता है। हालांकि, यदि लेखापरीक्षित तुलन-पत्र /वित्तीय विवरण में प्रदर्शित होने वाले आंकड़े मूल्यांकन तारीख को लगातार 18 माह से अधिक समय के लिए उपलब्ध नहीं हैं तो निवेशों का मूल्यांकन 1 रुपये प्रति श्रेणी I और II एआईएफ किया जाता है।

प्राथमिक डीलर के रूप में बैंक द्वारा एचएफटी श्रेणी के अंतर्गत ट्रेजरी बिलों में किए गए निवेश का मूल्यांकन रखाव लागत पर किया जा रहा है।

बैंक केंद्र सरकार की पुरानी प्रतिभूतियों में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अल्प बिक्री लेनदेन करता है। शॉर्ट सेल पोजीशन, सिक्यूरिटीज शॉर्ट सोल्ड (एसएसएस) खाते में परिलक्षित होती है जोकि विशेष रूप से इसी उद्देश्य के लिए सृजित किया गया है। शॉर्ट पोजीशन को बाजार और हानि के लिए चिह्नित किया जाता है और उसे लाभ और हानि खाते में डाला जाता है जबकि उससे लाभ हो, तो उसे छोड़ दिया जाता है। शॉर्ट पोजीशन के निपटान से हुई लाभ/हानि को लाभ और हानि खाते में दर्शाया जाता है।

विशेष बॉण्ड जैसे कि तेल बॉण्ड, उर्वरक बॉण्ड, यूडीएवाय बॉण्ड आदि जो सीधे भारत सरकार द्वारा जारी किए जाते हैं, का मूल्यांकन एफआईबीएल मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है।

''क्रय-विक्रय के लिए धारित'' और ''बिक्री के लिए उपलब्ध'' श्रेणियों में कोटेड निवेश के मूल्यांकन के लिए दरें, स्टॉक एक्सचेंजों पर बाजार दरों / उद्धरण, वित्तीय बेंचमार्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एफबीआईएल) द्वारा घोषित दरों की तर्ज पर ली जाती हैं।

जिन निवेशों के लिए दरें/ कोट उपलब्ध न हों, उनके लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार दरें ली जाती हैं, जो निम्नानुसार हैं:

ए	सरकारी/स्वीकृत प्रतिभूतियां	-	परिपक्वता पर यील्ड के आधार पर
बी	इक्विटी शेयर, पीएसयू और ट्रस्टी शेयर	-	ब्रेक अप मूल्य पर (पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षित निधि, यदि है पर विचार किए बिना) नवीनतम तुलन-पत्र (तारीख को नवीनतम तुलन-पत्र तैयार करने की तारीख मूल्यांकन की तारीख से पहले 18 महीने से अधिक नहीं होगी) के अनुसार ब्रेक अप मूल्य अन्यथा ₹ 1 प्रति कंपनी
सी	अधिमानी शेयर एवं पास थ्रू प्रमाणपत्र (प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को छोड़कर)	-	उपयुक्त क्रेडिट स्प्रेड मार्क-अप सहित परिपक्वता पर यील्ड के आधार पर
डी	पीएसयू बॉण्ड्स	-	उपयुक्त क्रेडिट स्प्रेड मार्क-अप सहित परिपक्वता पर यील्ड के आधार पर
ई	म्यूचुअल फंड की यूनिट	-	प्रत्येक योजना के संबंध में निधि द्वारा घोषित नवीनतम पुनर्खरीद मूल्य/ एनएवी पर

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के आधार पर अनर्जक निवेश निर्धारित किए जाते हैं और इसमें मूल्यह्रास/ प्रावधान किए जाते हैं। क्षति के प्रबंधन मूल्यांकन के आधार पर, बैंक, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अलावा भी अतिरिक्त प्रावधान करता है। अन्य अर्जक प्रतिभूतियों के संबंध में ऐसे अनर्जक निवेशों पर मूल्यह्रास / प्रावधान, मूल्यवृद्धि के एवज में सेट ऑफ नही हैं। जब तक लाभ और हानि खाते में ब्याज प्राप्त नहीं हो जाता, अनर्जक निवेशों पर ब्याज नहीं माना जाता है।

विदेशी शाखाओं में निवेशों के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के या उन मेजबान देशों के दिशानिर्देशों, में से जो भी सख्त हो, उनका पालन किया जाता है। उन शाखाओं के मामले में जो ऐसे देशों में मौजूद हैं जहां कोई विनिर्दिष्ट दिशानिर्देश नहीं हैं, वहां भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों का पालन किया जाता है।

3.3 निवेशों का निपटाण

एचटीएम के रूप में वर्गीकृत किए गए निवेशों की बिक्री पर होने वाले लाभ/हानि को, निवेश से संबंधित भारित औसत लागत/बही मूल्य के आधार पर लाभ एवं हानि लेखा में लिया जाता है तथा 'परिपक्वता तक धारित' वर्गीकरण में निवेश की बिक्री पर समतुल्य लाभ के समान राशि पूंजीगत आरक्षित खाते में समायोजित की गयी है।

एएफएस/एचएफटी श्रेणी में निवेशों की बिक्री से होने वाले लाभ/हानि को लाभ एवं हानि खाते में प्रभारित किया जाता है।

3. 4 रेपो/ रिवर्स रेपो के लिए लेखांकन

बैंक ने मार्केट रेपो तथा रिवर्स रेपो लेनदेनों [भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र सं. आरबीआई / 2016-17/ एफ एमओडी.एमएओ जी.नं./01.01.001/2016-17 दिनांक 15 सितम्बर, 2016 और पुनर्खरीद संव्यवहार (रेपों) (रिज़र्व बैंक) निदेश, 2018 से संबंधी परिपत्र संख्या आरबीआई/2019-20/107 एफएमआरडी.डीआईआर डी.21/14.03.038/2019-20 दिनांक 28 नवंबर, 2019 द्वारा भा.रि.बैं. चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) सहित] के लेखांकन हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित की गयी समान लेखा प्रणाली को अपनाया है। सहमत शर्तों पर पुनर्खरीद के करार के साथ रेपो / रिवर्स रेपो संव्यवहारों को संपार्श्विक उधार/ ऋण परिचालन के अंतर्गत माना जाता है। रेपो के अंतर्गत बिक्री की प्रतिभूतियों को निवेश के अंतर्गत दर्शाया जाता है और रिवर्स रेपो के अंतर्गत खरीद की प्रतिभूतियों को निवेश में शामिल नहीं किया जाता है। लागत एवं राजस्व का लेखांकन ब्याज व्यय/ आय जैसा भी मामला हो, के लिए किया जाता है।

3.5 निवेश उतार-चढ़ाव प्रारक्षित निधि

यील्ड में बढ़ोतरी के पेटे संरक्षण हेतु पर्याप्त प्रारक्षित निधि तैयार करने के उद्देश्य से, भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने परिपत्र सं. आरबीआई/2017-18/147 डीबीआर नं. बीपी.बीसी.102/21.04.048/2017-18 दिनांक 2 अप्रैल, 2018 के माध्यम से सभी बैंकों को वित्तीय वर्ष 2018-19 से आईएफ़आर बनाने की सूचना दी है।

आईएफ़आर में अंतरित राशि निम्नलिखित से कम होगी: (i) वर्ष के दौरान निवेशों की बिक्री पर निवल लाभ (ii) वर्ष के निवल लाभ में से अनिवार्य विनियोजन घटाया जाए, जब तक आईएफआर की राशि निरंतर आधार पर एचएफटी एवं एएफएस पोर्टफोलियो का कम से कम 2% तक नहीं रहती।

3.6 डेरिवेटिव्स

बैंक वर्तमान में ब्याज दरों तथा मुद्रा डेरिवेटिव्स में डील करता है। बैंक द्वारा व्यवहारित ब्याज दर डेरिवेटिव्स में रुपया ब्याज दर स्वैप, विदेशी मुद्रा ब्याज-दर स्वैप, विनिमय ट्रेड रुपए ब्याज दर फ्यूचर्स तथा वायदा दर करार शामिल हैं। बैंक द्वारा व्यवहार में लाये जाने वाले मुद्रा डेरिवेटिव्स में ऑप्शन तथा मुद्रा स्वैप और विनिमय ट्रेडेड मुद्रा फ्यूचर हैं। बैंक तुलन-पत्र की आस्तियों एवं देयताओं की मार्केट मेकिंग/ ट्रेडिंग एवं हेजिंग के लिए डेरिवेटिव लेनदेन करता है। बैंक, हेजिंग संव्यवहार के प्रारंभ में ही हेज्ड आइटम (आस्ति अथवा देयता) का निर्धारण करता है। हेजिंग की शुरुआत के समय और उसके बाद प्रत्येक रिपोर्टिंग तारीख को हेजिंग की प्रभावशीलता का पता लगाया जाता है।

3.7 डेरिवेटिव्स का मूल्यांकन

बैंक डेरिवेटिव्स को निम्नानुसार महत्व देता है:

हेज/ नॉन हेज संव्यवहार अलग - अलग रिकॉर्ड किए जाते है। हेजिंग के रूप में नामित संव्यवहारों के संदर्भ में निम्नलिखित व्यवस्था का पालन किया जाता है।

- उचित मूल्य के हेज के मामले में, हेजिंग लिखतों तथा हेज किए गए आइटम के उचित मूल्य में परिवर्तन को लाभ हानि खाते में दर्ज किया जाता है।
- नकदी प्रवाह हेजिंग के मामले में, प्रभावी हिस्से के उचित मूल्य में परिवर्तन को 'नकदी प्रवाह हेज प्रारक्षित' के तहत प्रारक्षित और अधिशेष में निर्धारित किया जाता है तथा प्रभावी हेजिंग के संदर्भ, यदि कोई हो, के अप्रभावी हिस्से को लाभ और हानि खाते में दर्ज किया जाता है। प्रभावी हेजिंग के संदर्भ में नकदी प्रवाह हेज प्रारक्षित में संचित शेष राशि को उसी समय जब हेज किए गए आइटम के प्रभाव को लाभ और हानि खाते में दर्ज किया जाता है, लाभ और हानि खाते में रीसाइकल किया जाता है।

डेरिवेटिव्स पोजीशन, जब तक कि हेजिंग के रूप में निर्धारित न हो, मार्क्ड-टू-मार्केट के रूप में चिह्नित किए जाते हैं और परिणामी हानि, यदि कोई हो, को लाभ-हानि खाते में दर्ज किया जाता है तथा लाभ, यदि कोई हो, को अनदेखा किया जाता है। ब्याज दर स्वैप से संबंधित आय और व्यय दैनिक आधार पर उपचित किए जाते हैं। ट्रेडिंग स्वैप की समाप्ति पर लाभ/हानि को समाप्ति की तिथि पर तत्काल आय/ व्यय के रूप में दर्ज किया जाता है।

मूल्यांकन के उद्देश्य से कुल स्वैप के वास्तविक मूल्य की गणना तुलन-पत्र की तिथि को स्वैप करारों के कारोबार समाप्ति पर प्राप्य या देय राशि के आधार पर की जाती है, संबंधित हानियों, यदि कोई हो, के लिए पूर्णतः प्रावधान किया गया है, जबकि लाभों को छोड़ दिया गया है।

बैंक फेडाई द्वारा निर्धारित ऑप्शन प्रीमियम लेखांकन सिद्धांत का पालन करता है। ऑप्शन ट्रांजेक्शन पर प्रीमियम को ट्रांजेक्शन की समाप्ति या समय पूर्व समाप्ति पर आय/व्यय के रूप में स्वीकार किया जाता है।

ऑप्शन कॉन्ट्रैक्ट के रद्द होने पर प्राप्त/ प्रदत्त राशि को ऑप्शन पर वसूली गई प्राप्तियों/ हानियों के रूप में माना जाता है। विदेशी मुद्रा वायदा संविदा और स्वैप्स के रद्द होने/ समाप्ति पर प्राप्य/ देय प्रभारों को रद्द होने/ समाप्ति की तारीख को आय/व्यय के रूप में स्वीकृत किया जाता है।

ब्याज दर फ्यूचर्स (आईआरएफ)/मुद्रा फ्यूचर्स का मूल्यांकन एक्सचेंज द्वारा उपलब्ध कराई गई प्रत्येक निविदा के दैनिक समझौता मूल्य के आधार पर किया जाएगा।

तुलन-पत्र की तिथि को 'फेडाई' द्वारा अधिसूचित विनिमय दर के बंद भाव पर विदेशी मुद्रा में डेरिवेटिव संविदाओं को आकस्मिक देयताओं के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है।

4. अग्रिम

4.1 भारत में अग्रिमों को मानक, अवमानक, संदिग्ध या हानि आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है तथा इसके लिए पैरा 4.3 में दर्शाये प्रावधानों को छोडकर भारतीय रिज़र्व बैंक के विवेकपूर्ण मानक निर्देशों के अनुसार किया जाता है। विदेशी शाखाओं द्वारा दिए गए अग्रिमों के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के विवेकपूर्ण मानक निर्देशों के अनुसार अथवा उस देश, जिसमें अग्रिम दिए गए हैं, में विद्यमान मानदंडों में से जो भी कड़े मानदंड हो, के अनुरूप वर्गीकृत किया जाता है।

4.2 अग्रिम, विनिर्दिष्ट ऋणों पर हानि के प्रावधानों, उचंत ब्याज, वादग्रस्त विविध जमा एवं प्राप्त दावा राशि का निवल हैं।

4.3 सतत व्यवहार के रूप में बैंक ने निम्नलिखित प्रावधानों का समावेश किया है।

- जमानती सब-स्टैंडर्ड अग्रिमों के लिए 15% की नियामक आवश्यकता की जगह पर 20% का प्रावधान.
- एनपीए ऋणधारकों की गैर निधि आधारित सुविधाओं पर 50% क्रेडिट कनवर्जन फैक्टर (सीसीएफ़) का प्रावधान किया गया। प्रावधान ऋणकर्ता की निधि आधारित सुविधाओं की आस्तियों की श्रेणी पर आधारित है।
- बैंक ने उन मौजूदा एनपीए खातों के लिए 100% प्रावधान भी किए हैं जो 6 माह से अधिक पुराने थे और संपार्श्विक मुक्त हैं जैसे कि ऑटो ऋण, शिक्षा ऋण, व्यक्तिगत ऋण।
- संपत्ति गिरवी रख कर लिए गए ऋण जो प्रत्याभूत हैं (संपार्श्विक) तथा 2 वर्ष से अधिक समय से अनर्जक हैं, के लिए बैंक ने 100% प्रावधान किए हैं।
- मौजूदा अनर्जक खाते जैसे ट्रैक्टर्स/ टिलर/ पावर टिलर जो 6 माह पुराने हैं, के लिए भी बैंक ने 100% प्रावधान किए हैं।

4.4 पुनर्निर्धारित/ पुनर्गठित खातों के संबंध में जहां बैंक को देय कुल राशि रु. 1 करोड़ एवं अधिक है। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार पुनर्गठित अग्रिमों के उचित मूल्य में कमी के लिए प्रावधान विद्यमान मूल्य शर्तों पर आकलन करते हुए किया जाता है। अन्य खातों के संबंध में उचित मूल्य में कमी हेतु प्रावधान की गणना भारतीय रिज़र्व बैक के दिशानिर्देशों के अनुसार अनुमानतः कुल एक्सपोजर के 5% के रूप में की जाती है।

4.5 आस्ति पुनर्गठन कंपनी (एआरसी)/ प्रतिभूतिकरण (सिक्योरिटाइजेशन) कंपनी (एससी) को बेची गयी वित्तीय आस्तियों के मामले में बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन कर रहा है। वर्तमान में बैंक द्वारा अनुपालन किए जा रहे दिशानिर्देशों के अनुसार यदि बिक्री निवल बही मूल्य से कम मूल्य (एनबीवी) पर की गयी हो (अर्थात् बही मूल्य में से प्रावधान घटा कर) तो हानि (कमी) को उस वर्ष के लाभ एवं हानि खाते में नामे किया जाता है। यदि बिक्री मूल्य एनबीवी से ज्यादा है तो जिस वर्ष के दौरान राशि प्राप्त होती है, अधिक्य प्रावधान राशि लाभ एवं हानि खाते में रिवर्स कर दी जाती है।

बैंकों को वित्तीय आस्तियों की बिक्री के मामले में और यह बिक्री निवल बही मूल्य से कम मूल्य (एनबीवी), (अर्थात् बही मूल्य में से प्रावधान हटा कर) पर हो तो हानि को उस वर्ष के लाभ एवं हानि खाते में नामे किया जाता है। यदि बिक्री मूल्य एनबीवी से ज्यादा है तो आधिक्य प्रावधान राशि रिवर्स नहीं की जाएगी बल्कि अन्य अनर्जक वित्तीय आस्तियों की बिक्री के कारण हुई हानि/ कमी को पूरा करने लिए उसका उपयोग किया जाएगा।

5. अस्थायी प्रावधान

बैंक के पास अग्रिमों, निवेशों एवं अन्य सामान्य प्रयोजनों के लिए अस्थायी प्रावधानों की एक पॉलिसी है। किए जाने वाले अस्थायी प्रावधानों की मात्रा का मूल्यांकन प्रति वर्ष किया जाता है। इन अस्थायी प्रावधानों का उपयोग भारतीय रिज़र्व बैंक की पूर्वानुमति से केवल पॉलिसी में दर्शाई गई असाधारण परिस्थितियों के अंतर्गत आकस्मिकताओं के लिए ही किया जाता है।

6. अचल आस्तियां

6.1 परिसर व अन्य अचल आस्तियां परंपरागत मूल्य (या पुनर्मूल्यांकित राशियों, जैसा भी मामला हो) में से संचित मूल्यह्रास और अक्षत हानियों, यदि कोई हो, को घटा कर दर्शाया गया है। लागत में खरीद मूल्य तथा आस्ति को उसके अभीष्ट उपयोग के लिए चालू स्थिति में लाने हेतु की गई कोई खरीद लागत समाविष्ट है। जब ऐसी आस्ति का/से भविष्य में लाभ/ कार्यशील दक्षता बढ़ती है तो आस्तियों पर किए गए बाद के व्यय को पूंजीगत किया जाता है। अचल संपत्तियों की बिक्री से प्राप्त लाभ बैंक के लाभ एवं हानि खाते का भाग होता है।

6.2 अचल आस्तियों का पुनर्मूल्यांकन

वर्तमान बाजार मूल्यांकन दर्शाने हेतु अचल संपत्तियों के पोर्टफोलियो का पुनर्मूल्यांकन स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ता द्वारा आवधिक आधार पर किया जाता है। बैंक के स्वामित्व वाले और शाखाओं, प्रशासनिक कार्यालयों, स्टाफ के आवासों आदि के रूप में उपयोग की गई सभी भूमि और बिल्डिंग को बैंक के अपने परिसरों को अचल आस्तियों की श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है। नवीनतम मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार मूल्यांकन, यदि कोई हो, पुनर्मूल्यांकन पर प्रारक्षित निधि के तहत पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व में जमा किया जाता है। पुनर्मूल्यांकित आस्ति पर अतिरिक्त मूल्यह्रास को लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया जाता है तथा पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षित निधि से अन्य राजस्व प्रारक्षित निधि में विनियोजित किया जाता है।

6.3 परिसरों में भूमि एवं निर्माणाधीन परिसरों को शामिल किया गया है।

7. प्रारक्षित निधियां एवं अधिशेष

राजस्व एवं अन्य प्रारक्षित निधियों में सम्बद्ध देशों के प्रचलित स्थानीय कानूनों के अनुसार विदेशी शाखाओं/ अनुषंगियों द्वारा सृजित सांविधिक प्रारक्षित निधियों को शामिल किया गया है।

8. राजस्व का निर्धारण

8.1 आय (पैराग्राफ 8.2 में दी गई मदों को छोड़कर)/ व्यय की गणना सामान्यतः उपचय आधार पर की गयी है। आयकर विभाग से रिफंड आदेश/सूचना प्राप्त होने पर आयकर रिफंड पर ब्याज बुक किया जाता है। विदेशी कार्यालयों के मामले में आय/ व्यय की गणना उस देश के कानून के अनुसार की गयी है, जहां पर विदेशी कार्यालय स्थित है।

8.2 गारंटियों, साख पत्रों, विनिमय, ब्रोकरेज आदि पर कमीशन, अग्रिम बिलों पर ब्याज, शुल्क आय, सभी प्रकार के कमीशन (सरकारी कारोबार और तृतीय पक्ष उत्पादों की बिक्री से प्राप्त कमीशन के अलावा) के माध्यम से आय को वसूली आधार पर हिसाब में लिया जाता है। अनुषंगियों, संयुक्त उपक्रमों तथा सहयोगी कंपनियों के शेयरों पर लाभांश वास्तविक प्राप्ति के आधार पर हिसाब में लिए जाते हैं।

8.3 अनर्जक आस्तियों/ निवेशों पर आय के संग्रह की अनिश्चितता की दृष्टि से, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ऐसी आय सिर्फ वसूल होने पर ही लेखांकित होती है।

8.4 जहां स्वामित्व का जोखिम एवं लाभ पट्टेदार अपने पास रखता है उस लीज को लेखांकन मानक (एएस) 19 (लीज) के अनुसार परिचालन लीज के रूप में वर्गीकृत किया गया है। ऐसे लीज पर लीज भुगतानों को लेखांकन मानक 19 (लीज) के अनुसार लीज शर्त पर स्ट्रेट लाइन आधार पर लाभ और हानि खाते में स्वीकार किया जाता है।

8.5 एनपीए खातों में वसूली का समायोजन:

खातों में समय-समय पर हुई वसूलियों (जन-धन वसूली अधिनियम के तहत वसूली सहित) को निम्नानुसार समायोजित किया जाना चाहिए:

- बैंक द्वारा सभी लागतों, कमीशन, प्रभारों एवं प्रदत्त या अदत्त व्ययों के सापेक्ष
- बैंक पर बकाया ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, आगामी ब्याज, दंडात्मक ब्याज के सापेक्ष
- मूलधन के भुगतान के लिए

दावा-दायर/ डिक्री खातों में वसूली को विनियोजित किया जाना चाहिए:

- संबंधित अदालत के निदेशों के अनुसार।
- अदालत के विनिर्दिष्ट निदेशों के अभाव में, गैर वाद-दायर खातों पर यथा लागू।

कॉम्प्रोमाइज / एनसीएलटी समाधान के माध्यम से समझौता द्वारा वसूली।

एनसीएलटी या कॉम्प्रोमाइज मंजूर खाते के माध्यम से संकल्प/ समझौते के मामले में, वसूली को कॉम्प्रोमाइज मंजूरी/ समाधान समझौते की शर्तों के अनुसार समायोजित किया जाना चाहिए।

8.6 मानक खातों में वसूलियों का विनियोजन

मानक खातों में वसूली का विनियोजन दर्ज मांग की तारीख के अनुसार किया जाता है और जल्द से जल्द मांग को निम्नलिखित क्रम में पूरा किया जा रहा है।

- बैंक द्वारा प्रदत्त या वहन किए गए सभी लागत, कमीशन, प्रभार और व्यय के सापेक्ष
- बैंक पर देय ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, अन्य ब्याज, दंडात्मक ब्याज के सापेक्ष
- मूलधन के भुगतान के सापेक्ष

9. कर्मचारियों को लाभ

9.1 भविष्य निधि

बैंक ऑफ़ बड़ौदा पीएफ नियमों के अनुसार भविष्य निधि अंशदान योजना एक सांविधिक दायित्व है और बैंक पूर्व निर्धारित दरों पर निश्चित अंशदान का भुगतान करता है। बैंक का दायित्व निश्चित अंशदान तक सीमित है। अंशदान को लाभ एवं हानि खाते में प्रभारित किया जाता है। निधियों का प्रबंधन बैंक ऑफ़ बड़ौदा भविष्य निधि न्यास द्वारा किया जाता है।

9.2 उपदान (ग्रैच्युटी)

बैंक ऑफ़ बड़ौदा उपदान निधि नियमों एवं विनियमों तथा उपदान भुगतान अधिनियम 1972 के अनुसार उपदान देयता एक सांविधिक दायित्व है। यह वित्तीय वर्ष के अंत में संचित मूल्य आधार पर प्रावधान किया जाता है। बैंक द्वारा उपदान देयता के लिए राशि उपलब्ध करवायी जाती है और बैंक ऑफ़ बडौदा उपदान निधि न्यास इसका प्रबंधन करता है।

9.3 पेंशन

बैंक ऑफ़ बड़ौदा कर्मचारी पेंशन विनिमय, 1995 के अंतर्गत पेंशन देयता बाध्यता के रूप में व्याख्या की गयी है और वर्ष के अंत में संचित मूल्य आधार पर इसका प्रावधान किया जाता है। यह उन कर्मचारियों के लिए है जिन्होंने 31.03.2010 तक बैंक सेवा ग्रहण की और पेंशन का विकल्प लिया है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा (कर्मचारी) पेंशन फंड न्यास द्वारा इस योजना के लिए राशि उपलब्ध करवायी जाती है।

जिन कर्मचारियों ने बैंक सेवा 01 अप्रैल, 2010 को या उसके बाद ग्रहण की है उनके लिए नई पेंशन योजना परिभाषित अंशदान आधार पर लागू है। बैंक द्वारा पूर्व निर्धारित निश्चित अंशदान का भुगतान किया जाता है। बैंक का दायित्व ऐसे पूर्व निर्धारित अंशदान तक ही सीमित है। अंशदान लाभ एवं हानि खाते से प्रभारित किया जाता है।

9.4 प्रतिपूरित अनुपस्थिति

संचित प्रतिपूरित अनुपस्थितियां यथा उपार्जित अवकाश (पीएल) और शेष चिकित्सा अवकाश के लिए प्रावधान संचित मूल्य के आधार पर किया जाता है।

9.5 अन्य कर्मचारी लाभ

अन्य कर्मचारी लाभ यथा छुट्टी नकदीकरण, छुट्टी यात्रा रियायत, अतिरिक्त सेवांत लाभ के लिए सेवानिवृत्ति पर संचित मूल्य के आधार पर प्रावधान किया जाता है।

विदेशी शाखाओं/ कार्यालयों के संदर्भ में प्रतिनियुक्ति पर कर्मचारियों को छोड़कर अन्य कर्मचारियों के लिए संबंधित देश में विद्यमान नियमों के अनुसार लाभों का आकलन किया जाता है।

10. मूल्यह्रास

10.1 भारत में अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास के लिए प्रावधान (पैराग्राफ 10.3 व 10.4 में जिनका उल्लेख किया गया है, के अलावा) निम्नलिखित तालिका के अनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के अनुसार प्रावधान किया जाता है, सिवाय पुनर्मूल्यांकित आस्तियों के, जिनके लिए अनुमानित उपयोग अवधि के आधार पर मूल्यह्रास प्रावधान किया जाता है.।

क्र. सं.	श्रेणी	मूल्यह्रास के प्रभावी दर	मूल्यह्रास प्रक्रिया
1.	फर्नीचर एवं फिटिंग्स		
ए.	फर्नीचर एवं फिटिंग्स	25.89%	अवलिखित मूल्य
बी.	वातानुकूलक प्लांट, अन्य प्लांट आदि.	18.1%	अवलिखित मूल्य
सी.	सुरक्षित जमा वॉल्ट उपकरण	18.1%	अवलिखित मूल्य
डी.	कैश वैन, जीप, स्कूटर एवं अन्य वाहन		अवलिखित मूल्य
	- दो पहिया वाहन	25.89%	अवलिखित मूल्य
	- चार पहिया वाहन	31.23%	अवलिखित मूल्य
ई.	कार्यालय के उपकरण	45.07%	अवलिखित मूल्य
2.	बैंक का अपना परिसर		अवलिखित मूल्य
	- आरसीसी फ्रेम संरचना	4.87%	अवलिखित मूल्य
	- आरसीसी फ्रेम संरचना के बिना	9.50%	अवलिखित मूल्य

10.2 भारत से बाहर अचल आस्तियों पर, (नीचे पैरा 10.3 में वर्णित को छोड़कर) मूल्यह्रास स्थानीय कानूनों या संबंधित देश में प्रचलित प्रक्रिया के अनुसार किया जाता है।

10.3 भारत और भारत के बाहर कंप्यूटरों व सॉफ्टवेयरों जो कि कंप्यूटर हार्डवेयर के अभिन्न अंग है, पर मूल्यह्रास भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार स्ट्रेट लाइन विधि से 33.33% प्रतिवर्ष की दर से प्रदान किया गया है।

वर्ष से अधिक अनुमानित लाइफ और रु.50,000/- की मूल लागत से अधिक के हार्डवेयर के अभिन्न अंग नहीं होने वाले कंप्यूटर सॉफ़्टवेयर को अमूर्त आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और 3 वर्षों की अवधि में परिशोधित किया जाता है। कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जो कि हार्डवेयर का अनिवार्य अंग नहीं है, को सीधे ही लाभ एवं हानि खाते में प्रभारित किया जाता है।

10.4 एटीएम पर मूल्यह्रास का प्रावधान स्ट्रेट लाइन पद्धति से 20% प्रतिवर्ष की दर से किया जाता है।

10.5 परिवर्द्धनों पर मूल्यह्रास खरीद / उपयोग की तारीख से अनुपातिक आधार पर लिया जाता है।

10.6 पट्टे पर धारित जमीन और पट्टे पर धारित जमीन पर किए गए विकास की लागत पट्टा अवधि में चुकता (एमोर्टाईज) की जाती है।

10.7 नवीनतम उपलब्ध पुनर्मूल्यांकन के कारण आस्ति के निवल बही मूल्य में वृद्धि को लाभ और हानि खाते के माध्यम से रूट किए बिना पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व खाते में जमा किया जाता है। पुनर्मूल्यांकन आस्ति पर अतिरिक्त मूल्यह्रास लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया जाता है और पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व से अन्य राजस्व रिज़र्व में विनियोजित किया जाता है।

10.8 पुनर्मूल्यांकन के समय मूल्यांकन के अनुसार पुनर्मूल्यांकन आस्ति का मूल्यह्रास परिसंपत्ति के शेष उपयोगी जीवन पर आधारित होता है।

11. आस्तियों का मूल्यह्रास

अचल आस्तियों (पुनर्मूल्यांकित आस्तियों सहित) पर मूल्यह्रास हानियों (यदि कोई हो) को आस्तियों के मूल्यह्रास के संबंध में भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखांकन मानक (एएस) 28 (आस्तियों का मूल्यह्रास) के अनुसार किया जाता है तथा इसे लाभ एवं हानि खाते से प्रभारित किया जाता है।

यदि आंतरिक/ बाहरी कारकों के आधार पर मूल्यह्रास का कोई लक्षण दिखाई देता है तो आस्तियों की वहन लागत राशि की प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को समीक्षा की जाती है। मूल्यह्रास हानि की पहचान वहां की जाती है जहां आस्तियों की वहन लागत राशि वसूली की राशि से अधिक हो जाती है। वसूली योग्य राशि आस्तियों की निवल बिक्री राशि और उपयोग में लायी जा रही आस्ति के मूल्य से अधिक होती है। उपयोग में लायी जा रही आस्ति के मूल्य का निर्धारण करते समय अनुमानित नकदी प्रवाह को उनके वर्तमान मूल्य में से बट्टा काट कर किया जाता है। इसके लिए पूर्व-कर बट्टा दर का उपयोग किया जाता है जो राशि के समय आधारित मूल्य और आस्ति से संबंधित विशेष जोखिम के वर्तमान बाज़ार मूल्यांकन को प्रदर्शित करता है। मूल्यह्रास के बाद आस्तियों की शेष बची हुई उपयोग अवधि के ऊपर अवमूल्यन उपलब्ध कराया जाता है।

12. विदेशी मुद्रा संव्यवहार

12.1 विदेशी मुद्रा विनिमय से संबंधित संव्यवहारों का लेखांकन भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा मानक (एएस) 11 लेखांकन "विदेशी मुद्रा विनिमय दरों के परिवर्तन" के अनुरूप किया गया है।

12.2 लेखांकन मानक - एएस-11 के अनुसार बैंक के विदेशी मुद्रा परिचालनों को ए) एकीकृत परिचालनों एवं बी) गैर-एकीकृत परिचालनों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। सभी विदेशी शाखाओं, ऑफशोर बैंकिंग इकाइयों, विदेशी अनुषंगियों को गैर-एकीकृत परिचालन एवं विदेशी मुद्रा में घरेलू परिचालनों एवं प्रतिनिधि कार्यालयों को एकीकृत परिचालन के रूप में माना जाता है।

12.3 बैंक विदेशी शाखाओं और ऑफशोर बैंकिंग इकाइयों में वायदा विनिमय कॉन्ट्रेक्ट के उपयोग के माध्यम से अपने निवेश को हेज करता है। विदेशी शाखाओं और ऑफशोर बैंकिंग इकाइयों में अपने निवेश को हेज करने के लिए उपयोग किए जाने वाले वायदा विनिमय कॉन्ट्रेक्ट को आईसीएआई द्वारा जारी किए गए डेरिवेटिव कॉन्ट्रेक्ट से संबंधित लेखांकन पर गाइडेंस नोट के अनुसार हिसाब में लिया जाता है जिसमें हेजिंग इंस्ट्रूमेंट्स के रूप में उपयोग किए जाने वाले विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव्स से संबंधित लाभ और हानि उस सीमा तक सीधे इक्विटी में मान्य होते हैं जिस सीमा तक हेज को प्रभावी माना जाता है और हेजिंग इंस्ट्रूमेंट्स पर लाभ और हानि के अप्रभावी हिस्से (और हेजिंग के संबंध में निर्दिष्ट नहीं किए गए किसी अनुपात) को लाभ और हानि खाते में

तत्काल मान्यता दी जाती है। किसी भी निवल आस्थगित विदेशी मुद्रा लाभ और हानि अर्थात् निवल निवेश और हेजिंग इंस्ट्रूमेंट्स दोनों से उत्पन्न को विदेशी परिचालन के निपटान के समय लाभ और हानि खाते में जमा किया जाता है।

12.4 एकीकृत परिचालनों के संबंध में अंतरण:

ए) संव्यवहारों को प्राथमिक तौर पर फेडाई द्वारा सूचित की गयी साप्ताहिक औसत दरों पर रिकॉर्ड किया जाता है।

बी) विदेशी मुद्रा विनिमय से संबंधित आस्ति एवं देयताओं (आकस्मिक देयताओं सहित) को फेडाई द्वारा प्रत्येक तिमाही के अंत में अधिसूचित क्लोजिंग स्पॉट दरों पर अंतरित किया जाता है।

सी) परिणामी विनिमय अंतरों की गणना आय अथवा व्यय के रूप में की गयी है तथा इन्हें तदनुसार लाभ-हानि खाते में लेखांकित किया गया है। विदेशी मुद्रा आस्ति एवं देयताओं से संबंधित किसी भी रिवर्सल/ भुगतान फेडाई के दिशानिर्देशों के अनुसार दर पर किया गया है तथा बकाया राशि एवं उस राशि जिसके लिए रिवर्सल/ भुगतान किया गया है, के बीच के अंतर को लाभ एवं हानि खाते में दर्शाया गया है।

डी) व्यापार हेतु धारित बकाया विदेशी मुद्रा हाजिर एवं वायदा संविदाओं के तुलन-पत्र की तिथि को फेडाई द्वारा अधिसूचित बंद हाजिर एवं वायदा बाजार संविदा दरों एवं अंतरिम परिपक्वता संविदाओं को 'इंटरपॉलेटेड' दरों पर बाजार को चिह्नित किया जाता है। इस प्रकार एमटीएम के मौजूदा मूल्य पर प्राप्त किए गए एमटीएम मूल्य को भुनाया जाता है। इस एमटीएम का पीवी आधार पर हाजिर एवं वायदा संव्यवहारों के पुनर्मूल्यांकन हेतु उपयोग किया जाता है। इसके फलस्वरूप वायदा मूल्यांकन लाभ अथवा हानि को लाभ एवं हानि खाते में शामिल किया जाता है।

12.5 गैर-एकीकृत परिचालनों के संबंध में अंतरण:

ए) आस्ति एवं देयताओं को फेडाई द्वारा प्रत्येक तिमाही के अंत में अधिसूचित बंद हाजिर दरों पर अंतरित किया जाता है।

बी) तुलन पत्र की तारीख को बकाया विदेशी मुद्रा हाजिर और वायदा आकस्मिक देयताओं को क्रमशः बंद हाजिर और वायदा दरों पर फेडाई द्वारा अधिसूचित और अंतरिम परिपक्वता के कॉन्ट्रेक्ट के लिए इंटरपॉलेटेड दरों पर अंतरित किया जाता है।

सी) आय और व्यय का अंतरण फेडाई द्वारा प्रत्येक तिमाही के अंत में अधिसूचित तिमाही औसत दर पर किया जाता है।

डी) परिणामी विनिमय अंतरों को उस अवधि के लिए आय या व्यय के रूप में मान्यता नहीं दी जाती है लेकिन निवल निवेश के निपटान तक एक अलग ''विदेशी मुद्रा ट्रांसलेशन रिज़र्व'' खाते में जमा किया जाता है।

13. आय पर कर

1. हमने **बैंक ऑफ़ बड़ौदा** (बैंक) के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च, 2024 का तुलन पत्र, लाभ और हानि खाता, समाप्त वर्ष हेतु नकदी प्रवाह विवरण और महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और अन्य विवरणात्मक जानकारी सहित स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों संबंधी नोट का समावेश है जिसमें हमारे द्वारा लेखा परीक्षित प्रधान कार्यालय, 18 अंचल कार्यालयों, 20 शाखाओं और 1 विशेषीकृत एकीकृत ट्रेजरी शाखा, संबंधित सांविधिक शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित 3003 घरेलू शाखाओं (26 कार्यालयों सहित) और संबंधित स्थानीय लेखा परीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित 30 विदेशी शाखाओं के रिटर्न शामिल हैं। हमारे द्वारा लेखा परीक्षित शाखाओं और अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित शाखाओं का चयन बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप किया है।

   तुलन-पत्र में लाभ एवं हानि खाते एवं नकदी प्रवाह विवरण संबंधी 5244 घरेलू शाखाओं के रिटर्न भी शामिल हैं जो लेखा परीक्षा के अध्यधीन नहीं हैं। इन गैर लेखा-परीक्षित शाखाओं और अन्य कार्यालयों में कुल अग्रिम का 20.24%, कुल जमाराशियों का 41.37%, राजस्व आय का 26.59%, ब्याज आय का 22.25%, ब्याज व्यय का 40.06% और 31 मार्च, 2024 को अनर्जक आस्तियों का 40.24% शामिल है।

   हमारी राय एवं हमारी सर्वोत्तम जानकारी में और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार उपर्युक्त स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 (**अधिनियम**) के अनुरुप वांछित जानकारी देते हैं, जिससे कि वे बैंक स्तर पर और भारत में सामान्यतः स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांत के समनुरूप हों और इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

ए) नोट के साथ पठित तुलन-पत्र पूर्ण और सही है जिसमें सभी आवश्यक विवरण दिए गए हैं और इसे समुचित तरीके से बनाया गया है ताकि 31 मार्च, 2024 को बैंक के कार्यकलापों की सही और वास्तविक स्थिति प्रदर्शित की जा सके।

बी) लाभ एवं हानि खाता, जो उसमें दिए गए नोट के साथ पठित है, लाभ संबंधी वास्तविक शेष को दर्शाता है; और

सी) नकदी प्रवाह विवरण संबंधित तारीख को समाप्त वर्ष हेतु सही और उचित नकदी प्रवाह दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है।

राय हेतु आधार

2. हमने अपनी लेखापरीक्षा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा लेखापरीक्षा पर जारी मानकों (एसए) के अनुसार की है। उन लेखापरीक्षा मानकों के अंतर्गत हमारे उत्तरदायित्व हमारी रिपोर्ट के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा हेतु लेखा परीक्षकों के उत्तरदायित्व अनुभाग में विस्तृत रूप से वर्णित है। हम भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी नैतिक आचरण संहिता के अनुसार बैंक से स्वतंत्र हैं, साथ ही नैतिक आवश्यकताओं जोकि स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के लिए प्रासंगिक हैं और भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार तैयार किए गए हैं, जो लागू लेखा मानक और बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधानों तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गए परिपत्रों एवं दिशानिर्देशों के अनुसार हैं, हमने इन आवश्यकताओं और नैतिक आचरण संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को पूरा किया है। हमारा विश्वास है कि जो लेखापरीक्षा साक्ष्य हमने प्रस्तुत किया है वे हमारी राय को आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

विषय वस्तु का प्रभाव

3. हम आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करते हैं:

   ₹ 1454.41 करोड़ की पारिवारिक पेंशन की कुल राशि में संशोधन के कारण अतिरिक्त देयता के परिशोधन के संबंध में अनुसूची 18 की नोट सं. ए-13(एच)। बैंक ने दिनांक 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लाभ एवं हानि खाते में ₹ 290.88 करोड़ की राशि प्रभारित की है और ₹ 581.77 करोड़ के अपरिशोधित शेष व्यय को भारतीय रिज़र्व बैंक की परिपत्र सं. आरबीआई/2021-22/105डीओआर.एसीसी.आरईसी.57/21.04.018/2021-22 दिनांक 4 अक्तूबर 2021 अनुसार शामिल किया है।

   इन मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई संशोधन नहीं है।

लेखा परीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दे

4. हमारे पेशेवर निर्णय के अनुसार लेखापरीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दे वे मुद्दे हैं जो चालू अवधि के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे। इन मुद्दों को स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में और इसमें हमारी राय बनाने में पूर्ण उल्लेख किया गया था तथा हम इन मुद्दों में अलग से राय नहीं देते हैं। हमने अपनी रिपोर्ट में सूचित किए जाने वाले बैंक के प्रमुख लेखा परीक्षा मामलों के रूप में निम्नलिखित मामलों को निर्धारित किया है:

I. **अग्रिमों का वर्गीकरण, आय की गणना, गैर-निष्पादक अग्रिमों की पहचान और उनके लिए प्रावधान (वित्तीय विवरणों की अनुसूची 17 के नोट 4 के साथ पठित अनुसूची 9 का संदर्भ लें)**

प्रमुख लेखापरीक्षा प्रक्रिया	लेखापरीक्षा में मुद्दे के समाधान संबंधी दृष्टिकोण
बैंक के निवल अग्रिम कुल आस्तियों का 67.21 प्रतिशत हैं, जो वित्तीय विवरणों का एक महत्त्वपूर्ण भाग है। ये अन्य बातों के साथ-साथ आय की गणना, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधान (आईआरएसीपी) मानदंडों तथा आरबीआई द्वारा समय-समय पर जारी अन्य परिपत्रों और निदेशों द्वारा शासित होते हैं, जो विदेशी कार्यालयों को छोड़कर, जिनके मामलों में अग्रिमों के निष्पादक और गैर-निष्पादक अग्रिमों (एनपीए) में वर्गीकरण से संबंधित दिशानिर्देश प्रदान करते हैं। विदेशों में अग्रिमों का वर्गीकरण और उनके लिए प्रावधान स्थानीय विनियमों या भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों, जो भी अधिक सख्त हों, के अनुसार किया जाता है। बैंक इन अग्रिमों का वर्गीकरण अपनी लेखांकन नीति के अनुसार आईआरएसीपी मानदंडों के आधार पर करता है। निष्पादक और गैर-निष्पादक अग्रिमों की पहचान की प्रक्रिया में उचित पद्धति स्थापित करना शामिल है। बैंक अपनी सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली (आईटी सिस्टम) अर्थात् कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) में अग्रिमों से संबंधित सभी लेनदेनों का रख- रखाव करता है जो इस बात की भी पहचान करता है कि अग्रिम निष्पादक है या गैर-निष्पादक। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी अग्रिमों से संबंधित आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधान संबंधी विवेकपूर्ण मानदंडों का पालन करने के अलावा, बैंक के पास अनर्जक आस्तियों पर प्रावधान करने के लिए भी कुछ नीतियां हैं। व्यक्तिगत या समेकित रूप से आईआरएसीपी मानदंडों का उचित रूप से अनुपालन न किए जाने पर इन अग्रिमों के वहन मूल्य (प्रावधानों का निवल) की अधिक गलत बयानी हो सकती है। इसके अतिरिक्त, बैंक कुछ क्षेत्रों में अग्रिमों और निर्धारित अग्रिमों अथवा समूह अग्रिमों सहित ऐसे एक्सपोजर पर प्रावधान करता है जिन्हें एनपीए के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है। लेनदेन के स्वरूप, विनियामक आवश्यकताओं, मौजूदा व्यावसायिक परिदृश्यों, प्रतिभूतियों के मूल्यांकन में शामिल आकलन/ निर्णय और प्रावधानों की गणना को ध्यान में रखते हुए यह स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के अभीष्ट उपयोगकर्ताओं के लिए अत्यधिक महत्त्वपूर्ण विषय है। साथ ही, आहरण शक्ति की गणना, प्रतिभूति मूल्यांकन के लिए अन्य पक्ष, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी विभिन्न दिशानिर्देशों के अनुसार प्रावधानों की गणना, पुनर्सरचित अग्रिमों के लिए मूल्य में कमी की गणना और ब्याज आय के निर्धारण के कारण अनर्जक अग्रिमों के लिए ऋणकर्ताओं और अग्रणी बैंक द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों पर निर्भरता के कारण हमने प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के रूप में उपर्युक्त क्षेत्र को निर्धारित किया है।	हमने अनर्जक आस्तियों की पहचान करने और उनके लिए प्रावधान हेतु बैंक की प्रणाली का मूल्यांकन किया। हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में आंतरिक नियंत्रणों की डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण और मूल परीक्षण निम्नानुसार शामिल थे: ए) हमने अनर्जक आस्तियों की पहचान, प्रावधान के निर्धारण के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों और इससे संबंधित बैंक की नीतियों के अनुपालन में सम्मिलित प्रणाली में स्थापित नियंत्रणों, चेक और बैलेंस, मूलभूत प्रक्रियाओं के स्वरूप, निर्धारित समय-सीमा के बारे में बैंक से जानकारी हासिल की और तदनुसार हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं की योजना बनाई। बी) हमें आबंटित शीर्ष 20 शाखाओं के संबंध में आईआरएसीपी मानदंड के अनुसार आय की पहचान, निष्पादक और अनर्जक अग्रिमों में वर्गीकरण और प्रावधान के लिए सिस्टम में डेटा इनपुट की सटीकता की हमने जांच की। हमें आबंटित शाखाओं में मूलभूत प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए हमने बड़ी राशि वाले अग्रिमों/ दबावग्रस्त अग्रिमों की जांच की है, जबकि अन्य अग्रिमों की नमूना के आधार पर जांच की गई है, जिसमें बैंक प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराए गए स्वतंत्र मूल्यांककों की मूल्यांकन रिपोर्टों की समीक्षा भी शामिल है। सी) बैंक की नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार आंतरिक लेखा परीक्षा, सिस्टम लेखापरीक्षा, ऋण लेखापरीक्षा और समवर्ती लेखा परीक्षा जैसे निगरानी तंत्र की मौजूदगी और प्रभावशीलता की जांच की गई। डी) लेखापरीक्षा के अध्यधीन नहीं आने वाली शाखाओं द्वारा प्रस्तुत रिटर्न पर विश्वास किया गया है और इस संबंध में हमें उपलब्ध कराए गए नमूने संबंधी आंकड़ों की सत्यता को प्रमाणित करने के लिए बैंक की आंतरिक निगरानी प्रणाली/ प्रक्रियाओं की समीक्षा की गई तथा बैंक द्वारा हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं के दौरान पाए गए अपवादों/ विचलनों/ त्रुटियों पर पर्याप्त रूप से विचार किया गया। ई) समय-समय पर जारी भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अनर्जक आस्तियों की पहचान और प्रावधान तथा आय का तदनुरूपी रिवर्सल की जांच की गई। एफ) एनपीए की पहचान और आरबीआई के विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार आवश्यक प्रावधान की पर्याप्तता के उद्देश्य से प्रबंधन के अनुमानों और निर्णयों का मूल्यांकन और परीक्षण किया गया। जी) भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुसार वर्ष के दौरान बैंक द्वारा क्रियान्वित आस्ति वर्गीकरण की स्वचालित आईटी आधारित प्रणाली की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया। एच) हमने बैंक द्वारा चयनित अन्य घरेलू और विदेशी शाखाओं के लिए शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा किए गए कार्यों पर भी भरोसा किया है। आई) हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के दौरान पाए गए अपवादों में विधिवत सुधार करना सुनिश्चित किया गया।

II सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और वित्तीय रिपोर्टिंग को प्रभावित करने वाली नियंत्रक प्रणालियां

प्रमुख लेखापरीक्षा प्रक्रिया	लेखापरीक्षा में मुद्दे के समाधान संबंधी दृष्टिकोण
बैंक के वित्तीय लेखांकन और रिपोर्टिंग प्रणालियों की जटिलता को देखते हुए बैंक अपने आईटी सिस्टम पर अत्यधिक निर्भर हैं। बैंक का आईटी आर्किटेक्चर बैंक के दैनिक व्यवसाय परिचालन को सहयोग प्रदान करता है। बैंक के आकार को देखते हुए, बड़ी संख्या में हो रहे लेनदेनों को कई ऐप्लिकेशनों के माध्यम से प्रोसेस और रिकॉर्ड किया जा रहा है। आईटी सिस्टम की विश्वसनीयता और सुरक्षा बैंक के परिचालन में बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अत: ऐप्लिकेशनों द्वारा डेटा को अपेक्षित रूप से प्रोसेस किया जा रहा है और सभी परिवर्तन उचित स्वरूप में किए जा रहे हैं, यह सुनिश्चित करने के लिए सिस्टम आर्किटेक्चर में उपयुक्त नियंत्रण आवश्यक है। आईटी आर्किटेक्चर की जटिलता, उच्च स्तरीय स्वचालन, आईटी सिस्टम के सतत और महत्त्वपूर्ण उपयोग को देखते हुए, इस प्रकार के अंतर्निहित जोखिम हो सकते हैं कि स्वचालित लेखांकन के तौर-तरीके, प्रक्रियाएं और संबंधित आंतरिक नियंत्रण इसकी परिचालन प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए उचित रूप से तैयार न किए गए हों और इसका प्रभाव इसकी वित्तीय रिपोर्टिंग पर पड़ रहा हो। अत: आईटी सिस्टम नियंत्रण को प्रमुख लेखापरीक्षा मामला माना जाता है।	हमने बैंक द्वारा उपयोग किए जा रहे आईटी सिस्टम और कार्यान्वित ऐप्लिकेशनों को समझा। इस उद्देश्य से, हमने बैंक के आईटी नियंत्रण प्रणाली के तहत निर्धारित नीति / प्रक्रिया / तौर-तरीकों के बारे में प्रोसेस ओनर्स के साथ लेखापरीक्षा संबंधी प्रासंगिक विषयों पर चर्चा की और प्रमुख ऐप्लिकेशनों में मानवीय हस्तक्षेप और तकनीक के कारण उत्पन्न जोखिमों से पार पाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं की समीक्षा की। लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में निम्नलिखित चरण शामिल रहे हैं (जांच परीक्षण के आधार पर): ए) सिस्टम से जनरेट किए गए रिपोर्टों के आधार पर आईटी सिस्टम की परिचालन प्रभावशीलता का सत्यापन, परीक्षण और समीक्षा करना; बी) वित्तीय रिपोर्टिंग की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण ऐप्लिकेशन, नियंत्रण के एक्सेस सहित बैंक के आईटी नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता की समीक्षा करना; सी) सिस्टम से प्राप्त परिणामों को सूचना के अन्य स्रोतों से सत्यापित करना; और डी) डेटा एक्स्ट्रेक्ट करने के लिए प्रयुक्त लॉजिक की टेस्टिंग करना। हमने शाखाओं के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा किए गए कार्यों, बाह्य वेंडरों की निरीक्षण रिपोर्ट, बैंक के आईटी सिस्टम पर स्वतंत्र विशेषज्ञों द्वारा की गई विशिष्ट लेखापरीक्षा पर भी भरोसा जताया।

III निवेशों का वर्गीकरण और मूल्यांकन, गैर-निष्पादक निवेशों की पहचान और उनके लिए प्रावधान (वित्तीय विवरणों की अनसूची 17 के नोट 3 के साथ पठित अनुसूची 8)

प्रमुख लेखापरीक्षा प्रक्रिया	लेखापरीक्षा में मुद्दे के समाधान संबंधी दृष्टिकोण
इस निवेश में विभिन्न सरकारी प्रतिभूतियों, बांडों, डिबेंचरों, शेयरों, प्रतिभूति रसीदों तथा अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में बैंक द्वारा किए गए निवेश शामिल हैं। निवेश बैंक की कुल आस्तियों का 23.32% है। ये भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रों और निर्देशों द्वारा नियंत्रित होते हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक के इन निर्देश में अन्य बातों के साथ-साथ निवेशों का मूल्यांकन, निवेशों का वर्गीकरण, गैर-निष्पादक निवेशों की पहचान, आय की तदनुरूप अमान्यता और इसके प्रति प्रावधान शामिल हैं। गैर-उद्धृत निवेशों और कमजोर कारोबार वाले निवेश का मूल्यांकन बाजार में उतार-चढ़ाव, बेहतर कीमतों की अनुपलब्धता और व्यापक आर्थिक अनिश्चितता के कारण अंतर्निहित जोखिम का क्षेत्र है।	भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रों/ निर्देशों के संदर्भ में निवेश के प्रति हमारे लेखापरीक्षा संबंधी दृष्टिकोण में मूल्यांकन, वर्गीकरण, गैर-निष्पादक निवेशों (एनपीआई) की पहचान, निवेशों से संबंधित प्रावधान/ मूल्यह्रास के संबंध में आंतरिक नियंत्रण और मूल लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को शामिल किया गया है। ट्रेजरी की लेखा परीक्षा के संबंध में हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रिया निम्नलिखित पर केंद्रित है - ए) हमने मूल्यांकन, वर्गीकरण, एनपीआई की पहचान, निवेश से संबंधित प्रावधान/ मूल्यह्रास के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित दिशानिर्देशों का अनुपालन करने के लिए बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का मूल्यांकन किया है और उसे समझा है;

निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण, गैर-निषादक निवेशों की पहचान और निवेशों से संबंधित प्रावधान महत्वपूर्ण कार्य दायित्व हैं। उपरोक्त प्रतिभूतियों की प्रत्येक श्रेणी (प्रकार) का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए परिपत्रों और निर्देशों में निर्धारित पद्धति के अनुसार किया जाता है, जिसमें विभिन्न स्रोतों जैसे एफआईबीआईएल दरें, बीएसई/ एनएसई द्वारा उद्धृत दरें, असूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय विवरण आदि से डेटा सूचना का संग्रहण शामिल है। मूल्यांकन, लेनदेनों की मात्रा, धारित निवेश और विनियामक संकेन्द्रण की गंभीरता में शामिल निर्णय सीमा और जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए इसे एक प्रमुख लेखा परीक्षा मुद्दे के रूप में निर्धारित किया गया है।	बी) धारित निवेश के चयनित नमूने के लिए हमने भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर परिपत्रों और प्रतिभूति की प्रत्येक श्रेणी के लिए पुनः कार्यनिष्पादन के संबंध में मूल्यांकन संबंधी दिशानिर्देश के साथ इनकी सटीकता और अनुपालन की जांच की है। नमूनों का चयन यह सुनिश्चित करने के बाद किया गया कि निवेश की सभी श्रेणियां (प्रतिभूति के स्वरूप के आधार पर) नमूनों में शामिल हैं; सी) 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों के आधार पर अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अन्य निर्धारित प्रक्रियाओं के आधार पर गैर-उद्धृत निवेशों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन परीक्षण किया गया है। डी) हमने एनपीआई की पहचान और आय के सापेक्ष रिवर्सल एवं प्रावधानों के सृजन का आकलन और मूल्यांकन किया है; हमने भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रों और निर्देशों के अनुसार प्रदान किए जाने वाले प्रावधान को बनाए रखने और मूल्यहास की फिर से गणना करने के लिए महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को अपनाया है। तदनुसार, हमने प्रत्येक श्रेणी के निवेश से नमूनों का चयन किया और भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीआई संबंधित परीक्षण किया और एनपीआई के उन चयनित नमूनों को भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र के अनुसार बनाए रखने के प्रावधानों की पुन: गणना की है;

IV. कुछ मुकदमों के संबंध में प्रावधानों और आकस्मिक देयताओं का मूल्यांकन, अन्य पक्षों द्वारा दायर किए गए विभिन्न दावों को कर्ज के रूप में स्वीकार नहीं किया गया (वित्तीय विवरणों की अनुसूची 17 के नोट 15 के साथ पठित अनुसूची 12):

प्रमुख लेखापरीक्षा प्रक्रिया	लेखापरीक्षा में मुद्दे के समाधान संबंधी दृष्टिकोण
बैंक ने उक्त के पेटे दायर दावों पर प्रश्न उठाए हैं जिनमें कर और गैर कर मामलों में विभिन्न स्तरों पर लंबित मामले शामिल हैं जो विभिन्न न्यायालयों में/ मंचों पर लंबित हैं और न्यायिक प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में प्रक्रियाधीन हैं। प्रबंधन ने ऐसे मामलों में संसाधनों के संभावित आउटफ़्लो का मूल्यांकन करने में महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रावधान के स्तर का अनुमान लगाने में उच्च स्तर के निर्णय की आवश्यकता होती है। बैंक का आकलन मामले के तथ्यों, उनके अपने निर्णय, पिछले अनुभव और विधिक और स्वतंत्र कर सलाहकारों की परामर्श, जहाँ भी आवश्यक हो, से समर्थित है। तदनुसार, अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणाम बैंक द्वारा रिपोर्ट किए गए लाभ और तुलन-पत्र में प्रस्तुत मामलों की स्थिति को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं। हमने इन मामलों के परिणाम से संबंधित अनिश्चितता को देखते हुए उपर्युक्त क्षेत्र को प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया है, जिसके लिए कानून की व्याख्या में निर्णय के आवेदन की आवश्यकता होती है। तदनुसार, हमारी लेखा परीक्षा विचाराधीन विषय-वस्तु के तथ्यों का विश्लेषण करने और संबद्ध निर्णय/ विधिक व्याख्या पर केंद्रित थी।	ए) हमने डिजाइन की उपयुक्तता का मूल्यांकन किया है और कर संबंधी मुकदमों के मामलों के संदर्भ में प्रबंधन के नियंत्रणों की प्रभावशीलता की जांच की है। बी) हमने विवादों के संभावित आउटफ्लो और संभावित निष्कर्षों के अनुमान के लिए प्रबंधन की अंतर्निहित धारणा की समीक्षा की है। इन अनिश्चित कर/ कर से इतर स्थितियों पर प्रबंधन की स्थिति का मूल्यांकन करते समय विधिक अधिमानों और अन्य नियमों पर विचार किया गया है। सी) इसके अलावा, संभावित आउटफ्लो के लिए प्रबंधन के निर्णयों, औद्योगिक स्तर की विवेचना और अनुमानों तथा ऐसी विवादित कर स्थितियों के संबंध में बैंक के आंतरिक विशेषज्ञों के मतों को हमने आधार बनाया है। डी) बैंक/ अन्य कॉर्पोरेट के ऐसे समान मामलों में जहां कहीं भी विधिक निर्णय उपलब्ध थे उन्हें समीक्षित और सत्यापित किया गया है। ई) कर से इतर मुख्य विवादित मामलों के लिए प्रबंधन द्वारा चयनित किए गए मुख्य संप्रेषणों, आंतरिक/ बाह्य विधिक मतों/ परामर्शों को पढ़ा और विश्लेषित किया है। एफ) उपयुक्त वरिष्ठ प्रबंधन से चर्चा की और प्रावधानों के अनुमान में प्रबंधन के अंतर्निहित मुख्य धारणाओं का मूल्यांकन किया है। जी) कर से इतर विवादित मामलों में संभावित निष्कर्ष के बारे में प्रबंधन के अनुमान का आकलन किया है और ऐसे मामलों में प्रबंधन के निर्णय को आधार बनाया है। एच) सांविधिक शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा किए गए कार्य तथा शाखा लेखा परीक्षा/ अतिरिक्त सूचना के आधार पर प्रधान कार्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी संशोधित प्रविष्टियों पर भरोसा किया गया।

5. अन्य मामले

ए) हमने 3003 घरेलू शाखाओं और 30 विदेशी शाखाओं के वित्तीय विवरणों/ वित्तीय सूचनाओं की लेखापरीक्षा नहीं की, जिनके वित्तीय विवरण उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए ₹6,20,448 करोड़ की कुल आस्तियां और ₹48,080 करोड़ के कुल राजस्व को दर्शाते हैं, जैसा कि स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण में निर्धारित किया गया है। ये शाखाएं 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए कुल अग्रिमों का 47.99%, कुल जमा का 63.13%, कुल राजस्व का 48.91%, ब्याज आधारित आय का 50.04%, 63.36% ब्याज व्यय और 31 मार्च, 2024 को गैर-निष्पादित आस्तियों का 58.05% कवर करते हैं। इन शाखाओं के वित्तीय विवरणों/ सूचनाओं की बैंक के सांविधिक शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षा की गई है, जिनकी रिपोर्ट हमें प्रस्तुत की गई है और हमारी राय में जहां तक यह शाखाओं के संबंध में शामिल राशि और प्रकटीकरण से संबंधित है, वह ऐसे शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर पूरी तरह से आधारित है।

बी) 31 मार्च, 2023 को समाप्त पिछले वर्ष के लिए बैंक के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा संयुक्त केंद्रीय सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा की गई, जिनमें से तीन पूर्ववर्ती लेखा परीक्षा फर्म हैं और उन्होंने अपनी 16 मई, 2023 की रिपोर्ट के माध्यम से ऐसे वित्तीय विवरणों पर असंशोधित राय व्यक्त की है।

इन मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई संशोधन नहीं है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण से इतर अन्य जानकारियां और उस पर लेखा परीक्षक रिपोर्ट

6. बैंक का निदेशक मण्डल अन्य जानकारी उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी है। अन्य जानकारी में कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट (लेकिन इसमें स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों और लेखा परीक्षक रिपोर्ट शामिल नहीं है) शामिल है जो हमें लेखापरीक्षक रिपोर्ट, निदेशक मंडल की रिपोर्ट, मुख्य वित्तीय सूचक और शेयरधारकों की जानकारी जारी होने के समय प्राप्त होती है तथा जिसे इस रिपोर्ट की तारीख के बाद हमें उपलब्ध कराए जाने की उम्मीद है।

वित्तीय विवरणों पर हमारी राय में अन्य जानकारियां और बेसेल III के तहत पिलर 3 प्रकटीकरण शामिल नहीं है और हम इस पर किसी तरह का आश्वासन नहीं देंगे।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी उपरोक्त निर्धारित अन्य जानकारी का अध्ययन करना और ऐसा करते समय यह विचार करना है कि क्या स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के साथ अन्य जानकारी वस्तुत: असंगत है या हमारे द्वारा लेखा परीक्षा के समय या अन्यथा प्राप्त जानकारी वस्तुतः गलत प्रतीत होती है।

यदि अन्य जानकारी जो कि लेखा परीक्षा की तारीख से पहले प्राप्त हो चुकी थी और हमारे द्वारा उस पर निष्पादित कार्य के आधार पर हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि अन्य जानकारियों में वस्तुनिष्ठ अशुद्धियां शामिल हैं, तो हमें तथ्यों को रिपोर्ट में शामिल करने की आवश्यकता होगी। इस संबंध में हमें कोई रिपोर्ट नहीं करना है।

जब हम निदेशक मंडल की रिपोर्ट, मुख्य वित्तीय सूचक और शेयर धारकों की जानकारी को पढ़ते हैं और हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि उसमें कुछ वस्तुनिष्ठ अशुद्धियां हैं, तो हमें इस मामले को उन्हें अवगत कराने की आवश्यकता होती है जिन्हें गवर्नेंस का प्रभार दिया गया है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन एवं गवर्नेंस के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों की जवाबदेही

7. बैंक का प्रबंधन और निदेशक मण्डल, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 29 और समय-समय पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी परिपत्रों एवं दिशानिर्देशों तथा भारत में सामान्यतः स्वीकार्य लागू लेखांकन मानकों के अनुरूप तैयार किए गए इन स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए जवाबदेह है, जो बैंक की वित्तीय स्थिति, वित्तीय प्रदर्शन और नकदी प्रवाह का सही एवं निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। इस जवाबदेही में बैंक की आस्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ियों और अन्य विसंगतियों की पहचान एवं उनके निवारण के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्डो के साथ-साथ उचित लेखांकन नीतियों का चयन एवं उनके उपयोग, निर्णय लेने और यह अनुमान लगाने कि ये व्यावहारिक और विवेकपूर्ण हों तथा वित्तीय विवरणों को तैयार करने और उनकी प्रस्तुति से संबंधित लेखांकन रिकॉर्डो की त्रुटिहीनता और पूर्णता के लिए प्रभावी रूप से परिचालित आंतरिक नियंत्रणों की डिजाइन, कार्यान्वयन एवं रखरखाव भी समाहित है जो सत्य और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करते हैं और धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण भौतिक मिथ्याकथन से मुक्त हैं।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों को तैयार करने में बैंक का प्रबंधन और निदेशक मण्डल कार्यशील संस्था के रूप में बने रहने की बैंक की योग्यता का मूल्यांकन करने, कार्यशील संस्था से संबंधित विषयों के यथालागू प्रकटीकरण करने, लेखांकन के लिए कार्यशील संस्था आधार का उपयोग करने के लिए जवाबदेह है जब तक कि प्रबंधन का इरादा बैंक को लिक्विडेट करने या परिचालन समाप्त करने की न हो या ऐसा न करने के लिए कोई उचित विकल्प न हो। बैंक का निदेशक मण्डल बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया के निरीक्षण के लिए भी जवाबदेह है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा-परीक्षा के लिए लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारी

8. हमारा उद्देश्य इस आशय का पर्याप्त भरोसा प्राप्त करना है कि स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में धोखाधड़ी और त्रुटि के कारण कोई मिथ्या कथन नहीं है और ऐसी लेखापरीक्षा रिपोर्ट जारी करना है जिसमें हमारी राय शामिल है, उचित भरोसा एक उच्च स्तर का भरोसा होता है लेकिन यह कोई गारंटी नहीं है कि लेखांकन मानकों के अनुरूप की गई लेखा परीक्षा में पहले से मौजूद भौतिक मिथ्या कथन की हमेशा पहचान हो जाए। धोखाधड़ी और त्रुटि के कारण मिथ्या कथन दृष्टिगोचर होता

है और इसे महत्वपूर्ण तब माना जाएगा जब यह संभावना हो कि यह अकेले या समग्र रूप से इन स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए आर्थिक निर्णयों को प्रभावित कर सकता है।

लेखांकन मानकों के अनुरूप लेखापरीक्षा के एक भाग के रूप में हम पेशेवर निर्णय लेते हैं और पूरी लेखापरीक्षा के दौरान पेशेवर संशयवाद को बनाए रखते हैं। हम:

- स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणियों में धोखाधड़ी और त्रुटि के कारण उत्पन्न हुए महत्वपूर्ण मिथ्या कथन की पहचान और मूल्यांकन, उन जोखिमों के लिए उत्तरदायी प्रक्रियाओं की डिजाइन और कार्यनिष्पादन तथा हमारी राय को उचित आधार प्रदान करने के लिए लेखापरीक्षा साक्ष्य भी प्राप्त करते हैं। धोखाधड़ी के कारण उत्पन्न हुए महत्वपूर्ण मिथ्या कथनों को न पहचानने का जोखिम त्रुटि के कारण उत्पन्न हुए जोखिम से ज्यादा बड़ा है, क्योंकि धोखाधड़ी में सांठ-गांठ, जानबूझकर छोड़ी गयी त्रुटियाँ, गलत बयानी या आंतरिक नियंत्रणों का उल्लंघन शामिल हो सकता है।

- लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रणों पर विचार भी करते हैं ताकि लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को इस तरह से डिजाइन किया जा सके जो परिस्थितियों के हिसाब से उचित हो। भारतीय रिज़र्व बैंक के पत्र डीओएस.एआरजी.नं.6270/08.91.001/2019-20 दिनांक 17 मार्च, 2020 (यथा संशोधित) के तहत यथा आवश्यक, हम इस पर भी अपनी राय व्यक्त करने के लिए जिम्मेदार हैं कि क्या बैंक के पास वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण व्यवस्था है और ऐसे नियंत्रणों के परिचालन प्रभावी हैं अथवा नहीं ।

- प्रबंधन द्वारा उपयोग में लाई गई लेखांकन नीतियों की सटीकता और लेखांकन अनुमानों एवं उससे संबंधित प्रकटीकरणों का मूल्यांकन करते हैं।

- प्रबंधन के कार्यशील संस्था के रूप में बने रहने संबंधी लेखांकन आधार को उपयोग करने के औचित्य का निपटान और प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्यों के आधार पर इसका पता लगाने का काम भी करते हैं कि क्या उन घटनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण अनिश्चितता मौजूद है या वैसी परिस्थितियाँ बनी हैं जिनमें कार्यशील संस्था के रूप में बने रहने की बैंक की योग्यता पर अधिक संदेह व्यक्त किया जा सके। यदि हम निष्कर्ष निकालें कि भौतिक अनिश्चितता की संभावना है तो हमें अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों से संबंधित इस तरह के प्रकटीकरणों की ओर ध्यान आकर्षित करने की आवश्यकता है अथवा क्या इस तरह के प्रकटीकरण हमारी राय को बदलने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। हमारा निष्कर्ष लेखापरीक्षा की तारीख तक प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्यों पर आधारित है। तथापि, भविष्य की घटनाएं या परिस्थितियां बैंक के कार्यशील संस्था के रूप में परिचालन को बंद करने का कारण बन सकती हैं।

- प्रकटीकरण सहित वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना एवं विषयवस्तु का तथा इस बात का मूल्यांकन करना कि वित्तीय विवरणों में बुनियादी लेनदेन और घटनाओं की निष्पक्ष प्रस्तुति की जा सके।

वस्तुनिष्ठता, स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में मिथ्या कथन का वह प्रभाव है, जो व्यक्तिगत या समग्र रूप से यह संभव बनाता है कि स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के तर्कसंगत जानकार यूजर के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित किया जा सकता है। हम (i) अपने लेखापरीक्षा कार्य के दायरे की योजना बनाने और अपने कार्य के परिणामों का मूल्यांकन करने; तथा (ii) स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में किन्हीं भी निर्धारित मिथ्या कथनों के प्रभाव का मूल्यांकन करने में परिमाणात्मक वस्तुनिष्ठता और गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं।

हम अन्य मामलों के साथ-साथ लेखापरीक्षा की योजनाबद्ध विस्तार एवं उसके समय का निर्धारण जिसमें आंतरिक नियंत्रण में महत्वपूर्ण कोई कमियां सहित महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों, जिसकी लेखापरीक्षा के दौरान हमने पहचान की है, के संबंध में गवर्नेंस के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों के बारे में सूचित करते हैं।

हम गवर्नेंस के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों को यह बताते हैं कि हमने स्वतंत्रता से संबंधित नैतिक आवश्यकताओं और इनके साथ हमारी स्वतंत्रता, और जहां भी लागू हो, सावधानियों से संबंधित विषयों और अन्य मामलों, जो तार्किक रूप से विचार में लाये जा सकते हैं, का अनुपालन किया है।

गवर्नेंस के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों को संसूचित विषयों से हम उन विषयों का निर्धारण करते हैं जो वर्तमान अवधि के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और जो महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा विषय हैं। हम अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में उन विषयों का वर्णन करते हैं जब तक कि कानून या विनियमन उनके सार्वजनिक प्रकटीकरण पर रोक न लगाते हों या जब हम यह निर्णय लेते हैं कि यह विषय हमारी रिपोर्ट में नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि ऐसा करने का विपरीत परिणाम होगा और इस तरह की सूचना से सार्वजनिक हित के प्रभावित होने की संभावना होती है।

अन्य कानूनी एवं नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

9. तुलन पत्र और लाभ-हानि खाता बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधानों द्वारा जारी लेखांकन मानकों के अनुसार दर्शाए गए हैं।

10. उपर्युक्त पैरा 5, 7 से 8 में उल्लिखित लेखापरीक्षा की सीमाओं और बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 की अपेक्षाओं के अधीन तथा उसमें निहित अपेक्षित प्रकटीकरण की सीमाओं के अधीन भी हम रिपोर्ट करते हैं कि;

ए) हमने उन सभी सूचनाओं एवं व्याख्याओं को अपनी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास में प्राप्त किया है जो कि हमारी लेखापरीक्षा के लिए आवश्यक थे और हमने उन्हें संतोषजनक पाया है;

बी) हमारी जानकारी में आए बैंक के संव्यवहार बैंक की शक्तियों के तहत हैं, और

सी) बैंक के कार्यालयों और शाखाओं से प्राप्त रिटर्न लेखापरीक्षा के उद्देश्य से पर्याप्त पाए गए हैं।

11. हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि:

ए) हमारी राय में बैंक के पास कानून के अनुसार अपेक्षित उचित लेखाबहियां हैं और उन बहियों की हमारी जांच से यह पता चलता है कि उन शाखाओं जिनका दौरा हमने नहीं किया है, से प्राप्त की गई हैं जो हमारी लेखापरीक्षा के उद्देश्य से पर्याप्त हैं;

बी) इस रिपोर्ट में उल्लिखित तुलन पत्र, लाभ एवं हानि खाता और नकदी प्रवाह विवरण लेखांकन बहियों तथा उन शाखाओं जिनका दौरा हमने नहीं किया है, से प्राप्त रिटर्न के अनुसार हैं;

सी) बैंकिंग विनियमनन अधिनियम 1949 की धारा 29 के अंतर्गत बैंक के शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा हमें लेखापरीक्षित शाखा कार्यालय के लेखांकन पर रिपोर्ट भेजी गई है और यह रिपोर्ट तैयार करने के लिए हमने उसका उचित अध्ययन किया है; और

डी) हमारी राय में, तुलन पत्र और लाभ-हानि खाता तथा नकदी प्रवाह के विवरणों का लागू लेखांकन मानकों के अनुसार अनुपालन किया जाता है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के अनुसार असंगत नहीं है।

12. "सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षकों (एससीए) की नियुक्ति- 2019-20 से एससीए के रिपोर्टिंग दायित्व" भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा तदुपरान्त जारी 19 मई 2020 के पत्र के साथ पठित भारतीय रिज़र्व बैंक के पत्र डीओएस.एआरजी. सं.6270/08.91.001/2019-20 दिनांक 17 मार्च 2020 की अपेक्षा अनुसार, हम उपर्युक्त पत्र के पैरा 2 में विनिर्दिष्ट मामलों पर निम्नानुसार यह भी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं:

ए) हमारी राय में, उपर्युक्त स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में लागू लेखांकन मानकों के अनुसार अनुपालन किया जाता है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के अनुसार असंगत नहीं है;

बी) बैंक के वित्तीय लेनदेन या मामले जो बैंक के कार्यकलापों पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं, उन पर हमारी कोई टिप्पणी या राय नहीं है।

सी) जैसा कि बैंक कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत नहीं है, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 की उप-धारा (2) के तहत बैंक के निदेशक होने की अयोग्यता बैंक पर लागू नहीं होती है।

डी) खातों के रख-रखाव और उसके साथ जुड़े अन्य मामलों के संबंध में कोई क्वालिफिकेशन प्रतिबंध, संदेह या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

ई) वित्तीय विवरणों के संदर्भ में बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और परिचालनगत प्रभाव पर हमारी लेखा-परीक्षा रिपोर्ट, इस रिपोर्ट के साथ **अनुलग्नक 'ए'** के रूप में संलग्न है। हमारी रिपोर्ट में यथा 31 मार्च, 2024 को वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के बैंक के परिचालनगत प्रभाव पर अपरिवर्तित राय व्यक्त किया गया है।

कृते शाह गुप्ता एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआरएन : 109574W

(डी. वी. बल्लाल)
साझेदार
एम. नं. : 013107
यूडीआईएन: 24013107BKDEYE9733

कृते खंडेलवाल जैन एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआरएन : 105049W

(ऋषिकेश जोशी)
साझेदार
एम. नं. : 138738
यूडीआईएन: 24138738BKEXNZ3703

कृते एस. वेंकटराम एंड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआरएन : 004656S/S200095

(एस सुंदररमन)
साझेदार
एम. नं. : 201028
यूडीआईएन: 24201028BKCTPQ1026

कृते बाटलीबोई एंड पुरोहित
सनदी लेखाकार
एफआरएन : 101048W

(रमण हंगेकर)
साझेदार
एम. नं. : 030615
यूडीआईएन: 24030615BKCJCP5051

कृते वी शंकर अय्यर एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआरएन : 109208W

(जी शंकर)
साझेदार
एम. नं. : 46050
यूडीआईएन: 24046050BKCLLK5318

दिनांक: 10 मई, 2024
स्थान: मुंबई

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक - ए

(हमारी सम दिनांक की रिपोर्ट के अन्य विधिक और विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट के तहत पैराग्राफ 12 ई में संदर्भित)

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के पत्र सं डीओएस.एआर जी.सं.6270/08.91.001/2019-20 दिनांक 17 मार्च 2020 (यथा संशोधित) (आरबीआई का पत्र) के अनुसार अपेक्षित, वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर रिपोर्ट

हमने **बैंक ऑफ बड़ौदा** (बैंक) के दिनांक 31 मार्च, 2024 के वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा की है जोकि वर्ष की समाप्ति के लिए उस तारीख को बैंक के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के लेखापरीक्षा के अनुक्रम में है, जिनमें बैंक की शाखाओं के वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण भी शामिल हैं।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए प्रबंधन की ज़िम्मेदारी

बैंक का प्रबंधन भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा के संबंध में मार्गदर्शन नोट में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए बैंक द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण मानदंडोंड के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है। इन जिम्मेदारियों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव शामिल है जो बैंक की नीतियों का पालन, इसकी परिसंपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और पता लगाने सहित अपने व्यवसाय के व्यवस्थित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने और लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता तथा विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की समय पर तैयारी के लिए प्रभावी ढंग से कार्यरत थे, जैसा कि बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी परिपत्रों और दिशानिर्देशों के तहत आवश्यक है।

लेखा परीक्षकों की ज़िम्मेदारी

हमारी ज़िम्मेदारी हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर वित्तीय विवरणों के संदर्भ में बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर राय व्यक्त करना है। हमने भारत के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग (मार्गदर्शी टिपण्णियां) पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन नोट और जारी किए गए ऑडिटिंग (एसए) संबंधी मानकों के अनुसार अपनी लेखा परीक्षा की है जोकि आईसीएआई द्वारा, आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा के अनुसार है। उन मानकों और मार्गदर्शन नोट के अनुसार यह आवश्यक है कि हम नैतिक आवश्यकताओं का पालन करें और इसके बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए योजना बनाएं और लेखा परीक्षा करें कि क्या वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और बनाए रखा गया था और क्या ऐसे नियंत्रण सभी भौतिक मामलों में प्रभावी ढंग से संचालित होते हैं।

हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और उनकी परिचालन प्रभावशीलता के बारे में लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए कार्यनिष्पादन प्रक्रियाएं शामिल हैं। वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की जानकारी प्राप्त करना, जोखिम का आकलन करना कि कोई महत्वपूर्ण कमी तो नहीं है और आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के डिजाइन और संचालन प्रभावशीलता का परीक्षण और मूल्यांकन शामिल है। चयनित प्रक्रियाएं लेखा परीक्षक के निर्णय पर निर्भर करती हैं, जिसमें वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण मिथ्या कथन के जोखिमों का आकलन शामिल है, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो।

हम मानते हैं कि हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं और शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा नीचे दिए गए अन्य मामले से संबंधित पैराग्राफ में संदर्भित रिपोर्ट के अनुरूप जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए गए हैं, वे वित्तीय विवरणों के संदर्भ में बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर हमारी लेखा परीक्षा राय के लिए एक पर्याप्त और उपयुक्त आधार प्रदान करते हैं।

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में बैंक का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करने और बाह्य उद्देश्यों के लिए वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार तैयार किया गया है। वित्तीय विवरणों के संदर्भ में बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं जो (1) उन रिकॉर्डों के रखरखाव से संबंधित हैं, जो उचित विवरणों, बैंक की आस्तियों के लेनदेन और प्रबंधन को सटीक और निष्पक्ष रूप से दर्शाते हैं; (2) तर्कसंगत आश्वासन प्रदान करें कि लेनदेन को सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार करने की अनुमति देने के लिए आवश्यकतानुरूप दर्ज किया गया है, और बैंक की आय और व्यय केवल बैंक के प्रबंधन और निदेशकों के प्राधिकरण के अनुसार किए जा रहे हैं; तथा (3) बैंक की आस्तियों के अनाधिकृत अधिग्रहण, उपयोग या निपटान के निवारण या समय पर पहचान के संबंध में तर्कसंगत आश्वासन प्रदान करे, जिसका वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकता है।

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाएं

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं के कारण, जिसमें मिलीभगत या नियंत्रणों के अनुचित प्रबंधन ओवरराइड की संभावना शामिल है, और त्रुटि या धोखाधड़ी के कारण इसमें भौतिक मिथ्या कथन विवरण हो सकते हैं और उनका पता नहीं लगाया जा सकता है। साथ ही, भविष्य की अवधि के लिए वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के किसी भी मूल्यांकन के अनुमान इस जोखिम के अधीन हैं कि वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण शर्तों में परिवर्तन के कारण अपर्याप्त हो सकते हैं या नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन की गंभीरता कमजोर हो सकती हैं।

राय

हमारी राय में, और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार और नीचे दिए गए अन्य मामलों के पैराग्राफ में संदर्भित शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्टो पर विचार के आधार पर, बैंक के

पास सभी महत्वपूर्ण मामलों में वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण है और वित्तीय विवरणों के संदर्भ में 31 मार्च, 2024 को ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए लेखापरीक्षा मार्गदर्शन नोट में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए बैंक द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों के आधार परड प्रभावी ढंग से कार्यरत हैं।

अन्य मामले

हमारी उक्त रिपोर्ट में 3003 शाखाओं के वित्तीय विवरणों के संदर्भ के साथ आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की परिचालनगत प्रभावशीलता उन शाखाओं के संबंधित शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है। इस मामले के संबंध में हमारी राय में कोई संशोधन नहीं है।

कृते शाह गुप्ता एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआरएन : 109574W

(**डी. वी. बल्लाल**)
साझेदार
एम. नं. : 013107
यूडीआईएन: 24013107BKDEYE9733

कृते खंडेलवाल जैन एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआरएन : 105049W

(**ऋषिकेश जोशी**)
साझेदार
एम. नं. : 138738
यूडीआईएन: 24138738BKEXNZ3703

कृते एस. वेंकटराम एंड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआरएन : 004656S/S200095

(**एस सुंदररमन**)
साझेदार
एम. नं. : 201028
यूडीआईएन: 24201028BKCTPQ1026

कृते बाटलीबोई एंड पुरोहित
सनदी लेखाकार
एफआरएन : 101048W

(**रमण हंगेकर**)
साझेदार
एम. नं. : 030615
यूडीआईएन: 24030615BKCJCP5051

कृते वी शंकर अय्यर एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआरएन : 109208W

(**जी शंकर**)
साझेदार
एम. नं. : 46050
यूडीआईएन: 24046050BKCLLK5318

दिनांक: 10 मई, 2024
स्थान: मुंबई

INDEPENDENT AUDITORS' REPORT

To
The Members of
Bank of Baroda

Report on the Audit of the Standalone Financial Statements

Opinion

1. We have audited the accompanying Standalone Financial Statements of **Bank of Baroda** ("the Bank"), which comprise the Balance Sheet as at March 31, 2024, the Profit and Loss Account, Cash Flow Statement for the year then ended, and Notes to the Standalone Financial Statements including Significant Accounting Policies and other explanatory information, in which are included the returns for the year ended on that date of the Head office, 18 Zonal offices, 20 branches and 1 Specialized Integrated Treasury Branch audited by us, 3003 domestic branches (including 26 offices) audited by the respective Statutory Branch Auditors and 30 foreign branches audited by the respective Local Auditors. The branches audited by us and those audited by other auditors have been selected by the Bank in accordance with the guidelines issued to the Bank by the Reserve Bank of India ('RBI').

   Also incorporated in the Balance Sheet, the Profit and Loss Account and Cash Flow Statement are the returns from 5244 domestic branches which have not been subjected to audit. These unaudited branches and other offices account for 20.24% of advances, 41.37% of deposits, 26.59% of revenue, 22.25% of interest income, 40.06% of interest expended and 40.24% of Non-performing assets as on March 31, 2024.

   In our opinion and to the best of our information and according to explanations given to us, the aforesaid Standalone Financial Statements give the information required by the Banking Regulation Act 1949 (the **"Act"**), in the manner so required for the Bank and are in conformity with the accounting principles generally accepted in India and:

a) the Balance Sheet, read with the notes thereon is a full and fair Balance Sheet containing all the necessary particulars, is properly drawn up so as to exhibit a true and fair view of the state of affairs of the Bank as at 31st March, 2024;

b) the Profit and Loss Account, read with the notes thereon shows a true balance of profit; and

c) the Cash Flow statement gives a true and fair view of the cash flows for the year ended on that date.

Basis for Opinion

2. We conducted our audit in accordance with the Standards of Auditing ("SAs") issued by the Institute of Chartered Accountants of India ("the ICAI"). Our responsibility under those standards are further described in the Auditors' Responsibilities for the Audit of the Standalone Financial Statements section of our report. We are independent of the Bank in accordance with the Code of Ethics issued by the Institute of Chartered Accountants of India ("ICAI") together with the ethical requirements that are relevant to our audit of the Standalone Financial Statements, prepared in accordance with the accounting principles generally accepted in India, including the appliable Accounting Standard , and provisions of section 29 of Banking Regulation Act, 1949 and circulars and guidelines issued by the RBI from time to time and we have fulfilled our other ethical responsibilities in accordance with these requirements and the Code of Ethics. We believe that the audit evidence we have obtained is sufficient and appropriate to provide a basis for our opinion.

Emphasis of Matter

3. We invite attention to the following:

   Note No. A-13 (h) of Schedule 18 regarding amortization of additional liability on account of revision in family pension amounting to ₹ 1454.41 Crores. The Bank has charged an amount of ₹ 290.88 Crores to the Profit and Loss Account for the financial year ended March 31, 2024 and the balance unamortized expense of ₹ 581.77 Crores has been carried forward in terms of RBI Circular no. RBI/2021-22/105 DOR.ACC.REC.57/21.04.018/2021-22 dated October 4, 2021.

Our opinion is not modified in respect of this matter.

Key Audit Matters

4. Key audit matters are those matters that, in our professional judgment, were of most significance in our audit of the standalone financial statements of current period. These matters were addressed in the context of our audit of the standalone financial statements as a whole, and in forming our opinion thereon, and we do not provide a separate opinion on these matters. We have determined the matters described below to be the Key Audit Matters of the Bank to be communicated in our report:

(i) **Classification of Advances, Income Recognition, Identification of and provisioning for non-performing Advances (Refer Schedule 9 read with Note 4 of Schedule 17 to the financial statements)**

The Key Audit Matter	How the matter was addressed in our audit
The net advances of the Bank constitute 67.21 percent of the total assets, which is the significant part of the financial statements. They are, inter-alia, governed by income recognition, asset classification and provisioning (IRACP) norms and other circulars and directives issued by the RBI from time to time which provides guidelines related to classification of Advances into performing and non-performing Advances (NPA) except in case of foreign offices in which case the classification of advances and provisioning thereof is made as per local regulations or RBI guidelines, whichever is more stringent. The Bank classifies these Advances based on IRACP norms as per its accounting policy followed. Identification of performing and non-performing Advances involves establishment of proper mechanism. The Bank accounts for all the transactions related to Advances in its Information Technology System (IT System) viz. Core Banking Solution (CBS) which also identifies whether the advances are performing or non-performing. Besides following the prudential norms on Income Recognition, Asset Classification and Provisioning relating to Advances issued by the Reserve Bank of India ("RBI"), the Bank also has certain policies for provisioning on non- performing assets. The carrying value of these advances (net of provisions) may be materially misstated if, either individually or in aggregate, the IRACP norms are not properly followed. Additionally, the Bank makes provisions on exposures that are not classified as NPA including advances to certain sectors and identified advances or group advances. Considering the nature of the transactions, regulatory requirements, existing business environment, estimation/ judgement involved in valuation of securities and calculation of provisions, it is a matter of high importance for the intended users of the Standalone Financial Statements. Further due to reliance placed on data submitted by the borrowers & lead bank for Drawing Power calculations, third party for security valuation, computation of provisions as per various guidelines issued by the RBI, computation of diminution in value for restructured advances and recognition of interest income including in non-performing advances, we determined the above area as a Key Audit Matter.	We assessed the Bank's system in place to identify and provide for non-performing assets. Our audit approach consisted testing of the design and operating effectiveness of the internal controls and substantive testing including the following: a) We had obtained understanding from the Bank about the controls built in the system, checks and balances incorporated with respect to adherence to the RBI guidelines and related Bank's Policies for identification of non-performing assets, provisioning to determine the nature, timing and extent of the substantive procedures and had accordingly planned our audit procedures. b) The accuracy of the data input in the system for income recognition, classification into performing and non performing Advances and provisioning in accordance with the IRACP norms in respect of the top 20 branches allotted to us. In carrying out substantive procedures at the branches allotted to us, we have examined large advances/ stressed advances while other advances have been examined on a sample basis including review of valuation reports of independent valuers as provided by the Bank's management. c) Existence and effectiveness of monitoring mechanisms such as Internal Audit, Systems Audit, Credit Audit and Concurrent Audit as per the policies and procedures of the Bank. d) Relied on the returns received from the branches not subject to audit and in that regard reviewed the internal monitoring mechanisms/systems of the Bank to satisfy the correctness of the sample data made available to us and ensured exceptions/deviations/errors noticed during our audit procedures were adequately considered by the Bank. e) Test checked the identification and provisioning of non-performing assets and corresponding reversal of income, in accordance with RBI Guidelines issued from time to time. f) Evaluated and tested the management estimates and judgements for the purpose of identification of NPA and adequacy of provision required as per RBI's Prudential norms. g) Evaluated the effectiveness of automated IT based system of asset classification implemented by the Bank in accordance with the directives of RBI. h) We have also relied on the work done by the branch auditors for other domestic and foreign branches selected by the Bank. i) Ensured exceptions noticed during our audit procedures are duly corrected.

(ii) **Information Technology (IT) architecture and system controls impacting financial Reporting:**

The Key Audit Matter	How the matter was addressed in our audit
The Bank's financial accounting and reporting systems given its complexity are highly dependent on the Bank's IT systems. The Bank's IT architecture supports the Bank's day-to-day business operations. Given the size of the Bank, enormous volume of transactions are being processed and recorded on multiple applications. The reliability and security of IT systems plays a very important role in the operations of the Bank. Hence controls in the system architecture are required to ensure that the applications process the data as expected and that changes are made in an appropriate manner. Given the complexity of the IT architecture, high level automation, simultaneous and significant use of IT systems, there is an inherent risk that automated accounting procedures, processes and related internal controls may not be accurately designed to ensure its operative effectiveness and its impact on the financial reporting. Hence IT system controls has been considered as a Key Audit Matter.	We obtained an understanding of IT systems used by the Bank and the applications implemented. For this purpose, we had discussions with the process owners on the defined policy/process/procedures of the Bank's IT control environment that is relevant to the audit and reviewed the processes followed with regard to the major applications to understand the financial risks posed by people-process and technology. Our audit procedures to obtain audit evidence included (on a test check basis): (a) verifying, testing and reviewing the operating effectiveness of the IT system on the basis of reports, generated from the system; (b) review of the operating effectiveness of the Bank's IT controls including application, access controls that are critical to financial reporting; (c) verifying the results obtained from the systems with the other information sources; and (d) testing of logic used for extracting the data. We also placed reliance on the work performed by the statutory branch auditors, external vendor inspection reports, specialised audits undertaken by independent experts on the Bank's IT systems.

(iii) **Classification and Valuation of Investments, Identification of and provisioning for Non-Performing Investments (Schedule 8 read with Note 3 of Schedule 17 to the financial Statements)**

The Key Audit Matter	How the matter was addressed in our audit
iii)	अन्य	iii)	Others	**6826,22,22**		7308,63,75	
	कुल (i से iii)		**Total (i to iii)**		**24030,28,69**		24978,46,99
	कुल (I और II)		**Grand Total (I & II)**		**407136,32,19**		397487,23,37
III	**भारत में निवेश**	III	**Investments in India**				
	निवेश का सकल मूल्य		Gross value of Investments	**386432,90,17**		376863,66,89	
	घटाएं : मूल्यह्रास के लिए प्रावधानों का योग		Less: Aggregate of Provisions for Depreciation	**3326,86,67**		4354,90,51	
	भारत में निवल निवेश		**Net Investments in India**	**383106,03,50**		372508,76,38	
IV	**भारत के बाहर निवेश**	IV	**Investments outside India**				
	निवेश का सकल मूल्य		Gross value of Investments	**25585,64,15**		26876,22,83	
	घटाएं : मूल्यह्रास के लिए प्रावधानों का योग		Less: Aggregate of Provisions for Depreciation	**1555,35,46**		1897,75,84	
	बाहरी निवल निवेश		**Net Investments outside**	**24030,28,69**	**407136,32,19**	24978,46,99	397487,23,37

				31 मार्च 2024 को As at 31st March 2024	31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023
अनुसूची - 9 अग्रिम		**SCHEDULE - 9 ADVANCES**			
ए. i)	खरीदे और भुनाए गए बिल	A. i)	Bills Purchased and Discounted	**47817,55,00**	33728,52,74
ii)	नकद ऋण, ओवरड्राफ्ट और मांग पर चुकौती योग्य ऋण	ii)	Cash Credits, Overdrafts and Loans Repayable on Demand	**358751,88,03**	327805,34,95
iii)	मीयादी ऋण	iii)	Term Loans	**682413,97,19**	602117,95,70
	कुल (i से iii)		**Total (i to iii)**	**1088983,40,22**	963651,83,39

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

				31 मार्च 2024 को As at 31st March 2024		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023	
बी i)	मूर्त आस्तियों से प्रतिभूत (बही ऋणों के पेटे अग्रिम शामिल)	B. i)	Secured by Tangible Assets(Includes advances against book debts)	**747514,37,43**		676632,93,07	
ii)	बैंक/सरकारी गारंटी से रक्षित	ii)	Covered by Bank/ Government Guarantees	**100282,66,49**		88351,63,99	
iii)	गैर जमानती	iii)	Unsecured	**241186,36,30**		198667,26,33	
	कुल (i से iii)		**Total (i to iii)**		**1088983,40,22**		963651,83,39
सी. I	भारत में अग्रिम	C. I	Advances in India				
	i) प्राथमिकता क्षेत्र		i. Priority Sector	**293368,66,39**		265748,28,84	
	ii) सार्वजनिक क्षेत्र		ii. Public Sector	**130028,17,50**		115533,99,23	
	iii) बैंक		iii. Banks	**1026,77,28**		1076,70,37	
	iv) अन्य		iv. Others	**470026,01,88**	**894449,63,05**	405327,89,67	787686,88,11
II	भारत से बाहर अग्रिम	II	Advances Outside India				
i	बैंकों से देय	i	Due from Banks	**78927,21,97**		53200,84,25	
ii	अन्य से देय	ii	Due from Others				
	ए) खरीदे एवं भुनाए गए बिल		a) Bills Purchased & Discounted	**11653,66,78**		6845,17,13	
	बी) सिंडीकेट ऋण		b) Syndicated Loans	**81829,96,06**		80064,73,06	
	सी) अन्य		c) Others	**22122,92,36**	**194533,77,17**	35854,20,84	175964,95,28
	कुल (सी.I + सी.II)		**TOTAL (C.I +C.II)**		**1088983,40,22**		963651,83,39

अनुसूची - 10
अचल आस्तियां

SCHEDULE - 10
FIXED ASSETS

I	**परिसर**	I	**Premises**				
	पिछले वर्ष के 31 मार्च की लागत पर		At cost as on 31st March of the preceding year	**12456,17,20**		12359,79,97	
	वर्ष के दौरान परिवर्धन/समायोजन		Additions/Adjustments during the year	**64,62,45**		115,59,40	
				12520,79,65		12475,39,37	
	वर्ष के दौरान कटौतियां/समायोजन (पुनर्मूल्यांकन राशि सहित)		Deductions/adjustments during the year (Includes revalued amount)	**284,46,88**		19,22,17	
				12236,32,77		12456,17,20	
	आज की तारीख तक मूल्यह्रास		Depreciation to date	**7886,89,54**	**4349,43,23**	7040,15,47	5416,01,73
I ए	निर्माणाधीन परिसर	I A	Premises under construction		**106,97,37**		77,88,46

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

					31 मार्च 2024 को As at 31st March 2024		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023	
II	**अन्य अचल आस्तियां (फर्नीचर एवं फिक्सचर सहित)**	II	**Other Fixed Assets (including Furniture & Fixtures) :**					
	पिछली अवधि के दौरान 31 मार्च की लागत पर		At cost as on 31st March of the preceding period	**9983,91,69**		9443,26,03	
	अवधि के दौरान परिवर्धन/समायोजन		Additions/Adjustments during the period	**1040,07,24**		914,80,34	
				11023,98,93		10358,06,37	
	अवधि के दौरान कटौतियां		Deductions during the year	**420,16,95**		374,14,68	
				10603,81,98		9983,91,69	
	आज की तारीख में मूल्यह्रास		Depreciation to date	**8809,14,28**	**1794,67,70**	8254,20,08	1729,71,61
II ए	**पट्टे पर दी गई आस्तियां**	II A	**Leased Assets**				
	पिछली अवधि के दौरान 31 मार्च की लागत पर		At cost as on 31st March of the preceding period	**2012,32,72**		2009,16,98	
	अवधि के दौरान परिवर्धन/समायोजन		Additions/Adjustments during the period	**218,97,76**		3,15,74	
				2231,30,48		2012,32,72	
	वर्ष के दौरान प्रावधान सहित कटौतियां		Deductions during the year incl. Provisions	**3,87,99**		-	
				2227,42,49		2012,32,72	
	आज की तारीख में मूल्यह्रास		Depreciation to date	**335,72,10**	**1891,70,39**	282,02,55	1730,30,17
	कुल (I, IA, II और IIA)		**TOTAL (I, IA, II AND IIA)**		**8142,78,69**		8953,91,97
III -	पूंजीगत-कार्य-प्रगति में (पट्टे पर आस्तियों सहित) प्रावधानों के निवल	III -	Capital-Work-in progress (Including Leased Assets) net of Provisions		**5,56,04**		2,87,49
	कुल(I, IA, II, IIA और III)		**TOTAL (I, IA, II,IIA AND III)**		**8148,34,73**		8956,79,46

अनुसूची - 11 अन्य आस्तियां
SCHEDULE - 11 OTHER ASSETS

				31 मार्च 2024 को As at 31st March 2024	31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023
I	अंतर-कार्यालय समायोजन (निवल)	I	Inter-Office Adjustments (Net)	**-**	-
II	उपचित ब्याज	II	Interest Accrued	**13652,09,31**	13310,32,27
III	अग्रिम कर भुगतान/स्रोत पर कर कटौती (प्रावधानों का निवल)	III	Tax paid in advance/tax deducted at source(net of Provisions)	**8200,71,10**	7286,94,84
IV	लेखन सामग्री एवं स्टांप	IV	Stationery and Stamps	**2,66,24**	8,04,61
V	दावों की संतुष्टि पर अर्जित गैर-बैंकिंग आस्तियां	V	Non-Banking assets acquired in satisfaction of claims	**-**	-
VI	आस्थगित कर आस्तियां	VI	Deferred Tax assets	**4814,70,11**	6672,77,02
VII	अन्य	VII	Others	**22640,52,07**	25220,85,55
	कुल (I से VI)		**TOTAL (I to VI)**	**49310,68,83**	52498,94,29

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

				31 मार्च 2024 को As at 31st March 2024		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023
अनुसूची - 12 आकस्मिक देयताएं	**SCHEDULE - 12 CONTINGENT LIABILITIES**					
I	दावे जिन्हें कर्ज नहीं माना गया	I	Claims not acknowledged as debts		**33888,76,02**		32367,80,03
II	आंशिक रूप से चुकता निवेशों के लिए देयता	II	Liability for partly paid Investments		**15,28,00**		15,28,00
III	बकाया वायदा विनिमय संविदाओं के कारण देयताएं	III	Liability on account of outstanding forward exchange contracts		**330634,62,06**		327199,36,69
IV	संघटकों की ओर से दी गई गारंटियां	IV	Guarantees given on behalf of constituents :				
	ए) भारत में		a) In India	**52738,62,99**		51004,37,43	
	बी) भारत से बाहर		b) Outside India	**8963,39,62**	**61702,02,61**	10395,35,39	61399,72,82
V	स्वीकृतियां, परांकन एवं अन्य दायित्व	V	Acceptances, Endorsements and Other Obligations		**24655,79,02**		31239,14,40
VI	आकस्मिक देयताएं की अन्य मदें	VI	Other items of contingent liability		**127886,33,79**		129346,73,42
	कुल (I से VI)		**TOTAL (I to VI)**		**578782,81,50**		581568,05,36

समेकित लाभ व हानि लेखा की अनुसूचियां
Schedules to Consolidated Profit & Loss Account

अनुसूची 13 अर्जित ब्याज और लाभांश		**SCHEDULE - 13 INTEREST AND DIVIDENDS EARNED**			
I	अग्रिमों/बिलों पर ब्याज/ डिस्काउंट	I	Interest/Discount on Advances/ Bills	**87647,68,73**	66140,51,69
II	निवेशों पर आय	II	Income on Investments	**27842,14,08**	24801,05,59
III	भारतीय रिज़र्व बैंक के पास शेष राशियों और अन्य अंतर बैंक निधियों पर ब्याज	III	Interest on Balances with Reserve Bank of India and other Inter-Bank Funds	**1934,23,03**	1613,70,19
IV	अन्य	IV	Others	**955,15,76**	1947,34,20
	कुल (I से IV)		**TOTAL (I to IV)**	**118379,21,60**	94502,61,67

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

					31 मार्च 2024 को As at 31st March 2024		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023
अनुसूची 14 अन्य आय		**SCHEDULE - 14 OTHER INCOME**					
I	कमीशन, विनिमय और ब्रोकरेज	I	Commission, Exchange and Brokerage		**3710,90,07**		3099,70,79
II	निवेशों की बिक्री पर लाभ	II	Profit on sale of Investments	**2984,47,66**		2042,23,98	
	घटाएं: निवेशों की बिक्री पर हानि		Less: Loss on sale of Investments	**499,97,36**	**2484,50,30**	506,27,47	1535,96,51
III	निवेशों के पुनर्मूल्यांकन पर लाभ	III	Profit on Revaluation of Investments	**1056,76,95**		52,45,52	
	घटाएं: निवेशों के पुनर्मूल्यांकन पर हानि		Less: Loss on revaluation of Investments	**26,20,85**	**1030,56,10**	1531,07,86	(1478,62,34)
IV	भूमि, इमारतों, और अन्य आस्तियों के विक्रय पर लाभ	IV	Profit on sale of Land, Buildings and Other Assets	**8,81,47**		16,77,56	
	घटाएं: भूमि, इमारतों एवं अन्य आस्तियों की बिक्री पर हानि		Less: Loss on sale of Land, Buildings and Other Assets	**2,50,03**	**6,31,44**	2,44,49	14,33,07
V	विनिमय लेनदेन पर लाभ	V	Profit on Exchange Transactions	**1542,58,71**		1143,10,04	
	घटाएं: विनिमय लेनदेनों पर हानि		Less: Loss on Exchange Transactions	**215,36,92**	**1327,21,79**	452,75,12	690,34,92
VI	अर्जित बीमा प्रीमियम	VI	Insurance Premium earned		**6827,67,31**		5972,32,34
VII	ए) लीज वित्तपोषण आय	VII	a) Lease Finance Income	**-**		-	
	बी) लीज प्रबंधन शुल्क		b) Lease Management Fee	**-**		-	
	सी) अतिदेय प्रभार		c) Overdue Charges	**-**		-	
	डी) लीज किराए प्राप्तियों पर ब्याज		d) Interest on lease rent receivables	**88**	**88**	7	7
VIII	विविध आय#	VIII	Miscellaneous Income#		**8012,30,81**		6441,30,66
	कुल (I से VIII)		**TOTAL (I to VIII)**		**23399,48,70**		16275,36,02

विविध आय में बट्टे खाते डाले गए ऋणों में हुई वसूली ₹ 4000.35 करोड़ शामिल है (पिछले वर्ष ₹ 3312.23 करोड़)
Miscellaneous income includes Recoveries made in write off accounts of ₹ 4000.35 crore (Previous year ₹ 3312.23 crore)

अनुसूची - 15 खर्च किया गया ब्याज		**SCHEDULE - 15 INTEREST EXPENDED**					
I	जमाराशियों पर ब्याज	I	Interest on Deposits		**61281,10,70**		42888,16,17
II	भारतीय रिज़र्व बैंक/अंतर बैंक उधार राशियों पर ब्याज	II	Interest on Reserve Bank of India/Inter-Bank Borrowings		**5627,10,44**		4418,23,13
III	अन्य	III	Others		**2990,86,42**		2635,77,59
	अन्य (I से III)		**TOTAL (I to III)**		**69899,07,56**		49942,16,89

(₹ 000'में) (₹ in 000's)

				31 मार्च 2024 को As at 31st March 2024		31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023
अनुसूची - 16 परिचालन व्यय		**SCHEDULE - 16 OPERATING EXPENSES**				
I	कर्मचारियों को भुगतान व तत्संबंधी प्रावधान	I Payments to and Provisions for Employees		**16966,69,19**		14347,40,41
II	किराया, कर और बिजली	II Rent, Taxes and Lighting		**1775,53,70**		1674,91,43
III	प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी	III Printing and Stationery		**200,19,73**		173,95,29
IV	विज्ञापन एवं प्रचार	IV Advertisement and Publicity		**439,50,35**		532,93,87
V	ए) लीज की गई आस्तियों को छोड़कर बैंक की संपत्ति पर मूल्यह्रास	V a) Depreciation on Bank's Property other than Leased Assets	**1632,50,73**		1981,20,45	
	बी) लीज की गई आस्तियों पर मूल्यह्रास	b) Depreciation on Leased Assets	**61,02,04**	**1693,52,77**	50,65,23	2031,85,68
VI	निदेशकों की फीस एवं व्यय	VI Directors' Fees, Allowances and Expenses		**7,89,29**		7,55,07
VII	लेखा परीक्षकों की फीस एवं व्यय (शाखा लेखापरीक्षकों की फीस एवं खर्च सहित)	VII Auditors' Fees and Expenses (including Branch Auditors' Fees and Expenses)		**104,75,64**		91,94,18
VIII	विधि प्रभार	VIII Law Charges		**393,72,64**		241,71,56
IX	डाक, तार और टेलीफोन आदि	IX Postages, Telegrams, Telephones etc.		**264,69,13**		205,06,12
X	मरम्मत एवं रखरखाव	X Repairs and Maintenance		**1094,75,82**		1051,55,58
XI	बीमा	XI Insurance		**1756,22,18**		1542,03,83
XII	सुनाम का परिशोधन	XII Amortisation of Goodwill		**8,12,34**		8,12,34
XIII	अन्य खर्च	XIII Other Expenditure#		**9631,18,26**		8735,40,99
	कुल (I से XIII)	**TOTAL (I to XIII)**		**34336,81,04**		30644,46,35

अन्य खर्चों में पॉलिसी शेयरधारकों को प्रदत्त लाभ ₹ 3275.94 करोड़ शामिल है (पिछले वर्ष ₹3730.54 करोड़)

Other Expenditure includes Benefits Paid to Insurance Policy Holders of ₹ 3275.94 crore (Previous year ₹ 3730.54 crore)

			31 मार्च 2024 को As at 31st March 2024	31 मार्च 2023 को As at 31st March 2023
अनुसूची - 17 सहयोगियों से अर्जित आय का हिस्सा		**SCHEDULE - 17 SHARE OF EARNINGS IN ASSOCIATES**		
I	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	I RRB's	**420,46,45**	271,19,55
II	अन्य	II Others	**38,76,42**	46,14,24
	कुल (I और II)	**TOTAL (I & II)**	**459,22,87**	317,33,79

अनुसूची 18 - 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष हेतु महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

1. तैयारी का आधार

वित्तीय विवरण, जब तक कि अन्यथा उल्लेख न हो, परम्परागत लागत आधार पर तैयार किए गये हैं। ये भारत में सामान्यतः मान्य लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) के अनुसार हैं जिनमें सांविधिक प्रावधान, विनियामक/भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देश, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखा मानक/ मार्गदर्शी नोट्स तथा भारत के बैंकिंग उद्योग में प्रचलित कार्यप्रणाली समाविष्ट है। विदेशी कार्यालयों के संदर्भ में संबंधित देशों के प्रचलित सांविधिक प्रावधानों और कार्यप्रणालियों का अनुपालन किया गया है।

i. समेकित वित्तीय विवरणों में बैंक और इसकी अनुषंगी कंपनियों के वित्तीय विवरण शामिल हैं जिन्हें एक साथ (''समूह''), संयुक्त उद्यम और सहयोगी के रूप में और 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए संदर्भित किया गया है। समेकित वित्तीय विवरण निम्नलिखित के आधार पर तैयार किए गए हैं:

ए. बैंक ऑफ़ बड़ौदा (मूल संस्था) के लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण

बी. मूल संस्था की संबंधित मदों के साथ अनुषंगियों की आस्ति/देयता/ आय/ व्यय की प्रत्येक मद के क्रमवार समेकन और सभी महत्वपूर्ण अंतः समूह शेष / लेन- देन, अप्राप्त लाभ/ हानि को घटाने तथा आईसीएआई द्वारा जारी एएस 21 "समेकित वित्तीय विवरणों'' के अनुसार असमान लेखांकन नीतियों हेतु यथा अपेक्षित आवश्यक समायोजन करने के बाद।

सी. संयुक्त उद्यमों का समेकन - आईसीएआई द्वारा जारी एएस 27 'संयुक्त उद्यमों में वित्तीय हितों की रिपोर्टिंग" के अनुसार 'अनुपातिक समेकन'

डी. आईसीएआई द्वारा जारी एएस 23 'समेकित वित्तीय विवरणों में एसोसिएट्स में निवेशों के लिए लेखांकन' के अनुसार 'इक्विटी प्रक्रिया' के अंतर्गत 'एसोसिएट्स' में निवेश के लिए लेखांकन।

ii. अनुषंगी संस्थाओं में अपने निवेश पर समूह की लागत और अनुषंगियों की शेयर पूंजी एवं प्रीमियम में समूह के हिस्से के बीच अंतर की गणना वित्तीय विवरणों में साख/ पूंजीगत प्रारक्षित निधि के रूप में की गई है। विदेशी अनुषंगियों तथा संयुक्त उद्यमों (जेवी) के मामले में ऐसे अंतर को विनिमय प्रारक्षित निधियों के अंतर्गत लेखांकित किया जाता है।

iii. समेकित अनुषंगियों की निवल अस्तियों में माइनॉरिटी ब्याज में निम्नलिखित शामिल हैं:

ए. अनुषंगी में निवेश की तारीख को माइनॉरिटी के लिए आरोप्य इक्विटी की राशि, और

बी. मूल - अनुषंगी के बीच संबंधों की शुरूआत की तारीख से राजस्व प्रारक्षित निधियों/ हानि (इक्विटी) में संचलन का कुछ भाग

2. आकलनों का उपयोग

वित्तीय विवरणों को तैयार करने में वित्तीय विवरणों की तारीख को रिपोर्ट की गई आस्ति एवं देयताओं (आकस्मिक देयताओं सहित) तथा रिपोर्ट की गई अवधि की आय एवं व्यय में प्रबंधन को कुछ अनुमानों और आकलनों को आधार बनाना पड़ता है. प्रबंधन का विश्वास है कि वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए प्रयुक्त आकलन विवेकपूर्ण और उचित हैं. वास्तविक परिणाम इन आकलनों से भिन्न हो सकते हैं। लेखा अनुमानों में कोई भी परिवर्तन/ संशोधन वर्तमान और भावी अवधि से मान्य होगा जब तक कि अन्यथा उल्लेख न किया गया हो ।

3. निवेश एवं डेरिवेटिव्स:

बैंक के द्वारा निवेशों के लिए, निपटान तारीख के आधार पर समरूप लेखा प्रणाली का अनुसरण किया जा रहा है। बैंक के निवेशों का वर्गीकरण और मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र आरबीआई/डीओआर/2021-22/81 डीओआर.एमआरजी.42/21.04.141/2021-22 दिनांक 25 अगस्त, 2021 के अनुसार किया गया है।

3.1 वर्गीकरण

ए) वर्गीकरण का आधार

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुपालन में, बैंक के निवेश पोर्टफोलियो को निम्नानुसार वर्गीकृत किया गया है

i. 'परिपक्वता तक धारित" (एचटीएम) निवेश राशियों में परिपक्वता तक रखने के उद्देश्य से प्राप्त निवेश शामिल हैं।

ii. 'व्यापार हेतु धारित' (एचएफटी) में वे निवेश शामिल हैं जिन्हें व्यापार के उद्देश्य से प्राप्त किया गया है। ऐसी प्रतिभूतियां जो खरीद की तारीख से 90 दिनों के भीतर बिक्री हेतु रखी गई हैं उन्हें एचएफटी श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है।

iii. 'बिक्री हेतु उपलब्ध' (एएफएस) में वे निवेश शामिल हैं जो उपर्युक्त (ए) तथा (बी) में शामिल नहीं हैं अर्थात् जो न तो व्यापार के उद्देश्य से प्राप्त किए गए हैं और न ही परिपक्वता तक रखने के उद्देश्य से प्राप्त किए गए हैं।

तुलन-पत्र में प्रकटीकरण के उद्देश्य से निवेशों को अनुसूची 8 (निवेश) में छः समूहों (ए) सरकारी प्रतिभूतियां (बी) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां (सी) शेयर (डी) बॉन्ड एवं डिबेंचर (ई) अनुषंगियां एवं संयुक्त उद्यम और (एफ) अन्य के अंतर्गत यथा प्रकटीकृत के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

बी) अधिग्रहण की लागत

निवेशों से संबंधित ब्रोकरेज जैसे लागत, जिसका अर्जन के समय भुगतान किया गया है और ब्रोकन अवधि का ब्याज, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार लाभ-हानि खाते में प्रभारित किया गया है।

सी) श्रेणियों के बीच अंतरण

निवेशों का एक श्रेणी से दूसरी श्रेणी में पुनःवर्गीकरण, यदि कोई किया गया है तो, वह भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया है। एएफएस/ एचएफटी श्रेणी से एचटीएम श्रेणी में स्क्रिप का अंतरण निम्नतर बही मूल्य या बाजार मूल्य पर किया गया है। एचटीएम से एएफएस / एचएफटी श्रेणी में प्रतिभूतियों के अंतरण के मामले में, एचटीएम के अंतर्गत बट्टे पर रखे गए निवेशों को एएफएस / एचएफटी श्रेणी में अर्जन मूल्य पर अंतरित किया गया है और एचटीएम श्रेणी में प्रीमियम पर रखे निवेशों को एएफएस / एचएफटी में परिशोधित लागत

पर अंतरित किया गया है।

एएफएस से एचएफटी में या एचएफटी से एएफएस में निवेशों का अंतरण बही मूल्य पर किया जाता है। इस तरह के निवेशों पर लागू किसी मूल्यह्रास, यदि कोई हो, को भी एक श्रेणी से दूसरी श्रेणी में अंतरित किया जाता है।

इन श्रेणियों के बीच प्रतिभूतियों के अंतरण की गणना, अंतरण की तारीख को उसकी अधिग्रहण लागत/ बही मूल्य/ बाजार मूल्य में से जो भी कम हो, पर की गई है और ऐसे अंतरण के फलस्वरूप मूल्यह्रास, यदि कोई है, के लिए पूर्णत: प्रावधान किया गया है।

3.2 मूल्यांकन

'परिपक्वता तक धारित' के रूप में वर्गीकृत निवेशों को भारित औसत अधिग्रहण लागत पर लिया गया है, जब तक कि वह अंकित मूल्य से अधिक नहीं है, इस स्थिति में प्रीमियम को परिपक्वता की शेष अवधि तक परिशोधित किया गया है। एचटीएम श्रेणी में निवेशों पर प्रीमियम के परिशोधीकरण संबंधी खर्च को भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र डीबीआर.नं.बीपी.बीसी.6/21.04.141/2015-16 दिनांक 01 जुलाई, 2015 के अनुसार ब्याज आय से घटाया गया है।

'परिपक्वता तक धारित' के रूप में वर्गीकृत निवेशों में ऐसे डिबेंचर/ बॉन्ड शामिल हैं जिन्हें स्वरूप/ प्रकृति की दृष्टि से अग्रिम माना जाता है (जिनके लिए अग्रिमों पर लागू आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंड लागू करते हुए प्रावधान किया गया है।)

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, ट्रेजरी बिलों, कॉमर्शियल पेपर्स और जमा प्रमाणपत्रों में किए गए निवेशों का रख-रखाव की लागत के आधार पर मूल्यांकन किया गया है।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की ऋण आवश्यकताओं हेतु खरीदे गए पास थ्रू सर्टिफिकेटों को भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बही मूल्य पर मूल्यांकित किया गया है।

अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों तथा सहयोगियों में (भारत तथा विदेश दोनों में) अस्थायी प्रकार के निवेशों को छोड़कर निवेशों का मूल्यांकन, मूल्यह्रास मूल्य को घटाकर अधिग्रहण लागत पर किया जाता है।

दिनांक 23.08.2006 के पश्चात् बैंक द्वारा वेंचर कैपिटल फंड (वीसीएफ) की इकाइयों में किए गए निवेश को आरम्भिक तीन वर्षों के लिए परिपक्वता तक धारित के तहत, श्रेणी में वर्गीकृत किया जाता है तथा कीमत के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। संवितरण के तीन वर्षों के पश्चात् इन्हें एएफएस श्रेणी में अंतरित किया गया। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार ये वित्तीय विवरणियों के अनुसार वीसीएफ द्वारा दर्शाए गए निवल आस्ति मूल्य या घोषित एनएवी का प्रयोग कर मूल्यांकित किए गए हैं। यदि लगातार 18 माह से अधिक के एनएवी लेखापरीक्षित वित्तीय आंकड़े उपलब्ध न हों तो ₹1/- प्रति वीसीएफ।

एएफएस और एचएफटी श्रेणियों के अंतर्गत वर्गीकृत निवेश भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार आवधिक आधार पर मार्क्ड-टू-मार्केट (एमटीएम) हैं। अनुसूची 8 (निवेश) में उल्लिखित वर्गीकरण के अंतर्गत श्रेणी में यदि कोई निवल मूल्यह्रास है तो, उसे लाभ-हानि खाते में अंकित किया गया है। पहले प्रदान किए गए मूल्यह्रास की सीमा को छोड़कर, निवल विनियोजन, प्रत्येक वर्गीकरण के अंतर्गत श्रेणी में यदि कोई हो, को अनदेखा किया जाता है। अलग- अलग प्रतिभूतियों का बही मूल्य निवेशों के आवधिक मूल्यांकन के कारण नहीं बदलता है।

पुर्नसंरचित अग्रिम योजना के बदले में प्राप्त निवेश का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप किया जाता है। इन निवेशों के मूल्यों में किसी तरह की कमी को उपलब्ध कराया जाएगा और इसे इसी श्रेणी के तहत अन्य निष्पादक प्रतिभूतियों के संबंध में विनियोजन के सापेक्ष निर्धारित नहीं किया जाएगा। पुर्नसंरचित योजना के तहत बैंक द्वारा अधिग्रहित और धारित इक्विटि शेयर पर मूल्यह्रास भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार उपलब्ध कराया जाएगा।

प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि की समाप्ति पर आस्ति पुनर्संरचना कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीद का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित, ऐसे लिखतों के लिए लागू दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाएगा। तदनुसार, ऐसे मामलों में जहां आस्ति पुनर्संरचना कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीद से नकदी प्रवाह को संबंधित योजना के तहत लिखत को समनुदेशित वित्तीय आस्तियों के वास्तविक प्राप्य राशियों तक सीमित किया जाता है तो बैंक प्रत्येक रिपोर्टिंग की तारीख को इस तरह के निवेशों के मूल्यांकन के लिए आस्ति पुनर्संरचन कंपनी से समय-समय पर प्राप्त निवल आस्ति मूल्यों की गणना करेगा। 01 अप्रैल, 2017 को या इसके बाद प्रतिभूति रसीद में किए गए निवेश जो बैंक द्वारा 50% से ज्यादा बेची गई दबावग्रस्त आस्तियों द्वारा समर्थित हो, के मूल्य में अवमूल्यन के लिए प्रावधान पुनर्संरचना कंपनी (आरसी)/ प्रतिभूतिकरण कंपनी (एससी) द्वारा घोषित निवल आस्ति मूल्य के मानदंडों के अनुसार अपेक्षित प्रावधान दर से अधिक होगा या मूल ऋण के लिए लागू मौजूदा आस्ति वर्गीकरण एवं प्रावधान मानदंड के अनुसार होगा और ऐसा माना जाएगा कि बैंक की बही में ऋण अनुमानतः जारी रहेगा। प्रतिभूति रसीद में अन्य सभी निवेशों का मूल्यांकन जारीकर्ता आरसी/एससी से प्राप्त एनएवी के अनुसार किया जाता है।

बैंक के पोर्टफोलियो में श्रेणी I और II एआईएफ के कोटेड इक्विटी शेयरों/बांडों/यूनिटों को वरीयत: दैनिक आधार पर किन्तु कम से कम साप्ताहिक आधार पर मार्क्ड टू मार्केट किया जाना चाहिए।

वर्ष में एक बार लेखापरीक्षित परिणामों के आधार पर इकाइयों का मूल्यांकन किया जाता है। हालांकि, यदि लेखापरीक्षित तुलन-पत्र /वित्तीय विवरण में प्रदर्शित होने वाले आंकड़े मूल्यांकन तारीख को लगातार 18 माह से अधिक समय के लिए उपलब्ध नहीं हैं तो निवेशों के मूल्य ₹1 प्रति श्रेणी I और II एआईएफ हैं।

प्राथमिक डीलर के रूप में बैंक द्वारा एचएफटी श्रेणी के अंतर्गत ट्रेजरी बिलों में किए गए निवेश का मूल्यांकन रख-रखाव की लागत पर किया जा रहा है।

बैंक केंद्र सरकार की पुरानी प्रतिभूतियों में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अल्प बिक्री लेनदेन करता है। अल्प बिक्री की स्थिति सिक्योरिटीज शॉर्ट सेल्ड (एसएसएस) खाते में जिसे विशेष रूप से इस उद्देश्य के लिए खोला गया है, परिलक्षित होती है। शॉर्ट पोजीशन को बाजार मार्क्ड टू मार्केट और हानि, यदि कोई हो, उसे लाभ और हानि खाते में डाला जाता है जब कि लाभ यदि कोई हो, तो उसे छोड़ दिया जाता है। शॉर्ट पोजीशन के निपटान से हुए लाभ/हानि को लाभ और हानि खाते में दर्शाया जाता है।

विशेष बॉन्ड जैसे कि तेल बॉन्ड, उर्वरक बॉन्ड, यूडीएवाय बॉन्ड आदि जो सीधे भारत सरकार द्वारा जारी किए जाते हैं, का मूल्यांकन

एफआईबीएल मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है।

'व्यापार के लिए धारित' तथा 'बिक्री के लिए उपलब्ध' श्रेणी के कोटेड निवेशों के मूल्यांकन के उद्देश्य से स्टॉक एक्सचेंज पर बाज़ार दरों हेतु फाईनेंसियल बेंचमार्क इंडिया प्रा. लिमिटेड (एफबीआईएल) द्वारा घोषित दरों का उपयोग किया गया है।

जिन निवेशों के लिए ऐसी दरें / कोटेड दरें उपलब्ध नहीं हैं, उनका मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार किया गया है जो निम्नानुसार हैं :-

ए	सरकारी / अनुमोदित प्रतिभूतियां	-	परिपक्वता आधारित आय पर.
बी	इक्विटी शेयर, पीएसयू एवं ट्रस्टी शेयर	-	नवीनतम तुलन-पत्र (तारीख को नवीनतम तुलन-पत्र तैयार करने की गई वह मूल्यांकन की तारीख से पहले के 18 महीने से अधिक नहीं होगी) के अनुसार ब्रेक अप मूल्य (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि, यदि कोई हो पर विचार किए बिना) अन्यथा ₹1 प्रति कंपनी
सी	अधिमानी शेयर और पास थ्रू. सर्टिफिकेट (प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को छोड़कर)	-	समुचित क्रेडिट स्प्रेड मार्क-अप के साथ परिपक्वता आधारित आय पर
डी	पीएसयू बॉन्ड	-	समुचित क्रेडिट स्प्रेड मार्क-अप के साथ परिपक्वता आधारित आय पर
ई	म्यूचुअल फंड की यूनिट	-	फंड द्वारा प्रत्येक योजना के संबंध में घोषित नवीनतम पुर्नखरीद मूल्य/ एनएवी पर

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अनर्जक निवेश की पहचान और उसके ऊपर मूल्यह्रास/ प्रावधान किया जाता है। मूल्यह्रास के प्रबंधन मूल्यांकन के आधार पर बैंक भारतीय रिज़र्व, बैंक के दिशानिर्देशों में दी गई सीमा से ऊपर और अधिक अतिरिक्त रूप से प्रावधान सृजित करते हैं। इस तरह के अनर्जक निवेशों पर मूल्यह्रास प्रावधान को अन्य अर्जक प्रतिभूतियों के संबंध में विनियोजन के मुक़ाबले निर्धारित नहीं किया जा सकता। अनर्जक निवेशों पर ब्याज को लाभ और हानि खातों में तब तक दर्ज नहीं किया जाता जब तक उनकी वास्तविक प्राप्ति नहीं हो जाती है।

विदेशी शाखाओं में निवेशों के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक अथवा मेजबान देश में से जिसके दिशानिर्देश अधिक सख्त हों, वे लागू होंगे। उन शाखाओं के मामलों में, जो ऐसे देशों में स्थित हैं जहां ऐसे कोई दिशानिर्देश निर्दिष्ट न हो, वहां भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देश लागू होंगे।

जीवन बीमा व्यवसाय:

बीमा अधिनियम 1938, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (निवेश) विनियमन, 2000, बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (बीमा कंपनियों के वित्तीय विवरण और लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट तैयार करना) विनियमन, 2002 तथा इस संदर्भ में समय-समय पर आईआरडीएआई द्वारा जारी किए गए विभिन्न अन्य परिपत्रों/ अधिसूचनाओं के अनुसार निवेश किए जाते हैं और उनका लेखांकन किया जाता है।

निवेशों को खरीद की तारीख को लागत पर निवेशों को दर्ज किया जाता है जिसमें ब्रोकरेज और स्टांप ड्यूटी, कर आदि, यदि कोई हों, शामिल हैं, लेकिन खरीद पर उपचित पूर्व-अधिग्रहण ब्याज (अर्थात् पिछली कूपन तारीख से लेनदेन निपटान की तारीख तक), यदि कोई हो, को शामिल नहीं किया जाता है।

बोनस पात्रता को 'एक्स-बोनस तारीख' पर निवेश माना जाता है। राइट पात्रता को 'एक्स-राइट डेट' पर निवेश माना जाता है। निवेश पर किसी भी प्रकार की अग्रिम छूट को निवेश की लागत से घटा दिया जाता है।

तुलन पत्र की तारीख पर निवेशों के मूल्य में कमी, अस्थायी के अलावा, को राजस्व/ लाभ एवं हानि खाते में व्यय माना जाता है।

प्रदत/ प्राप्त किए गए खंडित अवधि के ब्याज को ब्याज प्राप्य खाते में डेबिट / क्रेडिट किया जाता है और इसे खरीद/ बिक्री मूल्य की लागत में शामिल नहीं किया जाता है।

ए. पॉलिसीधारकों की गैर-लिंक निधियों और शेयरधारकों के निवेश की कर्ज प्रतिभूतियां, मुद्रा बाजार लिखत और अतिरिक्त टियर - 1 बॉन्ड (एटी1 बॉन्ड):

ए. पॉलिसीधारकों की गैर-लिंक निधियों और शेयरधारकों के निवेश के तहत धारित सभी कर्ज प्रतिभूतियों, जिसमें सरकारी प्रतिभूतियां और मुद्रा बाजार लिखतें शामिल हैं को 'परिपक्वता तक धारित' माना जाता है तथा परिशोधन के अधीन हिस्टोरिकल लागत के रूप में उल्लेख किया जाता है।

बी. छूट या प्रीमियम जो निश्चित आय प्रतिभूतियों और मुद्रा बाजार लिखतों के खरीद मूल्य और मोचन राशि के बीच का अंतर है, इन प्रतिभूतियों की परिपक्वता में शेष अवधि पर राजस्व खाते या लाभ एवं हानि खाते में स्ट्रेट लाइन के आधार पर परिशोधित और निर्धारित किया जाता है।

सी. पॉलिसीधारक की गैर-लिंक निधियों के तहत एटी1 बॉन्ड का मूल्यांकन क्रिसिल बॉन्ड वैल्यूअर का उपयोग करके किया गया है.

डी. ऋण प्रतिभूतियों पर प्राप्त लाभ या हानि, कंपनी की बही में निवल बिक्री प्रतिफल और परिशोधित लागत के बीच अंतर है।

बी. पॉलिसीधारकों के लिंक निधि की ऋण प्रतिभूतियां, मुद्राबाजार लिखत और अतिरिक्त टियर-1 बॉन्ड (एटी1 बॉन्ड):

ए. पॉलिसीधारकों के लिंक निधियों के तहत सरकारी प्रतिभूतियों सहित सभी ऋण प्रतिभूतियों और एटी1 बॉन्ड को मूल्यांकन यथालागू क्रिसिल बॉन्ड वैल्यूअर/क्रिसिल गिल्ट मूल्यों, का उपयोग करके किया जाता है।

बी. नियत आय प्रतिभूतियों / मुद्रा बाजार लिखतों पर छूट या प्रीमियम, जो खरीद मूल्य और शोधन राशि के बीच का अंतर होता है, को और इन प्रतिभूतियों की परिपक्कता के लिए शेष अवधि में स्ट्रेट लाइन आधार पर राजस्व खाते में परिशोधित और निर्धारित किया जाता है।

सी. सरकारी प्रतिभूतियों सहित ऋण प्रतिभूतियों के मूल्यांकन पर उत्पन्न होने वाले अप्राप्त लाभ या हानि का लेखांकन राजस्व खाते में किया जाता है।

डी. लिंक कारोबार के लिए धारित ऋण प्रतिभूतियों और लिंक कारोबार के साथ-साथ उससे इतर कारोबार के लिए एटी1 बॉन्ड पर प्राप्त लाभ या हानि, निवल बिक्री प्रतिफल और भारित औसत लागत के बीच का अंतर है.

सी. लिंक और गैर लिंक दोनों के लिए:

ए. तुलन-पत्र की तारीख को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर अंतिम कोटेड समापन मूल्यों का उपयोग करके सूचीबद्ध इक्रिटी शेयरों और इक्किटी ईटीएफ का उचित मूल्य पर मूल्यांकन किया जाता है। यदि एनएसई पर इक्किटी शेयरों और इक्विटी ईटीएफ का व्यापार नहीं होता है तो फिर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के समापन मूल्य पर विचार किया जाता है।

बी. असूचीबद्ध इक्किटी शेयर का उल्लेख हिस्टॉरिकल लागत पर किया जाता है। इन शेयरों के मूल्य में ह्रास, यदि कोई हो, के लिए उस सीमा तक प्रावधान किया जाता है कि यह ह्रास अस्थायी के अतिरिक्त है।

सी. प्राइमरी बाजारों के माध्यम से अधिगृहीत इक्विटी शेयर जिनकी लिस्टिंग अभी तक नहीं हुई है उनका मूल्यांकन अपने निर्गम मूल्य पर किया जाता है।

डी. म्यूचुअल फंड इकाइयों का मूल्यांकन पिछले दिन के निवल आस्ति मूल्य पर किया जाता है। एआईएफ इकाइयों का मूल्यांकन संबंधित निधि के नवीनतम उपलब्ध निवल आस्ति मूल्य पर किया जाता है।

ई. प्राप्त लाभ/हानि, निवल बिक्री प्रतिफल और भारित औसत लागत के बीच का अंतर है। लिंक निधि के मामले में, अप्राप्त लाभ/हानि को संबंधित निधि के राजस्व खाते में उचित मूल्य परिवर्तन के रूप में निर्धारित किया जाता है लिंक कारोबार के अतिरिक्त कारोबार के लिए, सूचीबद्ध इक्रिटी शेयरों और म्युचुअल फंडों के उचित मूल्य में परिवर्तन पर अप्राप्त लाभ/ हानि को उचित मूल्य परिवर्तन खाते में लिया जाता है और तुलन-पत्र में भी शामिल किया जाता है।

एफ. कॉल ऑप्शन वाली प्रतिभूतियों का मूल्यांकन अंतिम परिपक्कता तारीख या कॉल ऑप्शन तारीख तक प्रतिभूति का मूल्यांकन कर प्राप्त कम मूल्य पर किया जाता है। यदि कई कॉल ऑप्शन हैं, तो प्रतिभूति का मूल्यांकन विभिन्न कॉल तारीखों पर या अंतिम परिपक्वता तारीख तक प्रतिभूति का मूल्यांकन कर प्राप्त कम मूल्य पर किया जाता है।

जी. पुट ऑप्शन वाली प्रतिभूतियों का मूल्यांकन अंतिम परिपक्वता तारीख या पुट ऑप्शन तारीख तक प्रतिभूति का मूल्यांकन कर प्राप्त उच्च मूल्य पर किया जाता है। यदि कई पुट ऑप्शन हैं, तो प्रतिभूति का मूल्यांकन विभिन्न पुट तारीखों पर या अंतिम परिपक्कता तारीख तक प्रतिभूति का मूल्यांकन कर प्राप्त कम मूल्य पर किया जाता है।

एच. एक ही दिन पुट और कॉल दोनों विकल्पों के साथ प्रतिभूतियों को पुट/ कॉल तारीख पर परिपक्व माना जाएगा और उनका मूल्यांकन क्रिसिल द्वारा जारी मैट्रिक्स के आधार पर बेंचमार्क दर पर स्प्रेड का उपयोग करके परिपक्कता के आधार पर प्रतिफल पर किया जाएगा।

आई. 'रिर्वस रेपो' आधार पर खरीदे गए लिखतों का मूल्यांकन लागत और रिवर्स रेपो दर पर उपचित ब्याज पर किया जाता है।

जे. तुलन-पत्र की तारीख से बारह महीनों के भीतर परिपक्व होने वाले सभी निवेशों को अल्पकालिक निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. अन्य सभी निवेशों को दीर्घकालिक निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

के. पॉलिसीधारकों के खाते में घाटे को पूरा करने के लिए शेयरधारकों की निधियों से पॉलिसीधारकों की निधियों में निवेश का अंतरण मुद्रा बाजार लिखतों सहित सभी ऋण प्रतिभूतियों के संबंध में परिशोधित लागत/ बुक लागत या बाजार मूल्य से कम पर किया जाता है और अन्य प्रतिभूतियों के मामले में बाजार मूल्य पर किया जाता है।

एल. लिंक निधि के मामले में पॉलिसीधारकों की निधियों से संबंधित ऋण प्रतिभूतियों का अंतर-निधि अंतरण मौजूदा बाजार मूल्य पर किया जाता है। इक्विटी, अधिमानी शेयर, ईटीएफ और सरकारी प्रतिभूतियों का अंतर निधि अंतरण नवीनतम ट्रेड के बाजार मूल्य पर बाजार के कार्य-अवधि के दौरान किया जाता है।

एम. गैर-लिंक पॉलिसीधारकों की निधियों के बीच निवेश का कोई अंतरण नहीं किया जाता है।

एन. यूनिट लिंक निधियों के बीच इक्किटी, अधिमानी शेयरों, ईटीएफ, आईएनवीआईटी और सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री की गणना, निवेश की खरीद या बिक्री की तारीख को प्रचलित बाजार मूल्य पर किया जाता है, यदि निवेश के अंतरण की तारीख पर किसी प्रतिभूति का प्रचलित बाजार मूल्य उपलब्ध नहीं है तो उसे अंतिम उपलब्ध मूल्य पर निर्धारित किया जाता है। सरकारी प्रतिभूतियों के अलावा अन्य ऋण प्रतिभूतियों के मामले में, निवेश के अंतरण को प्रचलित प्रतिफल पर लेखांकित किया जाता है।

ओ. यदि आंतरिक/ बाहरी कारकों के आधार पर मूल्यह्रास का कोई लक्षण दिखाई देता है तो निवेशों की रख-रखाव लागत राशि की प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख को समीक्षा की जाती है। मूल्यह्रास हानि की पहचान व्यय के रूप में की जाती है और इसे राजस्व/ लाभ या हानि खाते में 'निवेश (निवल) के मूल्य में कमी के लिए प्रावधान' शीर्ष के तहत पुनर्निर्धारित उचित मूल्य और राजस्व/ लाभ और हानि खाते में व्यय के रूप में निर्धारित किसी पूर्व ह्रास हानि द्वारा घटाई गई अधिग्रहण लागत के बीच अंतर की सीमा तक प्रकट किया जाता है। ह्रास हानि का कोई भी रिवर्सल जिसे पहले राजस्व/ लाभ और हानि खाते में निर्धारित किया गया था, को क्रमशः राजस्व/ लाभ और हानि खाते में निर्धारित किया जाएगा।

पी. आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण, प्रावधानीकरण और ऋण पोर्टफोलियो के संबंध में अन्य संबंधित मामलों के लिए विवेकपूर्ण मानदंड पर विनियम के अनुसार, सभी एनपीए से संबंधित बकाया राशि को कवर करने के लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। सभी आस्तियां जहां तुलन-पत्र की तारीख को ब्याज और/ या मूलधन चुकौती की किस्त 90 दिनों से अधिक के लिए अतिदेय होती है, उन्हें एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

क्यू. InvIT के लिए, सभी ट्रेड किए गए InvIT का मूल्यांकन, मूल्यांकन दिवस पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर अंतिम कोटेड समापन मूल्य के आधार पर किया जाएगा। यदि किसी विशेष मूल्यांकन दिवस पर एनएसई पर स्क्रिप का व्यापार नहीं होता है तो वह मूल्य जिस पर बीएसई पर इसका व्यापार हुआ, पर विचार किया जाएगा। यदि किसी भी एक्सचेंज पर इसका व्यापार नहीं होता है तो पिछले दिन के शुरुआती मूल्य पर एनएसई/बीएसई के समापन मूल्य का इस्तेमाल

किया जाएगा, बशर्ते कि ऐसा पिछला दिन, मूल्यांकन दिवस से पहले तीस दिन से अधिक न हो।

3.3 निवेशों का निपटान

परिपक्वता तक धारित (एचटीएम) श्रेणी के रूप में वर्गीकृत निवेशों की बिक्री पर लाभ/ हानि को संबंधित निवेशों की भारित औसत लागत/ बही मूल्य के आधार पर लाभ एवं हानि खाते में अंकित किया गया है तथा 'परिपक्वता तक धारित' वर्गीकरण में संबंधित निवेशों के बही मूल्य के समतुल्य लाभ को प्रारक्षित पूंजी खाते में विनियोजित किया गया है।

एएफएस/ एचएफटी श्रेणी के निवेशों की बिक्री पर हुए लाभ/हानि को लाभ एवं हानि खाते में लिया गया है।

3.4 रेपो / रिवर्स रेपो हेतु लेखांकन

बैंक ने पुनःखरीद तथा प्रत्यावर्तित पुन: खरीद लेनदेनों को लेखांकित करने हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित एक समान लेखा प्रणाली को अपनाया है [परिपत्र सं. आरबीआई / 2016-17/ एफ एमओडी. एमएओजी.नं./01.01.001 /2016-17 दिनांक 15 सितम्बर, 2016 और पुनर्खरीद संव्यवहार (रेपो) (रिज़र्व बैंक) निदेश, 2018 से संबंधी परिपत्र संख्या आरबीआई/2019-20/107 एफएमआरडी.डीआईआर डी.21/14.03.038/2019-20 दिनांक 28 नवंबर, 2019 द्वारा भा.रि.बैं. के पास चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) सहित] रेपो एवं रिवर्स रेपो लेनदेनों को, सहमत शर्तों पर पुनर्खरीद करने के समझौते के साथ सांपार्श्विक उधार/ऋण के रूप में लिया गया है। रेपो के अन्तर्गत बेची गई प्रतिभूतियों को रिवर्स रेपो के तहत निवेश व खरीदी गई प्रतिभूतियों के रूप में दर्शाया गया है तथा उन्हें निवेशों में शामिल नहीं किया गया है। लागत तथा राजस्व की गणना, ब्याज व्यय/आय जैसा भी मामला हो, के रूप में की गयी है।

3.5 निवेश उतार-चढ़ाव प्रारक्षित

आय में वृद्धि के सापेक्ष संरक्षण हेतु पर्याप्त प्रारक्षित निधि तैयार करने के उद्देश्य से भारतीय रिज़र्व बैंक ने परिपत्र सं.आरबीआई/2017-18/147 डीबीआर.नं.बीपी.बीसी. 1 02/ 21.04.048/2017-18 दिनांक 02 अप्रैल, 2018 के माध्यम से सभी बैंकों को वित्त वर्ष 2018-19 से आईएफआर सृजित करने के लिए सूचित किया है।

आईएफआर में अंतरण निम्नलिखित (i) वर्ष के दौरान निवेशों की बिक्री पर शुद्ध लाभ या (ii) वर्ष के शुद्ध लाभ में से अनिवार्य विनियोजन को घटाकर, का न्यून होगा, जब तक कि आईएफआर की राशि सतत आधार पर एचएफटी और एएफएस पोर्टफोलियो का कम से कम 2 प्रतिशत नहीं होती है।

3.6 डेरिवेटिव्स

बैंक वर्तमान में ब्याज दरों तथा मुद्रा डेरिवेटिव्स में डील करता है। बैंक द्वारा व्यवहारित ब्याज दर डेरिवेटिव्स में रुपया ब्याज दर स्वैप, विदेशी मुद्रा ब्याज-दर स्वैप, विनिमय ट्रेड रुपए ब्याज दर फ्यूचर्स तथा वायदा दर करार शामिल हैं। बैंक द्वारा व्यवहार में लाये जाने वाले मुद्रा डेरिवेटिव्स में ऑप्शन तथा मुद्रा स्वैप और विनिमय ट्रेडेड मुद्रा फ्यूचर हैं। बैंक तुलन-पत्र की आस्तियों एवं देयताओं मार्केट मेकिंग/ ट्रेडिंग एवं हेजिंग के लिए डेरिवेटिव लेनदेन करता है। बैंक हेजिंग लेनदेन की शुरूआत में ही हेज किए गये मदों - (आस्ति या देयताएं) का निर्धारण करता है। हेज की प्रभावशीलता हेज की शुरूआत तथा और उसके बाद रिर्पोटींग की तारीख को सुनिश्चित किया जाता है।

3.7 डेरिवेटिव्स का मूल्यांकन

बैंक डेरिवेटिव्स को निम्नानुसार महत्व देता है:

हेज/ नॉन हेज संव्यवहार अलग - अलग रिकॉर्ड किए जाते है। हेज के रूप में नामित संव्यवहारों के संदर्भ में निम्नलिखित व्यवस्था का पालन किया जाता है -

- उचित मूल्य के हेज के मामले में, हेजिंग लिखतों तथा हेज किए गए आइटम के उचित मूल्य में परिवर्तन को लाभ हानि खाते में दर्ज किया जाता है।
- नकदी प्रवाह हेज के मामले में, प्रभावी हिस्से के उचित मूल्य में परिवर्तन को 'नकदी प्रवाह हेज प्रारक्षित' के तहत प्रारक्षित और अधिशेष में निर्धारित किया जाता है तथा प्रभावी हेजिंग के संदर्भ, यदि कोई हो, के अप्रभावी हिस्से को लाभ और हानि खाते में दर्ज किया जाता है। प्रभावी हेजिंग के संदर्भ में नकदी प्रवाह हेज प्रारक्षित में संचित शेष राशि को उसी समय जब हेज किए गए आइटम के प्रभाव को लाभ और हानि खाते में दर्ज किया जाता है, लाभ और हानि खाते में रीसाइकल किया जाता है।

डेरिवेटिव पोजीशनों को बाजार के लिए चिह्नित किया जाता है और परिणामस्वरूप नुकसान, यदि कोई हो, लाभ और हानि खाते में निर्धारित किया जाता है और लाभ, यदि कोई हो, को नजरअंदाज कर दिया जाता है। ब्याज दर अदला-बदली से संबंधित आय और व्यय दैनिक आधार पर अर्जित होते हैं। ट्रेडिंग स्वैप की समाप्ति पर लाभ/हानि समाप्ति तिथि पर आय/व्यय के रूप में तत्काल दर्ज किए जाते हैं।

मूल्यांकन के उद्देश्य से कुल स्वैप के वास्तविक मूल्य की गणना तुलन-पत्र की तिथि को स्वैप करारों के कारोबार समाप्ति पर प्राप्य या देय राशि के आधार पर की जाती है, संबंधित हानियों, यदि कोई हो, के लिए पूर्णतः प्रावधान किया गया है, जबकि लाभों को छोड़ दिया गया है।

बैंक एफईडीएआई द्वारा निर्धारित ऑप्शन प्रीमियम लेखांकन सिद्धांत का पालन करता है। ऑप्शन ट्रांजेक्शन पर प्रीमियम को ट्रांजेक्शन की समाप्ति या समय पूर्व समाप्ति पर आय/व्यय के रूप में स्वीकार किया जाता है।

ऑप्शन कॉन्ट्रैक्ट के रद्द होने पर प्राप्त/ प्रदत्त राशि को ऑप्शन पर वसूली गई प्राप्तियों/ हानियों के रुप में माना जाता है। विदेशी मुद्रा वायदा संविदा और स्वैप्स के रद्द होने/ समाप्ति पर प्राप्य/ देय प्रभारों को रद्द होने/ समाप्ति की तारीख को आय/व्यय के रुप में स्वीकृत किया जाता है।

ब्याज दर फ्यूचर्स (आईआरएफ) / मुद्रा फ्यूचर्स का मूल्यांकन एक्सचेंज द्वारा उपलब्ध कराई गई प्रत्येक निविदा के दैनिक समझौता मूल्य के आधार पर किया जाएगा।

तुलन-पत्र की तिथि को 'एफईडीएआई' द्वारा अधिसूचित विनिमय दर के बंद भाव पर विदेशी मुद्रा में डेरिवेटिव संविदाओं को आकस्मिक देयताओं के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है।

4. अग्रिम

4.1 भारत में अग्रिमों को मानक, अवमानक, संदिग्ध या हानि आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है तथा इसके लिए पैरा 4.3 में दर्शाये

प्रावधानों को छोड़कर भारतीय रिजर्व बैंक के विवेकपूर्ण मानक निर्देशों के अनुसार किया जाता है। विदेशी शाखाओं द्वारा दिए गए अग्रिमों के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के विवेकपूर्ण मानक निर्देशों के अनुसार अथवा उस देश, जिसमें अग्रिम दिया गया है, द्वारा निर्धारित किए गए मानदंडों में से जो भी अधिक कठोर हो, के अनुरूप किया गया है।

4.2 अग्रिम, विनिर्दिष्ट ऋणों पर हानि के प्रावधानों, उचंत ब्याज, वाद- दायर विविध जमाओं में प्राप्त एवं धारित राशि एवं प्राप्त दावा राशि का निवल हैं।

4.3 सतत व्यवहार के रुप में बैंक ने निम्नलिखित प्रावधानों का समावेश किया है:

- जमानती सब-स्टैंडर्ड अग्रिमों के लिए 15% की नियामक आवश्यकता की जगह पर 20% का प्रावधान।
- एनपीए ऋणधारकों की गैर निधि आधारित सुविधाओं पर 50% क्रेडिट कनवर्जन फैक्टर (सीसीएफ़) का प्रावधान किया गया। प्रावधान ऋणकर्ता की निधि आधारित सुविधाओं की आस्तियों की श्रेणी पर आधारित हैं।
- बैंक ने उन मौजूदा एनपीए खातों के लिए 100% प्रावधान भी किए हैं जो 6 माह से अधिक पुराने थे और संपार्श्विक मुक्त हैं जैसे कि ऑटो ऋण, शिक्षा ऋण, व्यक्तिगत ऋण।
- संपत्ति गिरवी रख कर लिए गए ऋण जो प्रतिभूत (संपार्श्विक) हैं तथा 2 वर्ष से अधिक समय से अनर्जक हैं, के लिए बैंक ने 100% प्रावधान किए हैं।
- मौजूदा अनर्जक खाते जैसे ट्रैक्टर्स/ टिलर/ पावर टिलर हेतु ऋण जो 6 माह पुराने हैं, के लिए भी बैंक ने 100% प्रावधान किए हैं।

4.4 पुनर्संरचित खातों के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार पुनर्संरचित अग्रिमों के लिए निवल मौजूदा मूल्य शर्तों पर आकलन करते हुए प्रावधान किया गया है। जहां बैंक को कुल बकाया रुपए एक करोड़ और उससे अधिक है। अन्य खातों के लिए, उचित मूल्य में कमी के प्रावधान की गणना भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार 5% पर की जाती है।

4.5 आस्ति पुनर्गठन कंपनी (एआरसी) / प्रतिभूतिकरण कंपनी (एससी) को बेची गई वित्तीय आस्तियों के मामले में बैंक, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों का पालन कर रहा है। वर्तमान में बैंक द्वारा अनुसरण किए जा रहे दिशानिर्देश ये हैं कि यदि बिक्री निवल बही मूल्य (एनबीवी) (अर्थात् बही मूल्य घटाकर किया गया प्रावधान) से कम मूल्य पर हुई है तो कमी को उसी वर्ष कीमत लागत अंतर की अवधि में लाभ एवं हानि खाते में नामे किया जाए। यदि बिक्री मूल्य, निवल बही मूल्य की अपेक्षा अधिक है तो जिस वर्ष में अधिक राशि प्राप्त हुई है उस राशि को लाभ एवं हानि खाते में रिवर्स कर दिया जाता है।

बैंकों को बेची गई वित्तीय आस्तियों तथा निवल बही मूल्य (अर्थात बही मूल्य - किए गए प्रावधान) से कम मूल्य पर बिक्री के मामले मे कमी को उसी वर्ष में लाभ एवं हानि खाते में नामे किया जाएगा। यदि बिक्री मूल्य एनबीवी से अधिक है तो अतिरिक्त प्रावधानों को रिवर्स नहीं किया जाएगा, लेकिन अन्य अनर्जक आस्तियों की बिक्री के कारण कमी / हानि को पूरा करने के लिए प्रयोग में लिया जाएगा।

5 अस्थायी प्रावधान

बैंक के पास अग्रिमों, निवेशों एवं सामान्य प्रयोजनों के लिए अलग से अस्थायी प्रावधान बनाने की एक पॉलिसी है। प्रति वर्ष किए जाने वाले प्रावधानों की मात्रा का आकलन किया जाता है। भारतीय रिज़र्व बैंक की पूर्व अनुमति से नीति में निर्दिष्ट विशिष्ट परिस्थितियों के अंतर्गत आने वाले आकस्मिक व्यय के लिए अस्थायी प्रावधान का उपयोग किया जाता है।

6. अचल आस्तियां

6.1 परिसर और अन्य अचल आस्तियां परंपरागत (या पुनर्मूल्यांकित राशि, जैसा भी मामला हो), कम संचित मूल्यह्रास और ह्रास से नुकसान, यदि कोई हो, को घटाकर पर दर्शाई गई हैं। लागत में खरीद मूल्य और आस्तियों को उसके अभीष्ट उपयोग के लिए चालू स्थिति में लाने संबंधी लागत शामिल है। उपयोग करने के लिए आस्तियों पर बाद में उपचित व्यय को केवल तभी पूंजीकृत किया जाता है जब यह ऐसी आस्तियों के/ से भविष्य के लाभ/ कार्य क्षमता को बढ़ाता है। अचल संपत्तियों की बिक्री पर लाभ बैंक के लाभ और हानि खाते का हिस्सा हैं।

6.2 अचल आस्तियों का पुनर्मूल्यांकन

मौजूदा बाजार मूल्यांकन को दर्शाने के लिए अचल संपत्तियों के पोर्टफोलियो का समय-समय पर पुनर्मूल्यांकन किया जाता है। बैंक के स्वामित्व वाली और शाखाओं, प्रशासनिक कार्यालयों, कर्मचारियों के क्वार्टर आदि के रूप में उपयोग की जाने वाली सभी भूमि और भवन बैंक की अचल संपत्तियों की श्रेणी में स्वयं के परिसर के अंतर्गत वर्गीकृत हैं। पुनर्मूल्यांकन पर मूल्यवृद्धि की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, यदि कोई हो, को प्रारक्षित पूंजी के तहत पुनर्मूल्यांकन रिजर्व में जमा किया जाता है। पुनर्मूल्यांकित आस्तियों पर अतिरिक्त मूल्यह्रास को लाभ और हानि खाते से प्रभारित किया जाता है तथा पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व से अन्य राजस्व रिजर्व में विनियोजित किया जाता है।

6.3 परिसर में भूमि तथा निर्माणाधीन भवन का समावेश है।

7. प्रारक्षित निधियां एवं अधिशेष

राजस्व एवं अन्य आरक्षित निधियों में सम्बद्ध देशों के प्रचलित स्थानीय कानूनों के अनुसार विदेशी शाखाओं/ अनुषंगियों द्वारा सृजित सांविधिक प्रारक्षित निधियों को शामिल किया गया है।

8. राजस्व का निर्धारण

8.1 आय (पैराग्राफ 8.2 में उल्लिखित मदों को छोड़कर) / व्यय का निर्धारण सामान्यत: उपचय आधार पर किया गया है। आयकर विभाग से रिफंड आदेश/सूचना प्राप्त होने पर आयकर रिफंड पर ब्याज बुक किया जाता है। विदेशी कार्यालयों के मामले में, उस देश के जहां संबंधित विदेशी कार्यालय स्थित है, स्थानीय नियमों के तहत आय/ व्यय का निर्धारण किया गया है।

8.2 शुल्क के माध्यम से प्राप्त आय, सभी कमीशन (सरकारी कारोबार और अन्य पक्ष उत्पादों की बिक्री से प्राप्त कमीशन को छोड़कर), गारंटी पर कमीशन, साख पत्र, विनिमय, दलाली तथा अग्रिम बिलों पर ब्याज को वास्तविक वसूली आधार पर लेखांकित गया है। अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों तथा सहयोगी इकाइयों में शेयरों के लाभांश को वसूली आधार पर लेखांकित गया है।

8.3 अनर्जक आस्तियों/ निवेशों के मामलों में आय की वसूली की अनिश्चितता के कारण ऐसी आय भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार केवल वसूल होने पर ही लेखांकित की गयी है।

8.4 ऐसे पट्टे जहां स्वामित्व का जोखिम एवं लाभ पट्टादाता के पास रहता है उसे एएस 19 (पट्टा देना) के अनुसार परिचालन पट्टा के रुप में वर्गीकृत किया जाता है। इस तरह के पट्टे के भुगतान का रिकॉर्ड एएस 19 के अनुसार पट्टा मानदंड के ऊपर लाभ-हानि खाते में स्ट्रेट लाइन आधार पर किया जाता है।

8.5 एनपीए खातों में वसूली का विनियोजन:

समय-समय पर खातों में प्रभावी वसूली (जनधन वसूली अधिनियम के तहत वसूली सहित) निम्नलिखित तरीके से विनियोजित होनी चाहिए :

- बैंक द्वारा प्रदत्त या वहन किये गये सभी लागत, कमीशन, प्रभार और व्यय के प्रति
- बैंक पर देय ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, अन्य ब्याज, दंडात्मक ब्याज के प्रति
- मूलधन के भुगतान के प्रति

वाद दायर/ डिक्री खातों में वसूली को निम्नानुसार विनियोजित किया जाना चाहिए:

- संबंधित न्यायालय के दिशानिर्देशों के अनुसार
- न्यायालय से कोई विशेष आदेश प्राप्त नहीं होने के मामले में गैर वाद दायर खातों में लागू अनुसार

समझौता /एनसीएलटी समाधान के माध्यम से निपटान द्वारा वसूली:

एनसीएलटी के माध्यम से संकल्प/ निपटान या समझौता स्वीकृत खातों के मामले में वसूली को समझौता स्वीकृति / समाधान निपटान के अनुसार विनियोजित किया जाना चाहिए।

8.6 मानक खातों में वसूलियों का विनियोजन

मानक खातों में वसूली का विनियोजन दर्ज मांग की तारीख के अनुसार किया जाता है और जल्द से जल्द मांग को निम्नलिखित क्रम में पूरा किया जा रहा है

- बैंक द्वारा प्रदत्त या वहन किये गये सभी लागत, कमीशन, प्रभार और व्यय के प्रति
- बैंक पर देय ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, अन्य ब्याज, दंडात्मक ब्याज के प्रति
- मूलधन के भुगतान के प्रति

मर्चेन्ट बैंकिंग:

राजस्व को गतिविधि की प्रकृति के आधार पर तब निर्धारित किया जाता है जबकि प्रतिफल की तर्कसंगत रूप से गणना की जा सके और इसकी वसूली के लिए पर्याप्त तथ्य मौजूद हो।

ए. निवेश बैंकिंग से होने वाली आय में संगठन की विभिन्न गतिविधियों से प्राप्त राजस्व और मूल्यांकन सेवाओं, पुनरीक्षण परियोजना मूल्यांकन, डेब्ट एवं इक्विटी निर्गम प्रबंधन, निवेश बैंकिंग सेवाओं, तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययन और लीड अरेंजर सर्विसेज, ऋण समूहन, ऋण-पुनर्संरचना तथा संबन्धित क्षेत्रों से प्राप्त राजस्व सम्मिलित हैं।

बी. ऐसे मामलों में राजस्व, कंपनी और ग्राहक के बीच किए गए समझौता ज्ञापन की नियम एवं शर्तों के अनुरूप असाइनमेंट के विभिन्न स्तरों के पूरा होने तथा इसकी वसूली की निश्चितता का आकलन होने पर जब कभी राशि देय होती है तो इसे उपचित आधार पर निर्धारित किया जाता है।

सी. ब्रोकिंग गतिविधियों से होने वाली आय में एक्सचेंजों में निष्पादित ट्रेड पर प्राप्त ब्रोकरेज शामिल हैं। ब्रोकरेज की गणना स्टैम्प ड्यूटी, एसटीटी शुल्क, एक्सचेंज ट्रांजेक्शन प्रभार और लागू अप्रत्यक्ष कर (सेवा कर / जीएसटी) को घटाकर केवल यथोचित आधार पर राशि निर्धारित होने के बाद उपचित आधार पर की गई है।

डी. धनसंपदा प्रबंधन में परामर्श एवं रिसर्च शुल्क से प्राप्त आय और म्यूचुअल फंड वितरण से प्राप्त आय शामिल हैं। म्यूचुअल फंड वितरण से होने वाली आय में म्यूचुअल फंड और अन्य निवेश उत्पादों के वितरण पर प्राप्त ब्रोकरेज शामिल हैं। ब्रोकरेज राशि में ट्रेल कमीशन और अपफ्रंट कमीशन दोनों शामिल हैं। इसे राशि के केवल यथोचित आधार पर निर्धारण योग्य होने के बाद ही उपचित आधार पर निर्धारित किया जाता है।

ई. मीयादी जमा से होने वाली आय, जो अल्पावधि के लिए अधिशेष निधियों के निवेश के संबंध में बैंक से प्राप्त ब्याज है, को उपचित आधार पर निर्धारित किया जाता है।

एफ. कर-मुक्त बॉन्ड से होने वाली आय को, जो एक दीर्घावधि के लिए अधिशेष निधि के निवेश के संबंध में ऐसे लिखतों को जारी करने वाली संस्थान से प्राप्त ब्याज है, को उपचित आधार पर निर्धारित किया जाता है।

जी. लिक्विड म्युचुअल फंड से होने वाली आय को उस अवधि में निर्धारित किया जाता है जिसमें निवेश का मोचन किया जाता है और उसकी उगाही की जाती है।

न्यासी परिचालन:

ए. म्युच्युअल फंड न्यासिता शुल्क संबंधित योजनाओं से साथ सहमत निर्दिष्ट दरों पर निर्धारित की जाती है जो प्रत्येक योजना की औसत दैनिक निवल आस्तियों पर लागू होती है और सेबी (म्युचुअल फंड) विनियम, 1996 के तहत निर्दिष्ट सीमा के अनुरूप होती है।

बी. राजस्व का निर्धारण तब किया जाता है जब उसकी अंतिम उगाही/ संग्रहण की पूरी निश्चितता हो।

आस्ति प्रबंधन

ए. निवेश प्रबंधन शुल्क:

निवेश प्रबंधन शुल्क को बड़ौदा म्युचुअल फंड की योजनाओं (कंपनी द्वारा योजनाओं में किए गए निवेश को छोड़कर, इंट्रा- योजना निवेश और योजना की कुछ श्रेणियों के लिए सावधि जमा में निवेश की योजनाएं), की औसत दैनिक निवल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में उपचित आधार पर जीएसटी घटाकर इस प्रकार निर्धारित किया जाता है जैसे कि यह भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) (म्युचुअल फंड) विनियम, 1996 और किसी भी अन्य संशोधन (विनियम) अथवा संबन्धित योजनाओं के ऑफ़र दस्तावेज़ द्वारा निर्धारित व्यय सीमा से अधिक न हो।

बी. निवेश परामर्श एवं रिसर्च शुल्क :

निवेश परामर्श एवं रिसर्च शुल्क को काउंटर पक्षों के साथ करार की संबंधित शर्तों के अनुरूप निर्धारित किया जाता है।

सी. अन्य आय

ब्याज आय को उपचित आधार पर लेखांकित किया जाता है।

निवेश की खरीद और बिक्री को ट्रेड की तारीख पर रिकॉर्ड किया जाता है। निवेश पर लाभ/हानि को लाभ और हानि विवरणों में ट्रेड की तारीख पर निर्धारित किया जाता है। निवेश की बिक्री पर लाभ या हानि का निर्धारण सामान्य औसत लागत प्रणाली से किया जाता है।

क्रेडिट कार्ड परिचालन :

ए. सेवाओं से प्राप्त राजस्व को उपचित आधार पर निर्धारित किया जाता है, अन्यथा कि अन्य रूप से उल्लिखित हो.

बी. शुल्क आय को तब लेखांकित किया जाता है जब इसे ग्राहक को प्रभारित (बिल) किया जाता है.

सी. अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के मामले में आय की उगाही की अनिश्चितता को देखते हुए ऐसी आय का लेखांकन केवल इनके प्राप्त होने के आधार पर किया जाता है.

डी. बट्टे खाते में डाले गए अशोध्य ऋणों से वसूली को ग्राहक से वास्तविक उगाही के आधार पर आय के रूप में निर्धारित किया जाता है।

ई. निधियों के नियोजन पर आय को उपचित आधार पर निर्धारित किया जाता है।

एफ. ऐसे उपचित आय जिन्हें वर्ष के अंत तक बिल नहीं किया गया है, उन्हें जीएसटी जैसे लागू अप्रत्यक्ष करों पर विचार किए बिना अनुमानित आधार पर लेखांकित किया जाता है। ऐसी आय पर लागू अप्रत्यक्ष करों को वास्तविक बिलिंग के वर्ष में लेखांकित किया जाता है।

जीवन बीमा:

ए. गैर-लिंक पॉलिसियों के लिए प्रीमियम को पॉलिसीधारकों से देय होने पर आय के रूप में निर्धारित किया जाता है। यूनिट लिंक व्यवसाय के लिए प्रीमियम आय को तब निर्धारित किया जाता है जब संबद्ध यूनिट सृजित हो जाते हैं।

बी. गैर-लिंक परिवर्तनीय बीमा व्यवसाय के लिए, प्रीमियम को प्राप्ति की तारीख पर आय के रूप में निर्धारित किया जाता है।

सी. व्यपगत पॉलिसियों पर प्रीमियम को आय के रूप में निर्धारित किया जाता है जब ऐसी पॉलिसियों को पुनः शुरू किया जाए।

डी. प्रीमियम में शुल्क पर लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) शामिल हैं।

ई. यूनिट लिंक व्यवसाय के मामले में, पॉलिसीधारकों द्वारा भुगतान किए गए टॉप-अप प्रीमियम को एकल प्रीमियम माना जाता है और संबद्ध यूनिट के सृजन पर इसे आय के रूप में निर्धारित किया जाता है।

एफ. यूनिट लिंक पॉलिसियों से आय, जिसमें आस्ति प्रबंधन शुल्क और अन्य प्रभार शामिल हैं, यदि कोई हो, तो इसे यूनिट लिंक फंड से पॉलिसी के नियम एवं शर्तों के अनुसार वसूल किया जाता है और देय होने पर निर्धारित किया जाता है।

14.1 Inter- Bank/Company balances between group entities are being reconciled on an ongoing basis. In case of Bank, initial matching of debit and credit outstanding entries in various heads of accounts included in Inter office Adjustments has been completed up to 31.03.2024, the reconciliation of which is in progress. Balancing of Subsidiary Ledger Accounts, confirmation/ reconciliation of Inter-office accounts, Migration accounts, other office accounts, etc. is in progress on an on-going basis. In the opinion of the management, the overall impact on the financial statements, if any, of the above, is not likely to be material.

14.2 भारतीय रिज़र्व बैंक के वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए आईसीएआई द्वारा जारी सामान्य स्पष्टीकरण को अपनाया गया है। तदनुसार, मूल कंपनी और उसकी अनुषंगियों के अलग-अलग वित्तीय विवरणों में अतिरिक्त सांविधिक जानकारी का प्रकटीकरण किया गया है जिसका समेकित वित्तीय विवरणों के सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण पर कोई असर नहीं पड़ता है और साथ ही जो मदें वस्तुगत नहीं हैं उनसे संबंधित जानकारी को आईसीएआई द्वारा जारी लेखांकन मानक प्रकटीकरण के मद्देनजर समेकित वित्तीय विवरण में प्रकट नहीं किया गया है।

14.2 In accordance with current RBI guidelines, the general clarification issued by ICAI has been considered in the preparation of the consolidated financial statements. Accordingly, additional statutory information disclosed in separate financial statements of the parent and its subsidiaries having no bearing on the true and fair view of the consolidated financial statements and also the information pertaining to the items which are not material have not been disclosed in the consolidated financial statements in view of the Accounting Standard Interpretation issued by ICAI.

14.3 भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र आरबीआई/2020-21/16 डीओआर.सं. बीपी.बीसी/3/21.04.048/ 2020-21 दिनांक 06 अगस्त 2020 (आरएफ 1.0) और 05.05.2022 (आर एफ 2.0) के अनुसार 31 मार्च, 2024 तक कोविड 19 संबंधी दबाव के लिए निपटान फ्रेमवर्क के तहत लागू निपटान योजना के विवरण।

14.3 Details of Resolution plan implemented under Resolution Framework for COVID 19 related stress as per RBI circular RBI/2020-21/16 DOR.No.BP.BC/3/21.04.048/2020-21 dated 06.August 2020 (RF 1.0) and 05.05.2022 (RF 2.0) as of March 31, 2024.

(राशि ₹ करोड़ में) (Amount in ₹ Cr)

उधारकर्ता का प्रकार Type of borrower	निपटान योजना को लागू किए जाने के परिणामस्वरूप मानक के रूप में वर्गीकृत खातों के लिए एक्सपोजर - पूर्व छमाही अर्थात् 30.09.2023 की समाप्ति पर स्थिति (ए) **Exposure to accounts classified as standard consequent to implementation of Resolution Plan – Position as at the end of the Previous half-year i.e 30.09.2023 (A)**	(ए) में से, सकल ऋण जो छमाही के दौरान एनपीए हो गया **Of (A), Aggregate debt that slipped into NPA during the half-year**	(ए) में से, छमाही के दौरान बट्टे खाते डाली गई राशि **Of (A), amount written off during the half-year**	(ए) में से, छमाही के दौरान उधारकर्ताओं द्वारा भुगतान की गई राशि **Of (A), amount paid by the borrowers during the half-year**	निपटान योजना को लागू किए जाने के परिणामस्वरूप मानक के रूप में वर्गीकृत खातों के लिए एक्सपोजर - इस छमाही अर्थात 31.03.2024 की समाप्ति पर स्थिति (ए) **Exposure to accounts classified as standard consequent to implementation of Resolution Plan – Position as at the end of this half-year i.e 31.03.2024(A)**
वैयक्तिक ऋण$ Personal Loans$	653.05	14.32	-	60.55	592.58
कॉर्पोरेट व्यक्ति* Corporate persons*	2,838.33	-	-	93.85	1,408.25
जिसमें से एमएसएमई Of which, MSMEs	139.25	-	-	16.17	57.50
अन्य / Others	632.39	-	-	156.65	488.93
कुल Total	**4,123.77**	**14.32**	**-**	**311.05**	**2,489.76**

* दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 की धारा 3(7) में परिभाषित किए गए अनुसार

$ पूल खातों के मामले में, जानकारी प्रवर्तक द्वारा उपलब्ध किए गए अनुसार है।

* As defined in Section 3(7) of the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016

$ In case of Pool Accounts, the information is as provided by the originator.

14.4 दबावग्रस्त आस्तियों के निपटान के लिए विवेकपूर्ण फ्रेमवर्क पर भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रांक आरबीआई/2018-19/203 डीबीआर.सं.बीपी. बीसी.45/21.04.048/2018-19 दिनांक 7 जून, 2019 के अनुसार निपटान योजना के क्रियान्वयन के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं, जिसमें भारतीय रिज़र्व बैंक के इस परिपत्र के पैरा 17 के अनुसार अतिरिक्त प्रावधानों की आवश्यकता शामिल है। बैंक के पास 31.03.2024 को 09 खातों में ₹ 437.67 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान है जिसके विवरण निम्नानुसार हैं:

14.4 As per RBI circular no. RBI/2018-19/203 DBR.No.BP.BC.45/21.04.048/2018-19 dated June 7, 2019 on Prudential Framework for Resolution of Stressed Assets, guidelines for implementation of Resolution Plan has been issued, also containing requirements of additional provisions as per para 17 of this RBI circular. The Bank is holding additional provision of ₹ 437.67 Crores as on 31.03.2024 in 9 nos. of accounts as detailed below.

(राशि ₹ करोड़ में) (Amount in ₹ Cr)

भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र द्वारा प्रभावित ऋण की राशि (ए) Amount of Loans impacted by RBI Circular (A)	एनपीए के रूप में वर्गीकृत ऋण की राशि (बी) Amount of Loans to be classified as NPA (B)	31.03.2024 को (बी) में से एनपीए के रूप में वर्गीकृत ऋण की राशि (सी) Amount of Loans as on 31.03.2024 out of (B) classified as NPA (C)	31.12.2023 को धारित प्रावधान (डी) Provision held as on 31.12.2023 (D)	31.03.2024 को समाप्त तिमाही के दौरान किया गया अतिरिक्त प्रावधान/(रिवर्सल) (ई) Additional provision/ (reversal) made during quarter ended 31.03.2024 (E)	31.03.2024 को धारित प्रावधान (एफ) Provision held as on 31.03.2024 (F)
1,250.50	542.80	542.80	515.42	(77.75)	437.67

14.5. आईबीसी-एनसीएलटी संबंधी प्रावधान

भारतीय रिज़र्व बैंक के पत्र सं. डीबीआर.नं.बीपी.15199/ 21.04.048/ 2016-17 तथा डीबीआर.नं. बीपी.1906/ 21.04.048/ 2017-18 दिनांक 23 जून, 2017 और दिनांक 28 अगस्त, 2017 के अनुसार दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के प्रावधानों के तहत शामिल खातों के लिए समूह ने 31 मार्च, 2024 को कुल ₹ 6,881.67 करोड़ (कुल बकाया के 100% के रूप में) का प्रावधान किया है।

14.6 उपलब्ध वित्तीय विवरणों और उधारकर्ताओं की घोषणाओं के आधार पर, बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के (अनहेज्ड विदेशी मुद्रा एक्सपोजर) निर्देश, 2022 आरबीआई/2022-23/131 डीओआर.एमआरजी,आरईसी.76/00-00-007/2022-23 दिनांक 11 अक्तूबर, 2022 के अनुसार अनहेज्ड विदेशी मुद्रा के लिए देयता का अनुमान लगाया है और 31 मार्च, 2024 तक ₹ 223.22 करोड़ का प्रावधान किया है।

14.7. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, बेसल III फ्रेमवर्क के अंतर्गत लीवरेज अनुपात, लिक्विडिटी कवरेज अनुपात सहित पिलर 3 प्रकटीकरण हमारी वेबसाइट पर निम्ननुसार लिंक https://www.bankofbaroda.in/shareholders-corner/disclosures-under-basel-iii पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त,एनएसएफआर एवं एलसीआर फ्रेमवर्क के तहत प्रकटीकरण निम्नलिखित लिंक: https://www.bankofbaroda.in/shareholders-corner/financial-reports/ पर उपलब्ध है। यह प्रकटीकरण बैंक के सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षा के अधीन नहीं हैं।

14.8. न्यायालय के आदेश के कारण मानक के रूप में रखे गए खातों के संबंध में प्रकटीकरण संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक के पत्र संख्या 10655/21.04.048/2018-19 दिनांक 21.06.2019 निर्देशों के अनुसार, 1 खाता को न्यायालय के आदेशों के अनुसार बैंक द्वारा मानक के रूप में वर्गीकृत किया गया है जिसमें दिनांक 31 मार्च, 2024 तक कल बकाया ₹ 26.44 करोड़ है जिसके सापेक्ष अप्राप्त ब्याज के प्रावधान सहित आईआरएसीपी मानदंडों के अनुसार बैंक ने 31 मार्च, 2024 तक ₹ 7.08 करोड़ का प्रावधान किया है।

बैंक (समूह) ने विवेकपूर्ण आधार पर कुछ दबावग्रस्त मानक अग्रिमों में आईआरएसीपी मानदंडों के अलावा 31.03.2024 तक ₹ 899.56 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया है।

14.5 IBC-NCLT Provision –

As per RBI letters no. DBR No.BP.15199/21.04.048/2016-17 and DBR.No.BP.1906/ 21.04.048/2017-18 dated June 23, 2017 and August 28, 2017 respectively, for the accounts covered under the provisions of Insolvency and Bankruptcy Code (IBC), the Bank is holding total provision of ₹ 6,881.67 Crores (100% of total outstanding) as on March 31, 2024.

14.6 Based on the available financial statements and the declarations from the borrowers, the Bank has estimated the liability for Unhedged Foreign Currency in terms of Reserve Bank of India (Unhedged Foreign Currency Exposure) Directions, 2022 RBI/2022-23/131 DOR.MRG.REC.76/00-00-007/2022-23 dated October 11, 2022 and is holding a provision of ₹ 223.22 crores as on March 31, 2024.

14.7 In terms of Reserve Bank of India (RBI) guidelines, Pillar 3 disclosures including leverage ratio under the Basel- III framework are being made available on our website in the following link: https://www.bankofbaroda.in/shareholders-corner/disclosures-under-basel-iii. Additionally, disclosures under NSFR & LCR framework are being made available on the following link: https://www.bankofbaroda.in/shareholders-corner/financial-reports/. These disclosures have not been subjected to audit by Statutory Central Auditors of the Bank.

14.8 As per the directions of RBI vide their letter no. 10655/21.04.048/2018-19 dated 21.06.2019 disclosure with respect to accounts kept as standard due to the Court order, 1 account is classified as Standard as per Court orders, with outstanding of ₹ 26.44 crores as on March 31, 2024, against which the Bank is holding provision of ₹ 7.08 crores as on March 31, 2024 as per IRAC norms, including provision for unrealized interest.

The Group is holding an additional provision of ₹ 899.56 crores as of March 31, 2024 over and above the IRAC norms in certain stressed standard advances on prudent basis.

14.9. बैंक ने 11 नवंबर, 2020 के आईबीए संयुक्त नोट के अनुसार कर्मचारियों के लिए पारिवारिक पेंशन में संशोधन के कारण ₹1454.41 करोड़ की राशि की अतिरिक्त देयता का अनुमान लगाया है। हालांकि, भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने परिपत्र आरबीआई/ 2021-22/ 105 डीओआर.एसीसी.आरईसी.57/21.04.018/2021-22 दिनांक 4 अक्तूबर 2021 के द्वारा बैंकों को प्रत्येक वर्ष व्यय की जाने वाली कुल राशि के न्यूनतम 1/5 भाग के अधीन वित्तीय वर्ष 2021-22 की शुरुआत के साथ 5 (पांच) वर्ष की अवधि तक की अतिरिक्त देयता को परिशोधित करने की अनुमति दी है। बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के उक्त प्रावधान का विकल्प चुना और तदनुसार, 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए लाभ और हानि खाते में ₹ 290.88 करोड़ की राशि प्रभारित की है और ₹581.77 करोड़ के गैर परिशोधित व्यय को आगे कैरी फॉर्वर्ड किया है। यदि बैंक ने लाभ और हानि खाते के लिए संपूर्ण अतिरिक्त देयता को प्रभारित किया होता, तो 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए शुद्ध लाभ (कर के बाद) ₹ 435.34 करोड़ कम होता।

14.10. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के तहत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम को भुगतान।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को देय मूल राशि या ब्याज के भुगतान में देरी का कोई मामला रिपोर्ट नहीं किया गया है।

14.11 'अग्रिमों की पुनर्संरचना-सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र' (एक बारगी पुनर्संरचना) संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रांक डीबीआर.सं.बीपी.बीसी 18/21.04.048/2018-19 दिनांक 01.01.2019, परिपत्रांक डीओआर.संख्या. बीपी. बीसी.34/21.04.048/2019-20 दिनांक 11.02.2020 एवं परिपत्रांक डीओआर.संख्या. बीपी. बीसी/4/21.04.048/2020-21 दिनांक 06.08.2020 के अनुसार, 31.03.2024 को एमएसएमई पुनर्संरचित उधारकर्ताओं के विवरण निम्नानुसार हैं:

(राशि ₹ करोड़ में)

खातों की संख्या	31.03.2024 को राशि
39,526	2,326

14.12 निपटान फ्रेमवर्क 2.0-सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रांक डीओआर.एसटीआर.आरईसी.12/21.04.048/2021-22 दिनांक 05.05.2021 एवं परिपत्रांक डीओआर.एसटीआर.आरईसी.21/21.04.048/2021-22दिनांक 04.06.2021 के अनुसार पुनर्संरचित खातों के विवरण निम्नानुसार हैं:

(राशि ₹ करोड़ में)

ऋणधारकों की संख्या	31.03.2024 को राशि	किया गया प्रावधान
9,569	1,000.17	133.42

14.13 निपटान फ्रेमवर्क - 2.0: व्यक्तियों और लघु व्यवसाय के कोविड-19 संबंधी दबाव का निपटान" संबंधी भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र सं. डीओआर.एसटीआर.आरईसी.11/21.04.048/2021-22 दिनांक 05.05.2021 के अनुसार, ऐसे उधारकर्ता खातों की संख्या जहां संशोधन अनुमोदित और क्रियान्वित किया गया और ऐसे उधारकर्ताओं के लिए कुल एक्सपोजर निम्नानुसार हैं: -

14.9 Bank has estimated an additional liability on account of revision in family pension for employees as per IBA Joint Note dated November 11, 2020, amounting to ₹ 1454.41 crores. RBI vide their Circular no. RBI/2021-22/105 DOR.ACC.REC.57/21.04.018/2021-22 dated 4th October 2021, has permitted Banks to amortize the said additional liability over a period of not exceeding 5 (five) years, beginning with financial year 2021-22, subject to a minimum of 1/5th of the total amount being expensed every year. Bank has opted the said provision of RBI and accordingly charged an amount of ₹ 290.88 crores to the Profit & Loss account for the year ended March 31, 2024 and the balance unamortized expense of ₹ 581.77 crores has been carried forward. Had the Bank charged the remaining additional liability to the Profit and Loss Account, the net profit for the year ended March 31, 2024 would have been lower by ₹ 435.34 crores (net of taxes).

14.10 Payment to Micro, Small & Medium Enterprises under the Micro, Small & Medium Enterprises Development Act, 2006

There have been no reported cases of delayed payments of the principal amount or interest due thereon to Micro, Small & Medium Enterprises.

14.11 In accordance with RBI Circular No. DBR.No.BP. BC.18/21.04.048/2018-19 dated 01.01.2019, RBI circular No DOR. No. BP. BC. 34/21.04.048/2019-20 dated 11.02.2020 & RBI circular No DOR. No. BP. BC/4/21.04.048/2020-21 dated 06.08.2020 on 'Restructuring of Advances - Micro, Small and Medium Enterprises (MSME) Sector' (One Time Restructuring), the details of MSME restructured borrowers as on 31.03.2024 is as under:

(Amount in ₹ Cr)

No of Accounts	Amount as on 31.03.2024
39,526	2,326

14.12 In accordance with RBI circular No DOR.STR. REC.12/21.04.048/2021-22 dated 05.05.2021 & RBI circular No DOR.STR.REC.21/21.04.048/2021-22 dated 04.06.2021 on Resolution Framework 2.0 – Resolution of Covid-19 related stress of Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs), the details of accounts restructured is as under.

(Amount in ₹ Cr)

No of Borrowers	Amount as on 31.03.2024	Provision Held
9,569	1,000.17	133.42

14.13 In accordance with the RBI Cir. No. DOR.STR. REC.11/21.04.048/2021-22 dated 05.05.2021 on "Resolution Framework – 2.0: Resolution of COVID – 19 related stress of Individuals and Small Business", the number of borrower accounts where modification were sanctioned and implemented and the aggregate exposure to such borrowers are as under:-

(राशि ₹ करोड़ में)

खातों की संख्या	31.03.2024 को समग्र एक्सपोजर
4,662	422

14.14 प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण प्रमाणपत्र (पीएसएलसी)

(राशि ₹ करोड़ में) (Amount in ₹ Cr)

क्र.सं. Sr. No.	श्रेणी Category	वित्त वर्ष 2023-24 FY 2023-24		वित्त वर्ष 2022-23 FY 2022-23	
		खरीद Purchase	बिक्री Sale	खरीद Purchase	बिक्री Sale
1.	पीएसएलसी सूक्ष्म उद्यम PSLC Micro Enterprises	-	-	-	-
2.	पीएसएलसी कृषि / PSLC Agriculture	-	-	-	-
3.	पीएसएलसी सामान्य / PSLC General	-	-	-	-
4	पीएसएलसी लघु एवं सीमांत किसान PSLC Small and Marginal Farmers	-	-	-	1,000.00
5.	एमएसएमई / MSME	-	-	-	-
	कुल Total	**-**	**-**	**-**	**1,000.00**

14.15 भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र से आरबीआई/2015-16/376 डीबीआर सं. बीपी.बीसी.92/21.04.048 /2015-16 दिनांक 18 अप्रैल, 2016 के अनुसार बैंक ने चार तिमाहियों की अवधि में धोखाधड़ी के लिए देयता प्रदान करने का विकल्प चुना है। तदनुसार, 31 मार्च, 2024 तक अग्रिमों के अलावा अन्य के लिए कैरी फॉरवर्ड प्रावधान शून्य है (31 मार्च, 2023 तक ₹13.59 करोड़)।

14.16 उधारकर्ता समूहों में से एक के प्रशासक (वर्तमान में परिसमापन के अधीन) ने इंग्लैंड और अबू धाबी ग्लोबल मार्केट्स की अदालतों में उधारकर्ता कंपनियों के प्रमोटरों और बैंक के खिलाफ दावे दायर किए हैं। बैंक के खिलाफ दावे में वर्ष 2012 और 2020 के बीच समूह की कंपनियों के लेनदारों को धोखा देने के लिए प्रमोटरों के साथ साजिश में शामिल होने के आरोपों पर आधारित हैं।

इस स्तर पर, दावे के सापेक्ष पर्याप्त विवरण नहीं दिया गया है जिसके आधार पर बैंक दावों की पात्रता का उचित मूल्यांकन और बैंक के खिलाफ उचित रूप से दावा की जा सकने वाली मात्रा का आकलन कर सके, भले ही आरोप का विस्तृत विवरण दिया गया है और इसके बाद सुनवाई के दौरान साबित हुआ हो।

बैंक ने कार्यवाही में अपने पक्ष को मजबूती से रखा है। बैंक अपने खिलाफ सभी आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करता है, जिसमें कथित लेनदेन के बारे में कोई जानकारी होने या मिलीभगत भी शामिल है। तदनुसार, इस स्तर पर बैंक के खिलाफ दावे के स्पष्ट होने की कम संभावना होने के कारण, बैंक ने इस दावे के सापेक्ष न तो कोई प्रावधान किया है और न ही इसे आकस्मिक देयताओं के रूप में प्रकट किया है।

14.17 चालू वर्ष की पुष्टि के लिए आवश्यकतानुसार पिछले वर्ष के आंकड़ों को पुनः समूहीकृत किया गया है।

(Amount in ₹ Cr)

No of Accounts	Aggregate exposure as on 31.03.2024
4,662	422

14.14. Priority Sector Lending Certificate (PSLCs)

14.15 As per the Reserve Bank of India (RBI) circular no. RBI/2015-16/376 DBR No. BP.BC.92/21.04.048/2015-16 dated April 18, 2016 the Bank had opted to provide the liability for frauds over a period of four quarters. Accordingly, the carry forward provision for other than advances as on March 31, 2024 is NIL (Rs.13.59 Cr as on March 31, 2023).

14.16 The Administrator of one of the Borrower Groups (currently under liquidation) has filed claims against the promoters of the borrower Companies and the Bank in the courts of England and Abu Dhabi Global Markets. The claims against the Bank are based on allegations of the Bank being involved in a conspiracy with the promoters to defraud the creditors of the group companies between 2012 and 2020.

At this stage, the claims are not sufficiently particularised to enable the Bank to reasonably assess the merits of the claims and also to assess the quantum that could reasonably be claimed against the Bank, even if the allegations are particularised and then established on trial.

The Bank has filed a robust defence in the proceedings. The Bank categorically denies all the allegations against it, including any knowledge of or collusion in the alleged transactions. Accordingly, due to the remote possibility of the claim against the bank, crystallizing at this stage, the Bank has neither made any provision on this claim nor disclosed it as contingent liability

14.17 Previous year's figures have been regrouped where necessary to conform to current year classification.

31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित नकदी प्रवाह विवरण-पत्र
Statement of Consolidated Cash Flow for the year ended 31st March, 2024

(₹ लाख में) (₹ in Lakhs)

				31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष Year ended 31st March 2024	31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष Year ended 31st March 2023
ए.	परिचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह :	A.	Cash flow from operating activities:		
	कर पूर्व निवल लाभ		**Net Profit before taxes**	**26,15,709**	**20,78,187**
	निम्नलिखित के लिए समायोजन:		Adjustments for:		
	अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास		Depreciation on fixed assets	1,69,353	2,03,186
	निवेशों पर मूल्यह्रास (परिपक्व डिबेंचरों सहित)		Depreciation on investments (including on Matured debentures)	(2,831)	1,70,310
	बट्टे खाते में डाले गए अशोध्य ऋण/ अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान		Bad debts written-off/Provision in respect of non-performing assets	6,86,592	4,55,080
	मानक आस्तियों के लिए प्रावधान		Provision for Standard Assets	(67,101)	54,695
	अन्य मदों के लिए प्रावधान (निवल)		Provision for Other items (Net)	5,57,687	2,82,595
	अचल आस्तियों की बिक्री से (लाभ) हानि (निवल)		(Profit)/loss on sale of fixed assets (Net)	(631)	(1,433)
	बॉन्ड पर ब्याज हेतु भुगतान/ प्रावधान		Payment/provision for interest on bonds	1,91,013	1,93,520
	उप योग		**Sub total**	**41,49,791**	**34,36,140**
	निम्नलिखित के लिए समायोजन:		Adjustments for:		
	निवेशों में (वृद्धि) / कमी		(Increase)/Decrease in investments	(9,21,426)	(51,29,323)
	अग्रिमों में (वृद्धि) / कमी		(Increase)/Decrease in advances	(1,32,19,748)	(1,70,92,169)
	अन्य आस्तियों में (वृद्धि) / कमी		(Increase)/Decrease in other assets	4,10,202	1,18,396
	उधार-राशियों में वृद्धि / (कमी)		Increase/(Decrease)in borrowings	(16,00,160)	70,835
	जमाराशियों में वृद्धि / (कमी)		Increase/(Decrease) in deposits	1,17,11,984	1,58,87,756
	अन्य देयताओं तथा प्रावधानों में वृद्धि / (कमी)		Increase/(Decrease) in other liabilities and provisions	(3,27,691)	11,34,796
	प्रदत्त प्रत्यक्ष कर (रिफंड का निवल)		Direct taxes paid (Net of Refund)	(8,30,348)	(5,61,796)
	परिचालन गतिविधियों (ए) (में प्रयुक्त)/ से निवल नकदी प्रवाह		**Net cash from operating activities (A)**	**(6,27,396)**	**(21,35,365)**

(₹ लाख में) (₹ in Lakhs)

				31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष Year ended 31st March 2024	31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष Year ended 31st March 2023
बी.	**निवेश संबंधी गतिविधियों से नकदी प्रवाह :**	B.	**Cash flow from investing activities:**		
	अचल आस्तियों की खरीद/ अंतरण		Purchase/Transfer in of fixed assets	(1,35,546)	(98,296)
	अचल आस्तियों में से बिक्री/ अंतरण		Sale/ Transfer out of fixed assets	47,667	19,670
	व्यापार संबंधी निवेशों में परिवर्तन (अनुषंगी एवं अन्य)		Changes in Trade related investments (Subsidiaries & others)	(40,651)	(31,000)
	निवेश संबंधी गतिविधियों (बी) (में प्रयुक्त)/ से निवल नकदी प्रवाह		**Net cash used in investing activities (B)**	**(1,28,530)**	**(1,09,626)**
सी.	**वित्तपोषण संबंधी गतिविधियों से नकदी प्रवाह :**	C.	**Cash flow from financing activities:**		
	गैर-जमानती गौण बॉन्ड		Unsecured Subordinated Bonds	10,05,055	(2,32,430)
	प्रदत्त लाभांश		Dividend paid	(2,84,425)	(1,46,570)
	बॉन्ड पर ब्याज हेतु भुगतान/ प्रावधान		Payment/provision for interest on bonds	(1,75,390)	(1,85,210)
	माइनोरिटी ब्याज में वृद्धि/(कमी)		Increase/(Decrease) in Minority Interest	2,332	23,680
	वित्तपोषण गतिविधियों (सी) (में प्रयुक्त)/ से निवल नकदी प्रवाह		**Net cash from financing activities (C)**	**5,47,572**	**(5,40,530)**
	नकदी एवं नकदी समतुल्य (ए)+(बी)+(सी) में निवल वृद्धि		**Net increase in cash & cash equivalents (A)+(B)+(C)**	**(2,08,354)**	**(27,85,521)**
	वर्ष के आरंभ में नकदी एवं नकदी समतुल्य		**Cash and cash equivalents as at the beginning of the year**	**1,02,37,339**	**1,30,22,860**
	वर्ष के अंत में नकदी एवं नकदी समतुल्य		**Cash and cash equivalents as at the end of the period**	**1,00,28,985**	**1,02,37,339**
	नकदी एवं नकदी समतुल्य में बैंक के पास एवं एटीएम में नकदी, भा.रि.बैं. तथा अन्य बैंकों के पास शेष और मांग एवं अल्प सूचना पर देय राशि शामिल है.		Cash & Cash equivalents includes Cash in Hand & ATM, Balance with RBI & Other banks and Money at call and Short Notice.		
	नकदी तथा नकदी समतुल्य के घटक		**Components of Cash & Cash Equivalents**	**31 मार्च, 2024 को As on 31st March 2024**	31 मार्च, 2023 को As on 31st March 2023
1)	भा.रि.बैं. के पास नकदी एवं शेष राशि	1)	Cash & Balance with RBI	56,72,032	56,69,621
2)	बैंकों के पास शेष राशि तथा मांग एवं अल्प सूचना पर देय राशि	2)	Balances with Banks and Money at Call and Short Notice	43,56,953	45,67,718
	कुल		**Total**	**1,00,28,985**	**1,02,37,339**

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

प्रति,

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सदस्यगण

समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा पर रिपोर्ट

राय

1. हमने **बैंक ऑफ़ बड़ौदा** (''मूल संस्था''/''बैंक'') और इसकी अनुषंगियों (मूल संस्था और इसकी अनुषंगियां मिलकर "समूह" के रूप में संदर्भित), इसकी सहयोगी कंपनियों और संयुक्त उद्यमों के समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है जिसमें 31 मार्च, 2024 का समेकित तुलन-पत्र, समेकित लाभ और हानि खाता तथा समाप्त वर्ष हेतु समेकित नकदी प्रवाह विवरणी और महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और अन्य विवरणात्मक जानकारी सहित समेकित वित्तीय विवरणियों (इसके बाद "**समेकित वित्तीय विवरण**" के रूप में संदर्भित) संबंधी नोट का समावेश है जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं-

ए) बैंक की लेखा परीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणी;

बी) 7 घरेलू अनुषंगियों, 5 विदेशी अनुषंगियों, 1 घरेलू संयुक्त उद्यम के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण और

सी) 1 घरेलू अनुषंगी, 2 विदेशी अनुषंगियों, 1 विदेशी संयुक्त उद्यम, 3 घरेलू सहयोगी और 1 विदेशी सहयोगी की अलेखा परीक्षित वित्तीय विवरणी/वित्तीय जानकारी ।

हमारी राय एवं हमारी सर्वोत्तम जानकारी में और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार तथा प्रबंधन द्वारा उपलब्ध करवाए गए अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों और सहयोगियों के अलग-अलग वित्तीय विवरणों, अलेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों और अनुषंगियों एवं सहयोगियों की अन्य वित्तीय सूचनाओं पर अन्य लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के विचार के आधार पर उपर्युक्त समेकित वित्तीय विवरणी बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949, समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी परिपत्रों, दिशानिर्देशों एवं निदेशों ("आरबीआई दिशानिर्देश") तथा लागू लेखांकन मानकों के अनुसार समूह और इनकी सहयोगी संस्थाओं एवं संयुक्त उद्यमों के लिए अपेक्षित जानकारी उपलब्ध कराते हैं और ये भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप हैं तथा इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

ए) 31 मार्च, 2024 तक समूह और इसकी सहयोगी संस्थाओं तथा संयुक्त उद्यमों से संबंधित समेकित तुलन पत्र के मामले में सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण;

बी) उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए समेकित लाभ एवं हानि खाते के मामले में समूह और इसकी सहयोगी संस्थाओं तथा संयुक्त उद्यमों का वास्तविक लाभ; और

सी) उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए समेकित नकदी प्रवाह विवरणी के मामले में समूह और इसकी सहयोगी संस्थाओं तथा संयुक्त उद्यमों के नकदी प्रवाह का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण ।

राय हेतु आधार

2. **हमने** अपनी लेखा परीक्षा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ("आईसीएआई") द्वारा जारी लेखा परीक्षा मानकों ("एसए") के अनुसार की है। उन लेखा परीक्षा मानकों के अंतर्गत हमारे उत्तरदायित्व हमारी रिपोर्ट के समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा हेतु लेखापरीक्षकों के उत्तरदायित्व अनुभाग में विस्तृत रूप से वर्णित हैं। हम उन नैतिक आवश्यकताओं के साथ भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी "नैतिक आचरण संहिता" के अनुसार समूह और इनकी सहयोगी संस्थाओं तथा संयुक्त उद्यमों से स्वतंत्र हैं जो भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार तैयार किए गए समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के लिए प्रासंगिक होने के साथ-साथ लागू लेखा मानक और बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधान तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गए परिपत्रों और दिशानिर्देशों के अनुसार हमारे लेखा परीक्षा के लिए प्रासंगिक हैं और हमने इन आवश्यकताओं के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को पूरा किया है। हमारा विश्वास है कि जो लेखा परीक्षा साक्ष्य हमने प्राप्त किए हैं वे हमारी राय को आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

विषयवस्तु का प्रभाव

3. हम आपका ध्यान निम्नलिखित की ओर आकर्षित करते हैं:

अनुसूची 19 की नोट सं. 14.9 जो ₹1454.41 करोड़ की पारिवारिक पेंशन की राशि में संशोधन के कारण अतिरिक्त देयता के परिशोधन से संबंधित है। बैंक ने दिनांक 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लाभ एवं हानि खाते में ₹290.88 करोड़ की राशि प्रभारित की है और ₹581.77 करोड़ के अपरिशोधित व्यय को भारतीय रिज़र्व बैंक की परिपत्र सं. आरबीआई/2021-22/105डीओआर.एसीसी.आरईसी.57/21.04.018/2021-22 दिनांक 4 अक्तूबर, 2021 के अनुसार शामिल किया है।

इन मामलों के संबंध में हमारी राय में संशोधन नहीं है।

4. **लेखा परीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दे**

हमारे पेशेवर निर्णय के अनुसार लेखा परीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दे वे मुद्दे हैं जो चालू अवधि के समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा में सबसे महत्त्वपूर्ण रहे। इन मुद्दों को समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के संबंध में और इस पर हमारी राय बनाने में पूर्ण उल्लेख किया गया था तथा हम इन मुद्दों में अलग से राय नहीं देते हैं। हमने नीचे वर्णित मामलों को संबंधित संघटक लेखापरीक्षकों द्वारा रिपोर्ट किए गए लेखा परीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दों के साथ-साथ प्रिंसिपल लेखापरीक्षकों द्वारा निर्धारित किए गए लेखा परीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दों के संदर्भ में हमारी रिपोर्ट में संप्रेषित किए जाने वाले लेखा परीक्षा संबंधी प्रमुख मुद्दों के रूप में निर्धारित किया है, जो हमारी राय में महत्त्वपूर्ण हैं ।

(i) **अग्रिमों का वर्गीकरण, आय की गणना, गैर-निष्पादक अग्रिमों की पहचान और उनके लिए प्रावधान करना (वित्तीय विवरणों की अनुसूची 18 के नोट 4 के साथ पठित अनुसूची 9 का संदर्भ लें)**

प्रमुख लेखापरीक्षा प्रक्रिया	लेखापरीक्षा में मुद्दे के समाधान संबंधी दृष्टिकोण
बैंक का निवल अग्रिम कुल आस्तियों का 65.81% है जो वित्तीय विवरणों का एक महत्त्वपूर्ण भाग है। ये अन्य बातों के साथ-साथ आय की गणना, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण (आईआरएसीपी) संबंधी मानदंडों तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी अन्य परिपत्रों और निदेशों द्वारा शासित होते हैं, जो विदेशी कार्यालयों को छोड़कर, निष्पादक अग्रिमों और गैर-निष्पादक अग्रिमों (एनपीए) के वर्गीकरण से संबंधित दिशानिर्देश प्रदान करते हैं। विदेशों में अग्रिमों का वर्गीकरण और इनके लिए प्रावधान स्थानीय विनियमों या भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों, जो भी अधिक सख्त हों, के अनुसार किया जाता है। बैंक इन अग्रिमों का वर्गीकरण अपनी लागू लेखांकन नीति के अनुसार आईआरएसीपी मानदंडों के आधार पर करता है। निष्पादक और गैर-निष्पादक अग्रिमों की पहचान में उचित पद्धति स्थापित करना शामिल है। बैंक अपनी सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली (आईटी सिस्टम) अर्थात् कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) में अग्रिमों से संबंधित सभी लेनदेनों का रख-रखाव करता है जो इस बात की भी पहचान करता हैं कि अग्रिम निष्पादक है या गैर-निष्पादक। भारतीय रिज़र्व बैंक ("आरबीआई") द्वारा जारी अग्रिमों से संबंधित आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण से संबंधित विवेकपूर्ण मानदंडों का पालन करने के अलावा बैंक के पास अनर्जक आस्तियों पर प्रावधान करने के लिए भी कुछ नीतियां हैं। व्यक्तिगत या समेकित रूप से आईआरएसीपी मानदंडों का उचित रूप से अनुपालन न किए जाने पर इन अग्रिमों के वहन मूल्य (प्रावधानों का निवल) की अधिक गलत बयानी हो सकती है। साथ ही, बैंक ऐसे एक्सपोजर से संबंधित प्रावधान करता है जो कुछ सेक्टरों के लिए अग्रिमों और निर्धारित अग्रिमों या समूह अग्रिमों सहित एनपीए के रूप में निर्धारित नहीं की जाती हैं । लेन-देन के स्वरूप, विनियामक अपेक्षाओं, मौजूदा व्यावसायिक परिवेश, प्रतिभूतियों के आकलन में शामिल अनुमान/ निर्णय और प्रावधानों की गणना पर विचार करते हुए यह स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के अभिप्रेत उपयोगकर्ताओं के लिए अत्यधिक महत्त्वपूर्ण मुद्दा हो जाता है । इसके अलावा, आहरण शक्ति की गणना, प्रतिभूति मूल्यांकन के लिए थर्ड पार्टी, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी विभिन्न दिशानिर्देशों के अनुसार प्रावधानों की गणना, पुनर्संरचित अग्रिमों के लिए मूल्य में कमी की गणना और गैर-निष्पादक अग्रिमों सहित ब्याज आय के निर्धारण के लिए उधारकर्ताओं और अग्रणी बैंक द्वारा प्रस्तुत डेटा पर निर्भरता के कारण हमने उपर्युक्त क्षेत्र को प्रमुख लेखा परीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया है।	हमने अनर्जक आस्तियों की पहचान करने और इनके लिए प्रावधान करने हेतु बैंक की प्रणाली का मूल्यांकन किया। हमारे लेखा परीक्षा दृष्टिकोण में आंतरिक नियंत्रणों की डिजाइन और परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण तथा मूल परीक्षण निम्नानुसार शामिल थे: ए) हमने अनर्जक आस्तियों के निर्धारण, मूल प्रक्रिया के स्वरूप, समय और सीमा के निर्धारण संबंधी प्रावधान से संबंधित भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों और इससे संबंधित बैंक की नीतियों के अनुपालन में सम्मिलित प्रणाली में स्थापित नियंत्रणों, जांच बिन्दु और बैलेंस के बारे में बैंक से जानकारी हासिल की और तदनुसार अपनी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं की योजना बनाई । बी) हमने हमें आबंटित शीर्ष 20 शाखाओं के संबंध में आईआरएसीपी मानदंडों के अनुसार आय की पहचान, निष्पादक और गैर-निष्पादक अग्रिमों में वर्गीकरण और प्रावधान करने के लिए सिस्टम में डेटा इनपुट की सटीकता की जांच की है। हमें आबंटित शाखाओं में मूल प्रक्रिया करने के दौरान हमने बड़े अग्रिमों/ दबावग्रस्त अग्रिमों की जांच की है और बैंक प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराए गए स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं की मूल्यांकन रिपोर्टों की समीक्षा सहित अन्य अग्रिमों की जांच नमूना आधार पर की गई है। सी) बैंक की नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार आंतरिक लेखा परीक्षा, सिस्टम लेखा परीक्षा, ऋण लेखा परीक्षा और समवर्ती लेखा परीक्षा जैसे निगरानी तंत्र की मौजूदगी और प्रभावशीलता की जांच की गई। डी) शाखाओं से प्राप्त विवरणियों जो लेखा परीक्षा के अधीन नहीं है, को आधार बनाया गया है और इस संबंध में हमें उपलब्ध कराए गए नमूना डेटा की सटीकता को सुनिश्चित करने के लिए बैंक के आंतरिक निगरानी तंत्र/ प्रणाली की समीक्षा की गई और अपनी लेखा परीक्षा प्रक्रिया के दौरान पाए गए उन अपवादों/ विचलनों/ त्रुटियों जिन पर बैंक द्वारा पर्याप्त रूप से विचार किया गया था, को सुनिश्चित किया गया। ई) समय-समय पर जारी भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अनर्जक आस्तियों की पहचान और प्रावधानीकरण और आय के सापेक्ष रिवर्सल की जांच की गई। एफ) एनपीए की पहचान और भारतीय रिज़र्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार आवश्यक प्रावधान की पर्याप्तता के उद्देश्य से प्रबंधन के अनुमानों और निर्णयों का मूल्यांकन और परीक्षण किया गया। जी) भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुसार बैंक द्वारा क्रियान्वित आस्ति वर्गीकरण की स्वचालित आईटी आधारित प्रणाली की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया। एच) हमने बैंक द्वारा चयनित अन्य घरेलू और विदेशी शाखाओं के लिए शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा किए गए कार्य को भी आधार बनाया है। हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं के दौरान पाए गए अपवादों को विधिवत सुधार करना सुनिश्चित किया गया।

(ii) **सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) आर्किटेक्चर और सिस्टम नियंत्रण वित्तीय रिपोर्टिंग को प्रभावित करने वाले नियंत्रण**

प्रमुख लेखापरीक्षा प्रक्रिया	लेखापरीक्षा में मुद्दे के समाधान संबंधी दृष्टिकोण
बैंक के वित्तीय लेखांकन और रिपोर्टिंग प्रणालियों की जटिलता को देखते हुए बैंक अपने आईटी सिस्टम पर अत्यधिक निर्भर हैं। बैंक का आईटी आर्किटेक्चर बैंक के दैनिक व्यवसाय परिचालन को सहयोग प्रदान करता है। बैंक के आकार को देखते हुए, बड़ी संख्या में हो रहे लेनदेनों को कई ऐप्लिकेशनों के माध्यम से प्रोसेस और रिकॉर्ड किया जा रहा है। आईटी सिस्टम की विश्वसनीयता और सुरक्षा बैंक के परिचालन में बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अत: ऐप्लिकेशनों द्वारा डेटा को अपेक्षित रूप से प्रोसेस किया जा रहा है और सभी परिवर्तन उचित स्वरूप में किए जा रहे हैं, यह सुनिश्चित करने के लिए सिस्टम आर्किटेक्चर में उपयुक्त नियंत्रण आवश्यक है। आईटी आर्किटेक्चर की जटिलता, उच्च स्तरीय स्वचालन, आईटी सिस्टम के सतत और महत्त्वपूर्ण उपयोग को देखते हुए, इस प्रकार के अंतर्निहित जोखिम हो सकते हैं कि स्वचालित लेखांकन के तौर-तरीके, प्रक्रियाएं और संबंधित आंतरिक नियंत्रण इसकी परिचालन प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए उचित रूप से तैयार न किए गए हों और इसका प्रभाव इसकी वित्तीय रिपोर्टिंग पर पड़ रहा हो। अत: आईटी सिस्टम नियंत्रण को प्रमुख लेखापरीक्षा मामला माना जाता है।	हमने बैंक द्वारा उपयोग किए जा रहे आईटी सिस्टम और कार्यरत ऐप्लिकेशनों को समझा। इस उद्देश्य से, हमने बैंक के आईटी नियंत्रण प्रणाली के तहत निर्धारित नीति / प्रक्रिया / तौर-तरीकों के बारे में प्रोसैस ओनर्स के साथ लेखापरीक्षा संबंधी प्रासंगिक विषयों पर चर्चा की और प्रमुख ऐप्लिकेशनों में मानवीय हस्तक्षेप और तकनीक के कारण उत्पन्न जोखिमों से पार पाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं की समीक्षा की। लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में निम्नलिखित चरण शामिल रहे हैं (जांच परीक्षण के आधार पर): ए) सिस्टम से जनरेट किए गए रिपोर्टों के आधार पर आईटी सिस्टम की परिचालन प्रभावशीलता का सत्यापन, परीक्षण और समीक्षा करना; बी) वित्तीय रिपोर्टिंग की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण ऐप्लिकेशन, नियंत्रण के एक्सेस सहित बैंक के आईटी नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता की समीक्षा करना; सी) सिस्टम से प्राप्त परिणामों को सूचना के अन्य स्रोतों से सत्यापित करना; और डी) डेटा एक्स्ट्रेक्ट करने के लिए प्रयुक्त लॉजिक की टेस्टिंग करना। हमने शाखाओं के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा किए गए कार्यों, बाह्य वेंडरों की निरीक्षण रिपोर्ट, बैंक के आईटी सिस्टम पर स्वतंत्र विशेषज्ञों द्वारा की गई विशिष्ट लेखापरीक्षा पर भी भरोसा जताया।

(iii) **निवेशों का वर्गीकरण और मूल्यांकन, गैर-निष्पादक निवेशों की पहचान और उनके लिए प्रावधान (वित्तीय विवरणों की अनसूची 18 के नोट 3 के साथ पठित अनुसूची 8)**

प्रमुख लेखापरीक्षा प्रक्रिया	लेखापरीक्षा में मुद्दे के समाधान संबंधी दृष्टिकोण
इस निवेश में विभिन्न सरकारी प्रतिभूतियों, बांडों, डिबेंचरों, शेयरों, प्रतिभूति रसीदों तथा अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में बैंक द्वारा किए गए निवेश शामिल हैं । निवेश बैंक की कुल संपत्ति का 24.60% है। ये भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रों और निर्देशों द्वारा नियंत्रित होते हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक के इन निर्देश में अन्य बातों के साथ-साथ निवेशों का मूल्यांकन, निवेशों का वर्गीकरण, गैर-निष्पादक निवेशों की पहचान, आय की तदनुरूपी अमान्यता और इसके प्रति प्रावधान शामिल हैं। गैर-उद्धृत निवेशों और कमजोर कारोबार वाले निवेश का मूल्यांकन बाजार में उतार-चढ़ाव, बेहतर कीमतों की अनुपलब्धता और व्यापक आर्थिक अनिश्चितता के कारण अंतर्निहित जोखिम का क्षेत्र है।	भारतीय रिज़र्व बैंक (भारतीय रिज़र्व बैंक) के परिपत्रों/ निदेशों के संदर्भ में निवेश के प्रति हमारे लेखा परीक्षा संबंधी दृष्टिकोण में मूल्यांकन, वर्गीकरण, गैर-निष्पादक निवेशों (एनपीआई) की पहचान, निवेशों से संबंधित प्रावधान/ मूल्यह्रास के संबंध में आंतरिक नियंत्रण और मूल लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को शामिल किया गया है। ट्रेजरी की लेखा परीक्षा के संबंध में हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रिया निम्नलिखित पर केंद्रित है - ए) हमने मूल्यांकन, वर्गीकरण, एनपीआई की पहचान, निवेश से संबंधित प्रावधान/ मूल्यह्रास के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित दिशानिर्देशों का अनुपालन करने के लिए बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का मूल्यांकन किया है और उसे समझा है।

प्रमुख लेखापरीक्षा प्रक्रिया	लेखापरीक्षा में मुद्दे के समाधान संबंधी दृष्टिकोण
निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण, गैर-निष्पादित निवेशों की पहचान और निवेशों से संबंधित प्रावधान महत्त्वपूर्ण कार्य हैं। उपर्युक्त प्रतिभूतियों की प्रत्येक श्रेणी (प्रकार) का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए परिपत्रों और निदेशों में निर्धारित पद्धति के अनुसार किया जाता है जिसमें विभिन्न स्रोतों जैसे एफआईबीआईएल दरें, बीएसई/ एनएसई द्वारा उद्धृत दरें, असूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय विवरण आदि से डेटा/ सूचना का संग्रहण शामिल है। मूल्यांकन, लेनदेनों की मात्रा, धारित निवेश और विनियामक फोकस की गंभीरता में शामिल निर्णय की जटिलताओं और सीमा को ध्यान में रखते हुए इसे एक प्रमुख लेखा परीक्षा मुद्दे के रूप में निर्धारित किया गया है।	बी) धारित निवेश के चयनित नमूने के लिए हमने भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर परिपत्रों और प्रतिभूति की प्रत्येक श्रेणी के लिए पुनः कार्यनिष्पादन कर मूल्यांकन संबंधी निदेशों के साथ इनकी सटीकता और अनुपालन की जांच की है। नमूनों का चयन यह सुनिश्चित करने के बाद किया गया कि निवेश की सभी श्रेणियां (प्रतिभूति के स्वरूप के आधार पर) नमूनों में शामिल हैं; सी) भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों के आधार पर अथवा अन्य निर्धारित प्रक्रियाओं के आधार पर गैर-उद्धृत निवेशों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन परीक्षण किया गया है। डी) हमने एनपीआई की पहचान की प्रक्रिया और आय के सापेक्ष रिवर्सल एवं प्रावधानों के सृजन का आकलन और मूल्यांकन किया है; हमने स्वतंत्र रूप से भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रों और निदेशों के अनुसार प्रदान किए जाने वाले प्रावधान को बनाए रखने और मूल्यह्रास की फिर से गणना करने के लिए महत्तवपूर्ण लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को अपनाया है। तदनुसार, हमने प्रत्येक श्रेणी के निवेश से नमूनों का चयन किया और भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीआई संबंधी परीक्षण किया और एनपीआई के उन चयनित नमूनों को भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र के अनुसार बनाए रखने के प्रावधानों की पुन: गणना की है;

(iv) **कुछ मुकदमों के संबंध में प्रावधानों और आकस्मिक देयताओं का मूल्यांकन, अन्य पक्षों द्वारा दायर किए गए विभिन्न दावों को कर्ज के रूप में स्वीकार नहीं किया गया (वित्तीय विवरणों की अनुसूची 17 के नोट 15 के साथ पठित अनुसूची 12):**

प्रमुख लेखापरीक्षा प्रक्रिया	लेखापरीक्षा में मुद्दे के समाधान संबंधी दृष्टिकोण
बैंक ने उक्त संबंध में दायर दावों पर प्रश्न उठाए हैं जिनमें कर और गैर-कर मामलों में विभिन्न स्तरों पर लंबित मामले शामिल हैं जो विभिन्न न्यायालयों में/ मंचों पर लंबित हैं और न्यायिक प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में हैं। प्रबंधन ने ऐसे मामलों में संभावित आउट फ्लो का मूल्यांकन करने में महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया है । प्रावधान के स्तर का अनुमान लगाने में उच्च स्तर के निर्णय की आवश्यकता होती है। बैंक का मूल्यांकन मामले के तथ्यों, उनके अपने निर्णय, पिछले अनुभव और विधिक तथा स्वतंत्र कर सलाहकारों के परामर्श, जहाँ भी आवश्यक हो, से समर्थित है। तदनुसार, अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणाम बैंक द्वारा रिपोर्ट किए गए लाभ और तुलन-पत्र में प्रस्तुत मामलों की स्थिति को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं । हमने इन मामलों के परिणाम से संबंधित अनिश्चितता को देखते हुए उपर्युक्त क्षेत्र को प्रमुख लेखा परीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया है जिसके लिए कानून की व्याख्या में निर्णय के अनुपालन की आवश्यकता होती है। तदनुसार, हमारी लेखा परीक्षा विचाराधीन विषय-वस्तु के तथ्यों का विश्लेषण करने और संबद्ध निर्णय/ विधिक व्याख्या पर केंद्रित थी।	ए) हमने डिजाइन की उपयुक्तता का मूल्यांकन किया है और कर संबंधी मुकदमे के मामलों के संदर्भ में प्रबंधन के नियंत्रणों की प्रभावशीलता की जांच की है। बी) हमने विवादों के संभावित आउट फ्लो और संभावित निष्कर्षों के अनुमान के लिए प्रबंधन की अंतर्निहित धारणा की समीक्षा की है। इन अनिश्चित कर/ कर से इतर स्थितियों पर प्रबंधन की स्थिति का मूल्यांकन करते समय विधिक अधिमानों और अन्य नियमों पर विचार किया गया है। सी) इसके अलावा, संभावित आउट फ्लो के लिए प्रबंधन के निर्णयों, औद्योगिक स्तर की विवेचना और अनुमानों तथा ऐसी विवादित कर स्थितियों के संबंध में कंपनी के आंतरिक विशेषज्ञों के मतों को हमने आधार बनाया है। डी) बैंक/ अन्य कॉर्पोरेट के ऐसे समान मामलों में जहां कहीं भी विधिक निर्णय उपलब्ध थे उन्हें समीक्षित और सत्यापित किया गया है। ई) कर से इतर महत्त्वपूर्ण विवादित मामलों के लिए प्रबंधन द्वारा किए गए चयनित मुख्य संप्रेषणों, आंतरिक/बाह्य विधिक मतों/ परामर्शों को पढ़ा और विश्लेषित किया है।

प्रमुख लेखापरीक्षा प्रक्रिया	लेखापरीक्षा में मुद्दे के समाधान संबंधी दृष्टिकोण
	एफ) उपयुक्त वरिष्ठ प्रबंधन से चर्चा की और प्रावधानों के अनुमान में प्रबंधन के अंतर्निहित मुख्य धारणाओं का मूल्यांकन किया है । जी) कर से इतर विवादित मामलों में संभावित निष्कर्ष के प्रबंधन के अनुमान का आकलन किया है और ऐसे मामलों में प्रबंधन के निर्णय को आधार बनाया है। एच) सांविधिक शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा किए गए कार्य और शाखा लेखापरीक्षा के आधार पर पारित सुधार प्रविष्टियां / प्रधान कार्यालय में उपलब्ध अतिरिक्त जानकारी पर निर्भरता ।

5. अन्य मामले

ए) हमने 12 अनुषंगियों और 01 संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरणों/ सूचनाओं की लेखापरीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरण/ वित्तीय जानकारी दिनांक 31 मार्च, 2024 तक ₹68337.61 करोड़ की कुल आस्ति, ₹14980.24 करोड़ के कुल राजस्व और 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए ₹889.74 करोड़ का निवल नकदी आउटफ्लो को दर्शाते हैं, जैसा कि समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है। इन वित्तीय विवरणों/ वित्तीय सूचनाओं की लेखापरीक्षा अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा की गई है, जिनकी रिपोर्ट प्रबंधन द्वारा हमें प्रस्तुत की गई है और समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय, जहां तक यह इन अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों और सहयोगियों के संबंध में शामिल राशियों और प्रकटीकरणों से संबंधित है, पूरी तरह से ऐसे लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

विदेशी अनुषंगियों के मामले में, वित्तीय सूचना उनके संबंधित देशों में सामान्यत: स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार तैयार की गई है और उनके संबंधित देशों में लागू सामान्यत: स्वीकृत लेखा परीक्षा मानकों के तहत अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित की गई है। कंपनी के प्रबंधन ने ऐसी अनुषंगियों की वित्तीय सूचना को उनके संबंधित देशों में सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों से भारत में सामन्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों में रूपांतरित किया है और इन रूपांतरण समायोजनों की अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षा की गई है। जहां तक भारत के बाहर स्थित ऐसी अनुषंगियों के बकाया शेष का संबंध है, हमारी राय अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और कंपनी के प्रबंधन द्वारा तैयार किए गए और अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित रूपांतरण समायोजन पर आधारित है।

बी) हमने 3 अनुषंगियों और 01 संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरणों/ सूचनाओं की लेखापरीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरण/ वित्तीय जानकारी दिनांक 31 मार्च, 2024 तक ₹8937.89 करोड़ की कुल आस्ति, ₹943.47 करोड़ के कुल राजस्व और दिनांक 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए ₹1657.44 करोड़ के निवल नकदी आउटफ्लो को दर्शाते हैं, जैसा कि समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है। समेकित वित्तीय विवरणों में दिनांक 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए समूह का ₹459.23 करोड़ के निवल लाभ का हिस्सा भी शामिल है, जैसा कि 4 सहयोगियों के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है, जिनके वित्तीय विवरणों की हमारे द्वारा लेखापरीक्षा नहीं की गई है। ये समेकित वित्तीय विवरण अलेखापरीक्षित हैं और हमें प्रबंधन द्वारा प्रदान किए गए हैं और समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय, जहां तक इन अनुषंगियों, सहयोगियों और संयुक्त उद्यमों के संबंध में शामिल राशि और प्रकटीकरण का संबंध है, पूरी तरह से ऐसे अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों/ वित्तीय सूचनाओं पर आधारित है। हमारी राय में तथा प्रबंधन द्वारा हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, ये वित्तीय विवरण/ वित्तीय सूचना समूह के लिए प्रासंगिक नहीं है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय और नीचे दी गई अन्य विधिक और विनियामक आवश्यकताओं पर हमारी रिपोर्ट, उपरोक्त मामलों के संबंध में किए गए कार्यों और अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और प्रबंधन द्वारा प्रमाणित वित्तीय विवरणों पर हमारी निर्भरता के संबंध में संशोधित नहीं है।

सी) इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, अनुषंगी कंपनी के मामले में लेखा परीक्षकों ने दिनांक 26 अप्रैल, 2024 की अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में एक अपरिवर्तित निष्कर्ष दिया है और अन्य मामले खंड में रिपोर्ट किया है कि मौजूदा चालू जीवन बीमा पॉलिसी और पॉलिसी जहां प्रीमियम बंद कर दिया गया है, के लिए बीमांकिक मूल्यांकन की देयताएं कंपनी के नियुक्त एक्चुअरी ("अपॉइंटेड एक्चुअरी") की जिम्मेदारी है। लागू जीवन पॉलिसियों और उन पॉलिसियों के लिए इन देयताओं के बीमांकिक मूल्यांकन, जिनके संबंध में प्रीमियम बंद कर दिया गया है, लेकिन 31 मार्च 2024 तक कंपनी के वित्तीय विवरणों पर देनदारी मौजूद है, नियुक्त एक्चुअरी द्वारा विधिवत प्रमाणित किया गया है और उनकी राय में, इस तरह के मूल्यांकन के लिए धारणाएं भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) और इंस्टीट्यूट ऑफ एक्चुअरीज ऑफ इंडिया द्वारा आईआरडीएआई की सहमति से जारी दिशानिर्देशों और मानदंडों के अनुसार हैं। हमने इस संबंध में नियुक्त बीमांकिक के प्रमाण पत्र पर भरोसा किया है ताकि मौजूदा जारी जीवन बीमा पॉलिसी के लिए और उन पॉलिसियों के लिए देयताओं के मूल्यांकन, जिनके संबंध में प्रीमियम बंद कर दिया गया है लेकिन देयता कंपनी के वित्तीय विवरणों में शामिल है, पर हमारी राय बनाई जा सके।

डी) 31 मार्च, 2023 को समाप्त पिछले वर्ष के लिए बैंक के समेकित वित्तीय विवरणों का लेखा-परीक्षा संयुक्त केंद्रीय सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया था, जिनमें से तीन पूर्ववर्ती लेखापरीक्षा फर्म हैं और उन्होंने 16 मई, 2023 की अपनी रिपोर्ट के माध्यम से ऐसे वित्तीय विवरणों पर अपरिवर्तित राय व्यक्त की है।

उपर्युक्त मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई संशोधन नहीं है।

समेकित वित्तीय विवरण और उस पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट से इतर अन्य जानकारियां

6. बैंक का निदेशक मण्डल अन्य जानकारी उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी है। अन्य जानकारी में कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट (लेकिन इसमें समेकित वित्तीय विवरणों और लेखा परीक्षक रिपोर्ट शामिल नहीं है) शामिल है, जो हमें लेखापरीक्षक रिपोर्ट, निदेशक मंडल की रिपोर्ट, मुख्य वित्तीय सूचक और शेयरधारकों की जानकारी जारी होने के समय प्राप्त होती है तथा जिसे इस रिपोर्ट की तारीख के बाद हमें उपलब्ध कराए जाने की उम्मीद है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य जानकारी और बेसेल III के तहत पिलर 3 प्रकटीकरण को कवर नहीं करती है और हम उस पर किसी भी प्रकार का आश्वासन नहीं देंगे।

समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी उपरोक्त निर्धारित अन्य जानकारी का अध्ययन करना और ऐसा करते समय यह विचार करना है कि क्या वित्तीय विवरणों के साथ अन्य जानकारी वस्तुत: असंगत है या हमारे द्वारा लेखा परीक्षा के समय या अन्यथा प्राप्त जानकारी वस्तुतः गलत प्रतीत होती है।

यदि अन्य जानकारी जो कि लेखा परीक्षा की तारीख से पहले प्राप्त हो चुकी थी और हमारे द्वारा उस पर निष्पादित कार्य के आधार पर हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि अन्य जानकारियों में वस्तुनिष्ठ अशुद्धियां शामिल हैं, तो हमें तथ्यों को रिपोर्ट में शामिल करने की आवश्यकता होगी। इस संबंध में हमें कोई रिपोर्ट नहीं करना है।

जब हम निदेशक मंडल की रिपोर्ट, मुख्य वित्तीय सूचक और शेयर धारकों की जानकारी को पढ़ते हैं और हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि उसमें कुछ वस्तुनिष्ठ अशुद्धियां हैं, तो हमें इस मामले को उन्हें अवगत कराने की आवश्यकता होती है जिन्हें गवर्नेंस का प्रभार दिया गया है।

समेकित वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन एवं गवर्नेंस के प्रभारी व्यक्तियों की जवाबदेही

7. बैंक का निदेशक मण्डल, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 29 और समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी परिपत्रों एवं दिशानिर्देशों तथा भारत में सामान्यतः स्वीकार्य लेखांकन मानकों सहित विनिर्दिष्ट लेखांकन मानकों के अनुरूप इन समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करने और प्रस्तुत करने के लिए जवाबदेह है, जो समेकित वित्तीय स्थिति, समेकित वित्तीय कार्यनिष्पादन और समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों के कैश फ्लो का सही एवं निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों में सम्मिलित संस्थाओं के संबंधित निदेशक मंडल समूह, उसकी सहयोगी संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों की आस्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ियों और अन्य विसंगतियों की पहचान एवं उनके निवारण के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्डो के साथ-साथ उचित लेखांकन नीतियों का चयन एवं उनके उपयोग, निर्णय लेने और यह अनुमान लगाने कि ये व्यावहारिक और विवेकपूर्ण हो तथा वित्तीय विवरणों को तैयार करने और उनकी प्रस्तुति से संबंधित लेखांकन रिकॉर्डों की त्रुटिहीनता और पूर्णता के लिए प्रभावी रूप से परिचालित आंतरिक नियंत्रणों की डिजाइन, कार्यान्वयन एवं रखरखाव भी समाहित है, जो सत्य और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करते हैं और धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण भौतिक मिथ्याकथन से मुक्त हैं, जिसे उपरोक्तानुसार बैंक के निदेशकों द्वारा समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करने के उद्देश्य से प्रयोग किया है, के लिए जवाबदेह हैं।

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियम 42 और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2015 के नियम 20 के साथ पठित बैंक ऑफ बड़ौदा सामान्य (शेयर और बैठकें) संशोधन विनियमन, 2008 के विनियम 12 के अनुसरण में बैंक के शेयरधारकों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक शनिवार, 29 जून, 2024 से शुक्रवार, 05 जुलाई, 2024 तक (दोनों दिन सहित) वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 28वीं वार्षिक आम बैठक और लाभांश के भुगतान के उद्देश्य से बंद रहेगा। तदनुसार, वे शेयरधारक जिनके पास शुक्रवार, 28 जून, 2024 (विनिर्दिष्ट तारीख) कार्यसूची मद 1, 2 एवं 4 के लिए और शुक्रवार, 31 मई, 2024 कार्यसूची मद 3 के लिए, को बैंक के शेयर हैं, वे एजीएम में रिमोट ई-वोटिंग या वोटिंग के माध्यम से भाग लेने एवं बैठक की कार्यसूची पर मतदान करने में सक्षम होंगे तथा वित्त वर्ष 2023-24 के लिए लाभांश, यदि कोई हो, प्राप्त करने के लिए भी पात्र होंगे।

8. लाभांश का भुगतान

बैंक के निदेशक मंडल ने दिनांक 10 मई, 2024 को संपन्न अपनी बैठक में दिनांक 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए पूर्णतः प्रदत्त प्रति रु.2/- के इक्विटी शेयर पर @ रु.7.60 (सात रुपये साठ पैसे मात्र) की दर से लाभांश की अनुशंसा की है। निदेशक मंडल द्वारा यथा अनुशंसित और 28वीं वार्षिक आम बैठक में अनुमोदित लाभांश का भुगतान निम्नानुसार किया जाएगा:

ए) दिनांक 28 जून, 2024 को व्यावसायिक कार्यसमय की समाप्ति तक नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा यथा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में सभी लाभार्थी स्वामी को उपलब्ध होगा।

बी) दिनांक 28 जून, 2024 को व्यावसायिक कार्यसमय की समाप्ति पर या उससे पहले बैंक/ बैंक के आरटीए के पास दर्ज किए गए ट्रांसफर अनुरोधों के संबंध में वैध ट्रांसफर को प्रभावी करने के बाद भौतिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में सभी सदस्यों को इस लाभांश का भुगतान सेबी दिशानिर्देशों के अनुसार किया जायेगा।

सी) ये लाभांश 28वीं वार्षिक आम बैठक की तारीख से 30 दिनों के भीतर पात्र शेयरधारकों को लाभांश वितरित किए जाएंगे।

डी) आयकर दिशानिर्देशों के अनुसार लाभांश भुगतान पर लागू कर की कटौती की जाएगी।

9. **रिमोट ई-वोटिंग**

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियम 44 के अनुसरण में, आपके बैंक को, शेयरधारकों को बैठक के नोटिस में उल्लेखित मदों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान करते हुए प्रसन्नता हो रही है। इस विषय में शेयरधारकों को निम्नानुसार सूचित किया जाता है:

ए. बैंक ने ई- वोटिंग प्लेटफार्म उपलब्ध कराने हेतु **नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) को रिमोट ई- वोटिंग एजेंसी** के रूप में नियुक्त किया है।

बी. **रिमोट ई- वोटिंग हेतु पोर्टल मंगलवार, 02 जुलाई, 2024 को सुबह 9.00 बजे से बृहस्पतिवार, 04 जुलाई, 2024 को शाम 5.00 बजे तक पूरे समय खुला रहेगा (दोनों दिन सहित)।**

सी. **रिमोट ई-वोटिंग वैकल्पिक है।**

इस **निर्दिष्ट तारीख अर्थात् शुक्रवार, 28 जून, 2024, कार्यसूची मद 1 एवं 2 के लिए और 31 मई, 2024, कार्यसूची मद 1, 2 एवं 4 के लिए;** को मूर्त या अमूर्त (डिमैटेरिलाइज्ड) रूप में बैंक का शेयर धारित करने वाले शेयरधारक इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट दे सकेंगे।

चरण 1: एनएसडीएल ई-वोटिंग प्रणाली हेतु एक्सेस

ए) डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों हेतू ई-वोटिंग और वर्चुअल मीटिंग में सम्मिलित होने के लिए लॉगिन विधि उपलब्ध है. 09 दिसंबर, 2020 को सेबी द्वारा जारी परिपत्र के संदर्भ, में सूचीबद्ध कंपनियों को प्रदत ई-वोटिंग सुविधा के अनुसार व्यक्तिगत शेयरधारकों जिनकेपास डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत सदस्यों को डिपॉजिटरी और डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ संचालित अपने डीमैट खाते के माध्यम से वोट करने की अनुमति है। शेयरधारकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने डीमैट खातों में अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी अपडेट करें।

डीमैट मोड में प्रतिभूतियाँ धारण करने वाले वैयक्तिक सदस्यों के लिए लॉगिन विधि नीचे दी गई है:

शेयरधारकों का प्रकार	**लॉगिन प्रक्रिया**
एनएसडीएल के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारक।	1. मौजूदा IDeAS उपयोगकर्ता या तो पर्सनल कंप्यूटर पर या मोबाइल पर NSDL की ई-सर्विसेज वेबसाइट https://eservices.nsdl.com अर्थात् पर जा सकते हैं। ई-सर्विसेज होम पेज पर **IDeAS** सेक्शन के अंतर्गत उपलब्ध **"Login"** के अंतर्गत **"Beneficial owner"** आइकन पर क्लिक करें, यह आपको अपनी मौजूदा उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड दर्ज करने के संकेत देगा। सफल प्रमाणीकरण के बाद, आप मूल्य वर्धित सेवाओं के अंतर्गत ई-वोटिंग सेवाएं देख पाएंगे। ई-वोटिंग सेवाओं के अंतर्गत **"Acess to e-Voting"** पर क्लिक करें और आप ई-वोटिंग पृष्ठ देख पाएंगे। कंपनी के नाम या ई-वोटिंग सेवा प्रदाता अर्थात् **एनएसडीएल** पर क्लिक करें और आपको रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान वोट करने या मीटिंग के दौरान वर्चुअल मीटिंग और वोटिंग में शामिल होने के लिए एनएसडीएल की ई-वोटिंग वेबसाइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा। 2. यदि आप आईडीईएएस ई-सेवाओं के लिए पंजीकृत नहीं हैं, तो पंजीकरण करने का विकल्प http://eservices.nsdl.com पर उपलब्ध है। **"Register Online for Portal IDeAS"** चुनें या http://eservices.nsdl.com/SecureWeb/IdeasDirectReg:jsp पर क्लिक करें। 3. एनएसडीएल की ई-वोटिंग वेबसाइट पर जाएं। पर्सनल कंप्यूटर या मोबाइल पर यूआरएल: https://www.evoting.nsdl.com/ टाइप करके वेब ब्राउज़र खोलें। ई-वोटिंग प्रणाली का होम पेज खुलने के बाद, आइकन लॉगिन पर क्लिक करें जो 'शेयरधारक/ सदस्य' सेक्शन के तहत उपलब्ध है। एक नई स्क्रीन खुलेगी। आपको अपनी उपयोगकर्ता आईडी (अर्थात् एनएसडीएल के साथ आपका सोलह अंकों का डीमैट खाता नंबर), पासवर्ड/ ओटीपी और स्क्रीन पर प्रदर्शित सत्यापन कोड दर्ज करना होगा। सफल सत्यापन के बाद, आपको एनएसडीएल डिपॉजिटरी साइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा जहां आप ई-वोटिंग पृष्ठ देख सकते हैं। कंपनी के नाम या ई-वोटिंग सेवा प्रदाता अर्थात् एनएसडीएल पर क्लिक करें और आपको रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान वोट करने या मीटिंग के दौरान वर्चुअल मीटिंग एवं वोटिंग में शामिल होने के लिए एनएसडीएल की ई-वोटिंग वेबसाइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा। 4. शेयरधारक/ सदस्य निर्बाध मतदान अनुभव के लिए निम्नानुसार क्यूआर कोड को स्कैन करके एनएसडीएल मोबाइल ऐप **'एनएसडीएल स्पीड'** सुविधा भी डाउनलोड कर सकते हैं।

शेयरधारकों का प्रकार	लॉगिन प्रक्रिया
सीडीएसएल के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारक	1. जिन उपयोगकर्ताओं ने सीडीएसएल इज़ी/इज़ीएस्ट सुविधा का विकल्प चुना है, वे अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन कर सकते हैं। बिना किसी अन्य सत्यापन के ई-वोटिंग पृष्ठ तक पहुंचने का विकल्प उपलब्ध कराया जाएगा। इज़/इज़ीएस्ट लॉगिन करने वाले उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि सीडीएसएल वेबसाइट www.cdslindia.com पर जाएं और लॉगिन आइकन तथा नए सिस्टम Myeasi टैब पर क्लिक करें और अपने मौजूदा Myeasi उपयोगकर्ता नाम एवं पासवर्ड का उपयोग करें। 2. सफलतापूर्वक लॉगिन के बाद इज़ी/इज़ीएस्ट उपयोगकर्ता उन पात्र कंपनियों के लिए ई-वोटिंग विकल्प देख सकेंगे जहां कंपनी द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार ई-वोटिंग प्रगति पर है। ई-वोटिंग विकल्प पर क्लिक करने पर उपयोगकर्ता रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान अपना मतदान करने या मीटिंग के दौरान वर्चुअल मीटिंग एवं मतदान में शामिल होने के लिए ई-वोटिंग सेवा प्रदाता का ई-वोटिंग पेज देख पाएंगे। इसके अतिरिक्त, सभी ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं के सिस्टम तक पहुंचने के लिए लिंक भी उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि उपयोगकर्ता सीधे ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं की वेबसाइट पर पहुंच सकें। 3. यदि उपयोगकर्ता इज़ी/इज़ीएस्ट के लिए पंजीकृत नहीं है, तो पंजीकरण करने का विकल्प सीडीएसएल वेबसाइट www.cdslindia.com पर उपलब्ध है तथा लॉगिन एवं न्यू सिस्टम Myeasi टैब पर क्लिक करें और फिर पंजीकरण विकल्प पर क्लिक करें। 4. वैकल्पिक रूप से उपयोगकर्ता www.cdslindia.com के होम पेज पर उपलब्ध ई-वोटिंग लिंक के माध्यम से डीमैट खाता नंबर और पैन नंबर दर्ज करके सीधे ई-वोटिंग पेज को एक्सेस कर सकते हैं। सिस्टम डीमैट खाते में दर्ज पंजीकृत मोबाइल और ई-मेल पर ओटीपी भेजकर उपयोगकर्ता की पहचान करेगा। सफल सत्यापन के बाद उपयोगकर्ता ई-वोटिंग विकल्प देख सकेंगे जहां ई-वोटिंग प्रगति पर है और सभी ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं के सिस्टम तक सीधे एक्सेस करने में भी सक्षम होंगे।
वैयक्तिक शेयरधारक (डीमैट मोड में प्रतिभूतिधारक) अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से लॉगिन करते है	आप ई-वोटिंग सुविधा के लिए एनएसडीएल/ सीडीएसएल के साथ पंजीकृत अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के माध्यम से अपने डीमैट खाते के लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके भी लॉगिन कर सकते हैं। लॉगिन करने पर आपको ई-वोटिंग का विकल्प दिखाई देगा। ई-वोटिंग विकल्प पर क्लिक करें, सत्यापन के बाद आपको एनएसडीएल/ सीडीएसएल डिपॉजिटरी साइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा, जहां आप ई-वोटिंग सुविधा देख सकते हैं। कंपनी के नाम या ई-वोटिंग सेवा प्रदाता अर्थात् एनएसडीएल पर क्लिक करें और आपको रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान अपना मतदान करने या मीटिंग के दौरान वर्चुअल मीटिंग और वोटिंग में शामिल होने के लिए एनएसडीएल की ई-वोटिंग वेबसाइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा।

महत्वपूर्ण नोट:

जो सदस्य यूजर आईडी/पासवर्ड प्राप्त करने में असमर्थ हैं, उन्हें सूचित किया किया जाता है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर उपलब्ध फॉरगेट यूजर आईडी और फॉरगेट पासवर्ड विकल्प का उपयोग करें।

डिपॉजिटरी अर्थात् एनएसडीएल और सीडीएसएल के माध्यम से लॉगिन से संबंधित किसी भी तकनीकी समस्या के लिए डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए हेल्पडेस्क।

लॉगिन प्रकार	हेल्पडेस्क विवरण
एनएसडीएल के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारक	लॉगिन में किसी भी तकनीकी समस्या के संबंध में सदस्य evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेजकर एनएसडीएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं या 022 - 4886 7000 पर कॉल कर सकते हैं।
सीडीएसएल के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारक	लॉगिन में किसी भी तकनीकी समस्या के संबंध में सदस्य helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजकर या सीडीएसएल हेल्पडेस्क या 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते हैं।

बी) डीमैट मोड़ में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों और भौतिक मोड़ में प्रतिभूतियां रखने वाले शेयरधारकों के अलावा अन्य शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग और वर्चुअल मिटींग में शामिल होने की लॉगिन विधि

एनएसडीएल ई-वोटिंग वेबसाईट पर लॉगिन कैसे करें ?

1. एनएसडीएल की ई-वोटिंग वेबसाइट पर जाएं। पर्सनल कंप्यूटर या मोबाइल पर यूआरएल: https://www.evoting.nsdl.com/ टाइप करके वेब ब्राउज़र खोलें।
2. एक बार ई-वोटिंग प्रणाली का होम पेज खुलने के बाद, आइकन "लॉगिन" पर क्लिक करें जो 'शेयरधारक/सदस्य' सेक्शन के तहत उपलब्ध है।
3. एक नई स्क्रीन खुलेगी जिसमें आपको अपना यूजर आईडी, अपना पासवर्ड/ओटीपी और एक सत्यापन कोड, जैसा कि स्क्रीन पर दिखाया गया है, को दर्ज करना होगा वैकल्पिक रूप से, यदि आप एनएसडीएल ई-सेवाएं यानी IDEAS के लिए पंजीकृत हैं, तो आप अपने मौजूदा IDEAS लॉगिन के साथ https:/eservices.nsdl.com/ पर लॉगिन कर सकते हैं। एक बार जब आप अपने लॉगिन क्रेडेंशियल्स का उपयोग करने के बाद एनएसडीएल ई-सेवाओं में लॉगिन करते हैं, तो ई-वोटिंग पर क्लिक करें और आप चरण 2 अर्थात् इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डालने हेतु आगे बढ़ सकते हैं ।
4. आपकी यूजर आईडी का विवरण नीचे दिया गया है:

शेयर धारण करने का तरीका अर्थात डीमैट (एनएसडीएल या सीडीएसएल) या भौतिक	आपकी यूजर आईडी है:
ए) उन सदस्यों के लिए जिनके पास एनएसडीएल के साथ डीमैट खाते में शेयर हैं।	8 वर्ण की डीपी आईडी के बाद 8 अंकों की क्लाइंट आईडी उदाहरण के लिए, यदि आपकी डीपी आईडी IN300*** है और क्लाइंट आईडी 12****** है, तो आपकी यूजर आईडी IN300***12****** है।
बी) उन सदस्यों के लिए जिनके पास सीडीएसएल के साथ डीमैट खाते में शेयर हैं।	16 अंकों की लाभार्थी आईडी उदाहरण के लिए, यदि आपकी लाभार्थी आईडी 12************** है, तो आपकी यूजरआईडी 12************** है।
सी) उन सदस्यों के लिए जिनके पास भौतिक रूप में शेयर हैं।	EVEN नंबर के बाद कंपनी के साथ पंजीकृत फोलियो नंबर उदाहरण के लिए यदि फोलियो नंबर 001*** है और EVEN 101456 है तो यूजर आईडी 101456001*** है।

5. वैयक्तिक शेयरधारकों के अलावा अन्य शेयरधारकों के लिए पासवर्ड विवरण नीचे दिए गए हैं:

ए) यदि आप पहले से ही ई-वोटिंग के लिए पंजीकृत हैं, तो आप लॉगिन करने और वोट करने के लिए अपने मौजूदा पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं।

बी) यदि आप पहली बार एनएसडीएल ई-वोटिंग सिस्टम का उपयोग कर रहे हैं, तो आपको प्रारंभिक पासवर्ड को पुनः प्राप्त करना होगा जो आपको संप्रेषित किया गया था। एक बार जब आप अपना प्रारंभिक पासवर्डट पुनः प्राप्त कर लेते हैं, तो आपको प्रारंभिक पासवर्ड दर्ज करना होगा और सिस्टम आपको आवश्यक रूप से अपना पासवर्ड बदलने के लिए कहेगा।

सी) अपना प्रारंभिक पासवर्ड कैसे पुनः प्राप्त करें ?

i. यदि आपकी ईमेल आईडी आपके डीमैट खाता में या कंपनी के साथ पंजीकृत है, तो आपका प्रारंभिक पासवर्ड आपको आपकी ईमेल आईडी पर संप्रेषित किया जाता है। अपने मेलबॉक्स से एनएसडीएल से आपको भेजे गए ईमेल का पता लगाएं। ईमेल को खोलें और संलग्नक यानी .pdf फाइल खोलें। एनएसडीएल खाते के लिए .pdf फाइल खोलने का पासवर्ड आपकी 8 अंकों की क्लाइंट आईडी है और सीडीएसएल खाते के लिए क्लाइंट आईडी के अंतिम 8 अंक या भौतिक शेयरों के लिए फोलियो नंबर पासवर्ड है। .pdf फ़ाइल में आपकी 'यूजर आईडी' और आपका 'प्रारंभिक पासवर्ड' होता है।

ii. यदि आपकी ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं है, तो कृपया उन शेयरधारकों के लिए जिनकी ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं हैं, प्रक्रिया में नीचे दिए गए चरणों का पालन करें:

6. यदि आप प्रारंभिक पासवर्ड पुनः प्राप्त करने में असमर्थ हैं या पासवर्ड प्राप्त नहीं हुआ है या अपना पासवर्ड भूल गए हैं:

ए) www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध विकल्प "Forgot User Details/Password?" पर क्लिक करें (यदि आपके डीमैट खाते में एनएसडीएल या सीडीएसएल के शेयर हैं)।

बी) www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध विकल्प "Physical User Reset Password?" पर क्लिक करें (यदि आपके पास भौतिक रूप में शेयर हैं)।

सी) यदि आप अभी भी उपरोक्त दो विकल्पों द्वारा पासवर्ड प्राप्त करने में असमर्थ हैं, तो आप अपने डीमैट खाता संख्या/फोलियो नंबर, अपने पैन, अपना नाम और अपने पंजीकृत पते आदि का उल्लेख करते हुए ईमेल evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेज सकते हैं।

डी) सदस्य एनएसडीएल की ई-वोटिंग प्रणाली पर वोट करने के लिए ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) आधारित लॉगिन का भी उपयोग कर सकते हैं।

7. अपना पासवर्ड दर्ज करने के बाद, चेक बॉक्स में "नियम और शर्ते" टैब का चयन करके सहमत हूं पर टिक करें।

8. अब, आपको लॉगिन बटन पर क्लिक करना होगा।

9. लॉगिन बटन पर क्लिक करने के बाद, ई-वोटिंग का होम पेज खुल जाएगा।

चरण 2: इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट करें और एनएसडीएल ई-वोटिंग प्रणाली पर आम बैठक से जुड़ें।

इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट कैसे करें और एनएसडीएल ई-वोटिंग प्रणाली पर आम बैठक से कैसे जुड़ें ?

1. चरण-1 में सफल लॉगिन के बाद, आप उन सभी कंपनियों के "EVEN" को देख पाएंगे जिनके आप शेयर धारक हैं एवं जिनका मतदान चक्र और आम बैठक सक्रिय स्थिति में है।

2. उस कंपनी के "EVEN" का चयन करें जिसके लिए आप रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान अपना वोट डालना चाहते हैं और आम बैठक के दौरान अपना वोट करना चाहते हैं। वर्चुअल बैठक में शामिल होने के लिए आपको Join General Meeting के तहत "VC/OAVM" लिंक पर क्लिक करना होगा।

3. अब आप वोटिंग पेज खुलते ही ई-वोटिंग के लिए तैयार हैं।

4. उपर्युक्त विकल्पों का चयन करके अपना वोट करें अर्थात् सहमति या असहमति, उन शेयरों की संख्या को सत्यापित/संशोधित करें जिनके लिए आप अपना वोट करना चाहते हैं और सबमिट पर क्लिक करें एवं संकेत मिलने पर "पुष्टि करें" पर भी क्लिक करें।

5. पुष्टि करने पर, "वोट सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ" संदेश प्रदर्शित होगा।

6. आप कन्फर्मेशन पेज पर प्रिंट विकल्प पर क्लिक करके भी अपने द्वारा किए गए वोटों का प्रिंटआउट ले सकते हैं।

7. एक बार जब आप रिसोल्यूशन पर अपने वोट की पुष्टि कर देते हैं, तो आपको अपने वोट को संशोधित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

शेयरधारकों के लिए सामान्य दिशानिर्देश

1. संस्थागत शेयरधारकों (अर्थात् व्यैक्तिक, एचयूएफ, एनआरआई आदि के अलावा) को संबंधित बोर्ड संकल्प/ प्राधिकरण पत्र आदि की स्कैन की गई प्रति (पीडीएफ/जेपीजी प्रारूप) विधिवत अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता(ओं) के सत्यापित नमूना हस्ताक्षर के साथ जो मतदान करने के लिए अधिकृत हैं, scrutinizer@snaco.net पर ई-मेल द्वारा और एक प्रति evoting@nsdl.com पर संवीक्षक को मार्क करके प्रेषित करनी होगी।

2. यह सूचित किया जाता है कि किसी भी स्थिति में अपना पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा न करें और अपने पासवर्ड को गोपनीय रखने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतें। सही पासवर्ड प्रविष्ट करने के पांच असफल प्रयासों पर ई-वोटिंग वेबसाइट पर लॉगिन डिसेबल कर दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में, पासवर्ड रीसेट करने के लिए "उपयोगकर्ता विवरण/पासवर्ड भूल गए ?" या "भौतिक उपयोगकर्ता रीसेट पासवर्ड ?" विकल्प www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।

3. किसी भी प्रश्न के लिए, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं या टोल फ्री नंबर: 022 - 4886 7000 पर कॉल कर सकते हैं या evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेज सकते है ।

उन शेयरधारकों के लिए जिनकी ईमेल आईडी डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत नहीं हैं, इस नोटिस में निर्धारित प्रस्तावों के लिए ई-वोटिंग हेतु यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने और ई-मेल आईडी के पंजीकरण की प्रक्रिया निम्नानुसार है :

1. यदि शेयर भौतिक मोड में रखे गए हैं तो कृपया फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्वप्रमाणित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्वप्रमाणित स्कैन की गई प्रति) v-raju.sv@kfintech.com पर ईमेल द्वारा प्रेषित करें।

2. यदि शेयर डीमैट मोड में रखे गए हैं, तो कृपया DPID-CLID (16 अंक DPID + CLID या 16 अंकों का लाभार्थी आईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर या समेकित खाता विवरणी की प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्वप्रमाणित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्वप्रमाणित स्कैन कॉपी) v-raju.sv@kfintech.com पर प्रेषित करें। यदि आप डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारक हैं, तो आपसे अनुरोध है कि ई-वोटिंग के लिए लॉगिन प्रक्रिया और डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारकों के लिए वर्चुअल बैठक में शामिल होने के लिए **चरण 1 (ए)** में बताई गई लॉगिन प्रक्रिया देखें ।

3. वैकल्पिक रूप से शेयरधारक/ सदस्य उपर्युक्त दस्तावेज उपलब्ध कराके ई-वोटिंग हेतु यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिए evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेज सकते हैं।

4. सेबी के 9 दिसंबर, 2020 के परिपत्र के अनुसार, सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की गई ई-वोटिंग संबंधी सुविधा पर डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारकों को डिपॉजिटरी और डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ मेनटेंड अपने डीमैट खाते के माध्यम से मतदान करने की अनुमति है। ई-वोटिंग सुविधा तक पहुंचने के लिए शेयरधारकों को अपने डीमैट खाते में अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी सही ढंग से अद्यतन करना आवश्यक है।

एजीएम के दिन, सदस्यों के लिए ई-वोटिंग के निर्देश निम्नानुसार हैं:-

1. एजीएम के दिन ई-वोटिंग की प्रक्रिया ऊपर उल्लिखित रिमोट ई-वोटिंग के निर्देशों के समान है।

2. केवल वे सदस्य/ शेयरधारक, जो वीसी/ ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होंगे और जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना मतदान नहीं किया है एवं अन्यथा जिन्हें ऐसा करने से प्रतिबंधित नहीं किया गया है, वे एजीएम में ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने के पात्र होंगे।

3. जिन सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान किया है वे एजीएम में भाग लेने के पात्र होंगे। हालांकि, वे एजीएम में मतदान करने के पात्र नहीं होंगे।

4. किसी प्रस्ताव पर एक बार मतदान करने के पश्चात् उसे बाद में बदला नहीं जा सकता।

5. एजीएम के दिन ई-वोटिंग की सुविधा से जुड़ी किसी भी शिकायत के लिए जिस व्यक्ति से संपर्क किया जा सकता है, उसका विवरण वही व्यक्ति होगा जिसका उल्लेख रिमोट ई-वोटिंग के लिए किया गया है।

10. **वार्षिक आम बैठक में मतदान प्रक्रिया**

कार्यसूची की मदों पर वोटिंग, रिमोट ई-वोटिंग के साथ-साथ एजीएम में वोटिंग के माध्यम से होगी। जो रिमोट ई-वोटिंग के विकल्प का प्रयोग नहीं करते हैं वे बैठक की तारीख को एजीएम में आयोजित की जाने वाली वोटिंग में अपना वोट देने हेतु पात्र होंगे।

11. **रिमोट ई-वोटिंग/ बैठक में वोटिंग के संवीक्षक**

मेसर्स एस.एन. अनंतसुब्रमण्यन एंड कंपनी, कंपनी सचिव बैठक की कार्यसूची की सभी मदों के संबंध में रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग दोनों के लिए संवीक्षक के रूप में कार्य करेंगे।

12. **रिमोट ई-वोटिंग और बैठक में वोटिंग के परिणाम**

रिमोट ई-वोटिंग और एजीएम में वोटिंग के समेकित परिणामों की घोषणा दो कार्य दिवसों के भीतर या बैठक के अंत में की जाएगी तथा इसे बैंक, स्टॉक एक्सचेंज और एनएसडीएल की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा।

13. **पते में परिवर्तन/ लाभांश अधिदेश**

ए) बैंक नोटिस भेजने/ पत्राचार के लिए एनएसडीएल/ सीडीएसएल के साथ पंजीकृत और संबंधित डिपॉजिटरी से आरटीए द्वारा डाउनलोड किए गए पते के विवरणों का उपयोग करेगा। इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि डीमैट खाते में पंजीकृत उनका पता संबंधित डिपॉजिटरी सहभागी के पास अद्यतन किया जाना चाहिए ताकि उसे तत्काल अद्यतन किया जा सके। बैंक या उसके रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट पते में किसी भी बदलाव के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों से सीधे प्राप्त किसी भी अनुरोध पर कार्रवाई नहीं कर सकते हैं। इस प्रकार का कोई भी परिवर्तन केवल शेयरधारकों के डिपॉजिटरी सहभागी को सूचित किया जाना चाहिए।

बी) भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि यदि उनके पते में परिवर्तन हो तो इसकी सूचना वैध दस्तावेजी साक्ष्य और विधिवत हस्ताक्षरित औपचारिक अनुरोध आवेदन के साथ तत्काल बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, अर्थात् केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद को दी जानी चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों को अपने पते में किसी भी प्रकार के बदलाव को केवल **संबंधित डिपॉजिटरी सहभागी के पास रजिस्टर करना चाहिए न कि बैंक अथवा बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट के पास।**

सी) शेयरधारकों से **अनुरोध** है कि वे बैंक **अथवा** बैंक के रजिस्ट्रार **और** शेयर **ट्रांसफर एजेंट** के साथ किसी भी प्रकार के पत्र-व्यवहार में **अपने** संबंधित फोलियो **नंबर** (**उनके** लिए, जिनके पास शेयर भौतिक रूप में हैं) **और अपना** संबंधित **डीपी आईडी**/ग्राहक **आईडी नंबर** (**उनके** लिए, जिनके पास शेयर इलेक्ट्रॉनिक रूप में हैं) का **उल्लेख अवश्य** करें।

14. **भौतिक शेयरधारकों द्वारा पैन, नामांकन, संपर्क विवरण, बैंक खाते का विवरण और नमूना हस्ताक्षर प्रस्तुत किया जाना**

सेबी ने अपने परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी-पीओडी-1/पी/सीआईआर/ 2023/37 दिनांक 16 मार्च, 2023 के माध्यम से निम्नलिखित सूचना दी है:

1. सूचीबद्ध कंपनियों में भौतिक प्रतिभूतियों के सभी धारकों के लिए यह अनिवार्य है कि अपने संबंधित फोलियो नंबरों के लिए पैन, नामांकन, संपर्क विवरण, बैंक खाता विवरण एवं नमूना हस्ताक्षर प्रस्तुत करें।

2. दिनांक 01 अक्तूबर, 2023 को या उसके बाद जिन फोलियो में उपर्युक्त में से कोई भी दस्तावेज/ विवरण उपलब्ध नहीं होगा, उसे आरटीए द्वारा फ्रीज कर दिया जाएगा।

3. जिन प्रतिभूति धारकों के फोलियो को फ्रीज कर दिया गया है, वे (1) उपर्युक्त पैरा 1 में उल्लिखित संपूर्ण दस्तावेज/ विवरण प्रस्तुत करने के बाद ही आरटीए से कोई सेवा अनुरोध प्राप्त करने या शिकायत दर्ज करने के लिए पात्र होंगे। (2) दिनांक 01 अप्रैल, 2024 से ऐसे फ्रीज किए गए फोलियो के संबंध में लाभांश, ब्याज या मोचन भुगतान सहित कोई भी भुगतान इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किया जाएगा।

4. फ्रीज किए हुए फोलियो, यदि वे दिनांक 31 दिसंबर, 2025 तक फ्रीज रहते हैं, को आरटीए/ बैंक द्वारा बेनामी संव्यवहार (प्रतिषेध) अधिनियम, 1988 एवं/ अथवा धन-शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत प्रशासनिक प्राधिकारी को संदर्भित किया जाएगा।

15. **शेयरधारकों के लिए संपर्क विवरण**

इस संप्रेषण के संबंध में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के शेयरों / लाभांश संबंधी किसी भी मामले या अन्य मुद्दों पर स्पष्टीकरण / सहायता के लिए आप निम्नलिखित पते पर हमसे / आरटीए से संपर्क कर सकते हैं (कृपया अपने संप्रेषण में अपने फोलियो नंबर / टेलीफोन नंबर / मोबाइल नं / ईमेल पते का उल्लेख करें)

केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, (यूनिट: बैंक ऑफ़ बड़ौदा), सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31 एवं 32, फाइनांशियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रमगुड़ा, सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना, भारत - 500 032 **ई-मेल:** einward.ris@kfintech.com **टोल फ्री/फोन नंबर:** 1800-309-4001 **व्हाट्सएप नंबर:** (91) 9100094099 **केप्रिज्म (मोबाइल एप्लिकेशन):** https://kprism.kfintech.com/ **केफिनटेक कॉर्पोरेट वेबसाइट:** https://www.kfintech.com **आरटीए वेबसाइट:** https://ris.kfintech.com/ **निवेशक सहायता केंद्र (डीआईवाई लिंक):** https://kfintech.com/clientservices/isc	**बैंक ऑफ़ बड़ौदा,** निवेशक सेवाएं विभाग, 7 वां तल, बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर, सी-26, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ईस्ट) मुंबई - 400 051 **टेलीफोन :** 022 - 66985731/ 5743, **सामान्य नंबर :** 022-6698 5000-04 (पीबीएक्स) **ई-मेल:** investorservices@bankofbaroda.com **बैंक की वेबसाइट पर शेयरधारक का खंड -** https://www.bankofbaroda.in/shareholders-corner/

16. भौतिक शेयरों का अभौतिकीकरण- एक विशेष अनुरोध:

1. सेबी ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति संख्या 12/2019 दिनांक 27.03.2019 के माध्यम से यह निर्णय लिया है कि प्रतिभूतियों के ट्रांसमिशन या ट्रांसपोजिशन के मामले को छोड़कर 01.04.2019 से प्रतिभूतियों के अंतरण संबंधी अनुरोध तब तक प्रोसेस नहीं किए जाएंगे जब तक कि वे किसी डिपॉजिटरी के पास डिमैट रूप में न हों, अतः हम शेयरधारकों से अनुरोध करते हैं कि वे तुरंत अपने भौतिक शेयरों को डीमैट करवा लें।

2. सेबी (सूचीबद्धता दायित्व तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 40(1) के अनुसार 1 अप्रैल, 2019 से भौतिक रूप में रखी गई प्रतिभूतियों के अंतरण को बंद कर दिया गया है। तदनुसार शेयरों का अंतरण तभी किया जा सकता है, जब शेयर डीमैट रूप में रखे गए हों।

3. इसके अलावा, सेबी ने परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी आरटीएएमबी/पी/ सीआईआर/2022/8 दिनांक 25 जनवरी, 2022 के माध्यम से निर्णय लिया कि सूचीबद्ध कंपनियां डुप्लीकेट शेयर प्रमाण पत्र, ट्रांसमिशन, ट्रांसपोजिशन आदि जारी करने के अनुरोधों को प्रोसेस करते समय केवल डीमैट रूप में ही प्रतिभूतियां जारी करेंगी।

   उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, हम बैंक के उन सभी शेयरधारकों से अनुरोध करते हैं, जिन्होंने शेयरों को भौतिक रूप में रखा है, कृपया अपने शेयरों को भौतिक से अभौतिक रूप में परिवर्तन करा लें।

शेयरों को डीमैट रूप में रखने के मुख्य लाभ निम्नानुसार हैं:

i. भौतिक शेयर प्रमाण पत्र के गुम होने या क्षति की संभावना समाप्त हो जाती है;

ii. शेयर प्रमाणपत्रों के फटने या धोखाधड़ी या कटने-फटने की संभावना समाप्त हो जाती है;

iii. अभौतिकीकरण शेयरों की पेपरलेस ट्रेडिंग की सुगम और आसान सुविधा प्रदान करता है। एक बार डिपॉजिटरी भागीदार (डीपी) के पास डीमैट खाता खोलने के बाद शेयरधारक आसानी से इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर खरीद या बेच सकते हैं।

17. **भौतिक रूप में शेयरों के अभौतिकीकरण की प्रक्रिया:**

मौजूदा शेयर प्रमाणपत्र के विवरणों में कोई परिवर्तन न होने की स्थिति में अभौतिकीकरण की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी:

ए. उन शेयरधारकों के लिए जिनके पास डीमैट खाता नहीं है:

शेयरधारक(कों) को बैंक ऑफ़ बड़ौदा की नजदीकी शाखा या किसी अन्य डिपॉजिटरी भागीदार (डीपी) से संपर्क करना होगा एवं उसी नाम तथा स्वरूप में डीमैट खाता खोलना होगा, जिसमें शेयरधारक बैंक ऑफ़ बड़ौदा में शेयर धारित करता है।

डीमैट खाता खोलने के बाद शेयरधारक (कों) को डीपी को विधिवत भरे हुए और हस्ताक्षरित डीमैट अनुरोध फॉर्म (डीआरएफ) के साथ मूल शेयर प्रमाण पत्र (त्रों) प्रस्तुत करना होगा, जो उसे बैंक के आरटीए को अग्रेषित करेगा।

आरटीए डीआरएफ की जांच/ सत्यापन करेगा और सही पाये जाने पर शेयरधारक (कों) के डीमैट खाते में समान संख्या में शेयर जमा कर दिए जाएंगे।

बी. शेयरधारकों के लिए जिन के पास पहले से ही डीमैट खाता है:

शेयरधारक (कों) जिनके पास पहले से ही डीमैट खाता है, उन्हें यह जांचने की आवश्यकता होगी कि क्या मौजूदा डीमैट खाता बैंक ऑफ़ बड़ौदा में शेयरधारिता के अनुरूप उसी नाम और स्वरूप में है। यदि हां, तो शेयरधारक (कों) को मूल शेयर प्रमाणपत्र के साथ विधिवत रूप से भरा हुआ और हस्ताक्षरित डीआरएफ, डीपी को प्रस्तुत करना होगा, जो इसे बैंक के आरटीए को अग्रेषित करेगा।

आरटीए डीआरएफ की जांच/ सत्यापन करेगा और, यदि सही क्रम में पाया जाता है, तो शेयरधारक(कों) के डीमैट खाते में समान संख्या में शेयर जमा किए जाएंगे।

यदि मौजूदा डीमैट खाते में तदनुरूप नाम नहीं है, तो शेयरधारक (कों) को मार्गदर्शन के लिए अपने डीपी से संपर्क करना चाहिए।

मौजूदा शेयर प्रमाणपत्रों के विवरणों में परिवर्तन की स्थिति में, कृपया बिंदु संख्या 14 में उल्लिखित पते पर हमारे आरटीए अर्थात् केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड से संपर्क करें।

18. आईईपीएफ को अदावी लाभांश/ शेयरों का अंतरण

निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखापरीक्षा, अंतरण और धनवापसी) नियमावली, 2016 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124 के साथ पठित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 10बी और उसके अनुवर्ती संशोधन (नियमावली) के अनुसार, सभी अदावी लाभांशों को बैंक द्वारा अदत्त लाभांश खाते में ट्रांसफर की तारीख से सात साल की समाप्ति के बाद केंद्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा संरक्षण कोष (आईईपीएफ) में ट्रांसफर करना आवश्यक है। इसके अलावा, वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन (ओएम) एफ सं.13/2/2015-बीओ.II दिनांक 29 अक्टूबर, 2021 के साथ पठित निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखापरीक्षा, अंतरण और धनवापसी) नियमावली, 2016 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 124 (6) के अनुसार ऐसे सभी शेयर, जिनके संबंध में लाभांश लगातार सात वर्षों या उससे अधिक के लिए अदत्त/ अदावी रहा है और आईईपीएफ को ट्रांसफर किया गया है, भी आईईपीएफ में ट्रांसफर के लिए पात्र हैं।

इसके अनुपालन में बैंक को ऐसे शेयरधारक (कों), जिन्होंने पिछले सात वर्षों या उससे अधिक समय से आईईपीएफ को लाभांश का दावा नहीं किया है, अदावी शेयरों को आईईपीएफ को ट्रांसफर करना होगा। बैंक पहले ही वित्त वर्ष 2015-16 तक के अदावी लाभांश को आईईपीएफ को ट्रांसफर कर चुका है।

शेयरधारकों के अदावी लाभांश के विवरण बैंक की वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in/shareholders-corner/unpaid-dividend और KFin https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/default.aspx पर उपलब्ध हैं।

हम उन शेयरधारकों से अनुरोध करते हैं कि वे अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत करके अपने अदत्त लाभांश का दावा तत्काल करें। यदि बैंक को 31 जुलाई, 2024 तक कोई दावा प्राप्त नहीं होता है, तो इन शेयरों को बिना किसी सूचना के आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

कृपया ध्यान दें कि भविष्य में ऐसे शेयरों पर होने वाले सभी लाभ भी आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में ट्रांसफर किए जाएंगे।

कृपया ध्यान दें कि आईईपीएफ को ट्रांसफर की गई अदावी लाभांश राशि और शेयरों से संबधित किसी भी दावे के लिए बैंक जवाबदेह नहीं होगा।

19. आईईपीएफ को ट्रांसफर किए गए अदावी लाभांश/ शेयरों का दावा करना:

अदावी लाभांश के संबंध में जो पहले ही ट्रांसफर किए जा चुके हैं या ऐसे शेयर जिन्हें आईईपीएफ को ट्रांसफर किया जाना है, कृपया नोट करें कि आप आईईपीएफ की वेबसाइट www.iepf.gov.in पर उपलब्ध निर्धारित फॉर्म आईईपीएफ -5- में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करके और फॉर्म आईईपीएफ-5 में उल्लिखित अपेक्षित दस्तावेजों के साथ बैंक को विधिवत हस्ताक्षरित उसकी एक भौतिक प्रति भेजकर आईईपीएफ से लाभांश राशि या शेयरों का दावा करने के हकदार हैं।

20. पिछले वर्ष के अदावी/ अदत्त लाभांश, यदि कोई हो:

शेयरधारकों से अनुरोध है कि यह ध्यानपूर्वक नोट कर लें कि बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) तथा वित्तीय संस्थान विधि (संशोधन) अधिनियम, 2006 के माध्यम से बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम,1970 में संशोधन के फलस्वरुप सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए यह अनिवार्य है कि वे उक्त अधिनियम लागू होने के फलस्वरुप भुगतान हेतु /दावा हेतु शेष लाभांश राशि तथा उक्त अधिनियम लागू होने के बाद घोषित लाभांश "अदत्त लाभांश खाते" में अंतरित करें।

उक्त अदत्त लाभांश खाते में अंतरित राशि और अंतरण की तारीख से सात वर्ष की अवधि में शेष अदावी/ अदत्त राशि को कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 205 (सी) (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 125) के अंतर्गत स्थापित निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि (आईईपीएफ) में अंतरित किया जाना अपेक्षित है और उसके पश्चात इस संबंध में भुगतान के लिए कोई दावा बैंक को या निधि को प्रस्तुत नहीं किया जाएगा। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2015-16 तक घोषित किए गए अदत्त लाभांश को पहले ही आईईपीएफ को अंतरित कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2016-17 से आगे के अदत्त लाभांश के अंतरण हेतु भविष्य की नियत तारीख निम्नानुसार है:

क्र. सं.	वित्तीय वर्ष	आईईपीएफ को अंतरित करने की निर्दिष्ट तारीख/ आरटीए या बैंक को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख		
		बैंक ऑफ़ बड़ौदा	पूर्ववर्ती विजया बैंक	पूर्ववर्ती देना बैंक
1	2016-2017	06 अगस्त, 2024	29 जुलाई, 2024	लागू नहीं
2	2017-2018	लागू नहीं	04 अगस्त, 2025	लागू नहीं
3	2018-2019	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

क्र. सं.	वित्तीय वर्ष	आईईपीएफ को अंतरित करने की निर्दिष्ट तारीख/ आरटीए या बैंक को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख		
		बैंक ऑफ़ बड़ौदा	पूर्ववर्ती विजया बैंक	पूर्ववर्ती देना बैंक
4	2019-2020	लागू नहीं		
5	2020-2021	लागू नहीं		
6	2021-2022	27 जुलाई, 2029		
7	2022-2023	07 अगस्त, 2030		

जिन शेयरधारकों ने पिछले वर्षों के लिए अर्थात् वित्त वर्ष 2016-17 से अपने लाभांश पत्रों का नकदीकरण नहीं कराया है उन्हें सूचित किया जाता है कि वे बैंक के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट अथवा बैंक के निवेशक सेवाएं विभाग, मुंबई से निम्नलिखित पते पर संपर्क करें:

केफिन टेक्नोलॉजीस लिमिटेड	**निवेशक सेवाएं विभाग**
(यूनिट बैंक ऑफ़ बड़ौदा) सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट नं. 31 एवं 32, गाचीबोवली, फायनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रमगुड़ा, सेरिलिंगमपल्ली मंडल, हैदराबाद - 500 032 ई-मेलः einward.ris@kfintech.com वेबसाइट: https://www.kfintech.com **टोल** फ्री **नं.** - 1-800-309-4001	बैंक ऑफ़ बड़ौदा, 7वां तल, बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर, सी-26, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई - 400 051 ई मेल :- investorservices@bankofbaroda.com

21. ऐसे शेयरधारक, जिनके ई-मेल पते डिपोजीटरी के पास या भौतिक फोलियो आरटीए के पास पंजीकृत नहीं हैं उनके द्वारा वार्षिक रिपोर्ट, एजीएम नोटिस और ई-वोटिंग अनुदेश प्राप्त करने की प्रक्रिया:

एमसीए और सेबी के परिपत्रों के अनुसार बैंक ने वार्षिक रिपोर्ट, एजीएम की नोटिस और ई-वोटिंग संबंधी अनुदेश को शेयर धारकों के पंजीकृत ई-मेल पते पर इलेक्ट्रोनिक रूप में भेजा है। भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि निम्नलिखित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए अपने ई-मेल पते को पंजीकृत करें.

- ऐसे शेयरधारक जिन्होंने अपने ईमेल पते और पते एवं बैंक के विवरण सहित मोबाइल नंबर को पंजीकृत किया /नहीं किया है वे ईलेक्ट्रोनिक फॉर्म में शेयर धारित होने पर डिपोजीटरी साझेदार से और भौतिक रूप में शेयर धारित होने पर बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट केफिन टेक्नोलॉजी लिमिटेड से संपर्क करें और अपने विवरणों को वैध /अद्यतन कराएं।
- शेयरधारक अस्थायी रूप से अपने ईमेल पते और मोबाइल नंबर को बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट केफिन टेक्नोलॉजी लिमिटेड को उपलब्ध कराकर इस लिंक https://ris.kfintech.com/clientservices/mobilereg/mobileemailreg.aspx पर क्लिक कर इसे प्राप्त कर सकते हैं। शेयरधारकों से अनुरोध किया जाता है कि ईमेल पते और मोबाइल नंबर को दर्ज करने के लिए दी गई प्रक्रिया का पालन करें ताकि नोटिस और ई-वोटिंग संबंधी अनुदेशों की सॉफ्ट कॉपी के साथ-साथ यूजर आईडी और पासवर्ड भेजा जा सके। किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिए शेयरधारक einward.ris@kfintech.com पर संपर्क कर सकते हैं।
- शेयर धारकों से यह अनुरोध भी है कि वे वार्षिक रिपोर्ट और एजीएम की नोटिस को डाउनलोड करने के लिए बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in या रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट की वेबसाइट को विजिट करें।
- वैकल्पिक रूप से शेयरधारक वार्षिक रिपोर्ट, एजीएम की नोटिस और ई-वोटिंग अनुदेशों को प्राप्त करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक फोलियो के मामले में ईमेल पते, मोबाइल नंबर, स्व-सत्यापित पैन प्रति और क्लाईंट मास्टर प्रति के साथ हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैन प्रति तथा भौतिक फोलियो के मामले में शेयर प्रमाणपत्र की प्रति के साथ हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैन प्रति को ईमेल अनुरोध के माध्यम से einward.ris@kfintech.com पर भेज सकते हैं।

व्याख्यात्मक विवरण:

मद संख्या 3:

बैंक के एक शेयरधारक निदेशक का चयन

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा (9) (3) (i) के अनुसरण में, वर्तमान में हमारे बैंक के निदेशक मंडल में केंद्र सरकार के अलावा निम्नलिखित तीन निदेशक शेयरधारकों का प्रतिनिधित्व करते हैं:

i. श्री आलोक वाजपेयी (दिनांक 09.07.2021 से 08.07.2024 तक प्रभावी)

ii. श्रीमती नीना नागपाल (दिनांक 24.12.2023 से 23.12.2026 तक प्रभावी)

iii. श्री रवीन्द्रन मेनन (दिनांक 16.05.2024 से 15.05.2027 तक प्रभावी)

मौजूदा शेयरधारक निदेशक श्री आलोक वाजपेयी का कार्यकाल

दिनांक 08.07.2024 को समाप्त हो रहा है। तदनुसार, उक्त रिक्त स्थान को भरने के लिए निदेशक मंडल ने केंद्र सरकार से भिन्न अन्य शेयरधारकों में से एक निदेशक का चुनाव कराने का निर्णय लिया है। (शेयरधारक निदेशक)

अतः शेयरधारक (केंद्र सरकार से भिन्न) विभिन्न और प्रासंगिक अधिनियम, योजना, विनियम, अधिसूचना और दिशानिर्देशों की विस्तृत प्रक्रिया के अनुसार अपना नामांकन प्रेषित करने के पात्र हैं।

एक शेयरधारक निदेशक का चुनाव, बैंक को शेयरधारकों द्वारा प्रस्तुत नामांकनों की जांच और निदेशक मंडल की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति / निदेशक मंडल द्वारा उन्हें "उपयुक्त एंव समुचित" पाए जाने पर तथा तत्पश्चात् एजीएम में चुनाव के बाद होगा। इस प्रकार चयनित निदेशक 09 जुलाई, 2024 से अपना कार्य संभालेंगे और अगले तीन वर्षों तक की अवधि के लिए पद पर बने रहेंगे।

मद संख्या 4:

बैंक के गैर-कार्यकारी निदेशक (भारत सरकार के नामित निदेशक) के रूप में डॉ. एम.पी तन्गिराला की नियुक्ति को अनुमोदित करना। (डीआईएन:03609968)

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9 की उप धारा (3) के खंड (बी) के प्रावधान द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार ने अधिसूचना संख्या 6/2/(i)/ 2022 बी.ओ.I दिनांक 13 मई, 2024 के माध्यम से श्री मुकेश कुमार बंसल के स्थान पर तत्काल प्रभाव से और अगले आदेश तक बैंक के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में डॉ. एम. पी. तन्गिराला (अपर सचिव, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग) को नामित किया है।

सेबी के (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियमन 17 (सी) के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी यह सुनिश्चित करेगी कि निदेशक मंडल में किसी व्यक्ति कि नियुक्ति या पुनर्नियुक्ति के लिए शेयरधारकों की मंजूरी अगली आम बैठक में ली जाए। तदनुसार, डॉ. एम.पी तन्गिराला को बैंक के गैर-कार्यकारी निदेशक पद पर नियुक्ति के लिए एजीएम की बैठक में शेयरधारकों से अनुमोदन लेना आवश्यक है.

संक्षिप्त परिचय

डॉ. एम.पी तन्गिराला भारतीय डाक एवं ई संचार लेखा और वित्त सेवा के वर्ष 1990 बैच के अधिकारी है। आप कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गिंडी, आईआईएम कोलकता, उसमानिया विश्वविद्यालय, आईआईपीए, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, जहां से आपने विधि और गवर्नेस में पीएचडी की, के पूर्व छात्र है ।

भारत सरकार में अपने कॅरियर के दौरान आपने दूरसंचार नीति, विधि और विनियमन, प्रशासन, कार्मिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण, बीमा विनियमन और वित्तीय सेवाओं के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किया है। अपने मूल विभाग दूरसंचार के अलावा डॉ. एम.पी तन्गिराला ने बीएसएनएल, ट्राई, यूपीएससी और आईआरडीएआई में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। आप वर्तमान में वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार में अपर सचिव है।

डॉ. तन्गिराला को बैंक द्वारा कोई पारिश्रमिक/मुआवजा देय नहीं होगा।

बैंक में उनकी शेयरधारिता, यदि कोई हो, की सीमा तक डॉ. एम.पी तन्गिराला और उनके रिश्तेदारों के अलावा बैंक के किसी भी निदेशक या उनके रिश्तेदारों और प्रमुख प्रबंधन कर्मियों को साधारण और एजीएम में संलग्न मद संख्या 4 में उल्लिखित सामान्य संकल्प में कोई दिलचस्पी या हित नहीं है।

निदेशक के चुनाव के लिए अन्य प्रावधान:

ए. विधिक प्रावधान

इस विषय से संबंधित विभिन्न अधिनियम/ योजना/ विनियम/ अधिसूचना के प्रावधान नीचे तालिका में दिए गए हैं : -

अधिनियम/ योजना/ विनियम/ अधिसूचना	आवश्यक प्रावधान	संक्षिप्त विवरण
बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949	धारा 5 (एन-ई) धारा 16 (1) धारा 20	➢ महत्वपूर्ण लाभ ➢ सामान्य निदेशकों का निषेध ➢ बैंक के किसी भी निदेशक की ओर से ऋण या अग्रिम की स्वीकृति पर प्रतिबंध
बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970	धारा 3 (2ई) धारा 9 (3)(i) धारा 9 (3ए) (ए) से (सी) धारा 9 (3एए) व धारा 9 (3एबी) धारा 9 (3बी) धारा 13(2)	➢ वोट देने के अधिकार पर प्रतिबंध ➢ शेयरधारकों द्वारा चुने जाने वाले निदेशकों की संख्या ➢ कतिपय क्षेत्रों में विशेष ज्ञान ➢ कोई भी व्यक्ति निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए तब तक पात्र नहीं होगा/ होगी जब तक कि उसे भा.रि.बैं. द्वारा निर्धारित ट्रैक रिकार्ड, सत्यनिष्ठा या अन्य निर्धारित किसी मानदंड पर उपयुक्त नहीं पाया जात। ➢ ऐसे चुने गए निदेशक को, जो उक्त अधिनियम की धारा 9 (3ए) व 9(3एए) की जरूरतों को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें हटाने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक का अधिकार ➢ निष्ठा एवं गोपनीयता बरतने संबंधी बाध्यता

अधिनियम/ योजना/ विनियम/ अधिसूचना	आवश्यक प्रावधान	संक्षिप्त विवरण
राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970	खंड 9 (4) खंड 10 खंड 11 खंड 11ए खंड 11 बी खंड 12 (8)	➢ निर्वाचित निदेशकों का कार्यकाल ➢ बैंक के निदेशक के रूप में निर्वाचित होने की अयोग्यताएं ➢ निदेशक कार्यालय को खाली करना ➢ निर्वाचित निदेशक के पद से हटाया जाना ➢ निर्वाचित निदेशक के कार्यालय में आकस्मिक रिक्ति भरा जाना ➢ निदेशकों के हितों वाले कुछ निश्चित क्षेत्रों का निदेशकों द्वारा प्रकटीकरण
बैंक ऑफ़ बड़ौदा सामान्य (शेयर एवं बैठकें) विनियम, 1998 (2008 तक संशोधित)	विनियम 10 विनियम 61 विनियम 63 विनियम 64 विनियम 65 विनियम 66 विनियम 67 विनियम 68 विनियम 69 विनियम 70	➢ संयुक्त धारकों के अधिकारों का उपयोग ➢ सामान्य बैठकों में वोट देना ➢ सामान्य बैठकों में चुने जाने वाले निदेशक ➢ शेयरधारकों की सूची ➢ चुनाव के लिए उम्मीदवारों का नामांकन ➢ नामांकनों की जांच ➢ चुनाव विवाद ➢ वोटिंग अधिकारों का निर्धारण ➢ विधिवत् अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा वोट किया जाना ➢ प्रॉक्सी
भा.रि.बैं. मास्टर निदेश	बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9 (3एए) तथा 9 (3एबी) के अनुसरण में	राष्ट्रीयकृत बैंकों के बोर्ड में निर्वाचित निदेशकों के लिए समुचित एवं उपयुक्तता मानदंड
दिनांक 3 सितम्बर, 2013 के कार्यालय ज्ञापन के साथ पठित भारत सरकार के पत्र सं. एफ.न.16/51/2012-बीओ. आई. दिनांक 28 अप्रैल, 2015 तथा 20 जुलाई, 2016 के साथ पठित कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा अनुमोदित अंशकालिक अशासकीय निदेशकों की नियुक्ति के लिए दिनांक 25 मार्च, 2015 को भारत सरकार द्वारा जारी किए गए संशोधित दिशानिर्देश, यदि है तो..		बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3)(i) के अनुसार शेयरधारक निदेशक का चुनाव करते समय उम्मीदवारों की उपयुक्त एवं समुचित स्थिति का निर्धारण हेतु निदेशक मंडल के नामांकन एवं परिश्रमिक समिति द्वारा इन दिशानिर्देशों को ध्यान में रखा जाएगा।
दिनांक 1 जुलाई, 2015: भारतीय रिज़र्व बैंक का मास्टर परिपत्र		निदेशकों के संबधियों को ऋण एवं अग्रिमों की स्वीकृति
सेबी (सूचीबद्धता दायित्व तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015		स्वतंत्र निदेशकों के संबंध में प्रावधान

शेयरधारकों की सुविधा के लिए अधिनियम, विनियमन अधिनियम, योजना/विनियम के संबद्ध अंशों के साथ-साथ भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना सं. डीबीआर.नियुक्ति.सं. 9/29.67.001/2019-20 दिनांक 02.08.2019 तथा भारत सरकार के दिशानिर्देश बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर प्रदर्शित किए जाएंगे जो उपयोगकर्ता द्वारा देखे/डाउनलोड किए जा सकते हैं। ऐसे सारांश इच्छुक उम्मीदवारों को, उनके द्वारा नामांकन फॉर्म प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख अर्थात् **20 जून, 2024** को अथवा उससे पहले कंपनी सचिव, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, कार्पोरेट कार्यालय के पास उनके ई-मेल companysecretary.bcc@bankofbaroda.com पपर अनुरोध प्राप्त होने पर ई-मेल किए जा सकते हैं।

बी. चुनाव में भागीदारी :

जैसा कि पहले ही दर्शाया गया है कि ऐसे शेयरधारक जिनके नाम **विनिर्दिष्ट/ कट-ऑफ तारीख अर्थात् शुक्रवार, 31 मई, 2024** को एनएसडीएल/ सीएसडीएल द्वारा प्रस्तुत शेयरधारकों / लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर पर अंकित हैं, वे सभी शेयरधारक केंद्र सरकार के अलावा अन्य शेयरधारकों में से निदेशकों के चुनाव में भागीदारी अर्थात् **नामित करने, चुनाव लड़ने एवं वोट देने** की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

यह नोट किया जाए कि केंद्र सरकार निदेशक के चुनाव से संबंधित कार्यसूची (कार्यसूची मद संख्या 3) में भाग लेने के लिए पात्र नहीं है, परंतु पर्यवेक्षक के रूप में एजीएम में उपस्थित रह सकते हैं।

सी. बैंक के निदेशक के रूप में चुने जाने हेतु अपेक्षित योग्यता

1. अधिनियम की धारा 9 (3ए) के अनुसार बैंक के किसी शेयरधारक और धारा 9 (3)(i) के तहत बैंक के निदेशक के रूप में निर्वाचित होने के इच्छुक प्रत्याशी को:

ए) निम्नलिखित में से किसी एक अथवा एक से अधिक विषय में विशेष ज्ञान अथवा व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए:

i. कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था

ii. बैंकिंग

iii. सहकारिता

iv. अर्थशास्त्र

v. वित्त

vi. विधि

vii. लघु उद्योग

viii. किसी अन्य विषय का विशेष ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव, जो भारतीय रिज़र्व बैंक की राय में बैंक के लिए उपयोगी हो। (भारतीय रिज़र्व बैंक ने दिनांक 24 नवंबर, 2016 के अपने परिपत्र सं. डीबीआर.नियुक्ति.बीसी.सं.39/29.39.001/2016-17 के माध्यम से बैंक में निदेशक के रूप में व्यक्तियों की नियुक्ति पर विचार करने के लिए निम्नलिखित को शामिल करने हेतु विशेषज्ञता का विस्तार किया है (i) सूचना प्रौद्योगिकी (ii) भुगतान एवं निपटान प्रणाली (iii) मानव संसाधन (iv) जोखिम प्रबंधन (v) कारोबार प्रबंधन

बी) जो जमाकर्ताओं के हितों का प्रतिनिधित्व करता हो, अथवा

सी) किसानों, कामगारों एवं शिल्पकारों के हितों का प्रतिनिधित्व करता हो।

2. अधिनियम की धारा 9 (3एए) और भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना के अनुसार वह उम्मीदवार जो बैंक का शेयरधारक है तथा बैंक का निदेशक बनना चाहता है, उसे **"उपयुक्त एंव समुचित"** हैसियत वाला होना चाहिए।

अधिनियम की धारा 9 (3एबी) के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक ने भी उपधारा 3(एए) के अंतर्गत जारी अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किया है, उपयुक्त एवं सुमुचित स्टेटस् का निर्धारण करने वाले प्राधिकारी, उस निर्धारण की प्रणाली, उस निर्धारण के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया तथा ऐसे अन्य मामले जो उससे प्रासंगिक हों या आवश्यक समझे जाएं, को ध्यान में रखें।

इसके अलावा निर्वाचित निदेशक द्वारा प्रसंविदा विलेख निष्पादित किया जाना चाहिए तथा इस संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट वार्षिक घोषणा प्रस्तुत करनी चाहिए।

डी. बैंक के निदेशक के रूप में निर्वाचित होने हेतु अयोग्यताएं

(ए) राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970 के खंड 10 की शर्तों के अनुसार, कोई भी ऐसा व्यक्ति निदेशक के रूप में नियुक्त होने और निदेशक होने के लिए अयोग्य होगा:

ए) यदि वह, किसी समय दिवालिया करार दिया गया हो या उसने लेनदारों का भुगतान रोका हुआ हो या प्रशमन किया हो; अथवा

बी) यदि उसे विकृत दिमाग का पाया गया हो अथवा उसे किसी सक्षम न्यायालय द्वारा ऐसा घोषित किया गया हो, अथवा

सी) यदि उसे फौजदारी न्यायालय द्वारा नैतिक चरित्रहीनता के अपराध के कारण दण्डित किया गया हो, अथवा

डी) यदि वह, किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उप धारा (1) के तहत गठित, भारतीय स्टेट बैंक अथवा भारतीय स्टेट बैंक (अनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959 की धारा 3 में यथा परिभाषित किसी अनुषंगी बैंक के तहत लाभ का पद धारण करता है/करती है, सिवाय इसके कि वह बैंक में अधिनियम की धारा 9 की उप धारा (3) के खंड (ई) और (एफ) के तहत बैंक के कर्मचारियों में से नामित किए गए पूर्णकालिक निदेशक का पद धारण करता है/करती है। इसमें प्रबंध निदेशक तथा निदेशक भी शामिल है।

(बी) यदि वह भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना डीबीआर.नियुक्ति.सं. 9/29.67.001/2019-20 दिनांक 02 अगस्त, 2019 और भारत सरकार के दिशानिर्देशों सं. एफ.सं. 16/51/2012-बीओ.आई दिनांक 28 अप्रैल, 2015 और दिनांक 20 जुलाई, 2016 के साथ पठित कार्यालय ज्ञापन

दिनांक 03 सितंबर, 2013 के मानदंडों के अनुसार "उपयुक्त एंव समुचित" व्यक्ति नहीं पाया जाता है।

ई. कार्यकाल

राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970 के खंड 9(4) के अनुसार निर्वाचित निदेशक तीन वर्ष तक पद पर रहेगा और पुन:चुनाव के लिए पात्र होगा।

बशर्ते, वह निदेशक अपने पद पर लगातार छ: वर्ष से अधिक की अवधि के लिए नहीं रह सकेगा।

एफ. भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर निर्देश

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970/1980 की धारा 9 की उप-धारा(3एए) के अंतर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिसूचना डीबीआर.नियुक्ति.सं: 9/29.67.001/2019-20 दिनांक 2 अगस्त, 2019 जारी की है, जिसमें बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970/1980 की धारा 9(3)(i) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंकों के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में निर्वाचित हुए व्यक्तियों द्वारा पूरे किए जाने वाले उपयुक्त एवं समुचित मानदंडों का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है।

"उपयुक्त एवं समुचित" स्थिति आदि का निर्णय करने संबंधी प्राधिकार, पद्धति/प्रक्रिया एवं मानदंड निम्नानुसार हैं:

ए) **प्राधिकार :**

बैंकों से अपेक्षित है कि वे एक "नामांकन एवं पारिश्रमिक" (इसके बाद से समिति कहा जाएगा) का गठन करें जिसमें निदेशक मंडल इसके बाद से बोर्ड कहा जाएगा) से तीन गैर-कार्यपालक निदेशक शामिल होंगे। एसबीआई अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (सी)/बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970/1980 की धारा 9 की उप-धारा (3) के खंड (i) के अंतर्गत निदेशकों के रूप में निर्वाचित होने वाले व्यक्तियों की "उपयुक्त एंव समुचित" स्थिति का निर्धारण करने हेतु समुचित सावधानी की प्रक्रिया पूरी करने के लिए इस समिति में कम से कम आधे स्वतंत्र निदेशक और न्यूनतम एक निदेशक जोखिम प्रबंधन समिति से होना चाहिए।

बी) पद्धति एवं प्रक्रिया :

बैंकों को चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करने वाले व्यक्तियों से आवश्यक सूचना एवं घोषणा एवं वचनपत्र निर्धारित प्रारूप में प्राप्त कर लेना चाहिए। समिति को चुने जाने वाले व्यक्तियों के मामले में नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख से पहले बैठक करनी चाहिए और निर्णय करना चाहिए कि निम्नांकित मानदंडों के आधार पर निर्वाचित होने वाले व्यक्तियों की उम्मीदवारी को स्वीकार किया जाए या नहीं। समिति के विचार विमर्श को औपचारिक कार्यवृत्त के रूप में रिकॉर्ड में दर्ज किया जाना चाहिए और यदि वोटिंग हुई हो तो उसे भी नोट किया जाना चाहिए। हस्ताक्षरित घोषणा में दी गई सूचना के आधार पर समिति को प्रत्याशी की स्वीकृति या अन्यथा रूप में निर्णय करना चाहिए तथा जहां कहीं आवश्यक हो समुचित प्राधिकारी/व्यक्तियों के समक्ष अभिवेदन प्रस्तुत करना चाहिए ताकि आवश्यक अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

सी) मानदंड :

नामांकन एवं परिश्रमिक समिति को प्रस्तावित प्रत्याशियों की **"उपयुक्त एंव समुचित"** हैसियत का निर्धारण बोर्ड के निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर करना चाहिए: -

(i) **आयु:** निर्वाचन के लिए नामांकन की प्रस्तुति हेतु प्रत्याशी की आयु तय की गई कट-ऑफ तारीख तक 35 से 67 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

(ii) **शैक्षणिक योग्यता:** प्रत्याशी को कम से कम स्नातक होना चाहिए।

(iii) **अनुभव तथा विशेषज्ञता का क्षेत्र:** प्रत्याशी के पास भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र डीबीआर.नियुक्ति.बीसी.सं 39/29.39.001/2016-17 दिनांक 24 नवंबर, 2016 के साथ पठित एसबीआई अधिनियम की धारा 19ए(ए)/ बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970/1980 की धारा 9 (3ए)(ए), जैसा भी मामला हो, में निर्धारित किसी एक या अधिक विषय पर विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए।

(iv) **अयोग्यता:** एसबीआई अधिनियम, 1955 की धारा 22 / राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970/80 के खंड 10 में निर्धारित "निदेशकों की अयोग्यता" के अतिरिक्त;

ए) प्रत्याशी को किसी बैंक या भारतीय रिज़र्व बैंक या वित्तीय संस्था (एफआई) या बीमा कंपनी या किसी अन्य बैंक की होल्डिंग एनओएफएचसी के बोर्ड का सदस्य नहीं होना चाहिए।

स्पष्टीकरण: इस उप-पैरा या उप-पैरा (सी) के उदेश्य से **"बैंक"** से आशय बैंकिंग कंपनी, समकक्ष नया बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, सहकारी बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से है।

बी) किराया खरीद, वित्तपोषण, राशि उधार, निवेश, लीजिंग या अन्य पैरा-बैंकिंग कार्यकलापों से जुड़े हुए व्यक्ति को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के बोर्ड में निदेशक के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा। हालांकि, ऐसी संस्थाओं के निवेशकों को निदेशक की नियुक्ति से अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता, यदि वह इन कंपनियों में प्रबंधकीय नियंत्रण नहीं रखता हो।

सी) किसी भी व्यक्ति को, जो पहले बैंक/वित्तीय संस्था/ भा.रि.बैं./ बीमा कंपनी के बोर्ड में लगातार या अलग-अलग समय पर किसी भी श्रेणी में 6 वर्ष निदेशक के रूप में सेवा कर चुका है, उसे बैंक के बोर्ड में निर्वाचित/पुनर्निर्वाचित नहीं किया जा सकता।

डी) प्रत्याशी को स्टॉक ब्रोकिंग के व्यवसाय में शामिल नहीं होना चाहिए।

ई) प्रत्याशी को संसद या राज्य विधानसभा या नगर निगम या नगरपालिका या अन्य स्थानीय निकायों (अन्य स्थानीय निकायों से अर्थ है अधिसूचित

क्षेत्र परिषद, नगर परिषद, पंचायत, ग्राम सभा, जिला परिषद् आदि निकाय) के सदस्य के पद पर नहीं होना चाहिए।

एफ) प्रत्याशी को ऐसे सनदी लेखाकार फर्म का साझेदार नहीं होना चाहिए जो वर्तमान में सांविधिक शाखा लेखापरीक्षक या समर्वती लेखापरीक्षक के रूप में कार्य कर रहा हो।

जी) प्रत्याशी को ऐसे सनदी लेखाकार फर्म का साझेदार नहीं होना चाहिए जो जिस बैंक के चुनाव के लिए नामांकन किया गया है उसमें वर्तमान में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक या भारतीय स्टेट बैंक के साथ सांविधिक केन्द्रीय लेखापरीक्षक के रूप में कार्य कर रहा हो।

(v) **कार्यकाल** - निर्वाचित निदेशक का कार्यकाल तीन वर्ष के लिए होगा और वह पुनर्निर्वाचन के लिए पात्र होगा: बशर्ते वह लगातार या अलग-अलग समय पर 6 वर्ष से अधिक समय तक निदेशक के रूप में सेवा नहीं देगा।

(vi) व्यावसायिक प्रतिबंध

ए) प्रत्याशी का संबंधित बैंक के साथ न ही व्यावसायिक संबंध होना चाहिए और न ही उसे ऐसी गतिविधियों में शामिल होना चाहिए जो उस बैंक के व्यावसायिक हितों को (विधिक सेवाएं, सलाहकार सेवाएं आदि सहित) नुकसान पहुंचाए।

बी) प्रत्याशी का बैंक या किसी अन्य बैंक की होल्डिंग नॉन-ऑपरेटिव फाइनेंसियल होल्डिंग कंपनी (एनओएफएचसी) के साथ पेशेवर संबंध नहीं होना चाहिए।

बशर्ते कि निर्वाचन के लिए नामांकन दर्ज करते समय प्रत्याशी का बैंक के साथ ऐसा संबंध मद (बी) के तहत अपेक्षा को पूरा करता है, प्रत्याशी समिति के समक्ष यह घोषणा प्रस्तुत करेगा कि यदि निदेशक के रूप में उसका निर्वाचन होता है तो बैंक के साथ ऐसे संबंध से अलग हो जाएगा और निर्वाचन पश्चात बैंक के निदेशक के रूप में नियुक्त होने से पहले ऐसे संबंध से अलग हो जाएगा।

(vii) ट्रैक रिकॉर्ड तथा निष्ठा प्रत्याशी को किसी विनियामक या पर्यवेक्षक प्राधिकारी/ एजेंसी, या कानून प्रवर्तन एजेंसी से प्रतिकूल नोटिस न दिया गया हो और उसे किसी ऋणदाता संस्थान का डिफॉल्टर नहीं होना चाहिए।

बैंक, निर्वाचित निदेशक से निम्न प्राप्त करें:

ए) ऐसे व्यक्ति के निदेशक पद धारण करने से पहले संलग्न निर्धारित प्रारूप में निष्पादित प्रसंविदा विलेख;

बी) प्रति वर्ष 31 मार्च को एक सामान्य घोषणापत्र जिसमें यह उल्लिखित हो कि ऐसे व्यक्ति द्वारा पूर्व में उपलब्ध कराई गई सूचना में कोई परिवर्तन नहीं हुआ हो।

सी) यदि निर्वाचित निदेशक द्वारा सूचित किया जाता है कि पूर्व में उपलब्ध कराई गई सूचना में परिवर्तन हुआ है, तो बैंक ऐसे निदेशक से नया अनुलग्नक प्राप्त करेगा जिसमें ऐसे परिवर्तनों को शामिल किया गया हो।

बैंक यह भी सुनिश्चित करेगा कि:

बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 20 का अनुपालन किया जाता है। साथ ही,

ए) निर्वाचित सीए निदेशक उसकी फर्म के ग्राहकों के उचित प्रकटीकरण और उसके स्वयं/ फर्म के ग्राहकों से संबन्धित बैंक के क्रेडिट/ निवेश संबंधी निर्णयों में सहभागिता न करने सहित सुरक्षा उपायों की एक प्रणाली बनाएं। निर्वाचित सीए निदेशक के लिए यह आवश्यक हो जाना चाहिए कि वह पूरी प्रक्रिया से स्वयं को अलग रखें और इस आशय से एक प्रतिज्ञा-पत्र पर हस्ताक्षर करें।

बी) निर्वाचित निदेशक के लिए यह आवश्यक है कि वह निदेशक के रूप में व्यक्तिगत रूप से स्वयं को उन संस्थाओं सहित जिनमें वह रुचि रखते हैं, से दूर रखते हुए तथा बैंक के क्रेडिट/ निवेश निर्णयों में प्रतिभागिता न करते हुए व्यावसायिक संस्थाओं में अपने हितों और निदेशक पद का पूर्ण और उचित प्रकटीकरण करें।

सी) ऐसे निदेशक के रूप में पद छोड़ने के बाद दो साल की अवधि के लिए उस व्यक्ति को, जिसे उस बैंक का निदेशक चुना गया है, कोई व्यावसायिक कार्य आबंटित नहीं किए जाएं।

जहां निर्वाचित निदेशक:

(ए) निम्नलिखित संबंध में विफल रहते हैं

(i) प्रतिज्ञा या घोषणा पत्र का विलेख प्रस्तुत करने में; या

(ii) उचित प्रकटीकरण करने में; या

(iii) जिसमें उसकी रूचि है ऐसे क्रेडिट / निवेश निर्णयों में सहभागिता करने से बचने में

अथवा

(बी) अधूरा या गलत प्रकटीकरण करता है, या

(सी) ऐसी गतिविधियों में शामिल है जो उसे उपर्युक्त उल्लिखित मानदंड के अनुसार उपयुक्त और समुचित नहीं बनाते हैं।

ऐसे निदेशक को एसबीआई अधिनियम की धारा 19 ए की उपधारा (2)/ बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970/ 1980 की धारा 9 की उपधारा (3 एए) की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करने वाला माना जाएगा तथा इसके परिणामों के लिए उत्तरदायी होगा।

जी. भारत सरकार के दिनांक 25 मार्च, 2015 एवं 20 जुलाई, 2016 के दिशानिर्देश

भारत सरकार के पत्र दिनांक 3 सितंबर, 2013 के माध्यम से प्राप्त सूचना के अनुसार, निदेशक मण्डल की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति शेयरधारक निदेशक की "**उपयुक्त तथा समुचित**" स्थिति का निर्धारण करते समय अशासकीय निदेशकों (एनओडी) के लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्दशों को भी ध्यान में रखेगी। भारत सरकार ने 25 मार्च, 2015 को दिशानिर्देशों में संशोधन किया है तथा अपने पत्र दिनांक 28 अप्रैल, 2015 के साथ पठित दिनांक 8 जुलाई, 2016 के संशोधन द्वारा सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भेजा है जिसके सार निम्नानुसार है:

ए) सामान्य

1. नामांकन संबद्ध अधिनियमों/नियमों के प्रावधानों को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए।

2. नामिति की उपयुक्तता सामान्य शैक्षणिक योग्यता, विशेषज्ञता, ट्रैक रिकॉर्ड, निष्ठा आदि की शर्तों के अनुसार निर्धारित की जानी चाहिए। सत्यनिष्ठा तथा उपयुक्तता निर्धारित करने के लिए आपराधिक रिकॉर्ड, वित्तीय स्थिति, वैयक्तिक कर्जों के लिए की गई दीवानी कार्रवाई, व्यावसायिक निकायों में प्रवेश की अनुमति न देना या वहां से निकाल देना, विनियामकों तथा ऐसे ही निकायों द्वारा लगाए गए प्रतिबंध तथा पिछली संदेहात्मक व्यवसाय व्यवहारों आदि को आधार बनाया जाना चाहिए।

बी) अनुभव

1. सामान्यत: कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, बैंकिंग, सहकारिता, अर्थशास्त्र, व्यवसाय प्रबंधन, मानव संसाधन, वित्त, कॉर्पोरेट कानून, जोखिम प्रबंधन, उद्योग एवं आईटी के क्षेत्र में विशेष शैक्षणिक प्रशिक्षण प्राप्त या व्यावहारिक अनुभव रखने वाले व्यक्तियों पर विचार किया जाएगा। उद्योग में वरिष्ठ पद पर 20 वर्ष के अनुभव, संबंधित क्षेत्र में प्रतिष्ठित विशेषज्ञता (प्रतिष्ठित संगठन का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया हो, किसी घाटे में चल रहे संगठन को उबारकर मुनाफे में लाया हो) को वरीयता दी जाएगी।

2. सेवानिवृत्त वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, जिनका कुल अनुभव 20 वर्ष का हो और संयुक्त सचिव या उससे ऊपर के स्तर पर न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव हो। सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के सेवानिवृत्त अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/ कार्यपालक निदेशक सेवानिवृत्ति के एक वर्ष बाद पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकों/ कार्यपालक निदेशकों की उस सार्वजनिक क्षेत्र बैंक के बोर्ड में, जहां से वे सेवानिवृत्त हुए हैं, अशासकीय निदेशक के रूप में नियुक्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/ कार्यपालक निदेशक, जो अभी सेवा में हैं, की किसी अन्य सार्वजनिक क्षेत्र बैंक के निदेशक मण्डल में अशासकीय निदेशक(एनओडी) के रूप में नियुक्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. प्रमुख बैंकिंग प्रबंधन संस्थानों के शिक्षाविद निदेशक और प्रोफेसर जिन्हें 20 वर्ष से अधिक का अनुभव हो।

4. 20 वर्ष का अनुभव (ऑडिट अनुभव के अलावा) रखने वाले सनदी लेखाकारों को भी वरीयता दी जाएगी।

5. हालांकि, मामले की मेरिट के आधार पर विशिष्ट मामलों में वित्त मंत्री के अनुमोदन से अनुभव संबंधी मानदंडों में छूट दी जा सकती है।

6. जहां तक संभव हो, महिलाओं तथा अ.जा./ अ.ज.जा. समुदाय के व्यक्तियों को भी प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है।

सी) शिक्षा

अशासकीय निदेशक (एनओडी) को किसी भी वर्ग में विशेषत: व्यवसाय प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन, वित्त, मानव संसाधन और सूचना प्रौद्योगिकी में विशेषज्ञता के साथ कम से कम स्नातक होना चाहिए।

डी) आयु

निदेशक की आयु, सर्च/ नामांकन और पारिश्रमिक समिति द्वारा की गई सिफारिश की तारीख को 67 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

ई) कार्य अनुभव

पेशेवर व्यक्तियों/ शिक्षाविदों को अपने विशिष्ट क्षेत्र में सामान्यत: 20 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

एफ) अयोग्यता

i. यदि कोई निदेशक पहले से ही किसी भी श्रेणी के अंतर्गत किसी बैंक/ वित्तीय संस्था (एफआई)/ भा.रि.बैं/ बीमा कंपनी में निदेशक के रूप में कार्यरत हो, तो किसी अन्य बैंक/ वित्तीय संस्था/ भा.रि.बैं/ बीमा कंपनी में एनओडी के रूप में उसके नामांकन पर विचार नहीं किया जाएगा।

ii. किराया खरीद, वित्त पोषण निवेश, पट्टा या अन्य पैरा-बैंकिंग कार्यकलापों से जुड़े हुए व्यक्ति एम पी, एमएलए, एमएलसी तथा स्टॉक ब्रोकर को बैंकों /वित्तीय संस्थाओं/ भा.रि.बैं/ बीमा कंपनियों के निदेशक मंडल में अशासकीय निदेशक के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा। किराया खरीद, वित्त पोषण, निवेश, पट्टा या अन्य पैरा-बैंकिंग कार्यकलापों से जुड़े हुए निवेशकों को अशासकीय निदेशक(एनओडी) की नियुक्ति से अयोग्य नहीं ठहराया जाएगा, यदि उनका ऐसी कंपनियों में कोई प्रबंधकीय नियंत्रण नहीं हैं।

iii. किसी भी व्यक्ति को, जो पहले किसी बैंक/वित्तीय संस्था/ भा.रि.बैं./ बीमा कंपनी के निदेशक मंडल में लगातार किसी भी श्रेणी में दो कार्यकाल या 6 वर्ष, जो भी अधिक हो, के लिए निदेशक के रूप में सेवा कर चुका है, उसे एनओडी के रूप में पुनः नामांकित नहीं किया जा सकता है।

iv. कोई सनदी लेखाकार, यदि उसकी फर्म वर्तमान में किसी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के साथ सांविधिक केन्द्रीय लेखा परीक्षक के रूप में कार्य कर रहा हो।

v. कोई सनदी लेखाकार यदि उसकी फर्म किसी बैंक में सांविधिक शाखा लेखा परीक्षक या समवर्ती लेखा परीक्षक के रूप में कार्य कर रहा हो।

जी) कार्यकाल

किसी भी एनओडी को बैंक/वित्तीय संस्था/ भा.रि.बैं./ बीमा कंपनी के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में नामांकित नहीं किया जाएगा, यदि ऐसे निदेशक पहले से ही किसी अन्य बैंक/वित्तीय संस्था/ भा.रि.बैं./ बीमा कंपनी के निदेशक मंडल में 6 वर्षों के लिए लगातार या अलग-अलग समय पर एनओडी/शेयर धारक-निदेशक रह चुके हैं।

एच) व्यावसायिक प्रतिबंध

राष्ट्रीयकृत बैंक योजना (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970 के खंड 10(डी) के अंतर्गत किसी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक में लाभ के कार्यालय के साथ-साथ व्यावसायिक प्रतिबंध के मामलों का अलग से परीक्षण किया जा सकता है।

आई) क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निदेशक मंडल में देश के सभी छ: क्षेत्रों - उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, मध्य तथा उत्तर-पूर्व से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

एच) शेयरधारकों के रजिस्टर का निरीक्षण

शेयरधारकों का रजिस्टर, बैंक के प्रधान कार्यालय में केवाईसी-एएमएल विभाग, प्रधान कार्यालय, 7वां तल, बड़ौदा भवन, आर सी दत्त रोड, अलकापुरी, वडोदरा- 390007 में **शुक्रवार, 07 जून, 2024 से शुक्रवार, 05 जुलाई, 2024 तक** सभी कार्य दिवसों (दूसरे एवं चौथे शनिवार, रविवार, बैंक अवकाश के अलावा) अर्थात् सोमवार से शुक्रवार तथा पहले और तीसरे शनिवार को दोपहर **2:00 बजे से सायं 4:00** बजे तक शेयरधारकों के निरीक्षण के लिए खुला रहेगा ताकि प्रत्याशी शेयरधारकों के रजिस्टर के किसी भाग से वांछित सूचना प्राप्त कर सकें।

यदि कोई शेयरधारक उपर्युक्त की प्रति या चयनित/ अंश की कंम्प्यूटर द्वारा मुद्रित प्रति चाहता है तो उसे संबद्ध अंश के प्रत्येक 1000 शब्दों अथवा उसके प्रति भाग हेतु रु. 5/- की दर से राशि का भुगतान प्रदान किया जाएगा।

आई. शेयरधारकों की सूची

जैसा कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा (शेयर एवं बैठकें) विनियम, 1998 के विनियमन 64 में दिया गया है, यथासंशोधित शेयरधारकों की सूची की एक प्रति (इलेक्ट्रानिक रूप में) बैंक के वडोदरा स्थित प्रधान कार्यालय बड़ौदा/ कार्पोरेट कार्यालय में, **शुक्रवार, 07 जून, 2024** से बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पक्ष में वडोदरा में देय किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी रु. 50,000/- (केवल पचास हजार रुपए) के मांग ड्रॉफ्ट/पे ऑर्डर के माध्यम से भुगतान करने पर शेयरधारकों द्वारा खरीद हेतु उपलब्ध होगी। इच्छुक अभ्यर्थी को उक्त सूची खरीदने के लिए एक अनुरोध पत्र **मुख्य महाप्रबंधक (परिचालन), बैंक ऑफ़ बड़ौदा, सातवां तल, बड़ौदा भवन, आर. सी. दत्त रोड, अलकापुरी, वडोदरा- 390007 / कंपनी सचिव, बैंक ऑफ बड़ौदा, सातवां तल, बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर, सी-26, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा पूर्व, मुंबई 400051** को इस वचन-पत्र के साथ देना होगा कि इस सूची का उपयोग केवल चुनाव में प्रचार के लिए ही किया जाएगा तथा उसका कोई और उपयोग नहीं किया जाएगा।

जे. निर्वाचन के लिए अभ्यर्थियों का नामांकन

निदेशक के रूप में चुनाव के लिए अभ्यर्थी का नामांकन निम्न शर्तों के अध्यधीन स्वीकार्य होगा:

ए) विनियमों के विनियम 65 की शर्तों के अनुसार वह **विनिर्दिष्ट / अंतिम तारीख शुक्रवार, 31 मई, 2024** को बैंक के कम से कम 100 (एक सौ) शेयरों का शेयरधारक हो और बैठक की तारीख तक और उसके बाद यदि चुन लिया जाता है तो उसके कार्यकाल के बाद भी उसे न्यूनतम 100 शेयरों का शेयरधारक होना चाहिए।

बी) उक्त अधिनियम के अंतर्गत निदेशक निर्वाचित करने के लिए नामांकन लिखित रूप में किया गया हो और वह कम से कम **एक सौ पात्र शेयरधारकों** अथवा यथाविधि उनके अटॉर्नी द्वारा हस्ताक्षरित हो, बशर्ते, कि नामांकन यदि किसी ऐसे शेयरधारक द्वारा किया गया हो, जो एक कंपनी है और उक्त कंपनी के निदेशकों द्वारा संकल्प पारित किया गया हो, तो संकल्प पारित करने वाली बैठक के अध्यक्ष द्वारा संकल्प की एक प्रति, जिसे वास्तविक प्रति के रूप में अभिप्रमाणित किया गया हो, **मुख्य महाप्रबंधक (परिचालन), बैंक ऑफ़ बड़ौदा, सातवां तल, बड़ौदा भवन, आर. सी. दत्त रोड, अलकापुरी, वडोदरा- 390007/ कंपनी सचिव, बैंक ऑफ बड़ौदा, सातवां तल, बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर, सी-26, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा पूर्व, मुंबई 400051** को भेजी जाएगी और ऐसी प्रति को उस कंपनी की ओर से किया गया नामांकन माना जाएगा।

सी) शेयरधारकों (न्यूनतम 100) द्वारा किए गए वैध नामांकन के साथ किसी न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट, रजिस्ट्रार अथवा सब-रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस अथवा किसी अन्य राजपत्रित अधिकारी अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के किसी अधिकारी अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक के किसी अधिकारी के समक्ष हस्ताक्षरित नोटिस में दिए गए नामांकन एवं घोषणा के नमूने के अनुसार यह घोषणा शामिल होनी चाहिए कि वह नामांकन को स्वीकार करता है और निर्वाचन में खड़े होने के लिए इच्छुक है और यह कि वह अधिनियम अथवा विनियम अधिनियम अथवा उक्त योजना अथवा विनियमों या भारत सरकार के लागू दिशानिर्देशों के तहत निदेशक के लिए अयोग्य नही है और साथ ही वह अपने व्यक्तिगत विवरण (बायो डाटा) को उपयुक्त रूप में हस्ताक्षरित करते हुए और यह प्रतिज्ञा करते हुए घोषणा करेगा कि यह विवरण उसके सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य है और साथ ही यह भी शपथ पत्र देगा कि

वह बाद में भी ऐसे मामलों में जो सूचना, तदनुरूप घोषणा की दृष्टि से प्रासंगिक है, उससे बैंक को पूरी तरह अवगत कराएगा।

डी) वह नामांकन प्राप्त होने की अंतिम तारीख अर्थात् **गुरुवार, 20 जून, 2024** तक बैंकिंग विनियम अधिनियम 1949 या बैंककारी कंपनी (उपक्रमों के अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 या राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970 या बैंक ऑफ़ बड़ौदा सामान्य (शेयर एवं बैठकें) विनियम 1998 (जैसा कि अब "विनियम" के रूप में संदर्भित होगा) के अंतर्गत अयोग्य न हो और उसके बाद वह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अशासकीय निदेशकों की नियुक्ति के संबंध में 25 मार्च, 2015 तथा 20 जुलाई, 2016 को भारत सरकार द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों अथवा निदेशक के चुनाव के संबंध में समय-समय पर जारी ऐसे अन्य निर्देशों के साथ पठित, भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना सं. डीबीआर नियुक्ति सं.: 9/29.67.001/2019-20 दिनांक 02.08.2019 के अनुसार निदेशक मण्डल की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति द्वारा "उपयुक्त एंव समुचित" पाया गया हो।

ई) नामांकन पत्र और घोषणा पत्र विनियमों के द्वारा निर्धारित हैं और नोटिस के साथ **संलग्न प्रारूप में** दिए गए है। (यह प्रोफार्मा बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर भी उपलब्ध है।)

के. नामांकन फार्म की प्रस्तुति :

शेयरधारकों में से केंद्र सरकार को छोड़कर, बैंक के निदेशक हेतु चुनाव लड़ने के इच्छुक शेयरधारकों को इस नोटिस के साथ संलग्न प्रारूपों में विधिवत भरे हुए निम्नलिखित दस्तावेज सीलबंद लिफाफे में जिस पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा निदेशक का चयन- **जुलाई 2024** लिखा हो, उसे व्यक्तिगत रूप से या पंजीकृत डाक/कुरियर के माध्यम से मुख्य महाप्रबंधक (परिचालन) को संबोधित करते हुए बैंक ऑफ़ बड़ौदा, सातवां तल, बड़ौदा भवन, आर. सी. दत्त रोड, अलकापुरी, वडोदरा-390 007 / कंपनी सचिव, बैंक ऑफ बड़ौदा, सातवां तल, बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर, सी-26, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा पूर्व, मुंबई 400051 को वार्षिक आम बैठक की निर्धारित तारीख से कम से कम 14 कार्य दिवस पूर्व अर्थात् **गुरुवार, 20 जून, 2024 को सायं 4:00 बजे** तक या इससे पूर्व प्रस्तुत कर देना चाहिए।

ए) विधिवत रूप से भरा गया घोषणा पत्र

बी) निर्वाचन में भाग लेने हेतु पात्र न्यूनतम 100 शेयरधारकों से वैध नामांकन फॉर्म

सी) इस नोटिस के साथ संलग्न प्रारूप में व्यक्तिगत सूचना, घोषणा पत्र तथा वचन पत्र के साथ-साथ संबंधित दस्तावेज, प्रमाण-पत्र **अर्थात् स्व-प्रमाणित बायोडाटा, शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्र, बैंक के लिए उपयुक्त अनुभव आदि की प्रतियां संलग्न हो।**

डी) उक्त नामांकन फार्म व अन्य दस्तावेज सभी तरह से पूर्ण होने चाहिए और ऐसा न होने पर नामांकन अस्वीकार किया जा सकता है।

एल. नामांकनों की जांच तथा निदेशकों का चुनाव

ए) नामांकनों की जांच नामांकन प्राप्त होने के लिए निर्धारित अंतिम तारीख के बाद प्रथम कार्य दिवस को अर्थात् **शुक्रवार, 21 जून, 2024** को बैंक द्वारा नामांकनों की स्वीकार्य नियम एवं विनियमों के तहत की जाएगी और यदि कोई नामांकन वैध नहीं पाया गया तो उसका कारण दर्ज करने के पश्चात उसे अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

बी) वैध नामांकन भी भारतीय रिज़र्व बैंक और भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार निदेशक मण्डल की नामांकन और पारिश्रमिक समिति (एनआरसी)/ निदेशक मंडल, जैसा भी मामला हो, द्वारा जांच किए जाने के अधीन होगी। चूंकि भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशों और भारत सरकार के दिशानिर्देशों द्वारा लागू किए गए प्रतिबंध समान स्वरूप के हैं, अत: बैंक अभ्यर्थियों के उपयुक्त एवं समुचित स्थिति का निर्धारण करते समय दोनों में से जो अधिक कठिन हों, उस पर विचार किया जा सकता है।

सी) बैंक नामांकन की जांच के समय या/बोर्ड की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति/ निदेशक मंडल द्वारा सूचित किए जाने के अनुसार उम्मीदवारों से उनकी उम्मीदवारी से संबंधित अतिरिक्त जानकारी और दस्तावेजों की मांग कर सकता है।

डी) नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति द्वारा जांच किए जाने के बाद, यदि चुनाव द्वारा भरी जाने वाली एक रिक्ति हेतु केवल एक ही वैध नामांकन प्राप्त होता है तो इस प्रकार नामित प्रत्याशी का नाम एजीएम में बैंककारी कंपनी अधिनियम की धारा 9(3)(i) के साथ पठित संकल्प सेबी लिस्टिंग विनियम के विनियमन 25(2ए) के अनुसार संकल्प के माध्यम से प्रस्तावित किया जाएगा। जहां केंद्र सरकार के अलावा केवल एक शेयरधारक मतदान करने का हकदार होगा। यदि और केवल तभी, उम्मीदवार को निर्वाचित घोषित किया जाएगा जब उक्त संकल्प बहुमत से पारित हो जाता है। **नए चुने गये निदेशक बुधवार, 09 जुलाई, 2024 से अपना पदभार ग्रहण करेंगे तथा पदभार ग्रहण करने की तारीख से 3 वर्ष की अवधि तक पद पर बने रहेंगे।**

ई) यदि वैध नामांकन की संख्या एक से अधिक हो तो प्रत्याशियों के नाम समाचार-पत्रों में प्रकाशित किए जाएंगे और चुनाव कराया जाएगा एवं चुनाव में सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाले, अर्थात् रिमोट ई-वोटिंग तथा बैठक के दौरान ई-वोटिंग को मिलाकर, प्रत्याशी को निर्वाचित माना जाएगा और उनका नाम बैठक में घोषित किया जाएगा तथा समाचार-पत्रों में भी प्रकाशित किया जाएगा।

एम. उम्मीदवारी वापस लेना

यदि कोई उम्मीदवार अपना नामांकन वापस लेना चाहता है, तो वह **शनिवार, 29 जून, 2024 को बैंक के कार्यदिवस की समाप्ति से पहले, अर्थात शाम 4.00 बजे तक या उससे पूर्व** किसी भी समय, **मुख्य महाप्रबंधक (परिचालन), बैंक ऑफ़ बड़ौदा, सातवां तल, बड़ौदा भवन, आर. सी. दत्त रोड, अलकापुरी, वडोदरा- 390 007/ कंपनी**

सचिव, बैंक ऑफ बड़ौदा, सातवां तल, बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर, सी-26, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा पूर्व, मुंबई 400051 को संबोधित हस्ताक्षरित पत्र भेज कर या gm.ops.ho@bankofbaroda.com अथवा companysecretary.bcc@bankofbaroda.com पर स्कैन तथा हस्ताक्षरित पत्र का ई-मेल भेजकर अपना नामांकन वापस ले सकता है।

एन. विवाद

यदि कोई विवाद उत्पन्न होगा, तो बैंक ऑफ़ बड़ौदा सामान्य (शेयर एवं बैठकें) विनियम, 1998, यथा संशोधित, के विनियमन 67 के अनुसार उसका निपटान करेगा।

ओ. सारांश

लागू अधिनियम/ योजना/ विनियम/ अधिसूचना/ भारत सरकार के दिशानिर्देशों के संबद्ध हिस्सों के सारांश शेयरधारकों के लाभार्थ बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर प्रदर्शित किए गए हैं। जो शेयरधारक चुनाव लड़ना चाहते हैं वे इसे डाउनलोड कर सकते हैं अथवा इसकी प्रति मंगवाने के लिए बैंक के कंपनी सचिव companysecretary.bcc@bankofbaroda.com को लिख सकते हैं और इसे प्राप्त कर सकते हैं।

पी. निदेशकों का हित

बैंक के निदेशक तथा ऐसे निदेशक जिन्होंने नामांकन दर्ज किए हैं, का कार्यवाही की उक्त मदों से उनकी शेयरधारिता की सीमा तक सरोकार या उसमें उनका हित समझा जाएगा।

निदेशक मण्डल के आदेश से
कृते बैंक ऑफ़ बड़ौदा

देबदत्त चांद
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

स्थान : मुंबई
दिनांक : 28 मई, 2024

क्र.

नामांकन फार्म

प्रति,
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
बैंक ऑफ़ बड़ौदा
प्रधान कार्यालय,
वडोदरा.

प्रिय महोदय,

निदेशक का चुनाव

आपके दिनांक .... 2024 के नोटिस के संदर्भ में, मैं श्री/सुश्री .... बैंक ऑफ़ बड़ौदा का शेयरधारक, **शुक्रवार, 31 मई, 2024** अर्थात् निर्वाचन में भाग लेने की विनिर्दिष्ट/ कट ऑफ तारीख को प्रत्येक रु. 2/- के .... इक्वटी शेयरों का धारक, एतद् द्वारा श्री/सुश्री .... सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी .... निवासी .... को **शुक्रवार, 05 जुलाई, 2024** को होनेवाली बैंक के शेयरधारकों की वार्षिक आम बैठक में, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3) (i) में दिए गए प्रावधान के अनुसार बैंक के शेयरधारकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए बैंक ऑफ़ बड़ौदा के निदेशक के रूप में चुने जाने हेतु नामित करता हूं/करती हूं।

नाम	
हस्ताक्षर	
धारित शेयरों की संख्या	
पंजीकृत फोलियो नं. **(यदि अभौतिक तिर्थरूप में नही)**	
डी.पी. आई.डी. नं. एवं ग्राहक आई.डी. नं. **(यदि अभौतिक रूप में हो.)**	
स्थान	
तारीख	

नोट :

ए) यदि नामांकन किसी कार्पोरेट निकाय शेयरधारक द्वारा किया गया हो, तो नामांकन फार्म के साथ निदेशक मंडल द्वारा पारित संकल्प की अधिप्रमाणित प्रति संलग्न की जानी चाहिए और उस पर, जिस बैठक में इसे पारित किया गया हो, उसके अध्यक्ष के हस्ताक्षर होने चाहिए।

बी) प्रत्याशी का नामांकन करने वाले शेयरधारक के हस्ताक्षर, बैंक के शेयर अंतरण एजेंट के पास उपलब्ध नमूना हस्ताक्षर से मेल खाने चाहिए।

सी) यदि उपर्युक्त में से कोई कॉलम रिक्त छोड़ा गया या विवरण असत्य पाया गया तो नामांकन रद्द किया जा सकता है।

घोषणा पत्र

मैं, श्री/श्रीमती .... सुपुत्र/ सुपुत्री/ पत्नी/ श्री/ श्रीमती ....

...............................निवासी.. एतदद्वारा पुष्टि करता / करती हूं कि :-

ए) मैं शुक्रवार, **31 मई, 2024** अर्थात् निर्वाचन में भाग लेने की विनिर्दिष्ट/ कट ऑफ तारीख को बैंक के ₹ 2/- प्रति शेयर वाले .... इक्विटी शेयरों का शेयरधारक हूं और घोषणा करता/ करती हूं कि यदि बैंक के निदेशक के रूप में चुन लिया जाता/ जाती हूं, तो उसकी अवधि की समाप्ति तक शेयरधारिता रखूंगा/रखूंगी.

बी) मुझे* (i) कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था (ii) बैंकिंग (iii) सहकारिता (iv) अर्थशास्त्र (v) वित्त (vi) विधि (vii) लघु उद्योग अथवा अन्य किसी विषय, सूचना प्रौद्योगिकी/ भुगतान एवं निपटान प्रणाली/ मानव संसाधन/ जोखिम प्रबंधन/ व्यवसाय प्रबंधन आदि का विशेष ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव है जो भारतीय रिज़र्व बैंक की राय में बैंक के लिए उपयोगी होगा और मैं अधिनियम की धारा 9 की उपधारा 3ए के अनुसार जमाकर्ताओं अथवा किसानों, कामगारों और दस्तकारों के हितों का प्रतिनिधित्व करता हूं/ करती हूं और उसके साक्ष्य के रूप में, मैं इसके साथ संबंधित प्रमाण प्रस्तुत करता हूं/करती हूं, और

(***जो लागू न हो उसे काट दें**)

सी) मैं नामांकन क्रमांक .... स्वीकार करता / करती हूं; और

डी) मैं बैंक ऑफ़ बड़ौदा के निदेशक के निर्वाचन में प्रत्याशी बनना चाहता/ चाहती हूं; और

ई) मैं, बैंककारी विनियम अधिनियम, 1949, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन तथा विविध प्रावधान) योजना, 1970, यथा संशोधित बैंक ऑफ़ बड़ौदा सामान्य (शेयर एवं बैठक) विनियमन, 1998 के प्रावधानों के अधीन और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी संबंधित अधिसूचना तथा भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के अशासकीय निदेशकों के संबंध में जारी मानदंडों के तहत बैंक के निदेशक होने के लिए अयोग्य नहीं हूं और

एफ) मैं कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 के तहत अयोग्य नहीं हूं; तथा

जी) मैं न किसी कार्यालय में लाभ का पद धारण करता / करती हूं अथवा न ही मैं किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उप-धारा (1) के तहत गठित भारतीय स्टेट बैंक अथवा भारतीय स्टेट बैंक (अनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959 की धारा 3 में यथा परिभाषित किसी अनुषंगी बैंक का/ की कर्मचारी हूं।

साथ ही मैं घोषणा करता/ करती हूं:

एच) मुझे कभी भी दिवालिया करार नहीं किया गया है और मैंनें कभी भी अपने लेनदारों का भुगतान नहीं रोका या प्रशमन नहीं किया है; तथा

आई) मुझे कभी भी विक्षिप्त नहीं पाया गया है और न ही कभी किसी सक्षम न्यायालय द्वारा ऐसा घोषित किया गया हैं और न ही कभी नैतिक भ्रष्टता के किसी जुर्म में किसी अपराधिक न्यायालय द्वारा अपराधी घोषित किया गया है; तथा

जे) मुझे कभी किसी आर्थिक अधिकारी या न्यायायिक दंडाधिकारी या उच्च न्यायालय या अन्य किसी न्यायालय द्वारा अपराधी घोषित नहीं किया गया है; तथा

के) मैं चयन होने के पश्चात बैंक के साथ अपने पेशेवर रिश्ते, यदि कोई हो, को समाप्त करूंगा/ करूंगी तथा बैंक के साथ निदेशक के रूप में अपनी कार्यभार अवधि के दौरान और उसके बाद के दो वर्षों की अवधि के लिए कोई पेशेवर रिश्ता नहीं रखने का वचन देता/ देती हूं।

एल) मैं पहले भी किसी बैंक या भारतीय रिज़र्व बैंक या वित्तीय संस्था या किसी बीमा कंपनी या एनओएफएचसी धारक किसी अन्य बैंक के बोर्ड में निदेशक मंडल में निदेशक नहीं हूं।

एम) मैं किसी किराया खरीद, वित्तपोषण, राशि उधार देने, निवेश, लिजिंग तथा अन्य पैरा बैंकिंग गतिविधियों से जुड़ा हुआ / जुड़ी हुई नहीं हूं;

एन) मैं पहले भी किसी बैंक/ वित्तीय संस्थान/ भारतीय रिज़र्व बैंक/ किसी बीमा कंपनी के बोर्ड में निदेशक मंडल में किसी भी श्रेणी के अंतर्गत लगातार या अलग-2 समय पर -6- वर्षों के लिए निदेशक नहीं रहा/ रही हूं।

ओ) मैं स्टॉक ब्रोकिंग कारोबार में शामिल नहीं हूँ।

पी) मैं सांसद या राज्य विधानमंडल या नगर निगम या नगर पालिका या अन्य स्थानीय निकायों (अन्य स्थानीय निकायों से तात्पर्य ऐसे निकाय अर्थात् अधिसूचित क्षेत्र परिषद, नगर परिषद, पंचायत, ग्राम सभा, जिला परिषद, आदि) के पद पर कार्यरत नहीं हूं।

क्यू) मैं सांविधिक केन्द्रीय लेखा परीक्षक के रूप में किसी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक या भारतीय स्टेट बैंक के साथ वर्तमान में कार्य कर रहे किसी सनदी लेखाकार फर्म में भागीदार नहीं हूं।

आर) मैं बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सांविधिक शाखा लेखा परीक्षक या समवर्ती लेखा परीक्षक के रूप में वर्तमान में कार्य कर रहे सनदी लेखाकार फर्म में भागीदार नहीं हूं जिसमें चुनाव के लिए नामांकन प्रस्तुत किया गया है।

एस) मेरा बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ न तो कोई व्यावसायिक संबंध है (विधिक सेवाओं, सलाहकार सेवाओं आदि सहित) और न ही मैं उन गतिविधियों में शामिल हूं, जिसके परिणामस्वरूप बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ व्यावसायिक हितों का टकराव हो सकता है।

टी) मेरा किसी बैंक या किसी एनओएफएचसी धारक कोई अन्य बैंक के साथ कोई व्यावसायिक संबंध नहीं है और निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण से पहले निर्वाचित होने पर बैंक के साथ संबंध को समाप्त करने का वचन लेता/ लेती हूं।

यू) मैं किसी विनियामक या पर्यवेक्षी प्राधिकरण/ एजेंसी या कानून प्रवर्तन एजेंसी के प्रतिकूल नोटिस के अधीन नहीं हूं और मैं किसी भी उधार देने वाली संस्था का चूककर्ता नहीं हूं।

वी) मैं निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने से पहले नियम पत्र विलेख (भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र दिनांक 02.08.2019 के निर्धारित प्रारूप में) निष्पादित करने का वचन देता/ देती हूं;

डब्ल्यू) मैं बैंक को पूरी तरह से, यथाशीघ्र, घटनाओं, यदि कोई हो, जो इस घोषणा के बाद होने वाली जानकारी से संबंधित है, जो कि सूचना प्रदान करने के लिए प्रासंगिक है, के सूचित करने और बैंक के निदेशक के रूप में मेरे चयन पर नियम पत्र विलेख निष्पादित करने का वचन देता/ देती हूं; तथा

एक्स)मैं, सेबी (सूचीयन करार तथा प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियम, 2015 यथा संशोधित के संबंधित प्रावधानों को बैंक में निदेशक बने रहने तक पालन करुंगा/ करूंगी।

वाई) मैं अपना व्यक्तिगत विवरण संलग्न कर रहा/ रही हूं जो कि मेरी सर्वोत्तम जानकारी में और विश्वास के अनुसार सत्य एवं पूर्ण हैं।

जेड) मैं अन्य कंपनी/ बैंक में वर्तमान में तथा पहले रहे अपने निदेशक कार्यकाल का विवरण नीचे दे रहा/ रही हूं:

कंपनी/बैंक का नाम	निदेशक के रूप में विवरण अर्थात् कार्यकाल, निदेशक के पद का स्वरूप, अवधि आदि

(आवश्यक हो तो अतिरिक्त शीट लगाएं)

एए. मैं अपना व्यक्तिगत विवरण संलग्न कर रहा/ रही हूं जो कि मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य एवं पूर्ण हैं।

नाम	
हस्ताक्षर	
मोबाइल नंबर	
ई-मेल आईडी	
शेयरों की संख्या	
पंजीकृत फोलियो नं. (यदि अभौतिक न हो)	
डीपी आईडी नं. एवं ग्राहक आईडी नं. (यदि अभौतिक हो)	
स्थान	
तारीख	

नोट: उम्मीदवार इस घोषणापत्र में दिए गए विवरण को डिलीट/ संशोधित कर सकते हैं

उपर्युक्त घोषणा पत्र पर मेरी उपस्थिति में हस्ताक्षर किया गया है।

....

न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट, रजिस्ट्रार या एश्योरेंसस के उप रजिस्ट्रार या अन्य राजपत्रित/ अधिकारी या भारतीय रिज़र्व बैंक या बैंक ऑफ़ बड़ौदा या किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के अधिकारी के हस्ताक्षर एवं मुहर ।

बैंक का नाम: बैंक ऑफ़ बड़ौदा

प्रस्तावित निदेशक द्वारा घोषणा एवं वचनपत्र

(**उपयुक्त अनुलग्नकों सहित**)

यहां पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं

दिनांक ....2024 को उपयुक्त अनुलग्नकों सहित प्रत्याशी द्वारा दिया जाने वाला घोषणा एवं वचनपत्र					
I		**प्रत्याशी का व्यक्तिगत विवरण**			
	ए	नाम	प्रथम नाम	मध्य नाम	अंतिम नाम
	बी	वर्तमान पता			
	सी	राष्ट्रीयता			
	डी	जन्म तिथि (तिथि/माह/वर्ष) और उस तारीख को आयु	- - / - - / - - - - आयु: - - वर्ष - - माह - - - दिन		
	ई	शैक्षणिक योग्यताएं			
	एफ	निर्देशक पहचान संख्या (डीआईएन)			
	जी	आधार संख्या			
	एच	(i) स्थायी खाता संख्या (पैन): (ii) आयकर सर्कल/वार्ड का नाम और पता, जहां प्रस्तावित निदेशक की कर (आयकर अधिकार क्षेत्र) फाइल की जाती है : (iii) पिछले 3 वर्षों के लिए फाइल की गई विवरणी (यों) और करों के भुगतान का विवरण	**फाईल करने की तारीख**	**भुकतान की गई कर राशि (रूपए में)**	
	आई	स्थायी पता			
	जे	ई-मेल का पता/ वैकल्पिक ई-मेल का पता: एसटीडी कोड सहित दूरभाष संख्या: मोबाइल संख्या:			
	के	संबद्ध ज्ञान तथा अनुभव संदर्भ • बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949 की धारा 10ए(2), • बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम 1970/1980 की धारा 9 (3ए) • एसबीआई अधिनियम, 1955 की धारा 19ए(ए), बैंकिंग कंपनियों के लिए उपयोगी विशेष ज्ञान अथवा व्यावहारिक अनुभव के संदर्भ में भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र डीबीआर.एपीपीटी.बीसी सं. 39/29.39.001/2016-17 दिनांक 24 नवंबर, 2016 के साथ पठित, जैसा भी मामला हो, का संदर्भ लें।			

<table>
<tr><td></td><td>एल</td><td>वर्तमान व्यवसाय (पदनाम, संगठन का नाम और अनुभव के संबंध में संक्षिप्त विवरण)</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>एम</td><td>जहां कार्य किया है उस संगठन(नों) का पूरा पता, नियुक्ति की तारीख, अवमुक्ति की तारीख (कारणों सहित), पदनाम आदि सहित विगत न्यूनतम दस वर्षों को सम्मिलित करते हुए पिछला व्यवसाय।</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>एन</td><td>सनदी लेखकार के मामले में, निम्नलिखित सूचना दें:
(i) आईसीएआई की सदस्यता संख्या
(ii) भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) साथ पंजीकरण की तारीख
(iii) पंजीकृत फर्म/र्मों का नाम और पता
(iv) फर्म/र्मों द्वारा वर्तमान में किए गए लेखा परीक्षण /परीक्षणों के विवरण</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>ओ</td><td>शाखा और खाता संख्या (बचत / चालू / ऋण खाते) सहित बैंकर(रों) का नाम जहां वह प्राथमिक खाता धारक है।
डीमैट खाता(ते) यदि कोई हो, तो उसका विवरण (प्रति संलग्न करें)</td><td><table><tr><td>बैंक का नाम</td><td>शाखा</td><td>खाते का प्रकार</td><td>खाता संख्या</td></tr><tr><td></td><td></td><td></td><td></td></tr><tr><td></td><td></td><td></td><td></td></tr></table></td></tr>
<tr><td></td><td>पी</td><td>सभी क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) से व्यापक क्रेडिट सूचना रिपोर्ट (सभी मॉड्यूल सहित)</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>क्यू</td><td>कोई अन्य सूचना जो बैंक के निदेशक मंडल से संबंधित हो</td><td></td></tr>
<tr><td>II</td><td></td><td>प्रस्तावित निदेशक के संबंधित रिश्तेदार</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>ए</td><td>बैंक से जुड़े संबंधियों की सूची, यदि कोई हो रिश्तेदार (कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 2 की उप-धारा (77) और कंपनी (परिभाषा की विशिष्टता) के नियम 2014 के नियम 4 का संदर्भ लें)</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>बी</td><td>(i) प्रतिष्ठानों की सूची, यदि कोई हो, जिनमें उसका हित निहित रहा हो (कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 184 का संदर्भ लें)। बैंकों / एनबीएफसी / कंपनियों / कार्पोरेट निकायों / फर्मों / व्यक्तियों के संघ आदि के नामों का उल्लेख अलग से किया जाना चाहिए।
(ii) ऐसी संस्थाएं जिनमें वह लाभकारी स्वामित्व रखता हो/रखती हों (कंपनी अधिनियम, 2013 धाराएं 89 और 90 का संदर्भ लें और एमसीए के लागू महत्वपूर्ण लाभकारी स्वामित्व संबंधी नियमों का भी संदर्भ लें)
(iii) न्यासों की सूची जिसमें न्यासी के रूप में पद ग्रहण किया गया हो।</td><td></td></tr>
</table>

<table>
<tr><td></td><td>सी</td><td>प्रस्तावित और मौजूदा प्रतिष्ठानों की सूची, जिनमें उन्हें बैंककारी विनियम अधिनियम, 1949 की धारा 5 (एनई)* के प्रयोजन के तहत पर्याप्त हित रखने वाले के रूप में माना गया हो।
"पर्याप्त हित" (i) एक कंपनी के संबंध में इसका अर्थ, किसी व्यक्ति अथवा उसके पति-पत्नी अथवा अवयस्क बच्चे द्वारा एकल या सामूहिक रूप से किसी कंपनी के शेयरों में लाभभोगी हित धारिता, जिस पर अदा की गई रकम 5 लाख से अधिक हो अथवा कंपनी की चुकता (प्रदत्त) पूंजी के दस प्रतिशत से अधिक है, इसमें जो भी कम हो;
(ii) एक फ़र्म के संबंध में इसका अर्थ, किसी व्यक्ति अथवा उसके पति-पत्नी अथवा अवयस्क बच्चे द्वारा एकल या सामूहिक रूप से किसी कंपनी के शेयरों में लाभभोगी हितधारिता, जो उक्त फ़र्मों के सभी भागीदारों द्वारा अभिदत्त पूंजी के दस प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करता हो;</td><td><table>
<tr><td>कंपनी/ फर्म का नाम</td><td></td></tr>
<tr><td>निगमन का क्षेत्र</td><td></td></tr>
<tr><td>शेयरों की संख्या</td><td></td></tr>
<tr><td>प्रत्येक शेयर का कुल अंकित मूल्य</td><td></td></tr>
<tr><td>धारित शेयर का कुल अंकित मूल्य</td><td></td></tr>
<tr><td>कुल पीयुसी की % शेयर धारीता</td><td></td></tr>
<tr><td>लाभकारी हित (मूल्य के साथ - साथ % में)</td><td></td></tr>
<tr><td>क्या संस्थान कंपनी अधीनीयम, 2013 की धारा 8 के तहत एक कंपनी है</td><td></td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td></td><td>डी</td><td>विदेशों में निगमित और भारत में व्यावसायिक स्थल वाले संस्थानों में धारिता</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>ई</td><td>बैंक / एनबीएफसी / किसी अन्य कंपनी का नाम जिनमें वह बोर्ड का सदस्य/ सलाहकार है अथवा रहा है (उस अवधि का विवरण देते हुए, जिसके दौरान उस कार्यालय का पद ग्रहण किया गया हो/ किया गया था)</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>एफ</td><td>निधि और गैर-निधि सुविधाएं, यदि कोई हो, जिनका उसने और/अथवा उपर्युक्त II (बी) से (डी) में सूचीबद्ध इकाइयों ने वर्तमान में बैंक से उपयोग किया हो।</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>जी</td><td>ऐसे मामले, यदि कोई हों, जहां उसने अथवा उपर्युक्त II (बी) से (डी) में सूचीबद्ध इकाइयों ने बैंक/ किसी अन्य बैंक/ एनबीएफसी/ किसी अन्य ऋणदाता संस्थान से ऋण सुविधाओं की चुकौती में चूक की है अथवा विगत 10 वर्षो में चूक हो चुकी हो।</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>एच</td><td>ऐसे मामले, यदि कोई हों, जहां वह एक चूककर्ता हैं या किसी बैंक/ एनबीएएफसी/ किसी अन्य उधार देने वाले संस्थान द्वारा इरादतन चूककर्ता के रूप में घोषित किया गया है।</td><td></td></tr>
<tr><td>III</td><td></td><td>व्यवसायिक उपलब्धियों का रिकॉर्ड</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>ए</td><td>निदेशक पद से संबंधित व्यावसायिक उपलब्धियां</td><td></td></tr>
<tr><td>IV</td><td></td><td>प्रत्याशी के विरुद्ध कार्यवाही, यदि कोई हो तो</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>ए</td><td>यदि वह किसी व्यावसायिक संस्था/ निकाय का सदस्य है तो उनके विरूद्व अनुशासनात्मक कार्रवाई का विवरण यदि कोई विचाराधीन हो अथवा शुरू की गई हो अथवा उसके विरूद्व पहले दोष सिध्द हो। यदि कोई हो या क्या उसे किसी भी स्थान पर प्रवेश से प्रतिबंधित किया गया।</td><td></td></tr>
</table>

	बी	पूर्व में उनके और /अथवा उपरोक्त II (बी) और (ई) में सूचीबद्ध किसी इकाई के विरूद्व आर्थिक कानून और विनियमों का उल्लंघन करने के लिए दोषसिद्वि के फलस्वरूप लंबित अथवा शुरू किए गए अभियोजनों का विवरण, यदि कोई हो।	
	सी	उनके विरूद्व पूर्व में लंबित अथवा शुरू किए गए अथवा दोषसिध्दि के फलस्वरूप आपराधिक अभियोजन का विवरण, यदि कोई हो	
	डी	क्या निदेशक कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 164 के अंतर्गत किसी भी प्रकार की अयोग्यताओं के कारण अयोग्य ठहराया गया है ?	
	ई	क्या वह अथवा II (बी) और (ई) में उल्लिखित किसी इकाई को सरकारी विभाग अथवा एजेंसी द्वारा किसी अंवेषण के अध्यधीन रखा गया है ?	
	एफ	क्या उनको कभी कस्टम/एक्साइज/आयकर/विदेशी विनिमय/ राजस्व प्राधिकारियों द्वारा नियमों/विनियमों/विधायी अपेक्षाओं के उल्लंघन के लिए दोषी पाया गया है ? यदि ऐसा है तो विवरण दें।	
	जी	क्या वह कभी सेबी, आईआरडीए, पीएफआरडीए आदि जैसे विनियामकों के समक्ष प्रतिकूल नोटिस में आए हैं ? (हालांकि प्रत्याशी द्वारा विनियामकों के ऐसे आदेशों तथा निष्कर्षों के बारे में कॉलम में उल्लेख करना संभव नही होगा जो बाद में समग्र निरस्त / प्रत्यावर्तित कर दिए गए, तथापि ऐसे मामलों का उल्लेख करना अनिवार्य होगा जो न्यायाधिकारिता की सीमितता अथवा अभाव जैसे तकनीकी कारणों और मेरिट पर न होने के कारण प्रतिवर्तित/निरस्त किये गए हों. यदि विनियामक का आदेश अस्थायी रूप से रोक दिया गया हो और अपील/न्यायिक प्रक्रिया लंबित हो तो उसका उल्लेख किया जाना चाहिए)	
V		**मद क्र. I से IV के संबंध में अन्य कोई स्पष्टीकरण/सूचना और "उपयुक्त एवं समुचित" पाए जाने के लिए संबंधित अन्य कोई सूचना।**	

वचनपत्र

मैं पुष्टि करता/ करती हूं कि उपरोक्त सूचना मेरी जानकारी और विश्वास में सही और पूर्ण है। मैं बैंक को उपरोक्त सूचनाओं से संबद्ध ऐसी सभी घटनाओं, जो कि मेरी नियुक्ति के पश्चात होती हैं, की जानकारी यथासंभव शीघ्र ही उपलब्ध करवाने का वचन देता/देती हूं। मैं बैंक के लेखापरीक्षा कार्य से खुद को दूर रखने और संस्थाओं जिसमें मैं दिलचस्पी रखता हूं में शामिल बैंक के ऋण/ निवेश संबंधी निर्णयों में भाग नहीं लेने का वचन देता/देती हूं।

मैं बैंक के सभी निदेशकों द्वारा निष्पादित किए जाने वाले वचन विलेख को निष्पादित करने का भी वचन देता/देती हूं।

स्थान:

दिनांक : प्रत्याशी के हस्ताक्षर

अनुलग्नक:
नोट : जहां पर्याप्त जगह न हो, वहां क्रमानुसार अनुबंध में समुचित संदर्भ के साथ सूचना संलग्न करें।
प्रत्येक पृष्ठ (अनुबंधों सहित) पर प्रत्याशी के हस्ताक्षर होने चाहिए।

नामांकन और पारिश्रमिक समिति/ नामांकन समिति की राय/टिप्पणी

स्थान:		**अध्यक्ष के हस्ताक्षर**
दिनांक:		

समिति सदस्य के हस्ताक्षर	समिति सदस्य के हस्ताक्षर	समिति सदस्य के हस्ताक्षर

स्थान:
दिनांक:

NOTICE OF 28th AGM

Bank of Baroda

Head Office: Alkapuri, Baroda-390 007

Corporate Office: Baroda Corporate Center, C-26, "G" Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai 400 051
(Website: www.bankofbaroda.co.in)

NOTICE is hereby given that the 28th Annual General Meeting of the Shareholders of Bank of Baroda will be held through Video Conferencing (VC) / Other Audio - Visual Means (OAVM) on Friday, 05th July 2024 at 11.00 a.m. to transact the following business:

ORDINARY BUSINESS

Item Number 1:

To discuss, approve and adopt the Balance Sheet of the Bank as at 31st March 2024, Profit and Loss Account for the year ended 31st March, 2024, the report of the Board of Directors on the working and activities of the Bank for the period covered by the accounts and the Auditor's Report on the Balance Sheet and Accounts.

Item Number 2:

To approve and declare dividend for the Financial Year 2023-24.

SPECIAL BUSINESS:

Item Number 3:

To elect ONE Director from amongst the Shareholders of the Bank, other than the Central Government, in respect of whom valid nominations are received in terms of Section 9(3)(i) of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 (hereinafter referred to as the "Act") read with the Banking Regulation Act, 1949 (here in after referred as "the Regulation Act"), the Nationalized Banks (Management & Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970 (hereinafter referred to as the "Scheme") and the Bank of Baroda General (Shares and Meetings) Regulations, 1998 (hereinafter referred to as "the Regulations") made pursuant to Section 19 of the Act, SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 as amended (hereinafter referred to as "SEBI Listing Regulations") and RBI Master Direction Nos. DBR.Appt.No: 9/29.67.001/2019-20 and Notification Nos. DBR.Appt.No: 9/29.67.001/2019-20 dated August 2, 2019 of Reserve Bank of India (hereinafter referred to as "RBI Master Directions" and further amendments thereto, if any) read with Guidelines dated 25th March 2015 and dated 20th July 2016 issued by Government of India for consideration as Non Official Directors of Public Sector Banks (hereinafter referred to "GOI Guidelines") and further amendments thereto, if any, and pass the following resolution:-

a) "RESOLVED THAT One Director elected from amongst Shareholders other than the Central Government pursuant to Section 9(3)(i) of the Act read with relevant Scheme, Regulations made thereunder, RBI Master Directions and GOI Guidelines, be and is hereby appointed as a Director of the Bank to assume office from 09th July 2024 and shall hold office until the completion of a period of three years from the date of such assumption".

Upon election, the aforesaid Resolution shall also be considered to be passed under the provisions of Regulation 25 (2A) of SEBI Listing Regulations.

Item Number 4:

To approve appointment of Dr. M P Tangirala a Non-Executive Director of the Bank:

To consider and pass the following as an Ordinary Resolution:

"RESOLVED THAT pursuant to Regulation 17 (1C) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 as amended from time to time, the appointment of Dr. M P Tangirala, (Additional Secretary, Government of India, Ministry of Finance, Department of Financial Services) a Non- Executive Director on the Board of Bank of Baroda, under Section 9 (3) (b) of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, vide Notification Ref No. 6/2/(i)/2022-BO.I dated 13th May 2024 issued by Government of India, with immediate effect and until further orders, be and is hereby approved."

FOR BANK OF BARODA

Debadatta Chand
Managing Director & CEO

Place: Mumbai
Date: 28th May, 2024

NOTES:

1. **ANNUAL GENERAL MEETING THROUGH VIDEO CONFERENCING (VC) / OTHER AUDIO VISUAL MEANS (OAVM)**

- MCA (Ministry of Corporate Affairs) vide various circulars issued since May 2020 including the General Circular No. 02/2022 issued on 05th May 2022 and General Circular No. 09/2023 dated 25th September, permitted companies to hold their AGM through VC/OAVM by 30th September 2024. SEBI has also in line with the aforesaid circulars issued by MCA, granted relaxations to listed entities vide its Circular dated 07th October 2023.
- In compliance with the above guidelines, Annual General Meeting of the Bank is being conducted through Video Conferencing (VC) / Other Audio Visual Means (OAVM). **The deemed venue for the 28th AGM shall be the Head Office of the Bank at Vadodara.**

2. **Appointment of Proxies and Authorised Representative(s):**

   As the Meeting is being held through VC / OAVM, the facility to the Shareholders to appoint proxy to attend and vote at the meeting is not available for this AGM.

However, No person shall be entitled to attend or vote at the meeting as a duly authorized representative of a company/entity unless a copy of the resolution appointing him as a duly authorized representative, certified to be true copy by the Chairman of the meeting at which it was passed shall have been sent by email to v-raju.sv@kfintech.com/companysecretary.bcc@bankofbaroda.com not later than four days before the date of meeting i.e., on or before 4.00 p.m. on 01st July 2024.

3. **Explanatory Statement:**

The Explanatory Statement setting out the material facts in respect of the business of meeting at item no 3 & 4 is annexed hereto.

4. **AGM Participation**

The Bank has appointed National Securities Depository Limited (NSDL) to provide Video Conferencing facility for the Annual General Meeting and the attendant enablers for conducting of the AGM.

Pursuant to the provisions of the circulars of AGM on the VC / OAVM:

a) Shareholders can attend the meeting through log in credentials provided to them to connect to Video Conferencing. Physical attendance of the Shareholders at the Meeting venue is not required.

b) Appointment of proxy to attend and cast vote on behalf of the Shareholder is not available.

c) Body Corporates are entitled to appoint authorised representatives to attend the AGM through VC/OAVM and participate thereat and cast their votes through e-voting.

- The Shareholders can join the AGM -15- minutes before the time of the commencement of the Meeting by following the procedure mentioned in the Notice. Upto 1000 Shareholders will be able to join on a FIFO basis to the AGM.
- There will be no restrictions on account of FIFO entry into AGM in respect of large Shareholders (Shareholders holding 2% or more shareholding), Promoters, Institutional Investors, Directors, Key Managerial Personnel, the Chairpersons of the Audit Committee, Nomination and Remuneration Committee and Stakeholders Relationship Committee, Auditors etc.
- The attendance of the Shareholders (Shareholders logins) attending the AGM will be counted for the purpose of reckoning the quorum under the Bank of Baroda General (Shares and Meeting) Regulations, 1998.
- The Notice calling the AGM is being uploaded on the website of the Bank at www.bankofbaroda.in. The Notice can also be accessed from the websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at www.bseindia.com and www.nseindia.com respectively and is also available on the website of NSDL , the e-voting agency at the website address evoting@nsdl.com.

5. **INSTRUCTIONS FOR THE SHAREHOLDERS FOR ATTENDING THE AGM THROUGH VIDEO CONFERENCING:**

1. Member will be provided with a facility to attend the AGM through VC/OAVM through the NSDL e-voting system. Members may access by following the steps mentioned above for Access to NSDL e-voting system. After successful login, you can see link of "VC/OAVM link" placed under "Join meeting" menu against company name. You are requested to click on VC/OAVM link placed under Join Meeting menu. The link for VC/OAVM will be available in Shareholder/Member login where the EVEN of Company will be displayed. Please note that the members who do not have the User ID and Password for e-voting or have forgotten the User ID and Password may retrieve the same by following the remote e-voting instructions mentioned in the notice to avoid last minute rush.
2. Facility of joining the AGM through VC / OAVM shall open 30 minutes before the time scheduled for AGM and will be available for Members on first come first served basis.
3. Further, Shareholders who wish to speak at the Meeting will be required to allow Camera, and hence use Internet with a good speed to avoid any disturbance during the meeting.
4. Members are encouraged to join the Meeting through Laptops for better experience.
5. Further Members will be required to allow Camera and use Internet with a good speed to avoid any disturbance during the meeting.
6. Please note that Participants Connecting from Mobile Devices or Tablets or through Laptop connecting via Mobile Hotspot may experience Audio/Video loss due to Fluctuation in their respective network. It is therefore recommended to use Stable Wi-Fi or LAN Connection to mitigate any kind of aforesaid glitches.
7. Member who would like to express their views or ask questions during the AGM may register themselves as a speaker, by following the steps mentioned in the note of the notice " Step 1: Access to NSDL e-voting system" between 9.00 a.m. IST on 02nd July 2024 to 5.00 p. m. ISD on 03rd July 2024. After sucessfull login, members will be able to register themselves as a speaker shareholder by clicking on the link available against the EVEN of the Bank.
8. Members facing any technical issue in login before / during the AGM can contact NSDL helpdesk by sending a request at evoting@nsdl.com or call on 022-48867000
9. Members attending the AGM through VC/OAVM shall be counted for the purpose of reckoning the quorum.

